

वीर सेवा मन्दिर
दिल्ली

★

क्रम संख्या १२५८
काल नं० २२६.०१
खण्ड

ॐ

# श्रीपार्श्वपुराणभाषाछंदबद्ध

कविवर भूधरदासजी आगरा नगर निवासी रचित.

जिसको

धर्मस्नेही मुन्शी अमनसिंह जैनी सुनपतनगर निवासी अपील नवीस दिल्ली ने धर्म अभिलाषी पुरुषों के हितार्थ टिप्पन औ शब्दार्थ कोषसे संशोभित कर अति शुद्धता से


लखनऊ

जैनप्रेस में श्रीमान् लाला कन्हैयालाल भगवानदास जैन के प्रबंध से मुद्रित कराके प्रकाशित किया

संवत् १९५४—सन् १८९८

प्रथमबार १०००

मूल्य १)

॥ ॐ ॥

# * श्रीपार्श्वपुराणभाषाछंदबद्ध *

कविवर भूधरदासजी आगरा नगर
निवासी रचित.

जिसको

धर्मस्नेही मुन्शी अमनसिंह जैनी मुनपतनगर निवासी
अर्थात् नवीस दिल्ली ने धर्म अभिलाषी पुरुषों के
हितार्थ [illegible] औ शब्दार्थ कोषसे संशोधित कर
अति शुद्धता से

## लखनऊ

जैनप्रेस में श्रीमान् लाला कन्हैयालाल
भगवानदास जैन के प्रबंध से मुद्रित
कराके प्रकाशित किया

संवत् १९५४—सन् १८९८

प्रथमवार १०००

मूल्य १।)

# अनुक्रम भूमिका आदि खरीज ग्रंथ आदि लिखतकी अनुक्रमः॥



| गणिता | आशय | गणिना | आशय |
|---|---|---|---|
| १ | टाटिलपेज | ८ | संख्यासहितछंदनामावलीयंत्र |
| २ | प्रार्थना | ६ | छंदोंके संक्षेप लक्षण |
| ३ | टाटिलपेज | १० | कैयक पुस्तकों में जो शब्दइस पुस्तकसे विमुखदेखगये उनका प्रगटकरने वालायंत्र |
| ४ | भूमिकाआदि खरीजकी अनुक्रम | | |
| ५ | ग्रंथकी अनुक्रम | ११ | मुंशीश्रीराम ( अजीज़) टीचर नौरमिलस्कू०देहलीकृत समालोचना |
| ६ | भजन | | |
| ७ | अमनसिंह रचित भूमिका | | |
| | | 12 | ज्योतिषरत्नजियालालजीसमालोचना |



# *श्रीपार्श्वपुराणभाषाछंदवद्धअनुक्रमः*



| किसपृष्ठ से आरंभ | के छंद से केतक | आशय | किस पृष्ठ से आरंभ | के छंद से के तक | आशय |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | १-६ | श्री पार्श्वनाथ जी स्तुति | ८ | | कथा प्रारंभ प्रथम अधिकार |
| २ | ७-८ | पंच परमेष्टी स्तुति | ८ | ४१-५० | जंबूद्वीप भरतक्षेत्र आदि प्रशंसा |
| ३ | ६-११ | जिनवाणी स्तुति | | | |
| ४ | १२-१३ | गणधर वा आचार्यों की स्तुति | १० | ५१-६० | राजा अरविंद कमठ मरु भूत कथन |
| ४ | १४-२५ | कविनम्रता वा ग्रंथ करण कारण | ११ | ६१-६२ | विश्वभूत मंत्री को वैराग उत्पन्नहोना |
| ६ | २६-४० | कथा विख्यात का रण | १२ | ६३-६६ | विश्वभूतका दोनों पुत्र राजाको सौंप |

| किसपृष्ठसे आरंभ | कैछंद से कैतक | आशय |
|---|---|---|
| | | बन में जाना |
| १२ | ६७-७४ | कमठ का मरुभूत की स्त्री पर आशक्त होना |
| १३ | ७५-८३ | कलहंस का शिक्षित वचनों से कमठका समझाना |
| १४ | ८४-८६ | कमठका भ्राता नारसे भोग करना |
| १५ | ८७-९६ | राजा का कमठको दंड देना |
| १६ | ९७-१०३ | कमठका भूताचल पर्वतपर तपकरना |
| १७ | १०४—१०९ | मरुभूत का कमठ के पास पर्वत पर जाना |
| १८ | ११०—११४ | मरुभूत का कमठ ने मारना |
| १९ | ११५—१२० | राजाका मुनि से मरुभूत का ब्यौरा पूछना शिक्षित वचन |
| २० | | द्वितीय अधिकार प्रारम्भ |
| २० | १-१० | मरुभूतका जो वज्र घोषहस्ती और वरुणनाम कमठ की स्त्री का हस्तनी होकर सल्लकी बनमें केल करना |

| किसपृष्ठसे आरंभ | कैछंदसे कैतक | आशय |
|---|---|---|
| २२ | ११-२१ | राजा अरविंद का मुनि होकर सुमेरशिषरकी यात्राको जाना |
| २३ | २२-४८ | सल्लकी बनमें वज्रघोप हस्तीका उपद्रव मचाना अरविंद मुनीश्वर से शिक्षा पाकर ब्रत लेना शिक्षित वचन |
| २७ | ४९-६३ | वज्रघोप हस्तीका वेगवती नदीके दह में फसकर कुरकुट नाम सर्प कमठ के जीव से डसाजाना फिर मरकर १२वें स्वर्ग में शशि प्रभु देव होना |
| ३० | ६४-७८ | शशि प्रभुदेव का १२वें स्वर्ग से निकल कर लोकोत्तमपुर में विद्युत गति भूपाल घर जन्म लेकर साधु उपदेश से मुनि होना चालपरमादी जीवकी |
| ३० | ७९-८१ | कुरकुटनाम सर्प का ५ वें नरकमें १७ |

| किसपृष्ठ से आरंभ | केछंद से केतक | आशय | किसपृष्ठ से आरंभ | केछंद से केतक | आशय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सागर आयुभुगत कर अजगरतनधारण कर मुनीश्वर को निगलना मुनीश्वर का १६वें स्वर्ग में उत्पन्न होकर भोग भोगना | ४१ | ७३-१०२ | नाभिराय का संसार को असार जान वैराग भावना भाना<br>चाल जोगीरासा जिसमें कविने भले प्रकार संसार की अवस्था दिखाई है |
| ३२ | | तृतीय अधिकार प्रारम्भ | ४४ | १०३—१३० | वज्रनाभि का परिग्रह त्याग चारित्र पंथसाधनमें ध्यान लगाना, कमठका जीव जो अजगर था छठवें नर्क में १७ सागर आयु भोग भील होकर वज्रनाभि मुनीश्वरको मारना, मुनीश्वर के जीवका मध्यम ग्रीवक में अहमिंद्र होना भीलका ७ वें नर्क में पड़ना |
| ३२ | १ | पार्श्वनाथ स्तुति | | | |
| ३२ | २-७ | अश्वपुरनगर और वज्रवीरज राजा की प्रशंसा | | | |
| ३३ | ८-१८ | विजयानामापटरानीकापांच५स्वप्न देख राजासे उत्तर लेना और १६ वें स्वर्ग से उस सुर के जीव का चय हो कर वज्रवीरज राजा के घर पुत्र हो राज पदवी पाना | | | |
| ३४ | १९-३४ | चक्रवर्ती की विभूति का कथन | ४८ | १३१—२०८ | नरक कथन जिसमें विस्तार पूर्वक नरकों के दुःख बड़े भयानक शब्दों में दिखाये गये हैं |
| ३६ | ३५-४२ | ९ निधियों का कथन | | | |
| ३७ | ४३-५५ | १४ रत्न कथन | | | |
| ३९ | ५६-६७ | चक्रवर्त्ति की अन्य संपदा का कथन | ५७ | २०९—२३१ | सागरप्रमाण जिसमें व्यवहार १ उद्धार २ अद्धा ३ पल्यों का ब्यौरा है |
| ४१ | ६८-७२ | वज्रनाभिराय का धर्म सेवन | | | |

| किस पृष्ठ से आरंभ | के छंद से के तक | आशय |
|---|---|---|
| ६१ | | चतुर्थ अधिकार प्रारम्भ |
| ६१ | १ | पार्श्वनाथ स्तुति |
| ६२ | २-११ | उस अहमिंद्र का मध्यमग्रीवक विमान से चय कर अयोध्या नगर में वज्रबाहु भूपतिके घर आनन्दकुमार नाम पुत्रहो महा मंडली पद पाना |
| ६३ | १२-१७ | आठ जाति भूपकथन |
| ६४ | १८-२४ | स्वामीहित मंत्री के उपदेश से जिन पूजाकी भावना कर नगर उत्सव करना |
| ६५ | २५-५२ | धातु पाषान प्रतिमा पूजन का दृष्टांत सहित समाधान अपने प्रणामों अनुसार जिन प्रतिमा पूजन फल दायक होना । |
| ६८ | ५३-६० | भानु उपासक मत फैलने का कारण भानु विमान में जिन मंदिर होने का समाधान । |
| ६९ | ६१-७२ | आनंदकुमार का धवल केश देख संसारका रूप असार विचारना वैराग उत्पन्न होना |
| ७१ | ७३-८५ | आनंदकुमार का बारह भावना भाना—बड़ी ललित देखने योग्य है । |
| ७३ | ८६-१०८ | आनंदकुमार राजा का राजछोड़ सागरदत्त मुनीश्वर से संजम ले महाव्रत धारण कर १२ प्रकार के तप करना । |
| ७६ | १०९ १३२ | बाईस परीषह कथन—बड़े ललित छंदों में देखने योग्य है । |
| ८४ | १३३—१३४ | परीषह उदय विवरण । |
| ८५ | १३५—१४५ | दस लाक्षणी धर्म कथन । |
| ८६ | १४६—१६२ | सोलह कारण भावना । |
| ८७ | १६३—१६७ | सोलह कारण भावना फल । |
| ९० | १६८—१८२ | सोलह कारण भावना भाकर आत्म लीन हो वन में ध्यान करना क |

| किस पृष्ठ से आरंभ | कै छंद से कै तक | आशय | किस पृष्ठ से आरंभ | कै छंद से कै तक | आशय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मठ के जीवका नरक में से निकल पंचानन का शरीर धारण कर आनंदकुमार मुनीश्वर का भक्षण करना आनन्दकुमार मुनीश्वर का आनत नाम स्वर्ग में इन्द्र होना। | | | बनारस नगर अश्वसेनराय वामा देवी रानी की प्रशंसनीक अवस्था। |
| ९१ | १८२—१९३ | स्वर्ग विवर्ण। | ११० | ८०-१०१ | गर्भ मंगल आनन्द कुंवर का अश्वसेन घर पंचाश्चर्य करना वामा देवी का सोलह स्वप्न देखना। |
| ९३ | १९४—१९७ | स्वर्ग स्त्री कथन। | ११३ | १०२—१२७ | प्रातकाल कथन वामा देवी का स्नान कर राजा से स्वप्नों का फल पूछना राजा का उत्तर देना |
| ९४ | १९८—२४३ | आनत नाम स्वर्ग में नाना प्रकार के सुख भोगना और उसको पहले भव के चारित्र का फल जानकर जिन दर्शन करना उत्तम उपदेश करते रहना | ११६ | १२८—१५६ | सौधर्म सुरेश का गर्भ औसर विचार कुल गिर कमल वासनी श्री आदि देवियों को गर्भ सोधन आदि सेवा निमत बनारस नगर भेजना देवियों का नाना भांति सेवा करना इंद्रादिक देवका बनारस नगरी में आना |
| १०० | | पंचम अधिकार प्रारम्भ पार्श्वनाथ स्वामी का गर्भ कल्याणक। | | | |
| १०० | १ | पार्श्वनाथ स्तुति | | | |
| १०० | २—७९ | लोका लोक कथन जम्बूद्वीप | | | |

| किस पृष्ठ से आरंभ | कौन छंद से कौन तक | आशय |
|---|---|---|
| १२० | १५७—१६१ | देव अंगना प्रश्न माता उत्तर |
| १२१ | १७०—१७७ | माता के गर्भ समय किसी प्रकार का खेद न होना नव मास तक पंचाश्चर्य होना। |
| १२२ | | षष्टम अधिकार प्रारम्भ श्री पार्श्वनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक |
| १२२ | १ | पार्श्वनाथ स्वामी की स्तुति |
| १२३ | २-१६ | पार्श्वनाथ स्वामी का जन्म होना देवराजों का जन्म कल्याणक कारण उद्यम करना |
| १२४ | १७-२३ | ऐरावतगज कथन |
| १२५ | २४—४१ | स्वर्ग देवोंका जन्म कल्याणक अर्थ बनारस नगरी में आना |
| १२८ | ४२-४८ | सुरगिर कथन |
| १२९ | ४९-७१ | जिनदेव न्हवन |
| १३१ | ७२-७४ | श्रीजिन गंधोदक स्नान |
| १३२ | ७५—८१ | श्रीजीका शृंगार |
| १३३ | ८२—९४ | देवताओंकी प्रार्थना वा स्तुतिकरना |
| १३४ | ९५-११० | देवताओं काउत्तटा अश्वसेन राजा घर आना नगरमें उत्सव होना |
| १३६ | १११-१२८ | इंद्र का अश्वसेन घर आनंद नाटक करना फिर सर्व देवताओं का देव लोक में उलटा जाना ॥ |
| १३९ | | सप्तम अधिकार प्रारंभ दिक्षा अर्थात् तप कल्याणक |
| १३९ | १ | श्रीपार्श्वनाथस्वामी स्तुति |
| १३९ | २—२१ | जिनदेवकी बाल अवस्था कथन |
| १४१ | २२—२९ | श्रीभगवानके शरीर की अतिशय औसंज्ञा स १००८ लक्षण कथन |
| १४३ | ३०—३९ | जिनदेव शोभा कथन अश्वसेन पिताकी जिनदेव से विवाह अर्थ प्रार्थना करनी |
| १४४ | ४०—४२ | जिनदेका पिताको उत्तर देना |
| १४५ | ४३—५३ | कमठके जीवका महीपाल राजा होना |

| किस पृष्ठ से आरंभ | कै छंद से कै तक | आशय | किस पृष्ठमे आरंभ | कै छंदसे कै तक | आशय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अपनी स्त्री के मरनेपरतपसीभेष धारण करना वन मे जिनदेवसे भेट होना | | | देवका माता पिता को समझाना अश्वनाम वनमें जाकरजिनमुद्राधारण कर तप करना |
| १४६ | ५४—६६ | जिन देवका काठ चीरने से तपसी को बरजना अज्ञानतपदूषणादिखाना | १५७ | | अष्टम अधिकार प्रारंभ ज्ञान कल्याणक |
| | | | १५७ | १ | पारश्वनाथ स्वामी स्तुति |
| १४७ | ६७—६८ | नागयुगलका मरकरधर्णिंद्रपद्मावती होना | १५८ | २-२९ | जिनदेवकातपकरनेमे लौलीन होना |
| १४८ | ६९—९३ | जैसेन अजुध्या के राजा का जिनदेव के समीप दूतपठाना जिन देवका अजुध्या नगरी का वृतांत पूछना उत्तर देनेपर श्रीजी को बैराग उत्पन्नहोना यह स्थान देखने योग्य है | | | शम्बरनाम जोतषी देव कमठके जीव कानानाप्रकार उपद्रव उत्पन्न कर जिनदेवको उपसर्ग करना सब उपद्रव का बृथा जाना |
| | | | १६२ | ३०-४० | हुंडा अवसर्पणी कथन |
| | | | १६४ | ४१—५३ | जिनदेवको केवल ज्ञान उत्पन्न होना |
| १५१ | ९४ १०६ | बाराभावनाभाना | | | |
| १५३ | १०७—१३८ | रिषीश्वर देवोंका आना अपने बचनोंसे वैरागदृढ़करना-चौबिध इंद्रादिक देवोंका तप कल्याणकअर्थ नगरमें आना जिन | १६६ | ५४-६५ | देवताओंका जिन केवल पूजाकर नेकारन पृथ्वी पर आना |
| | | | १६८ | ६६-१२४ | समोसरण कथन वर्णन |
| | | | १७९ | १२५-१३३ | अष्ट प्रातिहार्य वर्णन |

| किस पृष्ठ से आरंभ | कै छंदसे कैतक | आशय | किस पृष्ठमे आरंभ | कै छंदसे कैतक | आशय |
|---|---|---|---|---|---|
| १७७ | १३५ १६४ | देवताओंका जिन देवकी स्तुति वा प्रार्थना करना | २०९ | १५९– २०२ | ११ प्रतिमा कथन जिसमें क्षुल्लक ऐलक का भी भेद दिखायागया है |
| १८१ | | नवमअधिकारमारंभ मोक्ष कल्याणक | २१७ | २०३– २०६ | नरकगति लहने वालोंका कथन |
| १८१ | १ | पार्श्वनाथ स्वामी स्तुति | २१७ | २०७ | सातों नरकोंसे जी व निकल कौनसा [illegible] धारण करै है |
| १८१ | २—३ | समोसरणमें बारा सभाका जुड़ना | २१८ | २०८– २४५ | किस किस करनीसे क्या फल होता है |
| १८१ | ४–१५ | [illegible] गण [illegible] विनती करना और बहुतसे प्रश्न करना | २२२ | २४६– २५८ | कितनहीं पुरुषों का [illegible] होना कमठके जीव का वैरभाव [illegible] |
| १८३ | १६–१८ | वाणी अवकथा कथन | २२५ | २५९– २६१ | [illegible] सहित |
| १८३ | १९—३३ | [illegible] | २२७ | २६२– २९९ | [illegible] करना भगवानको [illegible] |
| १८५ | ३४–३६ | [illegible] जीवनिरूपण | २२८ | ३००– ३०६ | सिद्धोंके [illegible] कथन |
| १८६ | ३७ ३८ | जीव निरूपण | २२९ | ३०७ ३१२ | इंद्रोंका मोक्षकल्याणक करना |
| १८६ | ३९ ९६ | जीव द्रव्य [illegible] जीवके ६ लक्षण और [illegible] का भी वर्णनहै | २३० | ३१२– ३२३ | पार्श्वनाथ [illegible] के भवकथन |
| १९८ | ९७ ११५ | अजीवतत्त्वकथन | २३३ | ३२४– ३३६ | जिनवाणीकी [illegible] |
| २०१ | ११६– १३० | धर्म आदि द्रव्यों का कथन | २३५ | ३३७ | ग्रंथ [illegible] |
| २०४ | १३१– १५८ | आश्रवआदि मोक्ष पर्यंततत्त्वोंका कथन | २३६ | | [illegible] मुद्रित काल |

## भजन राग सोरठ

अंतरउज्जल करनारे 'भइ' अंतर उज्जलकरनारे । आचली कपट कृपाणतजै नहीं तबलौं, करनी काज न सरनारे ॥१॥ अंतर उज्जल करनारे । जपतप तीरथ यज्ञ व्रतादिक, आगम अरथ उचरनारे । विषय कषाय कीच नहिं धोई, यौंही पचपच मरनारे ॥ २ ॥ अंतर उज्जल करनारे । बाहर भेष क्रियाउर शुचिसौं, कीये पार उतरनारे । नाहीं है सबलोक रंजना, ऐसे बेदन वरनारे ॥ ३ ॥ अंतर उज्जल करनारे । कामादिक मलसौंमन मैला, भजनकिये क्या तरनारे । भूधर नील बसनपर कैसे केसररंग उघरनारे ॥ ४ ॥ अंतर उज्जल करनारे ॥



# * भूमिका *

## ॥ २८ मात्रा हरिगीत छंद ॥

शुभ देशकाशी नगर बाना, रस त्रिपे जिनरवि उगे ।
पितु अश्वसेनरु मात वामा, देवि उर पंकज जगे ॥
धरयोग लघु वयमांहि सह, उपसर्ग शम्बर मदहरो ।
पुनिवरी शिवसो पार्श्वप्रभु मम, बुद्धि को निर्मल करो ॥ १ ॥

विद्वज्जन चरणाम्बुज रज अमनसिंह विष्णुसिंह आत्मज अग्रवाल गोयल गोत्र जिनमत दिगम्बर आम्नाय धारक भैनपर नगर निवासी हाल अधीन नवीन दिल्ली इंद्रप्रस्थ कश्मीरी दरवाजा धर्म अनुरागी सज्जनों की सभा में सविनय निवेदन करता है कि जब मेरी अवस्था अनुमान चालीस वर्ष की हुई तब मुझको सकल गुण निधान पण्डित मेहरचन्द दासजी लघुभ्राता पंडित मथुरादासजी

---

१—यह एक छोटासा नगर अनुमान तेरहहजार मनुष्यों की बसासत का दिल्ली नगर से अढ़ाईस मील वायव्य कोन में बसता है जो अढ़ाईसौ घर अग्रवाल जैनियों और नवीन जिनमंदिर शिखर बंद एक चैत्यालयमें शोभायमानहै॥

२—पंडित मेहरचन्द दासजी लाला गंगादास जी अग्रवाल के लघुपुत्र संस्कृत हिंदी भाषा के सिवाय फारसी भाषा के भी भलीभांति ज्ञाता हैं श्री सज्जन चित्त-वल्लभ काव्य मुनि मल्लिसेन जैन आचार्य रचित की अन्वय पदच्छेद सहित संस्कृत और हिंदी भाषा टीका लिखकर प्रति संस्कृत श्लोक हिंदी मत्तगयन्द नाम अति ललित छंद बनाये-गुलिस्तां-पंदनामा फारसी पुस्तक विद्वान नीतिज्ञ शेख सादी शीराजी रचित जो नीतमार्ग में बड़ी प्रशंसनीय प्रसिद्ध पुस्तक हैं हिंदी भाषा में पुष्पाचन-शिक्षापत्री नामकर बड़ा उत्तम अनुवाद (तर्जमा) किया जो देखने योग्य है पंडित मथुरादासजी आपके बड़े भ्राता जैन पंडितों में खंडन मंडन विषय बड़े विख्यात वाद विजई पंडित थे कार्तिक मास सम्वत उन्नीस सौ चवालीस विक्रमि में स्वर्ग वासी हुये ॥

## ❀ भजन राग सोरठ ❀

अंतरउज्जल करनारे 'भइ' अंतर उज्जलकरनारे । आचली कपट कृपाणतजै नहीं तवलौं, करनी काज न सरनारे ॥१॥ अंतर उज्जल करनारे । जपतप तीरथ यज्ञ व्रतादिक, आगम अरथ उचरनारे । विषय कषाय कीच नहिं धोई, यौंहीं पचपच मरनारे ॥ २ ॥ अंतर उज्जल करनारे । बाहर भेष क्रियाउर शुचिसों, कीये पार उतरनारे । नाहीं है सबलोक रंजना, असे बेदन बरनारे ॥ ३ ॥ अंतर उज्जल करनारे । कामादिक मलसोंमन मैला, भजनकिये क्या तरनारे । भूधर नील बसनपर कैसे केसररंग उघरनारे ॥ ४ ॥ अंतर उज्जल करनारे ॥



# * भूमिका *

## ॥ २८ मात्रा हरिगीत छंद ॥

शुभ देशकाशी नगर बाना, रस विषे जिनरवि उगे ।<br>
पितु अश्वसेनरु मात वामा, देवि उर पंकज जगे ॥<br>
धरयोग लघु बयमांहि सह, उपसर्ग शम्बर मद हरो ।<br>
पुनिबरी शिवसों पार्श्वप्रभु मम, बुद्धि को निर्मल करो ॥ १ ॥

विद्वज्जन चरणाम्बुज रज अमनसिंह बिष्णुसिंह आत्मज अग्रवाल गोयल गोत्र जिनमत दिगम्बर आम्नाय धारक सुनपत[१] नगर निवाशी हाल अवील नवीस दिल्ली इंद्रप्रस्थ कश्मीरी दरवाजा धर्म अनुरागी पुरुषों की सेवा में सविनय निवेदन करता है कि जब मेरी अवस्था अनुमान चौंतीस वर्ष की हुई तब मुझको सकल गुण निवास पण्डित[२] मेहरचन्ददासजी लघुभ्राता पंडित मथुरादासजी

---

१—यह एक छोटासा नगर अनुमान तेरह[१३०००] हजार मनुष्यों की बसासत का दिल्ली नगर से अढ़ाईस मील वायव्य कोन में बस्ता है जो अढ़ाईसौ[२५०] घर अग्रवाल जैनियों और तीन[३] जैनमंदिर शिखर बंद एक चैत्यालयसे शोभायमानहै॥

२—पंडित मेहरचन्द दासजी लाला गंगादास जी अग्रवाल के लघुपुत्र संस्कृत हिंदी भाषा के सिवाय फारसी भाषा के भी भलीभांति ज्ञाताहैं श्री सज्जन चित्तवल्लभ काव्य मुनि मल्लिसेन जैन आचार्य रचित की अन्वय पदच्छेद सहित संस्कृत और हिंदी भाषा टीका लिखकर प्रति संस्कृत श्लोक हिंदी मत्तगयन्द नाम अति ललित छंद बनाये-गुलिस्तां-पंदनामा फारसी पुस्तक विद्वान नीतिज्ञ शेख सादी शीराजी रचित जो नीतमार्ग में बड़ी प्रशंसनीय प्रसिद्ध पुस्तक हैं हिंदी भाषा में पुष्पोवन-शिक्षापत्री नामकर बड़ा उत्तम अनुवाद (तर्जमा) किया जो देखने योग्य हैं पंडित मथुरादासजी आपके बड़े भ्राता जैन पंडितों में खंडन मंडन विषय बड़े विख्यात वाद विजई पंडित थे कार्तिक मास सम्बत उन्नीस सौ[१९४४] चवालीस विक्रमि में स्वर्ग वाशी हुये ॥

सुनपत नगर शोभित की प्रेरणा से भाषा जैन शास्त्रौं के अवलोकन का मन में उत्साह बढ़ा सो मैंने भाषा छंद बद्ध भूधर जैन शतक कविवर भूधरदासजी रचितको जो अति निर्ग्रन्थ ललित पदौं के समुदाय औ बहु निर्मल उपदेशक अभिप्राय से नाना प्रकार के मन हरण छन्दों में रचा हुआ एक अनूठा विचित्र कुसुमाकर है विचार कर शब्दार्थ सरलार्थ अर्थ प्रकाशनी नामा टीका से संशोभित कर प्रकाशित किया और तत्काल अति दृढ़ता के साथ यह विचार निश्चल करा कि श्री पार्श्वपुराण भाषा छंदबद्ध कविवर भूधरदास जी रचित को जो प्रायः मूर्ख लेखकौं की अज्ञानता कारण शब्दौं और छंद मात्राओं से बहुत कुछ अशुद्ध होरहा था शुद्ध करूं सो अपने विचार पूर्वक बड़े परिश्रम से कई एक प्रति प्राचीन पुस्तक भाषा पार्श्वपुराण और अनेक संस्कृत हिंदी भाषा शब्दार्थ कोष पिंगल शास्त्र संचय कर बुद्धिवानों की सहायता ले धीर्यता सहित अपनी तुच्छ बुद्धि अनुसार सम्वत उन्नीस सौ चव्वन विक्रमी में ग्रन्थ संशोधन कर एक ऐसा विचित्र यंत्र बनाकर लगाया जिससे सर्व छंद ग्रन्थ प्रति अधिकार की नामौं सहित गणिता प्रघट हो पुनि अनुक्रम से छंद प्रति पिंगल शास्त्र अनुसार लक्षण लिख दिया जिससे पाठकगण छंद लक्षण जानकर छंद चाल भलीभांति उच्चारण करने लगैं और एक शब्दार्थ कोष ( १४०८ ) शब्द संस्कृत हिंदी भाषा ग्रन्थ सम्बन्धिका ग्रन्थ के अन्त में लिखागया जिसका लाभ भी पाठक गणों को जैसा कुछ है प्रत्यक्ष है और एक ऐसी अनुक्रमणिका ग्रन्थ के आदि में लिखकर लगाई गई है जिससे जो विषय ग्रन्थका देखना चाहो छंद संख्या सहित तुरत मिलजावे पुनि एक यंत्र ऐसा बनाया गया है कि जो शब्द वाक्य इस पुस्तक विषय मैंने लिखा है और किसी पुस्तक में उसी शब्द वाक्य के स्थानपर दूसरी प्रकार दृष्टिगोचर हुवाहै उसको भी पाठक पुरुष देखकर भले बुरेका विचारकरलें अब समयपाकर यह कहनाभी अवश्यहै कि कविवर भूधरदासजी

१—कविवर भूधर दासजी खंडेलवाल मुहम्मदशाह बादशाह के बारे संबत् सत्रहसौ अस्सी विक्रमी में आगरे नगर संशोभित थे जैनकविमंडली में आप बड़े विख्यात थे निम्न लिखे हिंदी भाषा पुस्तक आपके रचे हुए प्रसिद्ध हैं। श्रीपार्श्वनाथ पुराणछंदबद्ध१ चरचासमाधान बचनका२ पुरुषार्थसिद्धयुपाय बचनका३ भूधर-

ने यह हिंदी भाषा पार्श्वपुराण किसी विशेष पार्श्व पुराण प्राकृत संस्कृत भाषा का अनुवाद नहीं करा है वरन किसी ग्रन्थ से कथाका मूल आशय लेकर अपनी बुद्धि अनुसार ग्रन्थ के हरएक स्थलको ऐसा विस्तार पूर्वक वर्णन करा जिस की प्रशंसा में द्विजिव्हा लेखनी असमर्थ है इस विद्वान पुरुषके सयग गोग्य सुन्दर ललित पदो में शिक्षित वचन ऐसे मनमोहन हैं जिनको श्रवण करने से ऐसा कौन कठोर चित्त मनुष्य होगा जिसके हृदय पर उसका विचित्र चित्रांम चित्रित न होगा नरक दुःख कथा जोगीरासा बारह भावना बाईस परीषह सप्त

---

विलास छंदबध ४ इस विलास में भूधर जैनशतक १ प्रस्तावीक शतक २ भूपाल चतुर्विंशतिकास्तोत्र ३ एकीभाव स्तोत्र ४ भजन विनती स्तुति कई प्रकार की छोटी कथा आदि खरीज ५ ॥

२—हिंदी भाषा में पुस्तकों की रचना अनुमान बारहसै वर्ष से पाई जाती है अवंतीपुरके प्राचीन इतिहास राजिस्तान पुस्तक लिखत में ऐसा लिखा मिला है कि संवत् सातँसौ सत्तर में पुष्य नाम कवि ने संस्कृत अलंकार को हिंदी भाषा दोहों में वर्णन करा मानो उसी समयसे इस प्रफुल्लित वृक्ष की जड़ जमी शनैः शनैः संवत् सोलहसै में यह वृक्ष भली प्रकार फुला फला हिंदी भाषा ने यथावत बहुत कुछ उन्नति करी काव्य साहित नायका भेद पिंगल वैदक गणित गायन आदि विद्या की बड़ी बड़ी पुस्तकें रची गई जैनियों में भी इस भाषा के प्रचार का विशेष कर येही समय संवत् सोलहसै पाया जाता है जैनियों में पंडित बनारसीदास जी शाहजहां बादशाह के वारे में आगरा नगर विषै हिंदी भाषा के महान कवि हुये आपका रचाहुआ समयसार नाटक द्रव्यांग कथनी में बड़ा अनूपम ग्रंथ है इस समय यह हिंदी भाषा बहीं प्रचलित है परन्तु व्याकरण का प्रबंध कोई नहीं हुआ लिखने पढ़ने में अपनी २ बोली अनुसार निम्न लिखे वर्णों वा शब्दों में कुछ भी विवेक और अन्तर नहीं करते ( ख, ष, ) ( श, स, ष, ) ( ब, व, ) ( ज, य, ) ( र, ल, ) ( क्ष, ष, छ, ) ( ण, न, ) ( वनता, वनिता, ) ( भरम, भिरम, भ्रम, ) ( पाय, पांय पाव, ) ( भान, भानु, ) ( मार्ग, मारग, ) ( कृपा, किरपा, ) कोई किसी शब्द पर अनुस्वार कोई अर्द्ध अनुस्वार कोई नहीं लिखता है ॥

विषन निंदा आदि कैसी कुछ उत्तम योग्य कथनी हैं आपने हर एक अंग कवि धर्म का पूरा २ निर्वाह करा है साधूजन कभी पाप कर्म के उदय औ क्रोधादिक कषायन के प्रबल होने से क्लेशित हो अपने निज धर्म से डिगने लगते हैं तौ ऐसी ही यज्ञ पुरुषों की पुनीत कथा उत्तम कवियों की रची हुईका श्रवण उनको उस निज धर्म पर स्थिर कर देता है ॥ उक्तंच दोहा छंद ॥ साधूजन के चित्तको, जब कर्मन अनुसार । घेरैं पाप प्रकृतिन के, काम क्रोध बटमार । बिन इक तिर्थंकर कथा, दूजो को बर बीर । जो इन दुष्टन मंडली, करै नाश धर धीर ॥ सो यह हिंदी भाषा पार्श्वपुराण कविवर भूधरदास जी ने पांच वर्ष कुछ सरस काल विषै रच कर संवत् सत्तरहसै नवासी आषाढ़ सुदी ५ को संपूरण करा जो मान्य होकर सूर्यवत प्रकाशित है, खोजने से विदित हुआ कि श्रीपार्श्वनाथ स्वामी सनबंधि पुराण वा चरित्र इस समय तक देखे वा सुने जाते हैं सो यह हैं ॥

| ग्रन्थ नाम | भाषा | आचार्य नाम | आचार्य इतिहास |
|---|---|---|---|
| १ पार्श्वपुराण | प्राकृत | नागदेव | इस आचार्य ने शीतलनाथ पुराण प्राकृत भाषा और मदनराज ग्रंथ संस्कृत में रचा । |
| २ ,, | करनाटकी | पारश्वनाथ | यह आचार्य गृहस्थाचारी आचार्य थे । |
| ३ ,, | संस्कृत | सकल कीर्त्तिभट्टारक | यह आचार्य संवत् १४९५ विक्रमी में हुए आप के रचे ग्रंथ संस्कृत में महापुराण १ शांतिनाथपुराण २ धर्मनाथपुराण ३ मल्लिनाथ पुराण ४ वर्द्धमानपुराण ५ आदिपुराण ६ शांतिचरित्र ७ सुभाषितसार ८ । |
| ४ ,, | ,, | वादीचंद्र | यह कवि संवत् १६८३ में हुए आप के रचे हुए संस्कृत में ज्ञान सूर्यउदय नाटक १ पांडव पुराण २ । |
| ५ ,, | हिंदीभाषा | भूधरदास | खँडेलवाल आगरे निवासी थे इनके रचेहुए भाषा ग्रंथोंकी सूचना पहले भूमिका में दिखा चुके हैं । |
| ६ पार्श्वाभ्युदयः | संस्कृत | जिनसेनाचार्य | आदि पुराण विवाह पद्धति आदि संस्कृत में आपके रचे हुए हैं । |

# * ग्रंथ शुद्धकाल *

## ॥ दोहा छन्द ॥

बेदबाँण[१९५४] गृह उदधि सुत, विक्रम वर्ष महान ।
उत्तमता से शुद्ध भया श्रीजिन पास पुराण ॥

सज्जन जन प्रति प्रार्थना है यदि ग्रंथके शुद्ध करने में प्रमाद वश वा तुच्छ बुद्धि कारण कुछ भूल चूक होगई हो तो मुझको अज्ञात ज्ञात कर क्षमादान दे कृतार्थ कर मेरा उत्साह बढ़ावेंगे और अपनी ओर निहार मेरे अपराधन पर कभी ध्यान न देंगे ॥

## ॥ सोरठा छन्द ॥

सज्जन जन की रीति करैं प्रीत विपरीत तज ।
यह विध परम पुनीत बड़े बड़ाई ना तजैं ॥

॥ शुभम् ॥

कृपाभिलाषी

**अमनसिंह जैनी**

अग्रवाल

# श्रीपार्श्वपुराणका प्रति अधिकार संख्या सहित छंद नामावली यंत्र

| अधिकारगणती | दोहा छंद | छप्पै छंद | १५ मत्राचौपाई छंद | घनाक्षरी छंद | बाला छंद | द्रुति विलंब छंद | अड़िल छंद | चाल छंद | पद्धड़ी छंद | २३ मात्रा छंद | नरिंद्र छंद | सोरठा छंद | चामर छंद | पौमावती छंद | कुसुमलता छंद | आर्या छंद | हरिगीत छंद | शार्दूल विक्रीड़ित छंद | १५ मात्रा अर्द्ध चौपाई छंद | ३१ मात्रा सवैया छंद | १ प्रकारकी ढाल के छंद | २ प्रकारकी ढाल के छंद | ग्रंथके प्रति अधिकार छंदों का जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ३७ | ५ | ६८ | २ | १ | १ | १ | १० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १२५ |
| २ | १६ | ० | ४२ | ० | ० | ० | ० | ८ | ८ | १५ | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ८९ |
| ३ | १३ | ० | ७६ | ० | ० | ० | १ | ० | ० | ० | ३० | ४ | १ | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | २३३ |
| ४ | ६० | १ | १४१ | १ | ० | ० | १ | ० | ० | ० | ० | ४ | ० | २२ | १३ | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | २४३ |
| ५ | ४४ | ० | १२७ | ० | ० | ० | ० | ० | ८ | ० | ० | ० | ० | ० | ७ | १ | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १७७ |
| ६ | १८ | ० | ६८ | ० | ० | ० | ० | ० | ३८ | ० | ० | १ | ० | ० | ० | ० | २ | ० | ० | ० | ० | ० | १२८ |
| ७ | २० | ० | ९९ | ० | ० | १ | ० | १४ | ० | ० | ० | १ | ० | ० | ० | ० | ४ | ० | ० | ० | ० | ० | १३८ |
| ८ | १७ | १ | ११९ | ० | ० | ० | ० | ० | ११ | ० | ० | ६ | ० | ० | ० | १ | ९ | १ | ० | ० | ० | ० | १६४ |
| ९ | ८५ | ६ | १८६ | १ | १ | ० | ६ | ० | १० | ० | ० | ११ | ० | २ | ० | ० | ० | ० | १ | ३ | ९ | १३ | ३३७ |
| ग्रन्थके प्रति प्रकार छंदों का जोड़ | [illegible] | १३ | ९२० | ४ | २ | १ | ९ | ३२ | ७४ | १५ | ३० | २७ | १ | २४ | २० | २ | १५ | १ | १ | ३ | ९ | १३ | १६३४ ग्रन्थके सर्व छंदों का जोड़ |

# पार्श्वपुराण छंदनामावली लिखित छंदों के संक्षेप लक्षण

१ ( दोहा छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १-३-चर्ण में १३ मात्रा अंत में १ वर्ण गुरू या २ वर्ण लघु से पहला वर्ण लघु देखो-२ ४ चर्ण में ११ मात्रा अन्तका वर्ण लघु देखो २ ( छप्पै छंद ) इस छंद में ६ चर्ण होते हैं यह छंद २ छंद रसावलि १ उल्लाला २ से मिलकर बनता है रसावलि छंद लक्षण इस छंद मे ४ चर्ण होते हैं ११ मात्रा पर विश्राम देकर १३ मात्रा आगे देने से चर्ण पूरा होता है प्रति चर्ण २४ मात्रा जानो और लघू दीर्घका कुछ नेम नहीं है उल्लाला छंद लक्षण इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १-३-चर्ण में १५ मात्रा २-४-चर्ण में १३ मात्रा देखो और कुछ नेम नहीं ३ ( १५ मात्रा चौपाई छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण १५ मात्रा अंतका वर्ण लघु देखो ४ ( घनाक्षरी छंद ( इस छंदमें ४ चर्ण होतेहैं १६ वर्ण पर विश्राम होकर १५ वर्ण आगे लिखने से चर्ण पूरा होता है चर्ण के अन्त में गुरू वर्ण का नेम है और कुछ नेम नहीं प्रति चर्ण ३१ वर्ण देखलो ५ ( बालाछंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १-२-३-चर्ण इंद्रवज्रा छंद ४ चर्ण उपेन्द्रवज्रा छंद का होता है इन्द्रवज्रा छंद लक्षण इस छंद में ४ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण ११ वर्ण १८ मात्रा इस भांति गिनो १-२-वर्णगुरू ३ लघु ४-५-गुरू६ ७-लघु ८ गुरू ९ लघु १०-११गुरू उपेन्द्रवज्रा छंद लक्षण इस छंद में ४ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण ११ वर्ण १७ मात्रा जानो १ वर्ण लघु शेष वर्ण इंद्रवज्रावत ६ ( द्रुतिविलंब छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण १२ वर्ण १६ मात्रा इस भांति जानो १-२-३ वर्ण लघु ४ गुरू ५ ६ लघु ७ गुरू ८-९ लघु १० गुरू ११ लघु १२ गुरू ७ ( अड़िल छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं ११ मात्रा पर विश्राम देकर १५ मात्रा आगे देने से चर्ण पूरा होता है चर्ण के अन्त का वर्ण गुरू गुरू वर्ण से पहला वर्ण लघु जानो (८ चाल छंद जिसका असली नाम सखी छंदहै ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण १४ मात्रा गिनो प्रायः अन्त के २ वर्ण गुरू होते हैं ९ ( पद्धड़ीछंद )

इस छंद में ४ चर्ण होते हैं प्रतिचर्ण १६ मात्रा चर्ण के अन्त का वर्ण लघु लघु से पहला वर्ण गुरू गुरू से पहला वर्ण लघु होताहै १० (२३मात्रा छंद) इस छंद के नाम का पता नहीं लगा परन्तु विचार से ऐसा जाना गया कि इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १ ३चर्णमें ११ मात्रा अन्त का वर्ण लघू लघूसे पहला वर्ण गुरू होता है २-४ चर्ण में १२ मात्रा अन्त के २ वर्ण गुरू होंगे ११ ( नरिंद्र छंद ) इस छंदमें ४ चर्ण होते हैं १-३ चर्ण में १६ मात्रा २-४ चर्ण में १२ मात्रा गिनो २ ४ चर्ण में अंत के दो वर्ण गुरू होंगे १२ ( सोरठा छंद) इस छंदमें ४ चर्ण होते हैं १-३ चर्ण में ११ मात्रा अंतका वर्ण लघू २-४ चर्ण में १३ मात्रा अंतका वर्ण गुरू वा दो वर्ण लघू से पहला वर्णलघू-दोहा उलटा जान और बात दूजी नहीं १३ ( चामर छंद ) इस छंदमें ४ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण १५ वर्ण २३ मात्रा इस भांति देखो १ वर्णगुरू २ वर्णलघू ३ गुरू ४ लघू इसक्रम से ७ वर्णगुरू ७ वर्णलघू अंतका वर्णगुरू देखो १४ ( पद्मावती छंद) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १६ मात्रापर विश्राम देकर १६ मात्रा आगे मिलाने से ३२ मात्रापर चर्ण पूरा होता है चर्ण के अंतके २ वर्ण गुरू देखो १५ (कुसुमलता छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १-३ चर्ण में १६ मात्रा २ ४ चर्ण में १४ मात्रा और अंतका वर्ण गुरू गुरू से पहला वर्ण लघू होगा १६ ( आर्या छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १ ३ चर्णमें १२ मात्रा२ चर्णमें १८मात्रा ४ चर्णमें १५ मात्रा गिनो अंतका वर्ण सर्व चर्णों का गुरू होगा १७ ( हरिगीत छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १६ मात्रापर विश्राम देकर १२ मात्रा आगे मिलाने से चर्ण पूरा होता है प्रति चर्ण २८ मात्रा गिनो चर्ण के अंतका वर्ण प्रायः गुरू देखो १८ ( शार्दूल विक्रीड़ित छंद) इस छंद में ४ चर्ण होतेहैं प्रतिचर्ण १९वर्ण ३० मात्रा इस भांतिजानो १-२ ३ वर्ण गुरू ४-५ लघू ६ गुरू ७ लघू ८-९ गुरू १० ११ लघू १२ गुरू १३-१४ गुरू १५ लघू १६-१७ गुरू १८ लघू १९ गुरू बारा वर्ण १८ मात्रापर विश्राम देकर ७ वर्ण १२ मात्रा आगे मिलाने से चर्ण पूरा होता है १९ ( १५ मात्रा अर्द्ध चौपाई छंद ) इस छंद में २ चर्ण होते हैं प्रति चर्ण १५ मात्रा अंतका वर्ण लघू देखलो यह छंद १५ मात्रा चौपाई छंद के २ चर्ण हैं॥ २० ( ३१ मात्रा सवैया छंद ) इस छंद में ४ चर्ण होते हैं १६ मात्रापर विश्राम देकर १५ मात्रा आगे मिलाने से चर्ण पूरा होता है चर्ण के अंतका वर्ण लघू लघू से पहला वर्ण गुरू होगा।

२१ (ढालछंद) विचार से प्रगट होता है कि पिंगल शास्त्र अनुसार ढाल नाम कोई विशेष छंद नहीं है सामान छंदो में १-२ वर्ण और १-२ शब्द टेक के बढ़ा लेते हैं उसी को ढाल कहते हैं दक्षिण देश में गुजराती भाषा विषे ऐसी ढालोंका बहुत कुछ प्रचार है यहां दोनों ढालों में असल म दोहे छंद हैं २-४ चर्ण में लघू वर्ण के स्थान में गुरू वर्ण रखकर एक गुरू वर्ण और आगे बढ़ादिया दो चरणों के बीच में एक ढाल में (ज्ञानी) शब्द की दूसरी ढाल में ४ चर्ण के अन्त में (बारह बिधतप बरनउँ) की टेक लगादी है—इति ॥

## कई यक पुस्तकों में जो शब्द इस पुस्तकसे विमुख देखे गये उन का प्रगट करनेवाला यन्त्र ॥

| पृष्ठ | पंक्ति | इसपुस्तकविषे | कई यक पुस्तकों में | पृष्ठ | पंक्ति | इसपुस्तकविषे | कई यक पुस्तकों में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | ६ | और | जगत | २३ | ७ | बैल | गैल |
| ३ | ७ | सरण | परम | ३० | १४ | हिमगिर | हरिगिर |
| ६ | १७ | बल | बश | ३४ | १३ | विभूति | भूपति |
| ८ | १६ | सूर्य चंद्र | सुरनर संग | ३४ | १७ | कोटकोट | कोटओट |
| ९ | ३ | धार | पार | ३६ | २ | देहबल | होउबल |
| १० | १६ | मूल | भूल | ३६ | ३ | लचकोट | एककोट |
| १५ | ८ | गजमातो | मदमातो | ३७ | ५ | बनी | भनी |
| १५ | १५ | दोष | गुनह | ३८ | १३ | महादेह | महादेव |
| १६ | २ | दंड | सज़ा | ४० | १५ | बई | छई |
| १६ | १५ | सब | सठ | ४३ | १ | सन्तति | सम्पति |
| १६ | १७ | सबै | सदा | ४४ | ७ | संकट | संकल |
| १७ | ४ | योंअज्ञानतप | योंतपसीतप | ४५ | ४ | श्रुति | शुभ |
| १८ | ३ | अवश | अधिक | ४६ | ६ | देखत | दीपत |
| २१ | २ | तरुपत्र | तिनपत्र | ५५ | १७ | जिन | अति |
| २१ | १४ | छिरकै | डांहै | ५६ | ६ | बसा | नसा |
| २२ | ८ | तन धन | तवधन | ५६ | ८ | कंटकतलतक | कंटितकलित |
| २३ | ७ | गैल | बैल | | | सूर | करूर |

| पृष्ठ | पंक्ति | इसपुस्तकविषै | कई यक पुस्तकों में | पृष्ठ | पंक्ति | इसपुस्तकविषै | कई यक पुस्तकों में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ६५ | ३ | विहसाय | शुभभाग | ११७ | ४ | शाष | भाष |
| ६९ | १८ | मनंकंप्यो | तबबैठो | १६३ | ८ | अट्ठावन | उनसठ |
| ७४ | ५ | सब | षट | १६९ | ८ | छई | मई |
| ८२ | ५ | जैनयतीनिज | तमुनितारण | १६९ | ९ | चारोंदिश | दसोंदिशा |
| | | नेमनिवाहै | तरणकहावै | १६६ | ११ | चहूं | दुहूं |
| ८६ | ६ | द्युति | प्रति | १८० | ३ | विरद | तुमी |
| ८८ | ६ | आतम | आपत | १८२ | ४ | प्रगान | परधान |
| ९० | १६ | सोमर | सप्तम | १८२ | १६ | भेद | वेद |
| १०८ | १७ | दीपक | जोतिष | १८९ | ११ | समान | प्रमान |
| १२९ | १२ | रची | मची | १९१ | ४ | सों | बश |
| १३२ | ११ | नाथ | तिलक | २२२ | ८ | लवधि | अवधि |
| १३९ | ८ | पानन | आनन | २३५ | ८ | भगवान | अर्हंत |
| १३९ | १६ | सोभंत | शोभंत | | | | |
| १४१ | १ | निर्मलछाय | गुणअनंतली | | | | |
| | | कदर्शनवंत | येबहुभंत | | | | |

# * १ समालोचना *

## मुन्शी श्रीराम ( अज़ीज़ ) क़ानूगोय गुहाना नगर निवासी टीचर नोरमलस्कूल देहली ॥

### * दोहा छन्द *

गुरु ग्रंथ औ देव की, अहनिश मन बच काय ॥
करो सर्व सच्ची विनय, भाव सहित शिरनाय ॥ १ ॥
पढ़ो गुनो नित शास्त्रजी, सत्त धर्म अधिकार ॥
केवल बुगला भक्त बन, करो न मायाचार ॥ २ ॥

### * हरिगीत छन्द *

कविराय भूधरदास जी जिन, आगरा शुभथान है । तिनका रचित भाषा ललित, तिर्थेश पास पुराण है ॥ शिक्षित बचन भंडार है अति, भक्ति है थुति में भरी । पुन पाप की विस्तार से विधि, पूर्वक कथनी करी ॥ ३ ॥ नरकों के दुख स्वर्गोंके सुख दर, सादिये समझाय के । सत तत्त्व औ षट द्रव्यका की, ना कथन हर्षायके ॥ यह ग्रंथ मानो कोष है नव, निद्धि आठौ रिद्धि का । नव रत्न नव अधिकार इक इक, शब्द जिनका नौलषा ॥ ४ ॥ तिस कोष को अहनिश सदा अहि, तुल्ल हम लख २ जिये । पर नेत्र या परना पड़ै बहु, यत्न इस कारन किये ॥ निरधन नहीं हम सूपहैं निर्धन भये होकर धनी । खावें न खाने दें यही बस, स्वाम्भत मनमें ठनी ॥ ५ ॥ संचय करें ढूँढ़े सदा निर्धन धनी हो जायगा । पर रेत पत्थर तुल्ल है कन, सूम का धन संपदा ॥ क्या सूम आदर धन का करता, है नहीं बेआदरी । निज को न पर को लाभ मानो, बंध में सम्पति करी ॥ ६ ॥ इस भांति करते हैं विनय हम, जैन ग्रंथों की सदा । करजोड़ माथा टेकते बे, ठन लपेटें जगमगा ॥ पर सूचना हम को नहीं जब, लौंकि क्या खटराग

है । क्या अर्थ क्या आशय है इसका, पुष्प अथवा आग है ॥ ७ ॥ तब लौं कहो क्या वह विनय पू, री विनय कहलायेगी । क्या शास्त्र औ गुरुदेवकी स, च्ची विनय होजायगी ॥ योंही जो होजावे विनय पू, रीतु अच्छा काम है । करना पड़े कुछ भी नहीं बस, स्वर्ग अपना धाम है ॥ ८ ॥ आता नहीं है यह विनय के, वल विनय अविनय हये । सच्ची विनय अब हम बताते, हैं सुनो तुम ध्यानदे ॥ पढ़ना पढ़ाना शुद्ध कर पर, चार करना भाव सूं । आशै को उसके जानकर बर, ताव करना चावसूं ॥ ९ ॥ केवल उन्हीं का है सुफल जी,वन मरन संसारमें कटिबद्ध रहते हैं सदा जो, धर्म के परचार में ॥ मुनशी अमनसिंह जिनमती स, नी पती धरमात्मा । करते हैं सेवन धर्म का इस, काल तन मन धन लगा ॥ ॥ १० ॥ दिन रैन अभिलाषा यही निज, धर्मका परचार हो । जिन देववाणी नाव तिष्टें, सर्वबेड़ा पारहो ॥ बहुग्रंथ बहुपरयत्न से अति, शुद्धकर मुद्रित किये । रचना सहित जिन वाक्य अमृत, घूंटतृष्णोंने पिये ॥ ११ ॥ इसग्रन्थ की बहुप्रतें लेखक, की लिखी संचयकरी । जो शब्द थे उन में विमुख सब, लिख दिये संशयहरी ॥ बहु बुद्धजन सम्मतिलई फिर, शुद्ध करने के लिये । टीका लिखी विस्तार से जो, वाक्य टीका योग थे ॥ १२ ॥ पुनिछंद संख्या यंत्रसूची पत्र लिक्खे मनलगा । पाठकजनों हितकार फिरइक, कोष शब्दों का दिया । चव्वन अधिक उन्नीस सौ भी, राम संवत् विक्रमी । मुद्रित कराया ग्रन्थ परउप कार ताकी अहजमी ॥ १३ ॥

# ॥ २ समालोचना ॥

## ज्योतिषरत्न पण्डित जियालालजी चौधरी रईस
## ॥ फर्रुख नगर ॥

मुंशी अमन सिंह साहिबकी सच्ची जाति हितैषिता का इससे बढ़कर और क्या प्रमाण होसकता है कि आप तन मन धन तीनों द्वाराजैन जाति में फैले हुये अज्ञान अंधकार का नाश कररहे हैं और शुद्ध जैन धर्म ग्रन्थाभिलाषियों के लिये

जो उत्तम पदार्थ है उसको और भी परमोत्तम बनाकर चाहनें वालों की भेंट करते हैं, आजतक आपने भूधरजैन शतक, सज्जन चितवल्लभ काव्य, भाषा सन्दूर प्रकरण, भक्तामर, कल्याण मंदिर, छहढाला, आलोचना पाठ, इत्यादिक अनेक रत्न निज बुद्धिरूपी चर्खपर चढ़ा सरलार्थ टीका और कोषादिक को लगाके ऐसे उत्तम कर दिखाये जो अकथनीय हैं, आजकल जब सम्पूर्ण भारत में छपे जैन शास्त्रों के प्रचारकी अधिक धूम है तो आपनेभी जगत विख्यात जैन धर्म के प्रसिद्ध तीर्थंकर श्रीस्वामी पार्श्वनाथ भगवान का भाषा छंद बद्ध पुराण मुद्रित कराया है, यद्यपि यह पुराण जैन के एक प्रसिद्ध कवि भूधरदास जी का रचा होने से स्वतःही अनुपम है, किंतु मुनशी अमन सिंह जीने इसके छपाने में अनेक प्रतियों से शुद्ध करने गूढ़ शब्दों का कोष बनाने आदि का जो श्रम उठाया है उससे यह ग्रन्थ ऐसा बहु मूल्य रत्न बनगया है जो विद्या रसिक जैनियों के देखनेही योग्य है और यद्यपि जैन धर्म्म के लाखों ग्रन्थ विद्यमान हैं परन्तु इस एकही ग्रन्थ के मन लगाकर देखलेने से जैन धर्म्मका पूरा भेद जाना जाता है इस आतिहितैषिता का मैं मुनशी जी को सच्चे मन से धन्यवाद देताहूं—

जियालाल.



श्रीजिनायनमः ॥

# कबिवर भूधरदासजी रचित छंद बंद भाषा पार्श्वपुराण ॥

## श्री पार्श्वनाथजी स्तुति ।

### दोहाछंद ।

मोह महातम दलन दिन, तप लक्ष्मी[1] भर्तार ॥
सो पारस परमेश मुझ, होउ सुमति दातार ॥ १ ॥
बामा नंदन कल्प तरु, जयो जगत हितकार ॥
मुनि जन जाकी आसकर, याचैं शिव फल सार ॥ २ ॥

### छप्पै छंद

भुवन तिलक भगवंत, संत जन कमल दिवायर ।
जगत जंतु बंधव अ,नंत अनुपम गुण सायर ॥
राग नाग मय मंत, दंत उच्छेपण बलि अति ।
रैमाकंत अर्हंत, अतुल यशवंत जगत पति ॥

---

१ मोक्षरूप लक्ष्मी के पति ।

महिमामहंत मुनिजन जपत, आदि अंतसबकोसरण।
सो परमदेव मुझ मनबसो, पार्स नाह मंगल करण ॥३॥
बिमल बोध दातार, विश्व विद्या परमेश्वर ।
लक्ष्मी कमल कुमार, मार मातंग मृगेश्वर ॥
मुख मयंक अवि लोक, रंक रजनी पतिलाजै ।
नाम मंत्र परताप, पाप पन्नग डर भागै ॥
जय अश्वसेन कुल चंद्र जिन, शक्र चक्र पूजत चरण ।
तारो अपार भव जलधि तैं, तुम तरंड तारण तरण ॥४॥
बाघ सिंह वश होहिं, विषम विषधर नहिं डंकै ।
भूत प्रेत बेताल, व्याल वैरी मन शंकै ॥
शाकिनि डाकिनि अग्नि, चोर नहिं भय उपजावैं ।
रोग सोग सब जाहिं, बिपत नेरे नहिं आवैं ॥
श्री पार्श्वदेव के पद कमल, हिये धरत निज एकमन ।
छूटें अनादि बंधन बंधे, कौन कथा बिनशै विघन ॥५॥
चहुं गति भ्रमत अनादि, बाद बहु काल गमायो ।
रही सदा सुख आस, प्यास जल कहीं न पायो ॥
सुख करता जिन राज, आजलों हिये न आयो ।
अब मुझ माथे भाग, चरण चिंतामणि पायो ॥
राखूं संभाल उर कोष मैं, नाहिं बिसरूं पल रंक[1] धन ।

१ यहां यथा बाचक शब्द लुप्त है ।

परमाद चोर टालन निमत करूं पासजिन गुण कथन॥ ६॥

## पंच परमेष्टी स्तुति॥

## १५ मात्रा चौपाई छन्द॥

बंदूँ तिर्थंकर चौबीस। बंदूँ सिद्ध बसैं जगसीस॥
बंदूँ आचारय उज्झाय। बंदूँ परम साधु केपाय। ७।
येही पद पांचों परमेठ। येही सार और सब हेठ॥
येही मंगल पूजअतीव। येहीउत्तम सरण सदीव। ८।

## जिनबाणी स्तुति॥

## १५ मात्रा चौपाई छंद॥

बंदूँ जिनबाणी मन सोध। आदि अंत जो बिगत बिरोध॥
सकल बस्तु दर्शावनहार। भ्रम बिषहरण औषधीसार। ६।

## ॥ दोहा छंद॥

बरतो जग जयवंत नित, जिन प्रबचन अमलान॥
लोक महल में जग मगै, माणक दीप समान। १०।
हरो भिरम दालिद्र दुख, भरो हमारी आस॥
करो सारदा लक्षमी, मुझ उर अंबुज बास। ११।

# गणधर वा आचार्यों की स्तुति ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

बंदूँ वृषभ सेन गण राज । गुरु गौतम भव जलधि जहाज ॥
कुंद कुंद मुनि प्रमुख सुपंथ । ते सब आचारय निर्ग्रंथ । १२ ।
जैन तत्व के जानन हार । भये यथारथ कथिक उदार ॥
तिनकेचरणकमलकरजोर । करूंप्रणाममानमदछोर । १३ ।

## ॥ कवि नम्रता वा ग्रंथ करणकारण ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

सकल पूज्य पद पूजकै, अल्प बुद्धि अनुसार ॥
भाषा पार्स पुराण की, करूं स्व पर हितकार । १४ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जिन गुणकथन अगमाविस्तार।बुधिबल कौनलहै कविपार॥
जिन सेनादिक सूरि महंत । बर्णन कर पायो नहिं अंत । १५ ।
तौ अबअल्प मती जनऔर । कौनगणति मैं तिनकी दौर ।
जो बहुभार गयंदन बहै । सो क्यों दीन ससक निर्बहै । १६ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

कह जानैं ते यों कहैं, हम कुछ बरणों नाहिं ॥

जे कछु जानैंही नहीं, ते अब कहा कहाहिं। १७।
बिलस्त नभ नापै नहीं, चलू न सागर तोय॥
श्री जिन गुण संख्या सुयश, त्यों कवि करै न कोय। १८।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

पै यह उत्तम नर अवतार। जिन चरचा बिन अफल असार॥
सुन पुराण जो धूमन सीस। सो थोथे नारियल सरीस। १९।
जिन चरित्र न सुनैं ते कान। देह गेह के छिद्र समान॥
जा मुख जैन कथा नहिं होय। जीभ भुजंगनि का बिल सोय। २०।
या प्रकार यह उद्यम जोग। कहत पुराणन पण्डित लोग॥
जिन गुण गान सुधा रस न्याय। सेवत अल्प जन्म जुर जाय। २१।

## ॥ घनाक्षरी छंद ॥

जो लों कवि काव्य हेत आगम के अक्षर को,
अरथ बिचारैं तो लों सिद्ध शुभ ध्यान की।
और बहु पाठ जब भूपर प्रघट होय,
पढ़ैं सुनैं जीव तिनै प्रापति है ज्ञान की॥
ऐसैं निज परको बिचार हित हेतु हम,
उद्यम कियो है नहीं बान अभिमान की।

१ श्री जिनके गुण वा सुयश की संख्या कोई नहीं करसक्ता—यह देहली दीपक न्याय अलंकार है।

ज्ञान अंश चाखा भई ऐसी अभिलाषा अब,
करूं जोड़ भाषा जिन पारस पुराण की। २२।
आगे जिन ग्रंथन के करता कवींद्र भये,
करी देव भाषा महा बुद्धि फल लीनो है।
अक्षर मिताई तथा, अर्थ की गंभीरताई,
पद ललताई जहां आई रीति तीनों हैं ॥
काल के प्रभाव तिन, ग्रंथन को पाठी अब,
दीषत अलप ऐसो, आयो दिन हीनो हैं।
तातें इस समै योग, पढ़ैं बालवृद्धि लोग,
पारस पुराण पाठ भाषा बंद कीनो है। २३।

## ॥ दोहा छंद ॥

शक्ति भक्ति बल कविनपै, जिन गुण वरणे जाहिं ॥
मैं अब वरणूं भक्ति बल, शक्ति मूल मुझ नाहिं। २४।
वरणूं पूरब कथित क्रम, ग्रंथ अर्थ अवधार ॥
सुगमरूप संक्षेप सों, सुनौ सबै नरनार। २५।

## ॥ कथा विख्यात कारण ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाइ छंद॥

मगधदेश देशन परधान। राजग्रही नगरी शुभथान ॥

राज करै श्रेणक भूपाल। नीतवंत नृप पुण्य विशाल। २६।
क्षायक सम्यक दरशन धार। रूपशील सबगुण आधार॥
तिनके घर अंतेवर घना। पटरानी रानी चेलना। २७।
जाके गुण वरणत बहुभाय। बरयाँलगै कथा बढ़जाय॥
एकदिना निज सभा नरेश। निवसैं जैसें स्वर्ग सुरेश। २८॥
रोमाँचित बनपालक ताम। आय रायप्रति कियो प्रणाम।
छह ऋतुकेफलफूल अनूप। आगेधरे अनूपम रूप। २९।
हाथजोर विनवै बनपाल। विपुलाचलपर्वत की भाल॥
वर्द्धमान तिर्थंकर आप। आये राजन पुण्य प्रताप। ३०।
महिमा कछुवरणी नहिं जाय। इन्द्रादिक सेवैंसब पाँय॥
समोसरण संपति की कथा। मोपै कहीजाय किमतथा। ३१।
माली बचन सुनें सुखदाय। हर्ष्योराजा अंगन माय॥
दीने भूषण बसन उतार। बनमाली लीने सिरधार। ३२।
सातपैंड़ गिर सन्मुख जाय। कियो परोक्ष बिनै नरराय।
आनँद भेरि नगर मैं दई। सबहीं को दर्शनरुचिभई। ३३॥
चलोसंग परियन समुदाय। बंदे वर्द्धमान जिनराय॥
लोकोन्तर लक्ष्मी अवलोक। गयेसकल भूपति केशोक३४
थुति आरंभ कियो बहुभाय। बार बार भुमिसीसनिवाय॥
गौतम गुरु पूजेकर जोर। निज कोठे बैठ्यो मदछोर। ३५।

१ अर्थात् समाय।

करीप्रश्न श्रेणाक बड़ भूप । प्रभु पारस जिन कथा अनूप ॥
जाके सुनत पाप छै होय। कहिये देव कृपाकर सोय । ३६ ।
तब गणधर बोले हितकाज । जोगप्रश्न कीनो नरराज ॥
सुन पुनीत पारस जिनकथा।सफल होय मानुष भवयथा३७

## दोहाछंद

इहिं विधि जो मघदेश प्रति, कह्यो चरित गणराज ॥
ताहीक्रम आये कहत, आचारज परकाज । ३८ ।
तिनही के अनुसार अब, कहूँ किमप विस्तार ।
जैनकथा कल्पित नहीं, यह जानो निर्धार । ३९
जैन वचन वारिधि अगम, पानी अर्थ अनूप
मति भाजन भर १ लिये यह जिन आगम रूप । ४०

## कथाप्रारंभ प्रथम अधिकार

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जंबूद्वीप दिपै यह सार । सूर्य मण्डल की उनहार ॥
मध्यसुमेरु कर्णिका भास । बने क्षेत्र दल दीरघजास ।४१।
तारागण मकरंद मनोग । सूर्य चन्द्र भ्रमर कुल योग ।
लवणसमुद्रसरोवरथान । दीप किधौंयहकमलमहान । ४२

१ आचार्यों ने अपनी अपनी मति के अनुसार यह जिन आगम रूप अर्थात् शास्त्र के भाजन भर लिये भावार्थ शास्त्र रचे ।

लक्षमहा योजन विस्तार। बसै विविध रचना आधार॥
दक्षणभरतधनुषसंठान। पर्बत पणच नदीजुगबान।४३।
मानो सागर प्रति अनुमान। तानत तीर धार जलजान॥
ऐसीभांतबिराजत खेत। छहों खण्डमंडितछबि देत।४४।
पांच मलेच्छ बसैं तामाहिं। धर्म कर्म कछु जानैं नाहिं॥
उत्तम आर्यखण्डमझार।देशसुरम्य बसै मन हार।४५।
जन कुल जहां रहैं वहु भांत। पास पास सोहैं पुरपांत॥
सरवर नदी शैल उदयान।बन उपबन सों शोभामान। ४६।
हां नगर पोदन पुरनाम। मानो भूमि तिलक अभिराम॥
लोक की उपमा धरै। सबही विध देखत मन हरै। ४७।

## ॥ दोहा छंद ॥

तुंग कोट खाई सजल, सघन बाग ग्रह पांत॥
चोपथ चौंक बजारं सों, सोहै पुर बहु भांत॥ ४८॥
ठाम ठाम गोपुर लसैं, वापी सरवर कूप।
किधों स्वर्ग ने भूमि को, भेजी भेट अनूप॥ ४९॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद॥

जैनी प्रजा जहां परवीन। बसै दान पूजा व्रतलीन॥
जैन भवनऊंचेअति बने। शिखरधुजासोंशोभित घने।५०।

इहिं विध पुर शोभा अधिकार । बरणन करत लगे बहुवार ।
राज करै राजा अर विंद । सोहै मानों स्वर्ग सुरिंद्र । ५०
पालै प्रजा कुमति जिन दली । नीत बेल मण्डित भुजवली ।
दया धाम सज्जन गंभीर । गुणरागी त्यागी रणधीर । ५१
तिस भूपति के विप्र सुजान । विश्व भूत मंत्री बुधिमान
ताकै त्रिया अनुँधर सती । रूपशील गुण लक्षणवती । ५
दोय पुत्र तिनके अवतरे । पाप पुन्य की पट तर ध
जेठो नंदन कमठ कपूत । दूजो पुत्र सुधी मरु भूत । ५

## ॥ दोहा छंद ॥

जेठो मत हेठो कुटिल, लघु सुत सरल सुभाव
विष अमृत उपजे युगल, विप्र जलधि के जाव । ५५
बड़े पुत्र ने भार्या, ब्याही वरुणा नाम ।
लघुनै बरी विसुन्दरी, रूपवंत अभिराम । ५६

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

यों सुख निबसैं बंधव दोय । निज निज टेव न टारै कोय
वक्रचालविषधर नहिं तजै । हंसवक्रता मूल न भजै । ५७

## ॥ दोहा छंद ॥

उपजे एकहि गर्भ सों, सज्जन दुर्जन येह ॥

लोह कवच रक्षा करै, पाँडा षंडे देह । ५८ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

ऐसाति सज्जन मरुभूतकुमार । नीत शास्त्र को जाननहार ॥
पांत्रको इष्ट सकलगुणगेह । राजाप्रजाकरैं सब नेह । ५९ ।

## ॥ उक्तंच संस्कृत बाला छंद ॥

विद्यासदभ्यास बशादुपैति । सौजन्यमभ्यासवशादगम्यं ॥
स्त्रीसपत्न्यःपृविशालमीयुः । विशालमीयुर्नतुनेत्रयुग्मं । ६०

## ॥ भाषा टीका ॥

विद्या अर्थात् ज्ञान सचे विचार के आधीन प्राप्त होजाता है परन्तु सज्जनता अर्थात् भलापन जो स्वाभाविक धर्म है विचार आधीन प्राप्त नहीं होता—

दृष्टांत—यथा शौकीन स्त्री अपने कानों को इस अभिप्राय से कि कर्ण भूषण पहरकर अपने पति को मोहित करूंगी मोर के पर वा तुली के गूदे आदि डालकर चौड़ा कर लेती है परन्तु अपने नेत्रों को बड़ा नहीं करसक्ती किसलिये कि नेत्र का विशाल होना उसका स्वभाविक धर्म नहीं है।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

एक दिना भूपति मंत्रीश । स्वेत बाल देखो निज शीश ॥
उपजो विप्र हिये वैराग ॥ जानोंसब जग अथिर सुहाग । ६१

## ॥ दोहा छंद ॥

जरा मौतकी लघु बहन । या मैं संशय नाहिं ॥

तो भी सुहित न चिंतवै। बड़ी भूल जगमाहिं। ६२।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

यह बिचार मंत्री मनमाहिं। निज सुत सोंप राय की बांहि
सुगुरुसाषजिनचारितलियो। बनोबासआत्महितकियो। ६
अबमरुभूत विप्र सुख करै। अहनिशनीत पंथ पगधरै
राजाप्रीतकरैबहुभाय। सोम प्रकृति सबकोंसुखदाय।६
एक समय आपनअरिविंद। मंत्री सेना सहित नरिं
राय बज्र वीरज पर चढ़े। क्रोधभाव उरमैंअतिवढ़े। ६
पीछे कमठनिरंकुशा होय। लगो अनीत करण शठ सो
जो मनआवैसो हठ गहै। मैं राजासब सों इमकहै। ६
एक दिना निज भ्राता नार। भूषण भूषित रूप निहार
रागअंधअतिविहवलभयो। तिसणाकामतापउरतयो।६
महा मलिन उर बसैंकुभाव। दुर्गति गामी जीव सुभाव
पुत्री सम लघुभ्रातानार। तहां कुदिष्टधरी अविचार।६

## ॥ दोहाछंद ॥

पाप कर्म को डर नहीं, नहीं लोक की लाज॥
कामी जनकी रीतयह, धिकतिसजन्म अकाज।६९।
कामी काज अकाज मैं, हो हैं अंध अवेव॥
मदनमत्तमद मत्तसम, जरो जरोयह टेव। ७०।

पिता नीर परसै नहीं, दूर रहै रवि यार ॥
ता अंबुज मैं मूढ़ अलि, अरभ्क मरै अविचार । ७१ ।
त्योंही कुविसनरति पुरुष, होयअवश अविवेक ॥
हितअनहितसोचै नहीं, हिये विसनकी टेक । ७२ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

मैं सघन लता ग्रह जहां । गयो कमठ कामातुरतहां ॥
वेदनाकल नाहिं परै । छिनछिन काम विथादुखकरै।७३ ।

## ॥ उक्तंचसंस्कृत द्रुतिविलंबछंद ॥

मधर्म नदाज्जनमीनकान शशि मुखी वडि शेनसमुद्धृतान
तेसमुल्लसितेरतिर्मुर्मुरेपचाति हाहतकस्मरधीवरः ।७४।

## ॥ भाषा टीका ॥

हाय कामदेव रूप हिंसक धीवर परम धर्म रूप समुद्र जन मच्छों ( अर्थात् धर्मात्मा पुरुषों ) को जो चंद्रमुखी स्त्री रूप बाडिश कहिये लोहे के कांटे कर उस धर्म रूप समुद्र से बाहर निकाले गये हैं अति तेज विषय रूप भूभल अग्नि में पकाता है वार्थ कामदेव धर्मात्मा पुरुषों को स्त्रियों के हाव भावपर मोहितकर व्याकुल कर जा है—सो बड़े शोक का स्थान है ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

कमठ सखा कलहंस विशेष ।पूछत भयो दुखी तिस देष ॥
कौनव्याधि उपजीतुमअंग । अतिव्याकुलदीषेसर्वंग ।७५।

तबतिनलाज छोर सब सही । मन कीबात मित्रसों कही॥
सुनकलहंस कथा विपरीत । शिक्षा वचनकेहकर प्रीत । ७६
अतिअयोगकारजयह बीर । सो तुम चिंत्यो साहसिधीर॥
परनारीसमपापन आन । परभवदुखइहिंभवयशहान । ७७
इसही बंछा सों अघभरे । रावण आदि नरक में परे ।
जगमेंजेठपितासम तूल । बात कहतलाजैनहिंमूल । ७८
तातैं यह हठ मूल न करौ । सुहित सीख मेरी मन धरौ
लोक निंद कारज यहजान । धर्मनिंदानिश्चैउरआन ।७९

## ॥ दोहा छंद ॥

यों कल हंस अनेक विध, दई सीख सुख दैन
ते सबकमठकुशीलप्रति, भराबिफलाहित वैन । ८० ।
आयुहीन नर को यथा, औषधि लगै न लेश ॥
त्योंहीं रागी पुरुष प्रति, वृथा धर्म उपदेश । ८१ ।
बोलो तब कामी कमठ, सुनो मित्र निर्धार ॥
जो नहिं मिलै विसुंदरी, तो मुझमरण विचार । ८२
देख कमठ की अधिक हठ, कुमति करीकल हंस ।
जाय कहे ता नार सों झूठ बचन अपशंस । ८३

## ॥ अडिल छंद ॥ ॥

सुन विसुंदरी आज कमठ बन मैं दुखी ।

तू ताकी सुध लेहु होय जिहिं विधसुखी ॥
सुनतेही सत्भाव गई बन मैं तहां ।
निवसै कर परपंच कमठ कपटी जहां । ८४ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

छलबल कर भीतर लई, बनता गई अजान ॥
राग वचन भाषे विविध, दुरा चार की खान । ८५ ।

## ॥ १४ मात्रा चाल छंद ॥

ज मातो कमठ कलंकी । अघसों मन्सा नाहिं शंकी ॥
वज वन करनी रंजो । जिन शील तरोवर भंजो ॥ ८६ ॥
जीत विजय यश पायो । अरविंद नृपति घर आयो ॥
कर्म कमठ ने कीने । राजा सबते सुन लीने ॥ ८७ ॥
त्री मरुभूत बुलायो । ताको सब भेद सुनायो ॥
कहु विप्र सुधी क्या कीजे । क्या दण्ड इसे अब दीजे ॥८८॥
दुज कहै सरल परिणामी । अपराध छमा कर स्वामी ॥
जो एक दोष सुनलीजै । ताको प्रभु दण्ड न दीजे ॥ ८९ ॥
तब भूप कहै सुन भाई । जो निग्रह योग अन्याई ॥
करुणा किम होहै । यह न्याय नृपति नहिं सोहै ॥ ९० ॥
कमठ यह गच्छ सयाने । मत खेद हिये कुछ आने ॥
यसै कह विप्र पठायो । तिस पीछे कमठ बुलायो ॥ ९१ ॥

अति निंदो नीच कुकर्मी। जानो निर्धार अधर्मी ॥
राजा अतिही रिस कीनी। सिर मुण्ड दंड बहु दीनी॥ ९२ ॥
मुखके [illegible] लगाई। खर रोप्यो पीर न आई ॥
फिरसारे नगर फिराये। अति बीथी ढोल बजायो ॥ ९३ ॥
इस भांत कमठ की स्वारी। देषैं सबही नर नारी ॥
पुरवासी लोक धिकारैं। बालक मिल कांकर मारैं ॥ ९४ ॥
यों दण्ड दियो अति भारी। फिर दीनीं देश निकारी ॥
जो दीरघ पाप कमाये। ततकाल उदै बहु आये ॥ ९५ ॥

## ॥ दोहा छन्द ॥

इहि विधि फूल्यो पाप तरु, देष्यो सब संसार ॥
आगे फलहै नरक फल, धिक दुर्विसन असार।९६।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

महादण्ड भूपति जबदियो। कमठकुशील दुखीअतिभयो ॥
बिलपत बदन गयोचल तहां। भूताचलपर्वत हैजहां। ९७ ॥
रहे तहां तपसी समुदाय। ज्ञान बिना सब सोखैं काय ॥
केईरहे-अधोमुख भूल। धूँवां पान करैं अघ मूल। ९८ ॥
केई ऊर्ध मुखी आघोर। देखैं सबै गगन की ओर ॥
केई निवसैं ऊरध वाहिं। दुविध[1] दयासों परचैं नाहिं। ९९ ॥

१ दुविध दया—त्रस जीवकी १ थावर जीवकी २।

केई पंच अग्नि झल सहैं। केई सदा मौन मुख रहैं॥
केई वैठेभस्म चढ़ाय। केई मृग छालातनलाय।१००।
नख बढ़ाय केई दुख भरैं। केई जटा भार सिर धरैं॥
यों अज्ञान तप लीन मलीन। करैं खेद परमारथहीन॥१०१॥
तिनमैं एक तापसी नाथ। प्रणम्यो ताहि धरे सिरहाथ॥
तिन अशीस दे आदरकियो। दिच्छादानकमठतहँ लियो॥१०२।
करन लगो तबकाय कलेश। उर वैराग बिवेक न लेश॥
ठाडो भयोशिलाकरलिये॥किधोंफणीफणऊंचोकिये॥१०३॥
मंत्री बंधव की शुध पाय। राजा सों विनयो इम आय॥
भूताचल पर्वत की ओर। भ्राता कमठ करै तप घोर।१०४।
जो नरनायक आज्ञा होय। देखूँ जाय सहोदर सोय॥
पूछै नृपति कौन तप करै। भो प्रभु तापस के व्रतधरै।१०५।
एक बार मिल आऊं ताहि। राय कहै मंत्री मत जाय॥
खलसोंमिले कहासुखहोय॥विषधर भेटेलाभनकोय।१०६।
बरज्यो रह्यो न बारम्बार। महा सरल चित्त विप्रकुमार॥
भ्रातमोहबसउद्यमकियो॥कोमलहोतसुजनकोहियो।१०७।

## ॥ दोहा छंद ॥

दुर्जन दूखित संत को, सरल सुभाव न जाय॥

१ इस प्रकार जैसे ऊपर कह आये वे सर्व तपसी जो मलीनथे अज्ञान तपमें लीन हो रहेथे॥

दर्पण की छवि छारसों, अधिकहिं उज्जल थाय । १०८ ।
सज्जन टरै न टेव सों, जो दुर्जन दुख देय ॥
चंदन कटत कुठार मुख, अवश सुबास करेय । १०६ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

गयो विप्र एकाकी तहां । कमठ कठोर करै तप जहां ॥
विनयवंतहोविनयोतास । महासरलबायकमुखभास ।११०।
भो बंधव तौ उर गंभीर । यह अपराध छिमाकर बीर ॥
मैतोरायबहुत वीनयो । मानी नाहिं तुमैं दुख दियो । १११ ।
होन हार सों कहा बसाय । तुम बिन मोहि कछू न सुहाय ॥
यों कहपांवनलागोजाम।कोपोअधिक कमठदुठताम।११२।

## ॥ दोहा छंद ॥

दुर्जन और शलेषमा, ये समान जग माहिं ॥
ज्यों ज्यों मधुरो दीजिये, त्योंत्यों कोपकराहिं।११३।
शिला सहोदर शीश पै, डारी बज्र समान ॥
पीरनआई पिशुनको, धिकदुर्जन की बान।११४।
दुर्जन को विश्वास जे, कर हैं नर अविचार ॥
ते मंत्री मरुभूत सम, दुख पावें निर्धार । ११५ ।
दुर्जन जन की प्रीत सों, कह-कैसे सुख होय ॥

विषधरपोष पियूष की, प्राप्ति सुनीनहि लोय । ११६ ।
मंत्री तन तैं रुधिर की, उछली छींट कराल ॥
दुर्जन हिततरुतैंकिधों, निकसी कोंपललाल । ११७ ।
इहिं विध पापी कमठ नै, हत्या करी महान ॥
तब तपसीमिल नीचनर, काढ़ दियो दुठजान । ११८ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

फेर दुष्ट भीलन तैं मिलो। भयो चोर घर मूसन हिलो ॥
पाप करतकर आयो जबै । बांध बुरी बिध मारो तबै । ११९ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

जैसी करनी आचरै, तैसो ही फल होय ॥
इन्द्रायन की बेलकै, आंब न लागै कोय । १२० ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

दिना अरविंद नरिंद्र । पूँछे कर जुग जोर मुनिंद्र ।
भुमुभ मंत्रीमरु भूत । क्यों नाहिं आयोबाह्मनपूत । १२१ ॥
सन अवधिवंतमुनिराय । सबबिरतंतकह्योसमभाय ॥
मन अतिभयो मलीन । हा मंत्री सज्जनता लीन । १२२ ।
जान गयो दुष्ट के पास । कुमरण लह्यो सह्यो बहु त्रास ॥

होनहार सोई विध होय । ताहि मिटाय सकै नाहिं कोय। १२३।
यों बिचार मन शोक मिटाय। साधु पूज घर आये राय ॥
यहसुनदुष्टसंग परिहरो। सुखदायक सत संगतिकरो। १२४।

## ॥ छप्पै छंद ॥

तपे तवापर आय स्वात जल बूंद विनट्ठी।
कमल पत्र पर संग वही मोती सम दिट्ठी ॥
सागर सीप समीप भयो मुक्ताफल सोई।
संगत को परिभाव प्रघट देखो सब कोई ॥
योंनीच संगतैं नीचफल, मध्यमतैं मध्यम सही ॥
उत्तम संजोगतैं जीवकों, उत्तमफल प्राप्तिकही । १२५।

इतिश्री पार्श्वपुराण भाषामरुभूतभववर्णननाम प्रथमअधिकार संपूर्णम् ॥

# ॥ द्वितिय अधिकार ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

अश्वसेन कुल चंद्रमा, बामा उर अवतार ॥
बंदूँ पारस पद कमल, भविजन अलिआधार ।

## ॥ पद्धड़ी छंद ॥

इसभाँततजे मरुभूत प्रान । अबसुनो कथाआगे सु ॥

अतिसघनसघनकीबनबिशाल।जहँतरुवरतुंगतमालताल २।
बहु बेलजाल छाये निकुंज । कहिं सूकपरे तरुपत्र पुंज ॥
कहिंसिकताथलकहिंशुद्धभूम।कहिंकपितरुडारनरहेभूम।३।
कहिंसजलथानकहिंगिरउतंग । कहिंरीछरोभ्भबिचरैंकुरंग ॥
तिसथानकआरतिध्यानदोष । उपजावनहस्तीवज्रघोष ।४।
अतिउन्नतमस्तकशिखरजास । मदजीवनभरनाभरैंतास॥
दीषैतमबरण विशाल देह । मानो गिरजंगम दुरस येह।५।
जाको तन नख चोभवंत । मुसलोपम दीरघ धवलदंत ॥
मदभीजेभलकैंयुगलगंड । छिनछिनसोंफेरैसुंडदण्ड । ६ ।
जो बरुना नामें कमठ नार । पोदनपुर निवसै निराधार ॥
सोमरतिहिंहथनीहुईआन । तिससंगरमें नितरंजमान ।७।
कबही घनज्योंगरजे विशेष । कबही ढुकआवैपथिक देष ॥
कबही बहुखंडे बिरछवेल । कबही रजरंजित करहिकेल ।८।
कबही सरवरमें तिरहि जाय । कबही जलछिरकैमत्तकाय ॥
कबही मुखपंकज तोर देय । कबही दहकादोअंगलेय॥९॥

## ॥ दोहा छंद ॥

योंसुछंद क्रीड़ा करै, बरुना हथनीं सत्थ ॥
बन निवसै बारण बली, मारण शील समत्थ । १० ।

रणशील कहिये मारणे का स्वभाव जिसमें समत्थ कहिये सामर्थ अर्थात
। ॥

१९ ज्ञान

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

एक दिवस अरविंद नरेश । ज्यों विंमानमें स्वर्ग सुरेश ॥
योंनिज महलन निवसैभूप । देखो बादल एक अनूप । ११।
तुंग शिखर अति उज्जलमहा । मानो मंदिरही बनरहा ॥
नरवै निरख चिंतवै ताम । ऐसोही करये जिन धाम ।१२।
लिखन हेतकागद कर लियो । इतने सोंसरूप मिटगयो ॥
तबभूपतिउरकरैविचार । जगतरीतसबअथिरअसार ।१३।
तन धन राज संपदा सबै । योंही विनश जांयगी अबै ॥
मोहमत्त प्राणी हठगहै । अथिर बस्तुको थिरसरदहै ।१४।
जो पररूप पदारथ जात । ते अपने मानै दिनरात ॥
भोगभाव सब दुखके हेत । तिनहीको जानै सुखखेत ।१५।
जों साचन को दों परभाव । जाय यथारथ दिष्टि स्वभाव ॥
समझै पुरुष और की और । त्योंही जगजीवन की दौर ।१६।
पुत्र कलत्र मित्रजन जेह । स्वारथ लगे सगे सबयेह ॥
सुपन सरूप सकल संजोग । निज हितहेत विलंबनयोग
योंभूपति वैराग विचार । डारी पोट परिग्रह भा
राज समाज पुत्रको दियो । सुगुरु साखनृप चारित लि
धरी दिगंबर मुद्रासार । करै उचित आहार वि
१२ बारह विध दुद्धर तपलीन । ६ छहों कायपीहरपरबीन ।
एक समैं अरविंद मुनीश । सारथ बाहीके संग ॥

शिखर सुमेर वंदना हेत । चलेईर्या पथपग देत । २१ ।
गये सल्लकी बनमें लंघ । तहां जाय उतरो सब संघ ॥
निजसिज्झायसमैंमनलाय । प्रत्मायोगदियोमुनिराय।२२।
तावत बज्र घोष गजराज । आयो कोपकाल समगाज ॥
सकल संगमें खलबल परी । भाजे लोक कोकधुनि करी२३
गजके धकेपरो जोकोय । सो प्राणी पहुचों परलोय ॥
मारे तुरग तिसाये गैल । मारे मारग हारे बैल । २४ ।
मारे भूखे करहा खरे । मारे जन भाजेभय भरे ॥
इहिंविधहाथीकरतसँघार।मुनिसन्मुखआयोकिलकार।२५।
अति बिकराल रोषबिषभरो।मुनि मारणको उद्यमकरो ॥
साधसुदर्शन मेरु समान । श्रीवत्स लच्चन उर थान। २६।
सोसुचिन्ह गज देषो जाम।जाती सुमरण उपजो ताम ॥
ततखिनशाँतभयोगजईश। मुनिकेचरणधरीनिजशीश२७
तब मुनिचवे मधुर धुनिमहा। रेगयंद यह कीनो कहा ॥
हिंसा कर्म परम अघहेत । हिंसा दुर्गत्ति के दुखदेत।२८।
हिंसासों भ्रमये संसार । हिंसा निजपर को दुखकार ॥
तें येजीव विध्वंसे आय । पातक तैंनडरो गजराय ।२८।
देख देख अघके फलकौन । लई विप्रतैं कुंजर जौन ।

१ सारे संगमै हलचल पड़गई और मनुष कोक कहिये मैंडक कैसी धुनि अर्थात रूका पुकार करते हुये भागे ॥

तूमंत्री मरुभूत सुजान। मैं अरविंद क्यों न पहिचान।२९।
धर्म विमुख आरत के दोष । पशु परयाय लईदुखपोष ॥
अब गजपति यह भाव निवार। धर्म भावना हिरदैधार।३०।
सम्यक दरशन पूरब जान । पाल अणू व्रतजबलों प्रान ॥
सुन करिंद्रउरकोमल थयो।किये[1]पापनिज निंदकभयो।३१।

## ॥ दोहा छंद ॥

फिर गुरु पायन सिर धरो, धर्म गहन उर हेत ॥
तव सत्यारथ धर्म विध, कही साधु समचेत ॥ ३२ ।

## ॥ चौपाई छंद ॥

सुन हस्ती शासन अनुकूल । सकल धर्म को दर्शनमूल॥
सब गुण रत्न कोषयहजान मुक्ति[2]धवलहरिधुरसोपान।३३।
सबैनेम व्रतविंदी कही । सम्यक अंकएक सो सही ।३४।
तातैं यह सबही को सार । याबिन सब आचर्ण असार॥
जहां यथारथ दिष्टि प्रकास । दर्शननाम कहावैतास ॥
जोसरदहै और की और । सोमिथ्यातभाव कीदौर ।३५।

१–पाप जो किये इस कारण अपने को निंदक भयो ॥

२–सम्यक दर्शन मुक्ति रूप उजले पहाड़ की हदतक चढ़ने के लिये सीढ़ी है ॥

दोषअठारहैं बरजित देव । दुविध संगत्यागी गुरुएव ॥
हिंसाबरजितधर्मअनूप । यहसरधासमकितकोरूप । ३६ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

शंकादिक दूषन बिना, आठो अंग समेत ॥
मोखवृक्ष अंकूर यह उपजै भविउर खेत । ३७ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अंगहीन दर्शन जगमाहिं । भवदुख मेटन समरथनाहिं ॥
अक्षर ऊनमंत्र जोहोय । विष बाधामेटै नाहिं सोय ।३८।
तातैं यह निरगों उरआन । धराहिरदै सम्यक सरधान ॥

१—भूख १ प्यास २ भय ३ द्वेष ४ राग ५ मोह ६ चिंता ७ बुढ़ापा ८ मृत्यु ९ खेद १० स्वेद अर्थात् पसीना ११ मद १२ रति १३ विस्मय १४ जन्म १५ निद्रा १६ रोग १७ शोक १८ ॥

२ बाहर के परिग्रह १ जो १० हैं, अंतर के परिग्रह २ जो १४ हैं ॥

३ सम्यक्त के आठदोष—शांकित अर्थात् जिन बचन मैं शंका करना १ कांक्षित अर्थात संसार के सुखकी इच्छा करना २ विचिकित्सा मुनीजन वा धर्मी पुरुष से ग्लानी करना ३ मूढ़ता अर्थात तत्व कुतत्व की पहिचान न करना ४ अनुपगुहणता अर्थात पराये औगुण अपने गुण न ढकना ५ अप्रभावना अर्थात अपने धर्मकी उन्नति की उमंग न करना ६ असुस्थीकरण अर्थात आप वा परको धर्म से डिगती अवस्था मैं धर्मपर स्थिर न करना ७ अवात्सल्य अर्थात धर्मी पुरुषों से अंतरंग से प्रीत न करना ८ इनके विपरीत आठ अंग सम्यक्त के जानना यथा निशंकित १ निकांक्षित २ निर्विचिकित्सा ३ अमूढ़ता ४ उपगुहणता ५ प्रभावना ६ सुस्थीकरण ७ वात्सल्य ८

पंचे उदंबर तीनें[2] मकार । इनकों तज बारेह[3] व्रतधार ।३९।
इहिविध गुरु दीनो उपदेश । बारण हरषित भयो विशेष ॥
सुगुरु बचन सब हिरदै धरै । सम्यक पूरब व्रत आदरै ।४०।
बार बार भुमिसों सिरलाय । मुनिवर चरण नमै गजराय ॥
चलेसाध तिहिंहितउपजाय । तबहाथीआयोपहुँचाय ।४१।

## ॥ दोहा छंद ॥

कर उपगार मुनीश तहां, कीनो सुबिध बिहार ॥
वन निवसै गजपति व्रती, सुगुरु सीख उरधार ।४२।

## ॥ १४ मात्रा चाल छंद ॥

अबहस्ती संजम साधै । त्रसजीव न मूल विराधै ॥
समभाव छिमा उरआनै । अरि मित्र बराबर जानै ।४३।
काया कस इंद्री दंडै । साहस धर प्रोषद मंडै ॥
सूके तृण पल्लव भच्छै । पर मर्दित मारग गच्छै ।४४।
हाथीगण डोहो पानी । सोपीवै गजपति ज्ञानी ॥
देषेबिन पाँव नराषै । तन पानी पंक न नाषै ।४५।
निजशील कभी नाहिं खोवै । हथनी दिश मूलन जोवै ॥

१–ऊँवरफल १ कठूँवर फल २ पीपल फल ३ बड़फल ४ गूलर फल ५ ॥
२–मांस, मधु, मदिरा ॥
३–देखो चतुर्थ अधिकार मध्ये ६८ चौपाई आदि १०७ पर्यंत ॥

उपसर्ग सहे अतिभारी । दुर्ध्यान तजे दुखकारी । ४६ ।
अघके भय अंग न हाले । दिढ़धीर प्रतिज्ञा पालै ॥
चिरलों दुद्धर तप कीनो । बलहीन भयो तनछीनो । ४७ ।
परमेष्टि परम पद ध्यावे । ऐसे गज काल गमावै ॥
एकै दिन अधिक तिसायो । तब बेगवती तट आयो । ४८ ।
जल पीवन उद्यम कीधो । कांदोद्रह कुंजर बीधो ॥
निश्चै जब मरण विचारो । संन्यास सुधीतब धारो । ४९ ।
सो कमठ कलंकी मूयो । तावन कुरकट अहि हूयो ॥
तिनआय डसो गजज्ञाता । यह बैर महादुख दाता । ५० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

मरण करो गजराज तब, राखे निर्मल भाव ॥
स्वर्ग बांरवें सुरभयो, देखोधर्म प्रभाव । ५१ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तहां स्वयंप्रभनामाविमान । शशिप्रभदेवभयोतिहिंथान ॥
अवधिजोड़सबजानोदेव । व्रतकोफलपूरबभवभेव । ५२ ।
जिनशासन शंसो बहुभाय । धर्म विषै दिढ़ता मनलाय ॥
सदा सास्ते श्रीजिन धाम । पूजाकरी तहाँ अभिराम । ५३ ।
महामेरु नंदीसुर आदि । पूजे तहँ जिन बिंब अनादि ॥

कल्याणक पूजा विस्तरै । पुन्न भँडार देव यों भरै । ५४ ।
सोलह सागर आयु प्रमान । साढ़े तीन हाथ तनजान ॥
सोलहसहसवर्षजबजाहिं । अशनचाहउपजैउरमाहिं।५५।
अनुपम अमृत मय आहार । मनसों भुंजै देव कुमार ॥
आठदुगन पषबीतेंजास । तबसोलेयसुगंधउसाँस । ५६ ।
अवधि चतुर्थ अवनी परयंत । यही विक्रयाबलविरतंत॥
अवधिक्षेत्रजावतपरमान । होयविक्रयातावतमान । ५७ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

बदन चंद्र उपमाधरै, बिकसत बारिज नैन ॥
अंग अंग भूषण लसैं, सब बानक सुखदैन । ५८ ।
सुंदर तन सुंदर बचन, सुंदर स्वर्ग निवास ॥
सुंदर बनता मंडली, सुंदर सुरगण दास । ५९ ।
अणिमा महिमा आदि दे, आठ ऋद्ध फलपाय ॥
सुर सुत्रंद क्रीड़ा करै, जो मन बरतै आय । ६० ।
सुनत गीत संगीत धुनि, निर्षत निरत रसाल ॥
सुख सागरमें मगन सुर, जात नजानैकाल ।६१।
लोकोत्तम सब संपदा, अनुपम इंद्री भोग ॥
सुफलफलोतपकलपतरु, मिलोसकलसुखजोग । ६२ ।

१-अर्थात सोलह पखवारे ॥

जैवंतो वरतो सदा, जैन धर्म जग माहिं ॥
जाके सेवत दुख समुद, पशुपंछी तिरजाहिं। ६३।

## २३ मात्रा छंद चाल—यह परमादी जीव, जग जंजाल परोजी,

इसही जंबूदीप, पुर्व विदेह मझारे।
पहुप कलावती देश, विकसत नैन निहारे। ६४।
तहां विजयारध नाम, सोहै शैल रवानो।
उज्जल वरण विशाल, रूप मई गिररानो। ६५।
योजन परम पचांस, भूमि विषै चोड़ाई।
तुंग पँचांस प्रमाण, शोभा कहियनजाई। ६६।
चौथाई भूमांझ, नौसिर कूट विराजैं।
सिद्ध शिखराजिन धाम,मणिप्रत्मातहां छाजैं। ६७।
उत्तर दक्षण ओर, श्रेणी दोय जहां हैं।
दोय गुफा गिरहेठ,अति अंधियारतहां हैं। ६८।
तापर स्वर्ग समान, लोकोत्तम पुरसो है।
बापी कूप तलाव, मण्डित सुरमन मोहै। ६९।
विद्युत गतिभूपाल,न्यायप्रजाप्रत पालै।
नीत निपुण धर्मज्ञ, संत सुमारग चालै। ७०।
विद्युत मालानांव, ताघर नार सयानी।

मानो मन मथ जोग, आय मिली रतिरानी ।७१।
तिनकैसो सुरआय, पुत्र भयो बड़भागी।
अग्नि बेग तसुनाम, अति सुंदर सौ भागी।७२।
सोमप्रकृतिपरवीन,सकलसुलक्षण धारी ।
जिन पद भक्ति पुनीत, सबहीं को सुखकारी ।७३।
राज संपदा भोग, भुंजित पुन्न नियोगे ।
एक दिना इनसाध, भेटे भाग संजोगे।७४।
श्रवन सुनो उपदेश, भर योवन बैराग्यो ।
आसन भव्य कुमार, संजम सों अनुराग्यो।७५।
तज परिग्रह गुरसाष, पंचमहा व्रतलीने ।
दुद्धर तप आराध, रागादिक कृषकीने।७६।
छीन किये परमाद, बिचरैं एक बिहारी ।
बारेह अंग समुद्र, पार भयो श्रुत धारी।७७।
एक दिवसधर योग, हिमगिर कंदरमाहीं ।
निवसै आतम लीन, बाहर की शुधनाहीं।७८।

## ॥ दोहा छंद ॥

कुर्कट नामा कमठचर, दुष्टनाग दुखदाय।
सोमर पंचम नरकमें, परो पाप बशजाय।७९।

१-शास्त्र अंग ११ पूर्व १४ अंग १ सर्व १२ हुये ।

छेदन भेदन आदि बहु, तहां बेदना घोर।
सहंस जीभसों बरणये, तउब न आवै ओर।८०।
ऐसे दुख में कमठजी, कीनी पूरण आव।
सत्रह सागर भुगतकै, निकसो कूरसुभाव।८१।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

बैर भाव उरतैं नहिं टरो। फेर आय अजगर अवतरो॥
संसकारबशआयोतहां। हिमगिरगुफामुनीश्वरजहां।८२।
निले साध संजम धरधीर। सम भावन तैं तजो शरीर॥
लीनोस्वर्गसोलिवेंबास। जोनितनिरुपमभोगनिवास।८३।
जन्म सेज तैं योबन पाय। उठो अमर संपूरण काय॥
देखसंपदाविस्मय भयो। अवधि होत संशयसबगयो।८४।
पूजाकरी जिनालय जाय। भाव भक्ति रोमांचित काय॥
पूरवसंचितपुन्नसंजोग। करै तहां सुर वंछित भोग।८५।
गए वर्ष बाईसहंजार। भोजन भुंजै मनसाहार॥
तावतमानपक्त जब जाय। तब ऊसाँसो दिशमहकाय।८६।
देषै पंचम भूपरयंत। अवधि ज्ञान बलं मूरति वंत।
तितने मानविक्रिया करै। गमनागमन हिये जबधरै।८७।

१ -ऐसे स्थान में सागर बड़ा समझना चाहिये।
२ -अर्थात् निगले॥
३—भावार्थ मूर्तिवंत पदार्थ कोदेखैं॥

तीन हाथ अति सुंदर काय । लेश्या शुकलमहा सुखदाय ॥
थितसागरबाईसबिशाल । इहि बिधबीतेसुखमेंकाल ।८८।

## ॥ दोहा छंद ॥

आदि अंत जिस धर्मको, सुखी होंय सबजीव ।
ताको तनमन बचनकर, हेनर सेव सदीव । ८९ ।

श्री पार्श्वपुराण भाषा वज्र घोष गजका बारवें स्वर्ग में देव होकर फिर
बिद्युतगति नाम भूपालघर जन्मलेसोलवें स्वर्ग में देव होना
वर्णननाम द्वितिय अधिकार संपूर्णम्

## ॥ तृतिय अधिकार ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

अश्व सेन कुल कमल रवि, बामा कुमर कृपाल ॥
बंदू पारस चरण युग, सरनागति प्रतिपाल । १ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जंबू दीप बसै बहु फेर । जाके मध्य सुदर्शन मेर ॥
कंचन मणिमयअतुल सुहाग । ता पर्वत केपश्चिमभाग । २ ।
अपर विदेह बिराजे खेत । सो नित चौथे काल समेत ।

पदपद जहांदिपैं जिन धाम। नहींकुदेवन कोविश्राम। ३।
जैनयती जन दीखैं सोय। नहीं कुलिंगी दीखै कोय॥
उत्तम धर्म सदाथिर रहै। हिंसा धर्म प्रकाशनलहै। ४।
तीनों बरणबसैं जहां लोय। बाह्मनबरण कभी नहिंहोय॥
तामें पद्म देश अभिराम। सोहै नगर अश्वपुरनाम। ५।
तहां बज्रवीरज भूपाल। न्यायैं प्रजा करै प्रतिपाल॥
गुणनिवास सूरजसमदिपै। आनभूपउड़गणछविछिपै। ६।
विजया नामैं नरपति नार। रूपवंत रतिकी उनहार॥
पटरानी सब मैं परधान। पूरब पुन्न उदय गुणखान। ७।
एकसमैं निश पश्चिम जाम। पंच सुपन देषे अभिराम॥
मेरु दिवाकर चंद्र बिमान। सजल सरोवर सिंधुसमान। ८।
प्रातभये आई पियपास। बिकसत लोचन हिये हुलास॥
रात सुपन अवलोके जेह। नृप आगे परकाशे तेह। ९।
तब नरेन्द्र बोले बिकसाय। सुंदर बचन श्रवन सुखदाय॥
सुनरानी इनको फल जोय। पुत्र प्रधान तुम्हारे होय। १०।
ऐस बचन पियके अवधार। अति आनंद भयो नृपनार।
अचुत स्वर्गतें सोसुरचयो। बज्रनाभि नामा सुतभयो। ११॥
चौसठ लच्छण लच्छितकाय। पुन्नयोग जिम उतरोआय॥
जन्ममहोच्छवराजाकियो। जिनपूजेयाचकधनदियो। १२।

१—जोजन दीसैं सो जैन यती दीखैं॥
२—पुन्नके समय की तरह आ उतरा॥

बढ़ै बालजिमबालक चंद । सुजन लोक लोचन सुखकंद ॥
क्रमक्रमसोंशिशुभयोकुमार । पढ़लीनीबिद्यासबसार ।१३।
जोबनवंत कुमर जबभयो । निर्मल नीतपंथ पगठयो ॥
रूपतेजबलबुद्धिविज्ञान । सकल सारगुणरत्ननिधान ।१४।
कीनी पिता ब्याह बिधयोग । राजसुता बहुवरी मनोग ॥
क्रमकरकुमरपितापदपाय । राजकरैथुतिकरियनजाय ।१५।
पुन्नजोग आयुध ग्रह जहाँ । चक्ररत्न बरउपजो तहाँ ॥
६
छैहों खण्ड बरती भूपाल । बशकीने नाये निजभाल ।१६।
देवदैत्य बिद्याधर नये । नृप मलेच्छ सब सेवक भये ॥
बढ़ी संपदा पुन्न संयोग । इन्द्रसमानकरैसुखभोग ।१७।

## ॥ दोहा छंद ॥

संपूरण सुख भोगवै, बज्रनाभि चक्रेश ॥
तिस बिभूति बल बरनऊँ, यथाशक्ति लवलेश ।१८।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

३२०००
सहँसबतीस सास्ते देश । धनकन कंचन भरे विशेष ॥
९६
बिपुलवाड़ बेढ़े चहुंओर । तेसब गांवें छैनिंवै कोर । १९ ।
कोट कोट दरवाजे चार[1] । ऐसे पुर छब्बीसैंहजार ॥

१— प्रति पुरके कोट में चार दरवाजे ॥

जिनकेलगैं पांच५०००सौ गांव। तेअटंबचउ४०००सहससुठांव। २०।
[illegible]र्वत और नदी के पेट। सोलैंहं१६०००सहसकहे वेखेट॥
[illegible]र्वट नाम सैंहं२४०००सचौबीस। केवल गिरवरवेढ़े दीष। २१।
[illegible]त्तन अड़तालीसहैंजार। रत्न जहां उपजैं अतिसार॥
[illegible]कलाख द्रोणामुख बीर। सैंहंसघाट सागर के तीर। २२।
[illegible]गेर ऊपर संबाहन जान। चौदैंहं१४०००सहस मनोहर थान॥
अ२८०००ठाईस हजार अशेश। दुर्गजहां रिपुको न प्रवेश। २३।
उपसमुद्रके मध्यमहान। अंतर दीप छपैंन परिमान॥
रत्नाकर छ२६०००ब्बीसहैंजार। बहु बिधसार बस्तु भंडार। २४।
रत्नकुच्छ सुंदर सैं७००ातसै। रत्नधरा थानक जहँ लसै॥
इनपुर सूबस गजें खरे। जैनधाम धरमी जनभरे। २५।
बरगयंद चौ८४०००००रासीलाष। इतनेही रथ आगम साष॥
तेजतुरंग अ१८०००००००ठारंह कोर। जेवढ़चलैं पवनतैंजोर। २६।
[illegible]निचौ८४०००००००रासीकोट प्रमाण। पायक संघ बड़े बलवान॥
[illegible] [illegible]बनता गेह। तिनको अबाबिवर्ण सुनलेह। २७।
[illegible]आरजखण्ड बसैं नरईश। तिनकीकन्या सहसं३२०००बतीस॥
[illegible]तिरूप रसाल। विद्याधर पुत्री गुणमाल। २८।
[illegible] भूपन कीजान। राजकुमारी तावत मान॥
[illegible] बत्तीस३२०००हैंजार। चक्री नृपको सुख दातार। २९।
[illegible]रीर आदि संठान। पूर्व कथित तन लक्षणजान॥

बहुविधविंजनसहितमनोग । हेमवर्णतनसहजनिरोग।३०।
छेहोंखण्ड भूपति बलरास । तिनसोंअधिकदेहबलजास॥
सहँसबतीसचरण तलरमैं । मुकटबंधराजानितनमैं ।३१
भूपमलेच्छ छोड़ अभिमान । सहँसअठारह मानैआन ।
पुनिगण बद्धबखाने देव । सोलहँसहस करैं नृपसेव ।३२
कोटेंथाल कंचननिर्मान। लक्षकोट हलसहित किषान ॥
नाना वरण गऊकुल भरे। तीनकोटव्रजआगमधरे ।३३।

## ॥ दोहा छंद ॥

अब नवनिधि के नामगुण, सुनोयथारथ रूप ॥
जैनीबिन जानै नहीं, जिनको सहज स्वरूप ।३४।

## ॥ नवनिधनाम ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

प्रथम कालनिधि शुभ आकार । सो अनेक पुस्तक दात
महाकालनिधिदूजी कही । याकी महिमासुनयो सही ।२
असिमासि आदिक साधन जोग । सामग्री सबदे य मनोग॥
तीजी निधि नैसर्पमहान।नाना विधि भाजनकी खान

१-छहोखण्ड के राजाओं की देह के बल के समूहसे चक्रवर्ति
बल अधिक है ॥

पांडुकनाम चतुरथी होय । सबरसधान समर्प्यै सोय ॥
पदम पंचमी सुक्रतखेत । बंछितवसन निरंतर देत । ३७ ।
मानव नाम छठी निधिजेह । आयुधजाति जन्मभुमि तेह ॥
सप्तम सुभग पिंगलानाम । बहुभूषण अर्पैअभिराम । ३८ ।
शंखनिधान आठमी गनी । सब बाजित्र भूमिका बनी ॥
सर्बरत्ननौमी निधिसार । सोनितसर्व रत्न भंडार । ३९ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

ये नौनिधि चक्रेश कै, सकटाकृत संठान ॥
आठचक्र संयुक्त शुभ, चौखूँटी सभजान । ४० ।
जोजन आठ उतंग अति, नवजोजन विस्तार ॥
बारहमित दीरघसकल, बसैंगगन निर्धार । ४१ ।
एकएक के सहँसमित, रखवाले यक्षदेव ॥
येनिधि नरपति पुन्नसों, सुखदायक स्वयमेव । ४२ ।

## ॥ चौदह रत्न नाम ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

प्रथमसुदरशन चक्रपसत्थ । छहो खण्डसाधन समरत्थ ॥
चंडवेग दिढ़ दंडदुतीय । जिसबल खुलैगुफा गिरकीय । ४३ ।

१-यक्षदेव ॥

चर्मरत्न सोत्रतिय निवेद । महा बज्रमई नीर अभेद ॥
चतुरथ चूँड़ामणि मणि रैन । अंधकारनाशक सुखदैन ।४४ ।
पंचमरत्न काँकणी जान । चिंतामणि जाको अभिधान ॥
इनदोनों तें गुफामंझार । शशिसूरज लखयैनिर्धार । ४५ ।
सूरजप्रभ शुभ छत्र महान । सोअति जगमगाय ज्योंभान॥
सौनंदक असिअधिक प्रचंड । डरेंदेख बैरी बलवंड । ४६ ।
पुनिअजोध सेनापति सूर । जोदिग विजै करैबल पूर ॥
बुधसागर प्रोहित परबीन । बुधिनिधान विद्यागुणलीन ।४७।
थपितभद्र सुखनाम महंत । शिल्प कला कोविद गुणवंत ॥
कामवृद्धि ग्रहपति विख्यात । सभग्रह काजकरैंदेनरात ।४८।
व्याल बिजैगिरअति अभिराम । तुरगतेज पनंजै नाम ॥
बनतानाम सुभद्राकही । चूरै बज्र पानसों सही ४९
महादेह बलधारे सोय । जापटतर तिय और न कोय ।
मुख्यरत्नयह चौदहजान । औररत्नको कौनप्रमान । ५० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

राजअँग चौदह रतन , बिविधिभांत सुखकार ॥
जिनकीसुर सेवाकरैं , पुन्न तरोवर डार । ५१
चक्रछत्र असिदंड मणि , चर्म कांकणी नाम ॥
सातँरत्न निर्जीवयह , चक्रवर्त्ति के धाम । ५२ ।

सेनापति ग्रहपतिथपितै , प्रोहितै नाग तुरंग ॥
बनतांमिल सातों रतन , ये सजीवसरबंग ।५३।
चक्रछत्र असिदंडये , उपजैं आयुध थान ॥
चर्म कांकणी मणिरतन,श्रीग्रहउतपति जान।५४।
गजतुरंग तियै तीनये , रूपाचलपर है... ॥
चॅाररतनबाकी बिमल , निजपुरलहैंउद्योत ।५५।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

...स्य संपदा को बिरतंत । आगे और सुनो मतिवंत ॥
सिंहबाहनी सेज मनोग । सिंहारूढ चक्रवै जोग । ५६ ।
आसनतुंग अनुत्तर नाम । माणिकजाल जटितअभिराम॥
...स नामा चमर अनूप । गंगातरल तरंग सरूप।५७।
...द्युति दुतिमणिकुंडल जोट । छिपेऔर दुतिजाकीओट॥
कवचअभेद अभेदमहान । जामेंविधे न बैरीबान । ५८ ।
विषमोचनी पादुका दोय । परपदसों विषमुंचै सोय ॥
अजितंजे रथ महारवन्न । जलपैथलवत करैगवन्न । ५९ ।
...कांड, चक्रीघर चाप । जाहिचढावै नरपति आप ॥
... ...थ जबैकरलेत । रणमेंसदा बिजैबरदेत । ६० ।
...वज्रतुंडा अभिधान । शत्रुखंडनी शकती जान ॥
सिंहाटकबरछी विकराल । रत्नदंडलागी रिपुकाल । ६१ ।

लोहवाहनी तिक्तणछुरी । जिसचमके चपला दुतिदुरी ॥
येसबवस्तु जाति भूंमाहिं । चक्रीछूटऔर घरनाहिं । ६२ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

मनोवेग नामाकणाय , ग्रंथन कह्यो विख्यात ॥
खेटभूत मुखनाम है , दोनोंआयुध जात । ६३ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

आनंदन भेरी दंशदोयं । बारह जोजनलों धुनिहोय ॥
बज्रघोष पुनि जिनकोनाम।बारहपटह नृपतिकेधाम । ६४ ।
बरगंभीरावर्त गरीश । शोभनरूप शंख चौबीसं ॥
नानाबरणभुजारमणीय । अड़तालीसकोटमितकीय ।६५ ।
इत्यादिक बहुबस्तुअपार । वरणन करत न लहिये पार ॥
महलतणीरचनाअसमान । जिनमतकहीसोलीजोजान ६६

## ॥ दोहा छंद ॥

चक्री नृपकी संपदा, कहै कहांलों कोय ॥
पुन्नबेल पूरबंबई, फली सांघणी सोय । ६७ ।२९।

१ - बोई गई ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इहि विधि बज्र नाभि नरराय । करै भोग चक्रीपदपाय ॥
धर्मध्यान अहनिश आचरै। निर्मल नीत पंथपगधरै ।६८।
पूजा कर चैत्यालय जाय। पूजै सदा सो गुरु के पाय ॥
सामायक साधै अघनास। करै परव प्रोषद उपवास ।६९।
चार प्रकार दान नित देय। औगुण त्यागे गुणगह लेय ॥
सन्तशील पालै वड़भाग। मनबच काय धर्मसों राग।७०।
सिंहासन पर बैठ नरेश। करै पुनीत धर्म उपदेश ॥
सुजनसभाजनकिंकरलोग। देयसुहितशिक्षासबजोग।७१।

## ॥ दोहा छंद ॥

बीजराख फल भोगवें, ज्यों किसान जग माहिं ॥
त्योंचक्री नृपसुख करै, धर्मबिसारै नाहिं।७२।

## नरेन्द्र छंद जिसकी चाल जोगीरासा ॥ की ढाल है ॥

इहि बिधि राजकरै नरनायक। भोगे पुन्न विशालो।
सुखसागर मैं रमत निरंतर।जात न जानै कालो।७३॥

१-औषधि १ शास्त्र २ अभय ३ अहार ४ ॥

एक दिना शुभकर्म सँजोगे । छेमांकर मुनि बन्दे ॥
देखे श्री गुरु के पद पँकज । लोचन अलि आनन्दे । ७४ ।
तीन प्रदक्षना दे सिर न्यायो । कर पूजा थुति कीनी ॥
साधु समीप विनै कर बैठो । पायन में दिठ[1] दीनी । ७५ ।
गुरु उपदेशो धर्म शिरोमणि । सुन राजा वैरागे ॥
राज रमा बनतादिक जेरस । ते रस बेरस लागे । ७६ ।
मुनिसूरज कथनी किरणावलि । लगत भ्रिरम बुधभागी ॥
भवतन भोग सरूप बिचारे । परम धरम अनुरागी । ७७ ।
इस संसार महावन भीतर । भ्रमते ओर न आवै ॥
जामण मरण जरादों दाझो । जीव महादुख पावै । ७८ ।
कबही जाय नरक थिति भुंजै । छेदन भेदन भारी ॥
कबही पशु पर्याय धरै तहां । वध बन्धन भैकारी । ७९ ।
सुरगति में पर संपति देखै । राग उदय दुख होई ॥
मानुष जौनि अनेक विपत मय । सर्वसुखी नहिं कोई । ८० ।
कोई इष्ट वियोगी विलखै । कोई अशुभ संजोगी ॥
कोई दीन दालिद्र विगूचे । कोई तन के रोगी । ८१ ।
किसही घर कलहारी नारी । कै बैरी सम भाई ॥
किसही के दुख बाहर दीखे । किसही उर दुठताई । ८२ ।
कोई पुत्र बिना नित भूरै । होय मरै तब रोवै ॥

१—दृष्टि अर्थात् नजर ॥

खोटी सन्तति सों दुख उपजत। क्यों प्रानीसुखसोवै। ८३।
पुन्नउदै जिनके तिनको भी। नाहिं सदा सुख साता॥
यों जग वास यथारथ देषत। सब दीषै दुखदाता। ८४।
जो संसार विषे सुख होता। तिर्थंकर क्यों त्यागें॥
काहे को शिव साधन करते। संजम सों अनुरागैं। ८५।
देह अपावन अथिर घिनावन। यामैं सार न कोई॥
सागर के जलसों शुचि कीजे। तौभी शुचि नहिं होई। ८६।
सात कुधात मई मल मूर्ति। चाम लपेटी सोहै॥
अन्तर देखत यासम जगमें। और अपावन कोहै। ८७।
नवमल द्वारश्रवें निशबासर। नाँव लिये घिनआवै॥
व्याधि उपाधि अनेक जहां तहां। कौन सुधीसुख पावै। ८८।
पोषत तो दुख दोष करैसब। सोखत सुख उपजावै॥
दुर्जन देह स्वभाव बराबर। मूरख प्रीति बढ़ावै। ८९।
राचन जोग स्वरूप न याको। विरचन जोग सही है॥
यहतन पाय महा तपकीजै। यामें सारयही है। ९०।
भोग बुरे भवरोग बढ़ावें। वैरी हैं जग जीके॥
वैरस होहिं विपाक समै अति। सेवत लागें नीके। ९१।
बज्र अग्नि विषसों विषधर सों। ये अधिके दुखदाई॥
धर्म रतन के चोर चपल हैं। दुर्गति पंथ सहाई। ९२।
ज्यों ज्यों भोग सँजोग मनोहर। मन बंछित जन पावै॥
तृष्णा नागन त्यों त्यों डंकै। लहर जहर की आवै। ९३।

मोह उदै यह जीव अज्ञानी। भोग भले कर जानै॥
ज्यों ज्यों कोइजन खाय धतूरा। सोसब कंचन मानै। ६४।
मैं चक्री पद पाय निरन्तर। भोगे भोग घनेरे॥
तोभी तनक भएनहीं पूरन। भोग मनोरथ मेरे। ९५।
राज समाज महा अघ कारन। बैर बढ़ावन हारा॥
वेश्वासम लक्ष्मी अति चंचल। इसका कौन पत्यारा। ६६।
मोह महा रिपु बैर बिचारा। जगजीय संकट डाले॥
घर काराग्रह बनिता बेड़ी। परियन जन रखवाले। ६७।
सम्यक दर्शन ज्ञान चरनतप। ये जियके हितकारी॥
येही सार असार और सब। यह चक्री चितधारी। ६८।
छोड़े चौदह[१४] रत्न नवों[९] निधि। अरु छोड़े संग साथी॥
कोड अठारह[१८००००००००] घोड़े छोड़े। चौरासी[८४०००००] लख हाथी। ६६।
इत्यादिक सम्पति बहुतेरी। जीरण तृण ज्यों त्यागी॥
नीत बिचार नियोगी सुतको। राजदियो बड़भागी। १००।
होय निशल्य अनेक नृपति संग। भूषण बसन उतारे॥
श्री गुरुचरन धरी जिन मुद्रा। पंच महा व्रतधारे। १०१।
धन यह समझ सुबुधि जग उत्तम। धन यह धीरजधारी॥
ऐसी संपति छोड़ बसे बन। तिनपद ढोक हमारी। १०२।

## ॥ दोहा छंद ॥

परिग्रह पोट उतार सब, लीनो चारित पंथ॥

निज स्वभाव में थिर भये, बज्रनाभि निर्ग्रंथ । १०३ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

बारह विधि दुद्धर तप करै । दस लाछनी धर्म आचरै ॥
पढ़ै अंगपूरव श्रुतिसार । एकाकी विचरै अनगार । १०४ ।
ग्रीषम काल बसै गिर शीश । बर्षा में तरुतल मुनिईश ॥
शीत मास तटनी तट रहैं । ध्यान अगिनि में कर्म निर्दहैं[1] । १०५ ।
एक दिना बनमें थिरकाय । जोग दिये ठाड़े मुनिराय ॥
कमठजीव अजगर तन छोर । उपजो छठें नरक अति घोर । १०६ ।
थित सागर बाईस प्रमाण । देखे दुख जानै भगवान ॥
पूरन आव भोग कर मरो । विहनकुरंग भील अवतरो । १०७ ।
काल सरूप बदन विकराल । बनचर जीवनको छैकाल ॥
धनुषबान लीये निज पान । भ्रमैं मांस लोभी बनथान । १०८ ।
सो पापी चल आयो तहां । जोगारूढ़ खड़े मुनि जहां ॥
शत्रुमित्रसों समकर भाव । लगे आपमें शुद्धस्वभाव । १०९ ।
कुंकुम कादो महल मसान । कोमल सेज कठिन पाषान ॥
कंचन काच दुष्ट अरु दास । जीवन मरन बराबर जास । ११० ।
निर्ममत्त तनकी सुधि नाहिं । सातों भय वरजित उरमाहिं ॥
देष दिगम्बरको पोनीच । कंपत अधर दशन तल भींच । १११ ।

१—निर्दहै अर्थात् जलावै ॥

तान कमान कानलों लई । तिच्छण शर मारो निर्दई ॥
मुनिवरधर्म ध्यानआराध।दुखमें धीरजतजो नसाध।११२।
दर्शन ज्ञान चरन तपसार । चारो आराधन चितधार ॥
देहत्यागतव भयेमुनिंद्र । मध्यम ग्रैवेयक अहमिंद्र। ११३।
तहां[1] उत्पाद शिला निकलंक । हंसतूल युत रत्न पलंक ॥
उठोसेजतज देखतकाय । अलपकाल में योवनपाय।११४।
देखे दिशिअति विस्मयरूप । महा मनोग विमानअनूप॥
अतुलतेजअहमिंद्रनिहार।अवधिज्ञानउपजोतिहिंवार ११५
जानोसम पूरब भव भेव । चारित वृक्षफलो सुख देव ॥
अनुपम आठों दरब संजोय।रत्नाबिंब पूजेथिरहोय। ११६ ।
आयोसुर हर्षितु निजथान । महारिद्ध महिमा असमान ॥
तीनभवनवरतीजिनधाम।भावभक्तिनितकरैप्रणाम ।११७।
तिर्थंकर केवलि समुदाय । निज थानक थित पूजेपाय ॥
पंचकळयानक कालविचार ।प्रणमेंहस्त कमलसिरधार११८।

## ॥ दोहा छंद ॥

अनाहूत अहमिंद्र गण, आवें सहज स्वभाव ॥
धर्मकथा जिनगुण कथन, करें सनेह बढ़ाव । ११६ ।

१—तिस स्थान में उत्पन्न होने की शिल्प निकलंक है और रत्न युत पलंग हंस कहिये सूर्य्य जिसकी तुल्य प्रकाशित है ॥

कबहीं रत्न बिमान में, कबहीं महल मझार ॥
कबहीं बनक्रीड़ा करें, मिल अहमिंद्र कुमार। १२०।
और बास निज बासतैं, उत्तम देखै नाहिं ॥
ताहीतैं अमर गण, और काहिंनहिं जाहिं। १२१।
प्रीत भरे गुण आगरे, शुभग सोम श्रीवन्त ॥
सातधात मलसोंरहित, लेश्या शुकल धरन्त। १२२।
सब समान संपति धनी, सब मानें हम इन्द्र ॥
कलाज्ञान विज्ञानसम, ऐसेसुर अहमिंद्र। १२३।
शुकल बरन तन मन हरन, दोयहाथ परिमान ॥
मानोप्रतमा फटक की, महातेज दुतिवान। १२४।
काम दाह उरमें नहीं, नहिं बनिता को राग ॥
कल्पलोक के सुरसुखी, असंख्यात वें भाग। १२५।
सत्ताईस हजार मित, वर्षबीत जब जाहिं ॥
मानसीक आहारकी, रुचि उपजै मनमाहिं। १२६।
साढ़े तेरह पक्षपर, लेत सुगंध उसास ॥
छठीअवनिलोंजिनकही, अवधिबिक्रियाजास। १२७।
सागर सत्ताईस मित, परम आवतिहिं थान ॥
शुभग सुभद्र बिमान में, यों सुखकरै महान। १२८।

१- नरक में सर्व जन्म अस्थान अन्ध अधोमुख योनी और टाल के आकार हैं घिनावनी कठिन बास दुख स्थान हैं

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अभसो भील महादुख दाय । रुद्रध्यान सों छोड़ीकाय ॥
मुनिहत्या पातक तैं मरो । चरम शुभ्र सागर में परो । १२९ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

कथा तहां के कष्टकी; कोकर सकै बखान ॥
भुगते सो जानै सही, की जानै भगवान । १३० ।

## ॥ नरक कथन ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

जन्म थान सब नरक में, अन्धअधो मुखजौन ॥
घंटाकार घिनावनी, दुसह बास दुख भौन । १३१ ।
तिनमें उपजें नारकी, तलासिर ऊपर पाय ॥
विषम बज्र कंटक मई, परें भूमिपर आय । १३२ ।
जोविषलै बीछू सहँस, लगै देह दुखहोय ॥
नरक धराके परस तैं, सरस वेदना सोय । १३३ ।
तहां परत परवान अति, हाहा करते राम ॥

१—अंतिम नरक अर्थात् सातवां नरक

ऊँचे उछलैं नारकी, तये तवा तिल जेम ।१३४।

## ॥ सोरठा छंद ॥

नरक साँतवें माहिं, उछलन जोजन पाँचसै ॥
और जिनागम माहिं, यथायोग सब जानियो ।१३५।

## ॥ दोहा छंद ॥

फेर आन भू पर परैं, और कहां उठजाहिं ॥
छिन्नभिन्नतनअतिदुखित, लोटलोटविलकाहिं।१३६।
सबदिश देख अपूर्व थल, चकित चितभयवान ॥
मन सोचैं मैं कौनहूं, परो कहां मैं आन ।१३७।
कौन भयानक भूमि यह, सब दुख थानकानिंद ॥
रुद्र रूप ये कौन हैं निठुर नारकी वृन्द ।१३८।
काले बरन कराल मुख, गुंजा लोचन धार ॥
हुँडक डील डरावने, करैं मारही मार ।१३९।
सुजन न कोई दिठ परै, शरन न सेवक कोय ॥
ह्यां सो कुछ सूझै नहीं, जासौं छिन सुखहोय ।१४०।
होत विभंगा अवधि तब, निजपर को दुखकार ॥
नरक कूप में आपको, परो जान निरधार ।१४१।

१—पहले जन्मों के खोटे काम किये हुये याद आना ॥

पूरब पाप कलाप सब, आप जाप कर लेय ॥
तब विलापकी ताप तप, पश्चाताप करेय। १४२।
मैं मानुष परयाय धर, धन योवन मद लीन॥
अधम काज ऐसे किये, नरक बास जिन दीन। १४३।
सरसों समसुख हेततब, भयो लंपटी जान ॥
ताही को अबफल लगो, यह दुख मेरुसमान। १४४।
कंदमूल मद मांस मधु, और अभक्ष अनेक॥
अक्षण बस भक्षण किये, अटक न मानी एक।१४५।
जलथल नभचारी विविध, बिलबासी बहुजीव ॥
मैं पापी अपराध बिन, मारे दीन अतीव। १४६।
नगर दाह कीनो निठुर, गाम जलाये जान ॥
अटवी में दीनी अगिन, हिंसाकर सुखमान।१४७।
अपने इन्द्री लोभको बोलो मृषा अलीन ॥
कलपित ग्रंथ बनायके, बहकाये बहुदीन। १४८।
दाव घात परपंच सों, पर लक्ष्मीहर लीय॥
छलबल हठबलदिरबबल, परबनिताबशकीय। १४९।
बढ़ी परिग्रह पोटसिर, घटी न घटकी चाह ॥
जो ईंधनके योग सों, अगिन करै अतिदाह।१५०।
बिन छानो पानी पियो, निश भुंजो अबिचार ॥
देव दरब खायो सही रुद्रध्यान उर धार।१५१।

कीनी सेव कुदेव की, कुगुरुन को गुरु मान ॥
तिनहीं के उपदेश सों, पशु होमे हितजान ।१५२।
दियो न उत्तम दानमैं, लियो न संयम भार ॥
पियो मूढ़ मिथ्यात मद, कियो न तप जग सार।१५३।
जो धर्मीजन दयाकर, दीनी शीष निहोर ॥
मैं तिनसों रिस कर अधम, भाषे वचन कठोर।१५४।
करी कमाई परजनम, सोआई मुझ तीर ॥
हाहा अब कैसेधरूं, नरक धरामें धीर । १५५ ।
दुर्लभ नर भव पायके, केई पुरुष प्रधान ॥
तपकर साधें स्वर्ग शिव, मैं अभाग यह थान । १५६।
पूरब संतन यों कही, करनी चालेलार ॥
सोअब आँपन सों दिषै, तव न करी निर्धार ।१५७।
जिस कुटंब के हेत मैं, कीने बहुविधि पाप॥
ते सब साथी बीछड़े, परो नरक में आप । १५८ ।
मेरी लछमी खानकों, सीरी हुये अनेक ॥
अबइस विपत विलाप मैं, कोई न दीषै एक । १५९ ।
सारस सरवर तजगये, सूखो नीर निराट ॥
फलबिन बिरष विलोक कै, पछी लागे बाट । १६० ।
पंचकरण पोषण अरथ, अनरथ किये अपार ॥
ते रिपु ज्यों न्यारे भये, मोह नरक मैं डार । १६१ ।
तब तिलभर दुख सहन को, हुतो अधीरज भाव ॥

अबये कैसे दुसह दुख भरहूँ दीरघ आव । १६२ ।
अघ वैरी के वश परो, कहाकरूं कितजाउं ॥
सुनैकौन पूछे किसैं शरन कोन इसठाउं । १६३ ।
यहां कछू दुख हतन को, उक्त उपाव न मूर ॥
थिति बिन विपत समुद्र यह, कब तिरहूं तट दूर। १६४।
ऐसी चिंता करतहूं, बढ़े वेदना एम ॥
घीव तेल के योग तें, पावक प्रज्वलै जेम । १६५ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

इहिं बिधि पूरब पाप, तहां नारकी शुधकरें ॥
दुखउपजावन जाप, होय विभंगा अवधितै । १६६ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

तबही नारकि निर्दई, नयो नारकी देष ॥
धायधाय मारन उठै, महादुष्ट दुर्भेष । १६७ ।
सबक्रोधी कलही सकल सबके नेत्र फुलिंग ॥
दुःख देनको अति निपुन, निठुर नपुंसक लिंग । १६८ ।
कुंत कृपान कमान शर शकती मुगदर दंड ॥
इत्यादिक आयुध बिबिधि, लियेहाथ परचंड । १६९ ।
कहकठोर दुर्वचन बहु, तिलतिल खंडैं काय ॥

सो तबही वहि कालतन, पारेवत मिलजाय । १७० ।
कांटोंकर छेदें चरन, भेदें मरम बिचार ॥
अस्थिजाल चूरण करें, कुचलें खाल उपार ।१७१।
चीरैंकरवत काठ ज्यों, फारें पकर कुठार ॥
तोड़ें अंतरमालका अंतर उदर बिदार । १७२ ।
पेलें कोल्हू मेलके, पीसें घरटी घाल ॥
तावें ताते तेल में, दहें दहन परज्वाल । १७३ ।
पकरपांय पटकें पहुमि, झटक परसपर लेहिं ॥
कंटक सेज सुवावहीं, शूली पर धरदेहिं । १७४ ।
घसें सकंटक रूखसों, बैतरनी ले जाहिं ॥
घायल घर घसीटयें, किंचित करुणा नाहिं । १७५ ।
केईरक्त चुवाव तन, बिहवल भाजें ताम ॥
पर्वत अंतर जायके, करें बैठ बिश्राम । १७६ ।
तहां भयानक नारकी धार विक्रया भेष ॥
बाघ सिंह अहि रूप सों दारें देह विशेष । १७७ ।
केई करसों पायँ गहि, गिरसोंदेहिं गिराय ॥
परेंआन दुर्भूमि पर, खंड खंड होजाय । १७८ ।
दुखसों कायर चित्तकर, ढूंढे शरन सहाय ॥
वे अति नर्दय घातकी, यहअति दीन घिघाय। १७९।
व्रण वेदन नीकी करें ऐसेकर विश्वास ॥
सींचें खारे नीर सों, जोअति उपजे त्रास । १८० ।

केई जकर जँजीर सों, खैंचथंभ अतिबांध ॥
शुध कराय अघ मारवैं, नाना आयुध साध । १८१ ।
जिनउद्धत अभिमान सों कीने परभव पाप ॥
तपत लोह आसन विषै, त्रास दिषावैं थाप। १८२ ।
ताती पुतली लोहकी, लाय लगावैं अंग ॥
प्रीतकरी जिन पुर्वभव, परकामिनि के संग । १८३ ।
लोचन दोषी जानिकै, लोचन लेहिं निकाल ॥
मदिरा पानी पुरुष कों, प्यावैंताँबो गाल । १८४ ।
जिन अंगनसों अघकिये, तेई छेदे जाहिं ॥
पल भक्षण के पापतैं, तोड़ तोड़ तन खाहिं । १८५ ।
केई पूरव वैरके, याद दिवावैं नाम ॥
कह दुर्वचन अनेक विधि, करैं कोप संग्राम । १८६ ।
भये विक्रिया देह सों वहुविधि आयुध जात ॥
तिनही सों अति रिसभरे, करैं परस्पर घात । १८७ ।
शिथिल होय चिर युद्धतैं, दीन नारकी जाम ॥
हिंसानंदी असुर दुठ, आन भिरावैं ताम । १८८ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

तृतिय नरक परयंत, असुरादिक दुखदेत हैं ॥
भाषोजैन सिधन्त, असुर गमन आगे नहीं। १८९ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहिविधि नरक निवासमें, चैनएकपलनाहिं ॥
तपें निरंतर नारकी, दुख दावानल माहिं । १९० ।
मार मार सुनिये सदा, छेत्र महा दुर्गंध ॥
वहैबाल असुहावनी, अशुध छेत्र सम्बंध । १९१ ॥
तीनलोक को नाज सब, जो भक्षन कर लेय ॥
तौभी भूख न उपशमें, कौन एक कण देय । १९२ ॥
सागरके जलसों जहां, पीवतप्यास न जाय ॥
लहै न पानी बूंदभर, दहैनिरंतरकाय । १९३ ।
बाय पित्त कफ जनितजे, रोगजात जावंत ॥
तिनसबरहा को नरक में, उदै कह्यो भगवंत । १९४ ।
कटुतुँबी सो कटुक रस, करवत कीसी फाँस ॥
जिनकी मृतक मंझार सों, अधिक देह दुर्बास । १९५ ।
योजन लाख प्रमाण जहां, लोह पिंडगलजाय ॥
ऐसीहीं अति उश्नता, ऐसीशीत सुभाय । १९६ ।

## ॥ अड़िल छंद ॥

पंकप्रभा परयंत उशनता जिन कही ।

१—चौथा नरक ॥

धूमप्रभामैं शीतउश्न दोनो सही ॥
छटी सांतमी भूमि न केवल शीत है ।
ताही उपमा नाहिं महा बिपरीत है ।१६७।

## ॥ दोहा छंद ॥

स्वान स्याल मंजारकी, पड़ी कलेवर रास ॥
मासवसा अरु रुधिर को, कादा जहां कुबास।१६८।
ठाम ठाम असुहावने सेंभल तरु वर भूर ॥
पैने दुखदैंने विकट, कंटक तलतक सूर ।१६६।
और जहां असिपत्र बन, भीम तरोवर खेत॥
जिनके दल तरवारसे, लगत घाव करदेत ।२००।
वैतरनी सरिता समल, लोहित लहर भयान ॥
वहैषाद शोणित भरी, मासकीच घिन घान।२०१।
पक्षी बायस गीधगण, लोहतुंड सों जेह ॥
मरम बिदारें दुख करें चूंटें चहुँदिश देह ।२०२।
पंचेंद्री मनको महा. जे दुखदायक जोग ॥
तेसब नरक निकेत मैं, एक पिंड अमनोग ।२०३।
कथा अपार कलेश की, कहै कहांलो कोय ॥
कोड़ जीभसों बरनिये, तवव न पूरीहोय ।२०४।

१—पांचवा नरक ॥

सागरबंध प्रमाणथिति,छिनछिन तिन्हणत्रास॥
येदुख देषें नारकी, परवश परे निरास॥
जैसी परवश बेदना, सहै जीव बहु भाय।
स्ववश सहै जो अंशभी, तौ भवजल तिरजाय।२०६।
ऐसे नरकहि नारकी, भयो भील दुठ भाव॥
सागर सत्ताईसँ की, धारी मध्यम आव।२०७।
सागर काल प्रमाण अब, बरनूँ औसर पाय॥
जिनसोंनरकनिवास की, थितिसबजानीजाय।२०८।

## ॥ सागर प्रमाण कथन ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

पहले तीन पल्ल के भेव। एक चित्त कर सो सुनलेव।
जिनसोंसागरउपजैसही।यथारीतजिनशासनकही॥२०९॥

## ॥ सोरठा छंद ॥

प्रथम पल्ल व्योहार, दुतिय नाम उद्धार भण।
अर्धात्रितियबिचार, अबइनको बिस्तारसुन॥२१०॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

पहले[1] गोल कूप कलपये। जोजन बड़े मान धरपये ॥
इतनोही करये गंभीर। धी बल ताहि भरो नरधीर ॥२११॥
सात दिवस के भीतर जेह। जने भेड़ के बालक लेह ॥
उत्तम भोगभूमिके जान। तिनके रोमअग्र मन आन॥२१२॥
ऐसे सूक्षम करये सोय। फेर खंड जिन को नहिं होय ॥
तिनसों महाकूपवह भरो। बारम बार कूटदिढ़करो॥२१३॥
तिन रोमन की संख्या जान। पैंतालीस अंक परवान ॥
तेश्री जिन शासनमें कहे। करप्रतीत जैनीसरदहे॥२१४॥

## ॥ अंक संख्या कथन ॥

## ॥ चामर छंद ॥

चार[2] एक तीन चार पांच दो छै तीने ले।

१—प्रथम एक गोल कुआं ऐसा कल्पित करो जो एक महा जोजन (जो दो हजार कोश का माना गयाहै) गहरा हो और जिस्की व्यास रेखाभी इतनी ही हो फिर उत्तम भोग भूमि के सात दिन के अंदर जने हुये भेड़ के बच्चों के अग्र भाग रूम ऐसे सूक्षम कल्पित करो जिस्के खण्ड न होसकें उन रूमन की संख्या जिन शास्त्र में ४५ अंकबताईहै देखो टिप्पण चामर छंद गणिता २१५ इन रूमन को उस कुयें में ऐसा कूट कूट भरो जो और न आसके फिर सौ सौ वर्ष में एक एक रूम निकालो जितने वर्ष विदीत होंगे सो प्रथम पल्य की संख्या है इस पल्य का काल केवल गिणती बताने के अर्थ है और कोई प्रयोजन नहीं रूमन की संख्या पर दो बिंदु देने से वर्षों की संख्या जानो ॥

२—सुगमता अर्थ अंक गिणती दिखावै हैं—

४१३४५२६३०३०८२०३१७७७४९५१२१९२००००००००००००००००००

सुन्न तीन सुन्न आठ दोय अंक सुन्न दे ॥
तीन एक सात सात सात चार नौकरो।
पांचेएक दोयएक नौसमार दोधरो ॥२१५॥

## ॥ दोहा छंद ॥

सातबीस ये अंकलिख, और अठारह सुन्न।
प्रथम पल्ल के रोम की, यह संख्या परिपुन्न[1] ॥२१६॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

सो सो बरस बीत जब जाहिं। एक एक काढ़ो या माहिं॥
ऐसीविधिसबकरतेसोय। कूप उदर जब खालीहोय॥२१७।
जो कुछ लगै काल परवान। सो ब्योहार पल्ल उरआन।
प्रथमपल्लसबतैंलघुरूप। बीजभूतभाष्योजगभूप।२१८।

## ॥ दोहा छंद ॥

संख्या कारण जिनकह्यो, और न यासों काज॥
दुतिय पल्ल बिबरण सुनो, जोभाषो जिनराज।२१९।

## १५ ॥ मात्रा चौपाई छंद ॥

पूरबै[2] कथित रोम सबधरो। तिनके अंश कल्पना करो ॥

१–संपूर्ण॥ २–पहले कहेहुये रूपनसे प्रतिरूपइतने अंश कल्पनाकरो जितने असंख्य कोड़ वर्षके समय हों फिर इस कल्पित रूप रासिसे समय समय में एक एक निकालो जितना काललगै सो दुतिय पल्यकाल है, पैंच्चीस कोड़ गुणे हुई एक कोड़ दुतिय पल्यके रूपन की जितनी संख्या है उतनेही दीप समुद्र पृथ्वीपर जानो ॥

बरसअसंखकोटकेजिते। समैंहोहिं आतम परिमिते।२२०।
एक एक के तावत मान। करोभाग बिकलप मन आन ॥
याविधिठान रोमकीरास। समैंसमैं प्रतिएकनिकास।२२१।
जितनो काल होय सबयेह। सोउद्धार पल्ल सुन लेह ॥
याकेरोमनसों परवान। दीपोदधिकी संख्या जान। २२२।

## ॥ दोहा छंद ॥

कोड़ाकोड़ पचीस के, पल्ल रोम जावन्त ॥
तितनेदीप समुद्रसब, बरने जैन सिद्धन्त । २२३ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अबसुनत्रितियपल्लकीकथा। श्रीजिन शासन बरनी यथा॥
दुतियपल्लके अमितअपार। रोमअंश लीजे निर्धार।२२४।
एक एक के भाग प्रमान। कर सौ वर्ष समय परवान ॥
इहिबिधिरासिहोयफिरएह। समैंसमैंप्रतिलीजे तेह। २२५।
ऐसे करत लगे जे काल। सोई अर्धापल्ल बिशाल ॥
करमनकीतिथियासोंजान। यहउत्कृष्टकहीभगवान।२२६।

१—दुतिय पल्यके रूम संख्या से प्रतिरूम उतने अंश कल्पना करो जितने सौवर्ष के समय होंय फिर समय २ में एक एक निकालो जोकाल लगै सो तीसरी अर्धापल्य के काल की संख्या है जो असंख्यात तीनो पल्य में यह अर्धापल्य बड़ी है—दश कोड़ अधापल्य को एक कोड़ अर्धापल्य में गुणो जो गुणलब्धि प्राप्तहो उसके कालकी बराबर एक अर्धा कहिये बड़ा सागर होता है इसही सागर से यहजीव पुन्य पापकर स्वर्ग नर्क मैं स्थित रहता है ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

प्रथमपल्लसंख्यातमित,दुतिय असंख्यपरिमान॥
असंख्यातगुणतीसरी,लिखोजिनागमजान। २२७।
इन सब तीनो पल्ल में, अर्धापल्ल महान ॥
दश कोड़ा कोड़ी गये, अर्धासागर ठान । २२८।
इसही अर्धा सिंधुसों, पुन्न पाप परिभाव॥
संसारीजन भोगवें, स्वर्ग नर्क की आव । २२९।
ऐसे दीरघ काललों, नर्क सातवें थान ॥
कमठ जीव दुखभोगवे, परो कर्म वश आन। २३०।
धिकधिकविशयकषायमल, येबैरीजगमाहिं॥
येहीमोहित जीवको, अवश नरक लेजाहिं । २३१।
धर्म पदारथ धन्यजग, जापटतर कछुनाहिं ॥
दुर्गति वास वचायके, धरेस्वर्ग शिवमाहिं । २३२।
यही जान जिन धर्मको, सेवो बुद्धि विशाल॥
मनतन बचन लगाय कै,तिहुँपन तीनोकाल। २३३।

इतिश्रीपार्श्वपुराण भाषा वज्रनाभिनाम चक्रवर्तिहोकर फिर स्वर्गमें अहमिंद्रहोसुख वाभीलका नरकमें दुख भोगननाम तृतीय अधिकार संपूर्णम्॥

## ॥ चतुर्थ अधिकार ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

मारूथल संसार, बामा नंदन कल्प तरु ॥

बंछितफल दातार, सुखकामी सेवो सदा। १।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इसही जम्बूदीप मझार। भरथ खण्ड दक्षिन दिशसार॥
कौशलदेशवसैअभिराम। नगर अयोध्या उत्तमठाम। २।
आरज खण्ड माहिं परधान। मध्य भाग राजै शुभथान॥
गढ़गोपुर खाईगृह पांत। बन घन सों सोहैं बहुभांत। ३।
ऊंचे जिन मंदिर मनहरें। कंचन कलश धुजा फरहरें॥
वज्रबाहु भूपति तिहिंथान। वरइक्ष्वाक बंश नभ भान। ४।
जैनधर्म पालै बड़भाग। जिनपद कमलनि मधुप सराग॥
प्रभाकरी[१] तियताघरसती। जीतीजिन रंभा रति रती। ५।

## ॥ दोहा छंद ॥

यथाहंस के बंश को, चाल न सिखवै कोय॥
त्यों कुलीन नर नारिके, सहज नमन गुणहोय। ६।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

वह अहमिंद्र तहां तै चयो। तिनके सुदिन पुत्र सो भयो॥

---

१–जिस प्रभाकरीनें रंभा कहियै पार्वती शिवकी स्त्री रतिकहियै कामदेवकी स्त्री का भाग जीत लिया॥

नामधरो आनन्द कुमार। अतुलतेज सब लच्छणसार।७।
सुभग सोम श्रीवंत महान। बलबीरज धीरज गुणथान॥
नरनारी मन माणक चोर। देखत नयन रहैं जा ओर। ८।
जाके सुगुण शेष कह थके। और कौन वरनन करसके॥
जोबनवन्तजनक तिसदेष। ब्याहमहोत्सव कियो विशेष।९।
परनी राज सुता बहु भाय। जिनकी छवि बरनी नहिंजाय॥
क्रमसों कुमर पिता पद पाय। बलसे बश कीये बहुराय।१०।

## ॥ दोहा छंद ॥

योवन वय भूपति वढ़ी, मिलो सकल सुख योग॥
महा मंडली पद लह्यो, पूरब पुन्न नियोग। ११।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अबसुन आठजातिके भूप॥जिनको जिनमत कह्योसरूप॥
कोट ग्राम को अधिपति होय। राजा नाम कहावे सोय।१२।
नवें पांच सौ राजा जाहि। अधि राजा नृप कहिये ताहि॥
सहस राय जिस मानै आन। महाराज राजा बहुजान।१३।
दोय सहस नृप नवें अशेश। मंडलीक वह अर्ध नरेश॥
चार सहस जिस पूजें पाय। सोई मंडलीक नरराय। १४।
आठ सहस भूपति को ईश। मंडलीक सो महा महीश॥

सोलह सहस नवें भूपाल । सो[1]अधचक्री पुन्यबिशाल । १५ ।
सहस बतीस आन जिस वहैं । ताहि सकल चक्री बुधकहैं ॥
इनमें श्री आनंद नरेश । महा मंडली पद परमेश । १६ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

आठ सहस सुख हेत, नृप नक्षत्र सेवैं सदा ।
कीरति किरण समेत, सोहै नरपति चंद्रमा ॥ १७ ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

एक दिना आनंद महीश । बैठो सभा सिंहासन शीश ॥
मंत्री तहां स्वामि हित नाम । कहै विवेकी सुवचन ताम । १८ ।
स्वामी यह वसंत ऋतुराज । सब जनकरैं महोछवकाज ॥
नंदीस्वर[2] व्रत औसर येह । करिये प्रभु पूजा जिन गेह । १९ ।
पूजा सदा पाप निर्दलै । पर्व संजोग महा फल फलै ॥
परम पुन्यको कारनआन । नहीं जगतमें याहि समान । २० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

जिनपूजा की भावना, सब दुख हरन उपाय ॥
करते जोफल संपजै, सो वरणो किमजाय । २१ ।

१—अध अर्थात अर्ध ॥ २—नंदीस्वर आठवें दीपकानाम जिसमें ५२ चैत्यालय अकृत्रिम है

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

मुनराजा मंत्री उपदेश। नगर महोछव कियो विशेश ॥
करसनान जिन मंदिरजाय। जैन बिंब पूजे बिहसाय। २२।
बहु विधि पूजा दरब मनोग। धरे आन जिन पूजनयोग ॥
भाव भक्ति सों मंगल ठयो। राजा के मन संशयभयो।२३।
विपुलमती मुनिवर तिहि थान। दरशन कारण आयेजान॥
तिनै पूज नृप पूछे येह। भो मुनिंद्र मुझ मनसंदेह। २४।

## ॥ दोहा छंद ॥

प्रतमा धात पषान की, प्रघट अचेतन अंग।
पूजक जन को पुन्यफल, क्योंकर देय अभंग। २५।
तुम जगमें संशय तिमर, दूरकरण रवि रूप ॥
यह मुझ भिरम मिटाइये, करे बीनती भूप। २६।
तब ज्ञानी गणधर कहें, समाधान सुन राय ॥
भवि जनको प्रतमा भगत, महा पुन्य फलदाय। २७।
भाव शुभाशुभ जीव के, उपजें कारण पाय ॥
पुन्य पाप तिनसों बँधे, यों भाषो जिनराय। २८।
कुसुम बरणको जोग लहि, जैसे फटक पषान ॥
अरुन श्याम दुतिकों धरै, यही जीवकीबान। २९।

सो कारन है दोय विधि, अंत रंग वहि रंग॥
तिनके ही उर आय है, जे समझै सरवंग। ३०।
वाहिज कारण जानयो, अंतरंग को हेत॥
सोई अंतर भाव नित, कर्म बंधको देत। ३१।
जिन परिणामन पुन्यवहु, बंधै अन्यथा नाहिं॥
तिन भावनको निमतहै, जिनप्रतमा जगमाहिं। ३२
वीत राग मुद्रा निरख, शुध आवै भगवान॥
वही भाव कारण महा, पुन्य बंधको जान। ३३।
रागद्वेषवरजित अमल, सुखदुख दातानाहिं॥
दर्पन वत भगवान हैं, यह आनो उरमाहिं। ३४।
तिनको चिंतनध्यानजप, थुतिपूजादिविधान॥
सुफल फलै निज भावसों, है मुक्ती सुखदान। ३५।
जैसे गुण प्रभु के कहे, ते जिन मुद्रा माहिं॥
थिर सरूप रागादिबिन, भूपनआयुध नाहिं। ३६
यद्यपिशिल्पीकृतकृतम, जिनवरबिंबअचेत॥
तदपि सही अंतर विषे, शुभ भावनको हेत। ३७।
और एक द्रष्टांत अब, सुनअवनीपतिसोय॥

१—जीव के परिणाम पलटने के दोकारण हैं एक अंतरंग कारण जैसे सत्ता मैं स्थितकर्म परिमाण जो उदयावली मैं आकर आत्मा को रागीद्वेषी करते हैं वहिरंग कारण यथा कठोर बचन श्रवन, स्त्रीदर्शनादि से॥

जियके उर द्रष्टांत सों, संशय रहै न कोय। ३८।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

गणिका धरी चितामै जाय। विसनी पुरुष देखपछताय॥
जोजीवतमुझमिलतोजोग। तोमैंकरतोवंछितभोग। ३९।
स्वान कहै उरक्यों यह दही। मैं निज भक्षण करतो सही॥
पुनितिसदेषकहैमुनिराय। क्योंनकियोतपयहतनपाय।४०।
इहिविधि देष अचेतन अंग। उपजे भावपाय परसंग॥
तिनहीभावनकेअनुसार। लाग्योफलतिनकोतिहिंवार।४१।

## ॥ दोहा छंद ॥

विसनी नर नरकहुँ गयो, लहो क्षुधादुख स्वान॥
साधु सुरग पहुँचेसही. भावन को फलजान। ४२।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

योंजिनबिंब अचेतन रूप। सुखदायक तुम जानो भूप॥
कारनसम कारज संपजे। यामें बुधसंशय नाहिं भजे।४३।

## ॥ दोहा छंद ॥

जैसे चिंतामणि रतन. मन वंछित दातार॥

१—जीवके अर्थात् प्राणी के॥

तथा अचेतन बिंब यह, बंछापूरण हार । ४४ ।
जोयांचत सुखकल्प तरु, दानी जनको देय ॥
त्यों अचेत यह देत है, पूजक को सुख श्रेय ॥ ४५ ॥
मणि मंत्रादिक औषधी, हैं प्रत्यक्ष जड़ रूप ॥
विष रोगादिक को हरैं, त्यों यह अघहरभूप ॥ ४६ ॥
जड़ सरूप को पूज पद, प्रघट देखये लोय ॥
राजपत्र सिर धारयें, मुद्रा अंकित होय ॥ ४७ ॥
राजपत्र सिर धारयें, राजा को भयमान ॥
जिनवर मुद्रा पूजयें, पातक को डर जान ॥ ४८ ॥
प्रत्मा पूजन चिंतवन, दरशनआदि विधान ॥
हैं प्रमान तिहुं कालमें, तीन लोक में जान ॥ ४९ ॥
जे प्रत्मा पूजें नहीं, निंद्या करैं अजान ॥
तीनलोकतिहुं कालमें, तिनसम अधमनआन । ५० ।
जे प्रत्मा पूजें सदा, भाव भक्ति विधि शुद्ध ।
तिनको जन्म सराहिये, धन तिनकी सद बुद्ध ॥ ५१ ॥
इत्यादिक उपदेश सुन, आई उर परतीत ॥
जिन प्रत्मा पूजन विषै, धरी राय दिढ़ प्रीत ॥ ५२ ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तिस औसर मुनि वरनै ताम । तीन भवन बरती[1] जिन धाम ॥

१–बरतने वाले ॥

भानु विंमान विषै जिन गेह । सो पहले बरने धरनेह । ५३ ।
रत्न मई प्रतमा जग मगै । कोट भानु छबि छीणी लगै ॥
निरुपमरचनाविविधविशाल।सूरयदेवल मैं तिहुंकाल । ५४ ।
सुन आनंदो आनंद राय । विकसत आनन अंगनमाय ॥
जब संदेह शल्य निर्वरै । तब अवश्य उर सुख विस्तरै।५५।
प्रात सांझ मंदिर चढ़ सोय । अर्घ देय रवि सन्मुख होय ॥
करजिनबिंबनकोमनध्यान।अस्तुतिकरै राग मनआन। ५६ ।
रवि विमाण मणि कंचन मई । निर्मापो अद्भुत छबि छई ॥
जैनभवनकरमंडितसोय । देखत जनमनअचरज होय।५७।
पूजा तहां करै नित राय । महा महोछव हर्ष बढ़ाय ॥
प्रतिदिनदेयदयाउरआन । दीन दुखितजनकोबहुदान।५८।
यह नित नेम करै भूपाल । चली नगर में सोई चाल ॥
सब सूरज को करैं प्रणाम । देखा देख चलो मतताम ।५९।
समझै नहीं मूढ़ परणाये । भानु उपासक तब सों भये ॥
जो महंत नर कारज करै । ताकी रीत जगत आचरै । ६० ।
यों बहु पुन्न करै भूपाल । सुख में जात न जानो काल ॥
एक दिना निजसभा नरेश । निवसै मानो स्वर्ग सुरेश । ६१ ।
धवल केश देषो निज शीश । मन कंप्यो शोचै नरईश ॥
जाहि देष मनउत्सव घटै । कामी जीवनको उर फटै । ६२ ।

१—समाय ॥

सो लख शेत बाल भूपाल। भोग उदास भये ततकाल ॥
जगतरीतसबअथिरअसार। चिंतैचितमें मोह निवार।६३।
बाल अवस्था भई वितीत। तरुणाई आई निज रीत ॥
सो अब बीती जरा पसाय। मरण दिवस यों पहुंचै आय।६४।
बालक काया कूँपल सोय। पत्र रूप जोवन में होय ॥
पाको पात जरा तन करै। काल बयाल चलत झरपरै।६५।
कोई गर्भ माहिं खिर जाय। कोई जन्मत छोड़ै काय ॥
कोई बाल दशा धर मरै। तरुण अवस्था तन परिहरै।६६।
मरन दिवस को नेम न कोय। यातैं कछु सुध परै न लोय।
एक नेम यहतो परिवान। जन्म धरै सो मरै निदान। ६७।
महा पुरुष उपजे बड़ भाग। सब परलोक गएतन त्याग ॥
संसारी जन अपनी बार। पूरब उदै करै अनुसार। ६८।
परबतपतत नदी के न्याय। छिनहीछिन थिति बीती जाय ॥
राग अंधप्रानीजगमाहिं। भोग मगन कछुसोचैनाहिं। ६९।
अंतकाल जब पहुंचै आय। कहाहोय जो तब पछिताय।
पानी पहले बंधैपाल। वही कामआवै जलकाल। ७०।
यही जान आतमहित हेत। करैं विलंब न संत सुचेत ॥
आजकालजेकरत रहाहिं। ते अजान पीछे पछताहिं।७१।
रात दिवस घटमाल सुभाव। भरहिंजल जीवन कीआव॥

१-संसारी जन अपनी बार अर्थात् समय को पूरब उदय कर्म के अनुसार विदीत करै है ॥

सूर्य चांद बैलये दोय । काल रहट नित फेरैं सोय । ७२ ।

## ॥ बारहभावना विवर्ण ॥

## १ अथिरभावना ॥

## दोहा छंद

राजा राणा छत्रपति, हाथियन के असवार ।
मरना सबको एक दिन, अपनी अपनी बार । ७३ ।

## ॥ २ अशरण भावना ॥

दल बल देवी देवता, मात पिता परवार ॥
मरती बरयां जीव को, कुई न राखण हार । ७४ ।

## ॥ ३ संसार भावना ॥

दामबिना निर्धन दुखी, तिश्नाबश धनवान ॥
कहींन सुख संसार में, सबजग देखो छान । ७५ ।

## ॥ ४ एकत्व भावना ॥

आप अकेला अवतरै, मरै अकेला होय ॥
योंकबही इस जीवका, साथी सगा न कोय । ७६ ।

## ॥ ५ अन्यत्व भावना ॥

जहां देह अपनी नहीं, तहां न अपनो कोय ॥
परसंपति पर प्रगट ये, पर हैं परयन लोय । ७७ ।

## ॥ ६ अशुचि भावना ॥

छिपै चाम चादर मढ़ी, हाड़ पींजरा देह ॥
भीतर यासम जगत में, और नहीं घिनगेह । ७८ ।

## ॥ ७ आश्रवभावना ॥

## ॥ सोरठा छंद ॥

मोह नींद के जोर, जग बासी घूमें सदा ॥
कर्म चोर चहुँ ओर, सरबस लूटें सुधनहीं । ७९ ।

## ॥ ८ संबर भावना ॥

सतगुरु देह जगाय, मोह नींद जब उपशमें ॥
तब कछु बने उपाय, कर्म चोर आवत रुकें । ८० ।

## ॥ ९ निर्जराभावना ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

ज्ञानदीप तपतेल भर, घर सोधे भ्रम छोर ॥

१–यह बात प्रघट है कि परसंपति पर है ॥

याविधि बिन निकसैं नहीं, बैठे पूरब चोर । ८१ ।
पंचमहाव्रत संचरन, समति पंच परकार ॥
प्रबलपंच इन्द्री विजय, धार निर्जरा सार । ८२ ।

## ॥ १० लोक भावना ॥

चौदह राजु उतंग नभ, लोक पुरुष संठान ॥
तामैं जीव अनादि सों, भरमत हैं बिन ज्ञान । ८३ ।

## ॥ ११ धर्म भावना ॥

यांचे सुरतरु देय सुख, चिंतन चिंत्यारैन ॥
बिन यांचे बिन चिंतवे, धर्म सकल सुख दैन । ८४ ।

## ॥ १२ बोधदुर्लभ भावना ॥

धनकन कंचन राजसुख, सबै सुलभ करजान ॥
दुर्लभ है संसारमें, एक यथारथ ज्ञान । ८५ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इहिबिधि भूप भावना भाय । हितउद्यम चिंत्यो मनलाय ॥
सबसों मोह ममत निर्वार । उठो धीर धीरज उरधार । ८६ ।

१—रैन प्राकृत शब्द रत्न अर्थ में है चित्यारैन चिंत्यामणि रत्न.

जेठे सुतको दीनो राज। आप चले शिव साधन काज॥
सागरदत्त मुनीश्वरपास। संयमलियोतजीजगआस।८७।
घने भूप भूपति के संग। धरे महाव्रत निर्भय अंग॥
अब आनंद महामुनि धीर। बननिवास बिचरै बरबीर।८८।
दुद्धरतप बारह बिधि करै। दुबिधि संग ममता परिहरै॥
तिनके नाम कहूंकुछधार[1]। जिनशासन जिनकोबिस्तार।८९।
प्रथम महातप अनशन[1] नाम। दूजो ऊनोदर[2] गुणधाम॥
तीजोहैव्रत परिसंख्यान[3]। रसपरित्याग[4] चतुर्थम मान।९०।
पंचम भिन सयनाशन[5] सार। काय कलेश[6] छठो अविकार॥
यहषटबिधिबाह्जतपजान। अबअन्तरतपसुनोसुजान।९१।
पहले प्रांछित[1] बिनेय[2] दुतीय। बैयाब्रत[3] तीजो गनलीय॥
चौथो अंतरंग सिज्झाय[4]। पंचमतपब्युत्सर्ग[5] बताय।९२।
षष्टम ध्यान[6] हरै सब खेद। ये अन्तरतप के सब भेद॥
अबइनको संछेप सरूप। सुनोसंततज भाव बिरूप।९३।
जिनके सुनत बँधे शुभध्यान। सेवत पद लहिये निर्बान॥
तपबिन तीनकाल तिहुँलोय। कर्मनाश कबही नहिंहोय।९४।
दिनसों लेय बरष लग करै। चार[2] प्रकार अशन परिहरै॥
रागरोग निर्दलन उपाय। सोअनशन भाष्यो जिनराय।९५।

१—धारना कर के.

२—खाद्य यथा रोटीपूरी आदि १, स्वाद्य यथा चूसने की वस्तु आम्रआदि २, लेह्य यथा चाटने की वस्तु चटनी आदि ३, पेय यथा पीने की वस्तु दूध आदि ४,

पौन अर्ध चौथाई टेक। एक ग्रास अथवा कन एक॥
ऐसीविधि जो भोजनलेत। ऊनोदर आलस हरलेत।९६।
जैसी प्रथम प्रतिज्ञा करै। ताही विधि भोजन आदरै॥
सोकहियेव्रत परिसंख्यान।आशाव्याधि विनाशनजान।९७।
लवनादिक रस छार उपाध। नीरसभोजन भुंजै साध॥
रसपरित्याग कहावैएम। इन्द्रीमद नाशन यह नेम।९८।
सूनगेह गिरगुफा मसान। नारि नपुंसक बरजित थान॥
बसैभिन्न शयनासन सोय। यासों सिद्धिध्यानकीहोय।९९।
ग्रीषम काल बसै गिरि सीस। पावस में तरुवर तलदीस॥
शीतसमै तटनीतट रहै। काय कलेश कहावै यहै।१००।

## ॥ दोहा छंद ॥

यातप के आचरन सों, सहन शील मुनि होय॥
अबअन्तर तपभेद छह, कहूं जिनागमजोय।१०१।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद॥

जो प्रमाद बश लागै दोष। सोधै ताहि छोड़ छल रोष॥
आचारय बानीअनुसार।यहीप्रथमप्राश्चिततपसार।१०२।
जे[1] गुण जेठे साधु महंत। दरशन ज्ञानी चारित वंत।
तिनकी विनै करैमन लाय। विनैनामतपसो सुखदाय।१०३।

१—जे साधु गुणों में जेठे अर्थात् बड़े हैं॥

रोगादिकपीड़ित अविलोय। बालविरध मुनिवर जोहोय॥
सेव करै निज संयमराख। सो वैयाव्रत आगमसाख।१०४।
शक्ति समान सकल गुण ठाठ। करै साधु परमागमपाठ॥
परमोतम तपसोसिज्झाय।जासोंसब संशय मिटजाय।१०५।
निज शरीर ममता परिहरै। काउसर्ग मुद्रा दिढ़ धरै॥
अंतर बाहर परिग्रह छार। सोई तपव्युत्सर्ग उदार।१०६।
आरत रुद्र निवारै सोय। धर्म शुकुल ध्यावै थिरहोय॥
जहांसकलचिंतामिटजाहि।वहीध्यानतपजिनमतमाहि।१०७

## ॥ दोहा छंद ॥

यह बारह विधि तप विषम, तपै महा मुनिधीर।
सहै परीषह बीसदो[22], ते अब वरणूंवीर।१०८।

## ॥ समुच्चय २२ परीषहनाम ॥

## ॥ छप्पै छंद ॥

छुधा[1] तृषा[2] हिम[3] उश्न[4] डंस मंसक[5] दुख भारी।
निरावरनतन[6] अरति[7] वेद उप जावन नारी[8]॥
चरया[9] आसन[10] शयन[11] दुष्ट वायक[12] वध बंधन[13]।
यांचै नहीं[14] अलाभ[15] रोग[16] तिण[17] फरस निबंधन॥

मल [१८]जनित मान [१९]सैन मान बस, [२०]प्रज्ञा और [२१]अज्ञानकर॥
[२२]दरशन मलीन बाईससब, साधुपरीषहजाननर।१०९।

## ॥ दोहा छंद ॥

सूत्र पाठ अनुसार ये, कहे परीषह नाम ॥
इनके दुख जे मुनिसहैं, तिनप्रति सदा प्रणाम। ११०।

## ॥ भिन्न भिन्न २२ परीषह विवर्ण ॥

## ॥ पोमावती छंद ॥

### ॥ १ क्षुधा परीषह ॥

अनशन ऊनोदर तप पोषत, पाषमासादिन बीतगये हैं॥
जोग न बनै योग भिक्षा विधि, सूक अंगसब शिथलभये हैं॥
तवबहु दुसह भूखकी बेदन, सहत साधुनहिं नेक नये हैं॥
तिनकेचरणकमलप्रतिदिनादिन,हाथजोरहमसीसठयेहैं १११

### ॥ २ तृषापरीषह ॥

पराधीन मुनिवरकी भिक्षा , परघर लेहिं कहैं कछुनाहीं॥
प्रकृति विरोध पारना भुंजत , बढ़त प्यासकी त्रास तहांही॥

ग्रीषमकाल पित्त अति कोपै, लोचन दोयफिरै जबजाहीं॥
नीर न चहैं सहैं ऐसे मुनि, जैवंते बरतो जगमाहीं।११२।

## ॥ ३ शीतपरीषह ॥

शीतकाल सबहीजन कांपें, खड़ेजहां बन विरछ डहे हैं॥
झंझाबायु बहै बरषाऋतु, बरषत बादल झूमरहे हैं॥
तहां धीर तटनी तट चौबट, ताल पालपै कर्मदहे हैं॥
सहैं सँभाल शीत की बाधा, तेमुनि तारन तरन कहे हैं।११३।

## ॥ ४ उष्णपरीषह ॥

भूखप्यास पीड़ै उर अंतर, प्रजलै आंत देह सब दागै॥
अग्निसरूप धूप ग्रीषम की, ताती बाल झालसी लागै॥
तपै पहार ताप तन उपजै, कोपै पित्त दाह ज्वरजागै॥
इत्यादिकग्रीषमकीबाधा, सहतसाधुधीरजनहिंत्यागै।११४।

## ॥ ५ डंसमंसकपरीषह ॥

डंस मंस माखी तन काटैं, पीड़ैं बनपंछी बहुतेरे॥
डसैं ब्याल विषयाले बीछू, लगैं खजूरे आन घनेरे॥
सिंह स्याल सुंडाल सतावैं, रीछरोझ दुख देहिं बड़ेरे॥
ऐसे कष्टसहैं समभावन, ते मुनिराज हरो अघ मेरे।११५।

## ॥ ६ नग्नपरीषह ॥

अंतर विषय बासना बरतै , बाहर लोकलाज भयभारी ॥
तातैं परम दिगंबर मुद्रा , धरनाहिं सकैं दीन संसारी ॥
ऐसी दुद्धर नगन परीषह , जीतैं साधु शील व्रत धारी ॥
निर्विकारबालकवतनिर्भय, तिनके पायन ढोकहमारी।११६।

## ॥ ७ अरतिपरीषह ॥

देश कालको कारन लहिकै , होत अचैन अनेक प्रकारै ॥
तबतहांखिन्नहोहिजगबासी , कलमलायथिरतापदछारै ॥
ऐसी अरति परीषह उपजत , तहां धीर धीरज उरधारै ॥
ऐसे साधनको उर अंतर , बसो निरंतर नाम हमारै।११७।

## ॥ ८ स्त्री परीषह ॥

जेप्रधान केहरि को पकरैं , पन्नग पकर पांवसों चापै ॥
जिनकी तनक देषभों बांकी , कोटक सूरदीनता जापै ॥
ऐसेपुरुष पहार उड़ावन , प्रलय पवन तिय वेदपयापै ॥
धन्यधन्यतेसाधुसाहसी , मनसुमेरुजिनकोनहिंकांपै।११८।

## ॥ ९ चर्यापरीषह ॥

चारहाथ परवान निरखपथ , चलत दिष्टइतउत नहिंतानै॥

कोमलपांय कठिन धरती पर, धरतधीर बाधा नाहिं मानै॥
नाग तुरंगपालकी चढ़ते, ते सवाद उर याद न आनै॥
योंमुनिराजभरैंचर्यादुख, तबदिढकर्म कुलाचलभानै।११९।

## ॥ १० आसनपरीषह ॥

गुफा मसान शैल तरु कोटर, नियसै जहांशुद्धिभूहेरै॥
परिमित कालरहैं निश्चलतन, बारबार आसन नाहिं फेरै॥
मानुषदेव अचेतन पशुकृत, बैठे विपत आनजब घेरै॥
ठौर न तजे भजे थिरता पद, तेगुरु सदाबसो उरमेरै।१२०।

## ॥ ११ शयन परीषह ॥

जेमहान सोनेके महलन, सुंदरसेज सोय सुखजोवैं॥
तेअब अचलअंग एकासन, कोमल काठिन भूमिपरसोवैं॥
पाहन खंड कठोर कांकरी, गड़त कोर कायर नहिं होवैं॥
ऐसी शयन परीषह जीतत, ते मुनि कर्म काल मा धोवैं।१२१।

## ॥ १२ आक्रोश परीषह ॥

जगत जीव यावंत चराचर, सबके हित सबके सुखदानी॥
तिनै देख दुर्वचन कहैं दुठ, पाखंडी ठग यह अभिमानी॥
मारो याहि पकर पापीको, तपसी भेष चोर है छानी॥

ऐसेबचन बाँणकीबर्षा। छिमाढाल ओटैं मुनिज्ञानी ।१२२।

## ॥ १३ बधबंधनपरीषह ।,

निर्पराध निर्वैर महामुनि । तिनको दुष्टलोग मिल मारैं ॥
केई खैंच थंभ सो बाँधत । केई पावक मैं परजारैं ॥
तहाँ कोप नहिं करहिं कदाचित । पूरब कर्म विपाक बिचारैं॥
समरथहोय सहैंबधबंधन। ते गुरुसदा सहायहमारैं । १२३।

## ॥ १४ याँचनापरीषह ॥

घोरवीर तपकरत तपोधन[1], भयो छीण सूकी गल बाहीं ॥
अस्थिचामअवशेषरहोतन, नसाजालझलकोजिसमाहीं ॥
औषधि अशन पान इत्यादिक, प्रानजाय परयांचतनाहीं॥
दुद्धर अयाचीकव्रतधारैं, करहिंनमलिनधरमपरछाहीं १२४

## ॥ १५ अलाभपरीषह ॥

एकबार भोजन की बरयां, मौनसाध बसती में आवें ॥
जो नबनै योग भिक्षाविधि, तौ महंत मन खेद न लावें ॥
ऐसेभ्रमत बहुत दिन बीतें, तब तप विरद भावना भावें ॥
योंअलाभ की परम परीषह, सहेंसाधु सोई शिवपावैं।१२५।

---

१—तप है धन जिसके ।

## ॥ १६ रोगपरीषह ॥

बायपित्त कफशोणित चारों, येजब घटैं बढ़ैं तन माहैं ॥
रोग सँयोग सोग तन उपजत, जगत जीव कायर होजाहैं॥
ऐसीव्याधि वेदना दारुन, सहैं शूर उपचार न चाहैं ॥
आत्मलीन देहसों बिरकत, जैनयती निजनेम निवाहैं ।१२६।

## ॥ १७ तृणस्पर्शपरीषह ॥

सूकेतृण अरु तिक्षणकांटे, कठिन कांकरी पायविदारैं ॥
रज उड़ आय परै लोचनमैं, तीरफांस तनपीर विथारैं ॥
तापर पर सहाय नहिं बांछित, अपने करसों काढ़ न डारैं॥
यौंतृण परस परीषह विजई, तेगुरु भवभव शरणहमारैं॥

## ॥ १८ मलपरीषह ॥

यावजीव जलन्होन तजो जिन, नग्नरूप बनथान खरेहैं॥
चलैं पसेवधूपकी बरयाँ, उड़त धूलसब अंगभरेहैं
मलिनदेहको देषमहामुनि, मलिन भावडर नाँहिकरेहैं ॥
यौंमलजनितपरीषहजीतैं, तिनैहाथहम सीसधरेहैं ।१२८।

१—अर्थात यावत ।

## ॥ १९ सत्कारपरीषह ॥

जेमहान विद्यानिधिविजई, चिरतपसी गुण अतुलभरेहैं॥
तिनकीविनयबचनसों अथवा, उठप्रणाम जननाहिंकरेहैं॥
तौमुनितहाँ खेद नाहिं मानैं, उर मलीनता भाव हरेहैं॥
ऐसेपरमसाधुके अहनिशि, हाथजोरहम पांयपरेहैं।१२९।

## ॥ २० प्रज्ञापरीषह ॥

तर्क छंद व्याकर्ण कलानिधि, आगम अलंकार पढ़जानैं॥
जाकी सुमतिदेख परवादी, बिलखत्त होय लाजउरआनैं॥
जैसेनाद सुनत केहरकी, बन गयंद भागत भयमानैं॥
ऐसी महाबुद्धिके भाजन, परमुनीश मदरंचन ठानैं।१३०।

## ॥ २१ अज्ञानपरीषह ॥

सावधान बरतैं निशबासर, संयम शूर परम बैरागी॥
पालत गुप्तिगए दीरघ दिन, सकल संगममता परत्यागी॥
अवधिज्ञानअथवामनपर्य्यै, केवलकिरणअभोंनहिंजागी॥
योंविकल्पनाहिंकराहिंतपोधन,सोअज्ञानविजईबड़भागी१३१

## ॥ २२ दर्शनपरीषह ॥

मैं चिरकाल घोरतप कीने, अजोंरिद्ध अतिशयनाहिंजागे॥

तपबलसिद्धहोंहिं सबसुनिये, सोकुछबात झूठसी लागे॥
योंकदापि चितमें नाहिंचिंतत, समकितशुद्धशांतरसपागे॥
सोईसाधु अदर्शन बिजई, ताके दर्शनसोंअघभागे।१३२।

## परीषह उदैविवर्ण

### ॥ घनाक्षरी छंद ॥

ज्ञानावरणीसोंदोय, प्रज्ञा ओ अज्ञानहोय।
एक महा मोहतें, अदर्शन बखानये॥
अंतराय कर्मसेती, उपजै अलाभ दुख।
सप्त चारित्र मोहनी, केबल जानये॥
नगन निषिद्या नारी, मान सन्मान गारी।
याचना अरति सब, ग्यारै ठीक ठानये॥
एकादश बाकीरही, वेदनी उदोत कही।
बाइस परीषा उदै, ऐसे उर आनये।१३३।

### ॥ अडिल छंद ॥

एकबार इनमाहिं, एक मुनि के कही।
सब उनीस उतकृष्ट, उदै आवैं सही॥

आसन शैन विहार, दोय इनमाहिं की।
शीत उश्नमैं एक, तीनये नाहिं की। १३४।

## ॥ दोहा छंद ॥

अब दशलक्षण धर्मके, कहूँ मूल दश अंग।
जे नित श्री आनंद मुनि, पालत हैं सरवंग। १३५।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

बिनादोष दुर्जन दुखदेय। समरथ होय सकल सहलेय॥
क्रोधकषाय न उपजै जहां। उत्तम छिमा कहावै तहां। १३६।
आठ महामद पाय अनूप। निर्भिमान बरतै मृदुरूप॥
मानकषाय जहां नहिं होय। मार्दव नाम धर्म है सोय। १३७
जो मनचिंतै सोमुख कहै। करै कायसों कारज वहै॥
माया चारन डर पाइये। आर्जव धर्म यही गाइये। १३८।
बोलै बचन स्वपर हितकार। सत्य सुरूप सुधा उनहार॥
मिथ्या बचन कहै नाहिं भूल। सोई सत्यधर्म तरुमूल। १३९।
पर कामिन पर दरब मझार। जो विरक्त बरतै छल छार॥
अंतर शुद्धहोय सरबंग। सोई शौच धर्म को अंग। १४०।

१—निर्अभिमान॥

मन समेत ये इन्द्री पंच । इनको शिथल करे नहिं रंच ॥
त्रस थावर की रक्षा जोय । संयम धर्म बखानो सोय ।१४१।
ख्याति लाभ पूजा सब छंड । पंचकरण को दीजे दंड ॥
सोतपधर्मकहोजगसार । अनशनादिबारहपरकार । १४२ ।
संयमधारी व्रति परधान । दीजेचहुँ विधि उत्तम दान ॥
तथादुष्टविकलपपरिहार । त्यागधर्मबहुसुख दातार ।१४३।
बाहिजपरिग्रह को परित्याग । अंतर ममता रहे न लाग ॥
आकिंचनयहधर्ममहान।शिवपद दायक निश्चैजान ।१४४।
बड़ी नारि जननी सम जान । लघु पुत्री सम बहिनबखान ॥
तज विकार मन बरते जेह । ब्रह्मचर्य परिपूरण येह ।१४५।

## ॥ दोहा छंद ॥

सोलह कारण भावना, भावैं मुनि आनंद ।
तिनकोनाम सरूप कुछ, लिखूं सकलसुख कंद।१४६।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

आठ दोष मद आठ मलीन । छै अनाय तन सठता तीन ॥

१—नहिं रंच—सर्व अर्थात् बिलकुल या यों कहो इन्द्रियों को ऐसा शिथल करै जो फिर राचें नहीं ॥ २—दुष्ट विकलप—खोटा विचार, भावार्थ राग द्वेष ॥

३—सम्यक्त के सर्व २५ दोष यह हैं, प्रथम आठ दोष—शांकित—जिन वचन में शंका करना १ कांक्षित—संसार के सुख की इच्छा करना२विचिकित्सा—मुनि जनों से ग्लानी करना ३ मूढ़ता—तत्व कुतत्व की पहिचान न करना ४ अनुपगुहणता—पराये औगुण अपने गुण प्रघट करना ५ अप्रभावना—अपने धर्म की उमंग

येपचीस मल वरजित होय। दर्शन शुद्धिकहांवै सोय।१४७।
रत्नात्रय धारी मुनिराय। दर्शन ज्ञान चरित समुदाय ॥
इनकी विनयविषैपरवीन।दुतियभावनासोअमलीन।१४८।
शीलभार धारै समचेत। सहस अठारह अंग समेत ॥
अतीचार नहिंलागै जहां। तृतियभावना कहिये तहां। १४९।
आगमकथित अर्थ अवधार। यथाशक्तिनिजबुधि अनुसार॥
करैंनिरंतरज्ञान अभ्यास।तुरवैभावना कहिये तास। १५०।

## ॥ दोहा छंद ॥

धर्म धर्म के फलविषै, बरतै प्रीत बिशेष।
यही भावना पंचमी, लिखी जिनागम देष। १५१।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

औषधि अभय ज्ञान आहार। महादान यह चार प्रकार ॥
शक्तिसमान सदानिर्वहै। छठीभावना धारक वहै। १५२।
अनशन आदि मुक्ति दातार। उत्तमतप बारह परकार ॥

---

न करना ६ असुस्थि करण-आप वा परको धर्म से डिगती समय स्थिर न करना ७ अवात्सल्य-धर्मी पुरुषों से प्रीति न करना ८ द्वितीय आठमद-कुलका मद १ बड़ी जातिका मद २ रूपका मद ३ विद्या का मद ४ धनका मद ५ बलका मद ६ तपका मद ७ प्रभुताका मद ८ छै अनायतन-कुगुरु १ कुदेव २ कुधर्म ३ कुगुरु सेवक ४ कुदेव सेवक ५ कुधर्म सेवक ६ इनकी प्रशंसा करना, तीन शठता अर्थात् मूढ़ता-जिनदेव १ जिन मुनि २ जिन शास्त्र ३ इनके विपरीतों की मानता करनी ॥

बलअनुसार करैजोकोय। सोसातमी भावनाहोय । १५३ ।
यतीवर्ग को कारण पाय। विघ्न होत जो करै सहाय ॥
साधुसमाधि कहावैसोय। यहीभवना अष्टम होय । १५४ ।
[1]दशविधि साधु जिनागम कहे । पथपीड़तरोगादिक गहे ॥
तिनकी जो सेवा सत्कार। यहीभावना नौमीसार । १५५ ।
[2]परमपूज आतम अर्हंत । अतुल अनन्त[3] चतुष्टय वन्त ॥
तिनकीथुतिनतिपूजाभाव।दशमभावनाभवजलनाव।१५६
जिनवर कथित अर्थ अवधार । रचना करै अनेक प्रकार ॥
आचारजकी भक्तिविधान। एकादशम भावनाजान।१५७।
विद्यादायक विद्यालीन । गुणगरिष्ट पाठक परवीन ॥
तिनकेचरण सदाचितरहै।बहुश्रुतिभक्ति बारमीयहै।१५८।
भगवत भाषत अर्थअनूप।गणधर ग्रंथित ग्रंथ सरूप ॥
तहांभक्तिबरतै अमलान। प्रबचनभक्ति तेरमीजान। १५९।
[4]खटआवश्यक क्रिया विधान । तिनकी कबही करै न हान ॥
सावधानवरतौथिरचित्त। सोचौदहमी परमपवित्त । १६०।
कर जप तप पूजा व्रत भाव । प्रघट करै जिनधर्म प्रभाव ॥
सोई मारग पर भावना । यहै पंच दशमी भावना । १६१ ।

१–आचार्य्य १ उपाध्याय २ तपस्वी ३ सैक्ष ४ गलाण ५ गण ६ कुल ७ संघ ८ साधु ९ मनोग १० ॥ २–परम पूज हैं आत्मा जिनकी ऐसे अर्हंत ॥

३–अनंत ज्ञान १ अनंत दर्शन २ अनंत सुख ३ अनंत वीर्य ४ ॥

४–समता धारण १स्तुतिउचारण २जिन देववंदना ३शास्त्र स्वाध्याय ४ प्रतिक्रमण-पिछले कियेहुये दोषोंकादंडलेना५ अहमिन्द्र तनधारण की इच्छानकरना ६,

चार प्रकार संघ सों प्रीत। राखै गाय बच्छ की रीत॥
यहीसोलमीसबसुखदाय। प्रबचनवात्सल्यअभिधाय।१६२

## ॥ दोहा छंद ॥

सोलह कारन भावना, परम पुन्य को खेत॥
भिन्न भिन्न अरु सोलहों, तिर्थंकर पद हेत।१६३।
बंध प्रकृति जिनमत विषे, कही ऐंकसौ[१२०] बीस॥
[२]सौसँतरह[११७] मिथ्यात मैं, बांधत है निश दीस।१६४।
तिर्थंकर [३]आहार दुक, तीन प्रकृति ये जान॥
इनको बंध मिथ्यात मैं, कहो नहीं भगवान।१६५।
तातैं तिर्थंकर प्रकृति, तीनों समकित माहिं॥
सोलह कारण सों बँधे, सभको निश्चै नाहिं।१६६।

## ॥ सोरठा छंद ॥

पूजपाद मुनिराय, श्री सर्बारथ सिद्ध में॥
कह्योकथनइस न्याय, देखि लीजियो सुबुधजन।१६७।

---

१—मुनि १ अर्जिका २ श्रावक ३ श्राविका॥
२—अर्थात् एक सौसँतरह[११७]. ३—आहारदुक—आहारक १ आहारक मिश्र २ देपोसूत्र जी की टीका, गोमठसारजी काया मारगणा ४—तिर्थंकर पदकी प्रकृति का बंध यह निश्चय नहीं है कि सोलह कारण भावना के समूह सेही हो भिन्न भिन्न कारण भावना से भी होसकता है

## ॥ कुसुमलता छंद ॥

सोलह कारन ये भव तारन, सुमरत पावन होय हियो ॥
भावैंश्री आनंद महामुनि, तिर्थंकर पद बंध कियो। १६८।
काय कषाय करी कृष अतिही, सत संयम गुण पोढ़किये॥
तपबल नानारिद्ध उपन्नी, राग विरोध निवारदिये।१६९।
जिसबन योगधरैं योगेश्वर, तिस बन की सब विपत टलैं॥
पानीभरहिं सरोवर सूके, सबऋतु के फलफूल फलैं।१७०।
सिंहादिक जे जात विरोधी, ते सब बैरी बैर तजैं॥
मोर भुयंगम मूश मजारी, आपस में मिल प्रीतभजैं।१७१।
सोहैं साधु समता रथ बैठे, परमारथ पथ गमन करैं॥
शिवपुर पहुँचन की उरबंछा, औरनकुछ चितचाहधरैं।१७२।
देह विरक्त ममत्त बिना मुनि, सबसों मैत्री भाव धरैं॥
आतमलीनअदीनअनाकुल,गुणवरणतनहिंपारलहैं।१७३।
एक दिना ते वीर बनांतर, ठाड़े मुनि वैराग भरे॥
पौनपरीषह सों नहिं कांपै, मेरुशिखर ज्यों अचलखरे।१७४।
सो मर नरक कमठ चर पापी, नाना भांति विपत्त भरी॥
तिसही कानन में विकटानन, पंचानन की देह धरी।१७५।
देष दिगंबर केहरि कोपो, पुर्ब भवांतर वैर दहो॥

---

१--पोढ़ अर्थात् द्रढ़ किये

धायो दुष्ट दहाड़त तित्तण, आन अचानक कंठगहो।१७६।
तीषे नखन विदारे काया, हाथ कठोरन खण्ड करे ॥
बांकी दाढ़नसों तनबेधे, बदन भयानक ग्रास भरे ।१७७।
यों पशुकृत परचंड परीषह, सम भावन सो साधु सही ॥
क्रोधविरोधहियेनहिंआन्यो, परम छिमाउरमां भवही।१७८।
धन धन श्री आनंद मुनीश्वर, धन यह धीरज भाव भजे ॥
ऐसे घोर उपद्रव में जिन, योग युगत सों प्राणतजे।१७९।
अंत समय परयंत तपोधन, शुभ भावन सों नाहिंचये ॥
आनत नाम स्वर्गमें स्वामी सुरगण पूजत इन्द्र भये ।१८०।

## ॥ दोहा छंद ॥

स्वर्गलोक वरणन लिखूं, यथा शक्ति सुखरीत ॥
धर्म धर्म के फल विषे, ज्यों मन उपजे प्रीत।१८१।

## ॥ स्वर्ग वर्णन ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

चंद्र कांति मूँगा मणि मई। नाना वरण भूमि वरणई ॥
रात दिवस को भेद न जहां। रत्न उद्योत निरंतरतहां।१८२।

मणि कंगुरे कंचन प्राकार। औंड़ी परिखा ऊँचे द्वार॥
तोरण तुंग रत्न ग्रह लसैं। ऐसे स्वर्ग लोक पुरबसैं।१८३।
चंपक पारियात मंदार। फूलन फैलरही महकार॥
चैत बिरछ तैं बढ़ो सुहाग। ऐसे स्वर्गरवाने बाग। १८४।
विपुल बापिका राजैं खरी। निर्मल नीर सुधामय भरी॥
कंचनकमलछईछबिवान।माणकखण्डखचितसोपान१८५
काम धेनु सोहैं सब गाय। कल्पवृक्ष सबही तरुराय॥
रत्नजातिचिंत्यामणिसबै। उपमा कौन स्वर्ग कोफबै।१८६।
गान करैं कहिं सुर सुंदरी। बन वीथिन बैठी रस भरी॥
कहीं देवगण बनिता संग। लीला बन विचरैं मनरंग।१८७।
मंद सुगंध बहै नित वाय। पहुप रेण रंजित सुख दाय॥
आंधी मेह न कबहीं होय। ताप तुसार न व्यापै कोय।१८८।
ऋतुकी रीति फिरै नहिं कदा। सोम काल सुखदायक सदा॥
छत्र भंग चोरी उतपात। सुपने नहीं उपद्रवजात। १८९।
ईतिभीत भूचाल न होय। बैरी दुष्ट न दीषै कोय॥

१—ईति–उपद्रव जो सात हैं, यथा बहुत वर्षा होना १ नहीं वर्षा होना २ टिड्डी दलआना ३ बहुत जंगली चूहों का पैदा होना ४ बहुत शुक आदि पक्षियों का उत्पन्न होना ५ स्वदेशी राजा की चढ़ाई दूसरे राजापर ६ पर राजा की चढ़ाई अपने राजापर ७॥ भीत अर्थात् भय जो सात हैं यथा इस भवका भय १ परभव का भय २ मरने का भय ३ रोगकष्ट आदिका भय ४ नहीं रक्षा होने का भय ५ अगुप्त अर्थात् प्रत्यक्ष होनेका भय ६ अकस्मात् चानचककी आफतकाभय ७॥

रोगी दोखी दुखिया दीन। विरध वैस गुण संपतिहीन। १९०।
बढ़ती अंग विकलता कहीं। ये सब स्वर्ग लोकमें नहीं॥
सहजसोमसुंदरसरबंग। सबआभरणअलंकितअंग। १९१
लक्षण लक्षित सुरभि शरीर। रिद्ध सिद्ध मंदिर मनधीर॥
कामसुरूपीआनंद कंद। कामिन नेत्र कमलनीचंद। १९२।
बदन प्रसन्न प्रीत रसभरे। विनय बुद्धि विद्या आगरे॥
यों बहु गुण मंडित स्वैमेव। ऐसे स्वर्ग निवासी देव। १९३।

## ॥ स्वर्ग स्त्री कथन ॥

### ॥ दोहा छंद ॥

ललितबचन लीलावती, शुभलक्षणसुकमाल॥
सहज सुगंध सुहावनी, यथा मालती माल। १९४।
शील रूपलावण्य निधि, हाव भाव रस लीन॥
सीमा शुभगासिंगारकी, सकल कलापरवीन। १९५।
निरत गीत संगीत सुर, सब रस रीत मझार॥
कोविदा होहिं स्वभावतैं, स्वर्ग लोक की नार। १९६।
पंचे इन्द्री मनको महा, जे जग में सुख हेत॥

१—जितनी वस्तु इस जीवको संसार में सुख की हेतु हैं सो सर्व स्वर्ग लोक का चिन्ह मानो॥

तिन सबही को जानयो, स्वर्ग लोक संकेत ।१९७।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इत्यादिक बहु संपति थान। देवलोक महिमा असमान॥
आनतवर बिमान है जहां। धरोजन्म सुरपति नेतहां। १९८।

## ॥ दोहा छंद ॥

उपजो संपुट गर्भ तैं, तेज पुंज अति चंड ॥
मानो जलधर पटल तैं, प्रघटो दामिनि दंड । १९९।
एक महूरत में तहां, संपूरण तनधार ॥
किधों रत्न की सेज तज, सोवत उठो कुमार । २०० ।
मणि किरीट माथे दिपै, आनन अधिक सरूप ।
कानन कुंडल जग मगै, पानन कटक अनूप । २०१ ।
भुज भूषन भूषत भुजा, हिये हार छबि देत ॥
अंग अंग इत्यादि बहु, सब आभरण समेत । २०२ ।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

शनै शनै देषै दिश सही। लोचन कोर कान लगरही ॥
विसमैवंत होय मन ताम। कहैं कौनआयो किसधाम।२०३।
अहो कौन यह उत्तम देश। सकल संपदा थान विशेश॥

कंचन के मंदिर मणिजरे । दिपै दिव्य अपछराभरे। २०४।
अति उतंग अतिही दुति धरै। मध्य सभा मंडफ मनहरै ॥
सिंहासनअद्भुतइहिठाम। मानोमेरुशिखरअभिराम। २०५।
अनुपम नाटक देषन योग । श्रवणसुखद ये गीतमनोग ॥
ये लावण्यवती वरनार। रूप जलधि वेलाउनहार। २०६।
येउतंग हाथी मद भरे। तेज तुरंगन के गण खरे ॥
कंचनरथपायक दलजेह । मोप्रतिसिरनावैसबयेह । २०७।
सबआनंद भरे मुभ्क देष । सब विनीत सबसुंदर भेष ॥
जैजैकारकरैं बिहसाय। कारनकलु जानोनहिंजाय। २०८।

## ॥ दोहाछंद ॥

इन्द्रजाल अथवा सुपन, कै माया भ्रमकोय।
यों सुरेश सोचै हिये, पै निरनै नहिंहोय ॥२०९॥

## ॥ १५मात्राचौपाईछंद ॥

तवतिस थानक देव प्रधान। मनकीबात अवधिसों जान॥
योगबचनबोलसिरनाय। संशयहरनश्रवनसुखदाय। २१०।
हम विनती सुनियेसुरराज। जीवनजन्मसफल सबआज॥
अबसनाथ स्वामी हमभये। जन्मजोगतैंपावन थये। २११।
सूर्यउदय कमलनी बाग। विकसै यथा जग्यो सिरभाग॥

नंदवर्ध हमदेहिंअशीश। चिरयहराजकरोसुरईश ।२१२ ।
अहो नाथ यह उत्तम ठाम । स्वर्ग तेरमो आनत नाम ॥
जगतसारलछमीकोयेह । निरुपमभोगनिरंतरगेह ।२१३ ।
तुम इहि थान इन्द्र अवतरे । पुर्व जन्म दुद्धर तप धरे ॥
ये सब सुर सेवक तुमतने । ये परिवार लोक हैं घने ।२१४ ।
ये मनोग बनिता मंडली । तुम आदेश चहैं मनरली ॥
ये पटदेवी लावन खान । सब देवी इन मानें आन।२१५।
ये बिमान पुर महल उतंग । चमर छत्र सेना सप्तंग ॥
धुजासिंहासनआदिमनोग ।सकलसंपदायहतुमजोग२१६
ऐसे बचन अनंतर तबै । जाने इन्द्र अवधि बल सबै ॥
मैं पूरब कीनो तप घोर । दंड कर्म धर्म धन चोर ।२१७ ।
जीव जात को निर्भयदान । दीनो आप बराबर जान ॥
सबउपसर्ग सहे धरधीर । जीतोमहाराग रिपुवीर ।२१८ ।
काम विषम वैरीबश कियो । अरु कषाय बन कूँचा दियो ॥
जिनवरआनअखंडितपोष। चारितचिरपालोनिर्दोष।२१९।
इहिविधि सेयो धर्म महान । तिस प्रभाव दीषै यह थान ॥
दुर्गतिपात निवारणकरो। तिनमुझ इन्द्रलोकलेधरो।२२०।
सो अब सुलभ नहीं इस देह। भोग जोग है थानक येह ॥
रागआगदुखदायकसदा। चारितजलबिनबुझैनकदा।२२१

१—मनलगाकर २–सेना सप्तंगकी व्याख्या देखो छंद अंक १३ पर्छम अधिकार।

सोकारण सुरगति में नाहिं। व्रतको उदै न या पद माहिं ॥
यहिसम्यक दर्शनअधिकार। शंकादिकमलबरजितसार २२२
कै जिनवर की भक्ति सहाय। और न दीषै धर्म उपाय ॥
यहविचारजिन पूजनहेत। उठोइन्द्र परिवार समेत। २२३।
अमृत बापिका में करन्हवन। गयोजहां मणिमयजिनभवन॥
रत्नबिंबबंदे बिहसाय। भावभगत सों सीस नवाय। २२४।
पूजाकरी दरबधर आठ। पुलकित अंगपढ़ो थुति पाठ ॥
चैतबिरच्छजिन प्रत्मा जहां। महामहोछव कीनो तहां। २२५।
यों बहु पुन्न उपायो सही। फेर आय निज सम्पति गही॥
दिव्यभोगभुंजेबड़भाग। लोकोतमजाहिं सहजसुहाग। २२६।
शोभनरूप [1]प्रथम संठान। [2]वैसुवैक्रियक सुलच्छन वान ॥
कोमलसुरभि सचिक्कनदेह। सातधात बरजितगुणगेह २२७
पलकपात लोचन में नहीं। मलपसेव नख केशन कहीं ॥
जराकलेश न चिंत्या सोग। नाहींअल्प मृत्युभयरोग। २२८।
इत्यादिक दुखयोग अनेक। तिनमें नहीं अमर के एक ॥
[3]आठरिद्धिअणिमादिपसथ। तिसबलसकलकाजसमरथ २२९
स्वर्ग लोक के सुख की कथा। कहै कहांलो बुध बल यथा ॥

१—प्रथम संठान का नाम—सम चतुर संस्थान है—जो ऊपर नीचे समान विभाग रूप शरीर के अंग उपांग में आकप होय सो सुंदर मर्याद रूप अंग होय इसी का नाम चतुर संस्थान है ॥ २—देषो बाण्या आठ रिद्धि छंद अंक २२९ चतुर्थ अधिकार ॥ ३—अणिम। १ महिमा २ लघिमा ३ गरिमा ४ प्राप्ति ५ प्राकाम्य ६ ईशत्व ७ वशित्व ८ ॥

बैठमनोगतिबिमलाबिमान।बिचरैनभपथ बंछितथान।२३०।
कबही मेरु जिनालयगमै। कबही आन कुलाचलरमै॥
दीप समुद्र असंखअपार। करै सुरेन्द्र सुछंद बिहार। २३१।
बर्ष बर्ष मैं हर्ष बढ़ाय। तीनबार नंदीसुर जाय॥
पंचकल्याणक समैं सुयोग। करैतीनपदनमननियोग।२३२।
और केवली प्रभुके पाय। दोय कल्याणक पूजै आय॥
निज कोठे थिरहोयसुजान। करै दिव्य बानी रस पान।२३३।
सभा सिंहासन बैठ सुरेश। देयसुरनप्रति हित उपदेश॥
करैतत्त्ववर्णन विस्तार। अनेकांत वाणी अनुसार। २३४।
जेसुर सम्यक दर्शनहीन। तपबल देवभये सुख लीन॥
तिनप्रतिधर्म वचन उच्चरै। दर्शनगुणकी प्रापति करै।२३५।
इहिविधि विविधकरै सुभकाज। महापुन्न संचै सुर राज॥
दर्शनज्ञान रत्न भंडार। चारित गुणकोनाहिं अधिकार।२३६।
धर्म वासना बासित योग। करै पुनीत पुन्न फल भोग॥
कबही सुनै अपछरा गान। निरखै नाटक निरुपम थान।२३७।
कबहीं शुभ सिंगार रस लीन। हाव भाव जोवै परबीन॥
कबही हास्यकथा विस्तरै। बनक्रीड़ा देवन संग करै।२३८।
योंनानाविधि करतबिलास। प्रतिदिन सुखसागरमैंबास॥
साढ़ेतीनहाथ परवान। दिव्यशरीर अतुलदुतिवान।२३९।

१—धर्म की बासना से जिसका योग वासित है॥

सागर बीस परम थिति जास। बीस पक्ष परलेयउसास ॥
बीसहजारवर्ष अवसान। मनसा भोजन करै महान।२४०।
पंचमपिरथीलों जिससही।अवधि शक्ति जिनशासनकही॥
तावतमान विक्रिया खेत।सकल काजसाधनसुखहेत।२४१।
असंख्यात सुर सेवन पाय। देवी नेत्र कमल दिनराय॥
यों पूरब कृत पुन्न संयोग। करै इन्द्र इन्द्रासन भोग।२४२।

## ॥ दोहा छंद ॥

[2]कहा इन्द्रअहमिंद्र पद, जन्म धरै फिर आय॥
जैन धर्म नृप की धुजा, लोक शिखर फरराय।२४३।

इति श्री पार्श्व पुराण भाषा आनन्दकुमार महा मंडली का आनत नाम तेरवें स्वर्ग में इन्द्र होना वर्णनो नाम चतुर्थम् अधिकार सम्पूर्णम् ॥

१—इन्द्र इन्द्रासन के भोग करै हैं ॥

२—क्या अर्थात् तुच्छ है इन्द्र अहमिंद्र पदकी प्राप्ति किसलिये कि इनका जन्म मरण मिटा नहीं जैन धर्म की धुजा ऊर्ध लोक के शिखरपर फहरारही है भावार्थ जैन धर्म का प्रभाव यह है कि जीव मोक्ष होकर जन्म मरणसे छूट जाता है॥

# ॥ पंचम अधिकार ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

वंदूं पारस पद कमल, अमल बुद्धि दातार ॥
अब वरणूं जिन राजके, पंच कल्यानक सार । १ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

प्रथम अनंत अलोकाकाश । दशौंदिशा मरजाद न जास ॥
दूजो दरब जहां नाहिं और । सुन्न सरूप गगन सबठौर । २ ।
तहां अनादि लोक थिति जान । छींदे पाय पुरुष संठान ॥
कटिपै हाथ सदाथिर रहै । यह सरूप जिन शासनकहै । ३ ।
पौन पिंड वेढों सरवंग । चौदह राजू गगन उतंग ॥
घनाकार राजू गण ईश । कहे तीन सौ तेंतालीश । ४ ।

१—राजू की व्याख्या बहुत बड़ी है सो त्रिलोकसार ग्रंथ से देखलेना ॥

२—पुरुषा कार लोक का सब से नीचे छींदे पैरों का भाग ७ उस्से ऊपर कटि का भाग १ उस्से ऊपर कटि पर दोनों हाथ धरने से दोनों कुहनियों के बीच का भाग ५ उस्से ऊपर सिर का भाग १ राजू चौंड़ा है जिनके योग फल १४ का मध्य भाग ३॥ हुवा इस ३॥ राजू चौंड़ाव को १४ राजू पुरुषाकार लंबान में गुणनेंसे ४९ गुणन फल हुवा इस ४९ को ७ राजू मुटाई में गुणनें ३४३ राजू घनाकार लोक हुआ ॥

जीवादिकछह दरब सदीव । तिनसों भरो यथा घट घीव ॥
स्वयं सिद्ध रचनायह बनी । नाइस करता हरता धनी॥ ५ ।
दरब दिष्टि सों ध्रौव्य सरूप । पर्यय सों उत्पतव्ययरूप ॥
जैसे समुद सदाथिरलसै । लहर न्याय उपजैअरुनसै । ६ ।
लोक नाड़ि तिस मध्य महान । चौदह राजूव्योमउचान॥
राजूमित चौंड़ी चहुंपास । यह त्रस खेत जिनागम भास। ७।
याके बाहर जंगम जीव । समुंदघात[१] बिननाहिं सदीव ॥
तामें तीनों लोक विशाल । ऊरध मध्य औरपाताल । ८ ।
सोलह स्वर्ग पटल बावन्न । नव ग्रीवक नवपटलरवन्न ॥
अनुदिश और अनुत्तर येह । एकएकही पटल गिनेह । ९ ।
ये सब त्रेसठ पटल बखान । सिद्ध खेत सो है सिर थान॥
ऊरध लोक बसै इहिभाय।उत्तम सुरथानक सुखदाय। १० ।
अधो लोक में बहुविधि भेव। सातनरक असुरादिकदेव॥
मध्यलोकपुनितीजो तहां। असंख्यात दीपोदधिजहां। ११ ।
तिन मैं शोभावंत सुहात । जंबू दीप जगत विख्यात ॥
लक्ष महा जोजन विस्तार । सूर्य मंडल की उनहार। १२ ।
वज्र कोट जिस कोट अभंग। परमित योजन आठ उतंग ॥
चारों दिश दरवाजे चार । तिनकेनाम लिखूं अवधार। १३ ।
विजै नाम पूरब मैं जान। बैजयंत दक्षिण दिश ठान ॥

१—आत्मा के प्रदेश का शरीर से बाहर होकर फैलना जो सात प्रकार माना गया है देखो छंद अंक ५६ आदि ७५ पर्यंत नवम अधिकार ॥

पश्चिम भाग जयंत दुवार। उत्तर मैं अपराजितसार। १४।
लवण समुद्र खातिका रूप। चहुं दिश बेढ़ो सजल सरूप॥
तहां सुदर्शन मेरु महान। मध्य भाग शोभा असमान। १५।
अति उतंगलख योजन सोय। रिजुबिमान जा ऊपर होय॥
सब शैलन में ऊंचो यहै। ग्रीव उठाय किधों इमकहै। १६।
करै कौन गिर मेरी रीस। जिन पति न्हौन होय मुझसीस॥
चारों दिश चारों गजदंत। नील निषधसों लगे महंत। १७।
छेह[1] कुल पर्वत बड़े विथार। पूरब पश्चिम दीरघ धार॥
आठमहा गिरदिग्गजनाम। मेरु निकट आठोंदिशठाम। १८।
कनक वरण सोलह बच्छार। महा विदेह विषै छबिसार॥
कंचन गिर दीषै परवान। सीता सीतोदा तट थान। १९।
कुरु भूँ माहिं यमक गिरचार। नील निषधके निकट निहार॥
चार नाभिगिर मिथ्यानाहिं। मध्यम जघन भोगभूंमाहिं। २०।
विजयारध पर्वत चौंतीस। इतनेही वृषभांचल दीस॥
ते मलेच्छ मघ खंडनविषै। चक्री जहांनांव निजलिषै। २१।
यों गिर दीप विषै वरनये। ग्यौरह अधिक एकसौ भये॥
भद्रसाल वन दोयसुबास। पूरव अपर[2] मेरु के पास। २२।
दो तरु जंबू[3] सेंभल तने। उत्तम भोग भूमि मै बने॥

१—हिमवान १ महा हिमवान २ निषध्य ३ नील ४ रुक्मी ५ शिषरी ६
२—अपर अर्थात् पश्चिम ॥ ३—जामुन वृक्ष ॥

छहद्रहवड़े कुलाचल सीस। पद्म[१] महापद्मादिक दीस।२३।
बीस सरोवर और सुनेह। सीता सीतोदा मध तेह॥
उत्तम[२] मध्यम जघन विशेश। भोगभूमि छहकही जिनेश।२४।
महादेश चौंतीस सुखेत। ऐरावत अरु भरथ समेत॥
इतनीही नगरी परवान। आरजखंडमध्य थिरथान।२५।
उपसमुद्र की संख्या यही। कछू बिनाशिक कछुथिरसही॥
पूरब दिशदो बाग महंत। देवारण्य दीपके अन्त।२६।
ऐसेही पाश्चिम दिशदोय। भूतारण्य नाम तिनहोय॥
गंगादिकसरिता दश[१४]चार। चौसठ[६४] महा बिदेहमझार।२७।
बारह[१२] बिपुल बिभंगा[३] जेह। महानदी नब्बे[९०] सब येह॥
इतनेहीसब कुंड महान। जहां तुरंगनि उतरैं आन।२८।
सतरह[१७] लाख सबन परवार। सहसछानवे[९६०००] ऊपरधार॥
यहसब जम्बूदीप समास[४]। आगममें विस्तार प्रकास।२९।

## ॥ दोहा छंद॥

यही कथन अंगन विषे, वरणो गणधर ईश॥

१—पद्म १ महापद्म २ तिगंछ ३ केशरी ४ पुंडरीक ५ महा पुंडरीक ६
२—मेरु पर्वत से दक्षिण दिशा में ३ उत्तम १ मध्यम २ जघन ३ हैं इसी प्रकार उत्तर दिशा मै ३ जान लेनी जो सर्व ६ भोग भूमि हुईं॥
३—बड़ी लहर मारने वाली अथवा इनकी संज्ञाभी विभंगा है॥
४—संक्षेप रूप जंबू दीप इसप्रकार है॥

तीनलाख पद में सही, ऊपर सहस पचीस । ३० ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

यों अनेक रचना आधार । दीप राज राजै अधिकार ॥
तहां मेरुकेदक्षिण भाग । किधोंभूमि तियशुभगसुहाग।३१।
भरथ खण्ड छह खण्ड समेत । धनुषाकार बिराजत खेत॥
तामेंसबसुखधर्मनिवास । काशीदेशकुशल[1] जनबास।३२।
गांव खेट पुर पट्टन जहां। धनेकन[2] भरे बसें बहुतहां॥
निवसै नागर जैनी लोय। दया धर्म पालैं सबकोय।३३।
जिन मँदिर ऊँचेजिन माहिं। नरनारी नित पूजन जाहिं ॥
पदपद पुरपंक्ति पेषये। ऊदवथान न कहिं देषये। ३४।
नीरअगाध नदी नित बहैं । जलचर तहांजीव नितरहैं ॥
मुनिजनभूषित जिनकेतीर। काउसर्ग कर ठाड़े धीर। ३५।
ऊँचे परबत झरना झरैं । मारग जात पाथिक मनहरैं ॥
जिनमेंसदा कन्दराथान । निश्चल देह धरैं मुनिध्यान।३६।
जहांबड़े निर्जन वनजाल। जिनमेंबहु विधि विरछ बिशाल ॥
केला कर्पट कटहल कैर। कैथ करौंदा कोंच कनैर । ३७।
किर्मला कंकोल कन्हार । कमरष कंज कदम कचनार ॥
खिरनी खारक पिंडखजूर । खैरखरहटी खेजड़ भूर। ३८।

१—कुशल कहिये चतुर जनों का नाम है ॥
२—धन अर्थात् डांगर ढोर कन नाज ॥

अर्जुन अंबली आंब अनार। अगर अँजीर अशोक अपार॥
अरणी औंगा अरलूभने। ऊंबर अरंड अरीठा घने। ३९।
पाखल पीपल पुंग प्रयंग। पीलू पाटल पाट पतंग॥
गोंदी गुड़हल गूलर जान। गांडर गुंजा गोरखपान। ४०।
चंपाचीढ़ चरोंजी फली। चंदन चोल चँबेली भली॥
जंट जंभीरी जामन कोट। नीबु नारयल हींस हिंगोट। ४१।
सोना सीसम सेंभल साल। नीमरु सिरस सदाफल जाल॥
बांस बबूल बकायन बेर। बेत बेहड़ा बड़हल पेर। ४२।
महुआ मौलसिरी मचकुन्द। मरुवा मोगा करना कुन्द॥
तूत तबोंलनि तींदू ताल। तगर तिलक तालीस तमाल।४३।
इहिविधि रहे सरोवर छाय। सबही कहत कथा बढ़जाय॥
तहां साधु एकांत बिचार। करैं पठन पाठन विधिसार। ४४।
विविध सरोवर शीतल ठाम। पंथी बैठ लेहिं विश्राम॥
निर्मल नीर भरे मनहार। मानो मुनिचित विगतविकार।४५।
सोहैं सफल साल के खेत। भये नम्र फल भार समेत॥
सज्जनजनज्यों संपति पाय। छोड़ गुमान[1] चलैं शिरनाय।४६।
केवलज्ञानी करत विहार। जहां सदा सबसुख दातार॥
आचारज शुभ संघसमेत। विहरमान[2] भविजन हितहेत।४७।
केईजहां महाव्रत लेहिं। भवदुख वारि जलांजलि देहिं॥
केईधीर उग्र तप करैं। ते अहिमिंद्र जाय अवतरैं। ४८।

१—गुमान अर्थात् मान॥ २—विहार करते हुये॥

केई श्रावक के व्रत पाल । अच्युत[1] स्वर्ग बसैं चिरकाल ॥
केई कर जिनयज्ञ[2] विधान । पावें पुन्नी अमर विमान । ४९ ।
केई मुनिवर दान प्रभाव । भोगें भोग भूमि की आव ॥
अतिपुनीत सबही विधिदेश । जहाँजन्म चाहें अमरेश ।५० ।
तहां बनारस नगरी बसै । देखत सुर नर मन हुल्सै ॥
है प्रसिद्ध धरनी परसोय । तीरथ राज कहैं सब कोय । ५१ ।
शोभा जाकी कहिय न जाय । नाम लेत रसना शुचि थाय ॥
जहां सरोवर नाना भांत । जिनके तीर तरोवर पांत । ५२ ।
निजजीवन[3]जीवनसुख देहिं । कमलसुबास शिलीमुखलेहिं ॥
सोहें सघन खाने बाग । फले फूल फल बढ़ो सुहाग । ५३ ।
सजल खातिका राजे खरी । उठे लहर लोयन[4] गति हरी ॥
कोट उतंग कांगुरे लसैं । मानो स्वर्ग लोक दिशिहसैं । ५४ ।
ऊंचे महल मनोहर लगें । तोरन कलश शिषर जगमगें ॥
अतिउन्नतजिनमंदिरजहां । तिनमहिमावरणनबुधकहां । ५५ ।
रत्न बिंब राजैं जिहि माहिं । शिषर सुरंग धुजा फहराहिं ॥
कंचनके[5] उपकरन समाज । आवैंभविजन पूजाकाज ।५६ ।
जै जै शब्द सहितछबि छजै । किधोंधर्म रयणायरगजे ॥
नगर नारिनित बंदनजाहिं । जिन दर्शन उच्छवउरमाहिं ।५७ ।

१—सोलहवां स्वर्ग ॥ २—जिन पूजा ॥ ३—जीवन अर्थात् जल ॥
४—आखों की चाल को रोक दिया भावार्थ आंखें खुली देखती रहीं ॥
५—कंचनके भाजनोंका समूह साथ लेकर भविजन पूजा काजआवैं ॥

भूषण भूषित सुंदर देह । मानो स्वर्ग अपछरा येह ॥
सब ग्रहस्थ सोधै खट कर्म । पालैप्रजा अहिंसाधर्म।५८।
[2]दोष अठारह बरजित देव । तिस प्रभुको पूजें बहु भेव ॥
चाह बिना बराजित जो धीर । सोई गुरु सेवें बरवीर।५९।
आदि अंत जे बिगत विरोध । तेई ग्रंथ सुनै मनसोध ॥
सत्य शील गुण पालैं सदा।तातें लोग सुखी सर्वदा।६०।

## ॥ दोहा छंद ॥

प्रजा बनारस नगरकी, नागर नीत सुजान ।
चार रत्न के पारखी, लहिये घर घर थान । ६१ ।
देव धर्म गुरु ग्रंथ ये, बड़े रत्न संसार ॥
इनको परख प्रमानये, यहनर भव फलसार । ६२ ।
जे इनकी जानें परख, ते जग लोचन वान ।
जिनको यह शुध नापरी, ते नर अंधअजान । ६३ ।
लोचन हीने पुरुषको, अंध न कहिये भूल ।
उर लोचन जिनके मुँदे, ते अंधे निर्मूल । ६४ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इहि विधिनगरबसै बहुभाय । सबशोभा वरणीनहिंजाय ॥

१—सिज्झाय अर्थात् सामायक १ तप २ जिन पूजा ३ संयम अर्थात् इन्द्रियों का रोकना ४ श्रीगुरु के पावोंमें चित्त लगाना ५ और अपने वित्त समान दान देना ६ ये षट्कर्म हैं ॥ २—अठारह दोष की सूची पहिले लिख आयेहैं देषो ०प.रूपा छंद ३६ अधिकार २ ॥

अश्वसेन भूपति बड़ भाग । राजकरैतहां अतुलसुहाग।६५।
काशिपगोत्र जगतपरशन्स । वंशइक्ष्वाक विमलसरहन्स॥
तेजवंत दिनपतिज्योंदिपै । प्रभुता देषशची पतिछिपै ।६६।
कल्प तरोवर सम दातार । रति पति लाजै रूप निहार॥
रैणायर सम अति गंभीर । पर्बत राज बराबर धीर। ६७ ।
सोम समानसबन सुखदाय । कीरति किरण रहीजगछाय॥
तीन[1] ज्ञान संयुक्त सुजान । परम विवेकी दया निधान।६८।
जिनपद भक्त धर्म धन वास । गुरु सेवा रति नीत निवास ॥
कला चातुरी बुध विज्ञान । विद्या विनै संपदा थान ।६९।
सकल सार गुण माणक कोष । उभय[2] पक्ष निर्मल निर्दोष ।
जिनसूरजउदयाचल राय।तिसमहिमावरणीकिमजाय।७०।
बामा देवी नाम पवित्त । तिनके घर रानी शुभ चित्त ॥
निरुपमलावन सबगुणभरी।रूपजलधि बेलाअवतरी।७१।
नखशिषसहज सुहागिननार।तीनलोक तियतिलकसिंगार॥
सकल सुलक्षण मंडित देह । भाषा मधुर भारती[3] येह।७२।
रंभा रति जिस आगे दीन । रोहिणि रूप लगै छबिछीन ॥
इन्द्र बधू इम दीपै सोय । रवि दुति आगे दीपकलोय ।७३।
जन मन हर्ष बढ़ावन एम। कातिक चांद चंद्रिका जेम ॥

१—मति-श्रुति, अवधि ॥
२—दोनों पक्ष अर्थात् पिता का कुल माता की जाति ॥
३—वाणी ॥

सकलसारगुणमणिकीखान।शीलसंपदाकी निधिजान ।७४।
सज्जनता की अवधि अनूप। कला सुबुधि की सीमारूप ॥
नाम लेत अघतजे समीप। महा पुरुष मुक्ताफलसीप ।७५।
त्रिवभुन नाथ रत्नकी मही। बुधिबल महिमा जाय न कही ॥
बहुविधि दंपति संपति जोग। करे पुनीत पुन्नफल भोग।७६।

## ॥ उक्तंच प्राकृत गाथा ॥

## ॥ आर्या छंद ॥

तित्थयरा तप्पियरा हल हर चक्कांई वासदेवांई।
पडि बास भोय भूमिय आहारोणात्थिणी हारो।७७।

## ॥ भाषा टीका ॥

तिर्थंकर और उनके माता पिता बलभद्र चक्रवर्ति नारायण और भोगभूमि बासी युगल इन सबके आहार हैं निहार अर्थात् मल मूत्र नहीं होता ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जिनवर जिन माता जिन तात। बासदेव बलदेव विख्यात ॥
चक्री राय युगलया जोय। इनसब के मल मूत्र नहोय।७८।

## ॥ दोहा छंद॥

पूरब गाथा को अरथ, लिखो चौपाई लाय।

खट पाहुड़ टीका विषै, देष लेउ इहि भाय । ७९ ।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

अब आगे भविजन मन थंभ । सुनो गर्भ मंगल आनंद ॥
एक दिना सौधर्म सुरेश । धनपति प्रति दीनो उपदेश ।८०।
आनतेंद्र[2] की थित में सही । आयु छ मास शेष अब रही ॥
तेबीसैंम[23] अवतार महान । होसी नगर बनारस थान ।८१।
अश्वसेन भूपति के धाम । पंचाश्चर्ज करो अभिराम ॥
यह सुरेन्द्र नें आज्ञा करी । सो कुबेर निज माथे धरी ।८२।
चलो तुरत लाई नहिं बार । सोहै संग अमर परवार ॥
हर्षत अंग पिता घर आय । करी रत्न वर्षा बहुभाय । ८३ ।
जिनके तेज तिमर नाहिं रहै । नाना वरण प्रभा लह लहै ॥
ऐसे निर्मोलक नग भूर । वरषैं नृप के आंगन पूर । ८४ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

नभसों आवें झलकती, मणि धारा इहिभाय ।
सुरग लोक लक्ष्मी किधौं सेवन उतरी माय । ८५ ।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

साढ़े तीन कोड़ परवान । यों नित वरषैं रत्न महान ॥

१—एक ग्रंथ का नाम । २—तेरवां स्वर्ग ।

सुरभि सुगंध कल्प तरुफूल। वरषावैं सुर आनंदमूल।८६।
गंधोदक की वरषा करैं। मानो मुक्ताफल अवतरैं॥
प्रति दिन देव दुंदभी बजै॥किधौं महा रैणायर गजै।८७।
नंद विरध जैजै उच्चरैं। मात पिता प्रति सुरयों करैं॥
इहि विधि पंचाश्चर्य बिलोक। जैनी भये मिथ्याती लोक।८८।

## ॥ दोहा छंद॥

देवन किये छ मास लों, पंचाश्चर्य अनूप॥
देष देष परजा भई, आनंद अचरज रूप। ८९।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद॥

यों अति आनंद सों दिन जाहिं। माता मगन सुखोदधि माहिं॥
माणकजटित मनोहर धाम। रत्नपलंक सेज अभिराम।९०।
मणिमय दीपजहांजगमगैं। अति सुगंध आवत अलिपगैं॥
करि चतुर्थानंद[1] स्नान। करैं सैन जननी सुखमान।९१।
पश्चिम रैन रही जब आय। सोलह सुपने देषे माय॥
तिनके नाम लिखूं अवलोय। पढ़त सुनत पातक छै होय।९२।

## ॥ पद्धडी छंद॥

सुपनावलि सोलह सुनहु मीत। जिन राजजन्म सूचक पुनीत।

१—ऋतु समय स्त्री चौथे दिन स्नानकर शुद्ध होती है भावार्थ वामा देवी शुद्ध स्नानकर सोगई और ऐसा समय गर्भका कारण है॥

ऐरावत हाथी प्रथमदीस। मद गीलेगंड विशालशीस ।९३।
देष्यो डक्कारत वृषभ राज। अति उज्जल मोती वरणभाज॥
देष्यो पंचनन धवलदेह। निज नाद करैज्यों सरदमेह।९४।
देष्योमणिआसनशोभमान।तहां हेमकलश कमलासनान॥
देखीदो पावनपहुप माल। भमरावलिवेढ़ीअतिविशाल।९५।
रवि मंडल देष्यो तम गलंत। उदयाचल ऊपर उदयवंत॥
संपूरण तारापति विमान। तारा वलिमध्य विराजमान।९६।
जलतिरत मनोहर मीनजोट। देषे जिन जननीपलकओट॥
देषेचामीकरकलश दोय।अति झलकैं वारिजढकेसोय।९७।
देष्यो कमलाकर कमल छन्न। वहु हंसी हंसन सों रवन्न॥
देष्योरैणायर गर्जमान। पुनि सिंह पीठ माणकनिधान।९८।
फिर देष्यो देव विमाग योग। धुज घंटा झालर सों मनोग॥
प्रघटोमहीफोरफनेंद्रधाम।माणिकंचनमयनयनाभिराम ९९।
पुनि रत्न रांशि देषी अनूप। इन्द्रायुध वर्ण विचित्र रूप॥
निर्धूम धनंजय दीपमान। येदेखेसोलह सुपन जान। १००।

## ॥ दोहाछंद ॥

गजप्रवेशमुखकमलमैं,सुपनअंत अविलोय॥

१—पौष माघ की वर्षा ॥
२—मणि आसन शोभमानपर हेम कलश से लक्ष्मी को स्नान करते देखी ॥
३—कमलों कर छाया हुआ ॥ ४—नैनों को आनंद देनेवाला ॥ ५—दिपती हुई अर्थात् चमकती हुई ॥ ६—सुपनों के अंत में भावार्थ सुपनों के पीछे ॥

सुख निद्रा पूरी भई, भयो प्रात तम खोय ।१०१।

## ॥ प्रातकाल कथन ॥

### ॥ दोहा छंद ॥

पुब्ब दिवाकर ऊगयो,गयो तिमर दुखदाय ॥
जैसे जैन सिधांतसुन, भरम भाव मिटजाय ।१०२।
मंदतेज तारे भये, कछु दीषें कछु नाहिं ॥
ज्यों तिर्थंकर के उदय, पाषंडी छिपजाहिं ।१०३।
सूरजवंशी जे कमल, खिले सरोवर माहिं ।
ज्योंजिनबिंबबिलोकके, भविलोचनविकसाहिं।१०४।
चंद विकाशी कमल जे,विकसत भये न सोय ॥
ज्योंअजान जिन वचनसुन, मुद्रित मूलनहोय।१०५।
चक्रबाक हरषत भये, ज्योंजिन मत्त संयोग ॥
जीवसुमति पियनारिको, मिटोआनादिवियोग।१०६।
घूघूगण भूतल विषे, आंधे भये असूझ ॥
जैनग्रन्थ के रहस में, ज्यों परमती अबूझ ।१०७।

१—जीव रूप पुरुष और सुमति रूप नारी का जो अनादि काल से वियोग था सो मिटगया ॥

कमलकोष मधुकर बँधे, छुटेजग्यो सिर भाग ॥
यथा जीव जिनधर्मसों, मुक्तिहोय भवत्याग ।१०८।
पथिक लोग मारग चले, सूझे घाट कुघाट ॥
जिन धुनि सुन सूझै यथा, स्वर्गमुक्ति कीबाट।१०६।
इहिविधिभयोप्रभातशुभ, आनन्दभयोअतीव॥
धर्म ध्यान आराधना, करनलगे भवि जीव ।११०।
जिनजननी रोमांचि तन, जगीमुदितसुखजान॥
किधोंसकंटककमलनी, विकशीनिश अवसान।१११।
मंगलीक बाजित्र धुनि, सुन वन्दी जन गान ॥
उठीसेजतज सुखभरी, धरो हिये शुभ ध्यान ।११२।
सामायक विधि आदरी, पंच परम पदलीन ॥
औरउचित आचारसब, न्हौन विलेपन कीन।११३।
पहरे शुभ आभर्ण तन, सुन्दर बसन सुरंग ॥
कलपबेल जंगम किधों, चलीसखी जन संग ।११४।
राजसिंहासन भूप तब, बैठे सभा सुथान ॥
देवी आवत देखिकै, कियो उचित सनमान ।११५।
अर्धासन बैठन दियो, जोग बचन मुख भास ॥
योंरानी विकशत बदन, बैठी भूपति पास ।११६।
सभा लोक तारे विविधि, भूपति चांद सरूप॥
श्रीबामा देवी तहां, दिपै चन्द्रिका रूप ।११७।
स्वामी सोलहु सुपनहम, देखे पश्चिम रैन ॥

श्रीमुखतै इनको सुफल, कहो श्रवन सुखदैन । ११८ ।
अश्व सेन भूपाल तब, बोले अवधि बिचार ॥
एकचित्त कर देवितुम, सुनो सुपन फलसार । ११९ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

धुरगजेन्द्र दर्शन तैं जान । होसी जगपति पुत्र प्रधान ॥
महावृषभपुनि देख्यो सोय । जगजेठो नंदनतुमहोय । १२० ।
स्वेतसिंह दर्शन फलभास । अतुल अनन्ती शक्तिनिवास ॥
कमलामज्जन तैंसुरईश । करैंन्हौनकनकाचल शीश । १२१ ।
पहुपदाम दो देषीसार । तिसफल दुबिधि धर्मदातार ॥
शशितैं सकल लोकसुखदाय । तेज पुंज सूर्य तैं थाय । १२२ ।
मीन युगलतैं सबसुखभाज । कुंभविलोकन तैं निधिराज ॥
सरवरतैं सब लक्षणवान । सागर तैं गंभीर महान । १२३ ।
सिंहपीठ तैं मृगलोचनी । होयबाल तुमत्रिभुवन धनी ॥
सुर विमान देख्यों सुख पाय । स्वर्ग लोकतैं उपजै आय । १२४ ।
नागराज ग्रहको सुनहेत । जन्मैं मतिश्रुति अवधिसमेत ॥
रत्नराशि तैं गुणमणि थान । कर्मदहन पावकतैं जान । १२५ ।
गज प्रवेश जो बदन मझार । सुपन अन्तदेष्यों[1] वरनार ॥
श्रीपारस जिनजगत प्रधान । गर्भ तुम्हारे उतरै आन । १२६ ।

---

१–सुपनों के अन्त में

## ॥ दोहा छंद ॥

सुन बामादे सुपनफल, रोमांचित तनभूर ॥
सुबचन जल सींचतकिधों, उगेहर्ष अंकूर । १२७ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अबसौधर्म सुरेश विचार । स्वामि गर्भ अवसर निर्धार ॥
कुलगिरकमल वासनीजेह । श्रीआदिक देवीगुणगेह । १२८ ।
तिन्हैंबुलाय कहोशुभ भाउ । अश्व सेन भूपति घरजाउ ॥
बामादेवी के उरथान । तेबीसम जिन उतरे आन । १२९ ।
तिनकीगर्भ शोधनाकरो । निज नियोग सेवामन धरो ॥
यहसुनसब आनंदितभई । इन्द्रआन माथे धरलई । १३० ।
स्वर्गलोक तजि आई तहां । बसे बनारस नगरीजहां ॥
महाकांततनलावनभरी । मानोनभ दामिनिअवतरी । १३१ ।
अंगअंग सबसजे सिंगार । रूपसम्पदा अचरज कार ॥
चूड़ामणि माथेजगमगै । देखतचका चोंधसी लगै । १३२ ।
सुरतरुसुमन दामउरधरी। अतिसुवास दशदिशि विस्तरी ॥
श्रवनसुखद नेवरझंकार । शोभा कहत न आवै पार । १३३ ।
आय नृपत के पायन नई । आयसु मांग महल में गई ॥

१--प्रथम स्वर्ग

सिंहासन थितिमाय निहार। करप्रणाम कीनो जैकार।१३४।

## ॥ दोहाछंद ॥

जननी देहसुभावसों, अतिनिर्मल अविकार ॥
ताहि कुलाचल वासनी, औरकरैं शुचिसार ।१३५।
कृष्णपाखवैशाखदिन, दुतिया निश अवसान ॥
विमलविशाखा नखतमें, बसेगर्भ जिन आन ।१३६।
यथासीप संपुट विषे, मोती उपजे जान ॥
त्योंहीं निर्मल गर्भ में, निराबाध भगवान । १३७।
गर्भ बसैं पर गर्भ तैं, बरतैं भिन्न सदीव ॥
घटतैंघट बरतीगगन, क्योंनहिं भिन्नअतीव ।१३८।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तबजिन पुन्नपवन बसहले। चहुँविधि सुरकेआसनचले ॥
चिह्नदेख इन्द्रादिकदेव। जानोंअवधि ज्ञानबलभेव। १३९।
जिनवर आजगर्भ अवतरे। यहविचार उरआनन्द भरे ॥
चढ़विमान परिवारसमेत। चलेगर्भ कल्यानक हेत।१४०।
जैजैकार करत बहुभाय। उच्छव सहित पिता घर आय ॥
मातपिता आसन परठये। कंचनकलश नहावतभये। १४१।

१--चार प्रकार देवता

गर्भमध्य वरतीभगवान। प्रणमेंदेव धरो मन ध्यान॥
गीत निरत बाजित्र बजाय। पूजा भेंट करी शिरनाय।१४२।
यों सुरगण सब साध नियोग। गये गेह कर कारज जोग॥
इन्द्रराजको आयसुपाय। रुचक वासिनीदेवी आय।१४३।
यथायोग सब सेवाकरैं। छिनछिन जिनजननी मन हरैं॥
रुचक दीप तेरह मो जहाँ। रुचकनाम पर्वतहैतहाँ।१४४।
सो चौरासी सहस प्रमाण। इतने योजन उन्नत जान॥
इतनोहीं विस्तीरणधार। दीप मध्य सो बलयाकार[1]।१४५।
ताकेशिषर कूटबहु लसैं। दिशाकुमारी[2] तिनमें बसैं॥
तेसबसेवन आवेंमाय। यह नियोग इनको सुखदाय।१४६।

## ॥ कुसुमलताछंद ॥

आई भक्ति नियोगिनि देवी। जिन जननीकी सेवभजैं॥
कोई न्हान विलेपनठानैं। कोईसार सिंगारसजैं।१४७।
कोई भूषन बसन समप्पै। कोई भोजन सिद्धकरैं॥
कोई देय तबोल रवाने। कोई सुंदर गान करैं।१४८।
कोई रत्न सिंहासन थापैं। कोई ढोलैं चमर बरो॥
कोई सुंदर सेज बिछावैं। कोई चापैं चरन करो।१४९।
कोई चंदन सों घरसींचैं। सारे महल सुबास करी॥

१–गोल है चूड़ी आकार.
२–एक प्रकार की देवी हैं.

कोई आँगन देय बुहारी। झारैंफूल परागपरी ।१५० ।
कोई जल क्रीड़ा कर रंजे। कोई बहु बिधि भेष किये ॥
कोई मणि दर्पण करधारैं। कोई ठाढ़ी खड्ग लिये ।१५१।
कोई गूँथ मनोहर माला। आवै आन सुगंध षरी ॥
कोई कल्प तरोवर सोंले। फल फूलनकी भेटधरी। १५२।
कोई काव्य कथा रस पोषे। कोई हास्य विलास ठवैं ॥
कोई गावै बीनबजावें। कोई नाचत सीसनवें। १५३।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहिं विधिसेवा करत नित,नवें मास शुभश्रेय ॥
प्रश्न करै सुरकामनी, माता उत्तर देय ।१५४।
अंतरलापि[1] पहेलका, बाहिर[2] लापिका एव ॥
बिन्दु[3] हीन निहौंठपदं[6], क्रियागुप्ति बहुभेव।१५५।

---

१–अन्तरलापि–पहेली उसको कहते हैं जिसका उत्तर उसी में हो बाहर से न लाया जावै यथा उदाहरण पहेली बेर नाम फल।हिय कठोर कोमल बदन दुर्जन सँग बिसराम। एक बेर मैं कहत हूँ फेर न लेऊँ नाम यह अर्थचित्रअलंकारकीजातिहै.

२–बाहिर लापिका उस पहेली को कहते हैं जिसका उत्तर बाहर से लिया जावै यथा उदाहरण पहेली कसेरू नामफल–श्याम वरण परहर नहीं जटा धरें नाहिं ईश ना जानूं पिया कौन है केश लगायो शीश–यह अर्थचित्र अलंकार की जाति है.

३–बिन्दु हीन अलंकार उसे कहते हैं कि जिस छन्द को कवि ऐसा रचै जिसमें अनुस्वार बिंदु वा विसर्ग बिंदु न होय यथा बेग कहा करिये गड़भाग। दिखा गहन जगत को त्याग- यह वरण चित्र अलंकार की जाति है.

६–निहौंठ अलंकार उसे कहते हैं कि जिस छन्द में ओष्ट स्थानी वर्ण उवर्ण और पवर्गी अक्षर और उवर्ण की मात्रा नहीं यथा उदाहरण कली कवित्त-कनक लजात न आनन तैं चन्द्रकांति ललित चखन कंज खंजरीट हीन हैं–यह वर्णचित्र अलंकारकी जातिहै.७–क्रियागुप्तअलंकार उसेकहतेहैं जिसमेंक्रियाछिपीहुईहोयथा। पालक मेथी सोया खाकर-यहां प्रत्यक्ष में पालक मेथी के सम्बन्ध से सोया साग को नाम प्रतीत होता है परन्तु वहां सोया क्रिया सोनेके अर्थमें है यहअर्थ चित्र अलंकार की जाति है ॥

इत्यादिक आगम उकत, अलंकार कीजात॥
अर्थगूढ़ गंभीर सब, समझावे जिन मात। १५६।

## ॥ देवाँगनाप्रश्न माताउत्तर॥

## ॥ १५ मात्राचौपाईछंद॥

तुमसी[1] त्रिया कौन जग आन। तिर्थंकर सुतजनै महान॥
जगमैंसुभटकोनसेमाय। जेनर जीतैंविषय कषाय। १५७।
कोन कहावे कायर दीन। इन्द्री मद मेटन बलहीन॥
पंडित कौन सुमारग चलै। दुराचार दुर्मारग दलै १५८।
माता मूरख कौनमहंत, विषई जीव जगत जावंत॥
कौनपुरुष[2] सानर भवधार, जोसाधै पुरुषारथ[3] चार। १५९।
कोन पुरुष का[4] कहियेमर्म। जो शठ साध न जानै धर्म॥
धन्य कौन नर इस संसार। योवन समैं धरै व्रतभार।१६०।
धिक किनको कहिये सबैग। जे धर करें प्रतिज्ञा भंग॥
कौन जीवके वैरी लोय। काम क्रोधहैं औरन कोय। १६१।
जननी जगमैं कौन मलीन। पातक पंकमलिन मतहीन॥

१—प्रश्नोत्तर अलंकार॥ २—सापुरुष कहिये उत्तम पुरुष कौन ३—अर्थ १ काम २ धर्म ३ मोक्ष ४॥ ४--का पुरुष कहियै खोटा पुरुष कौनहै इसका भेद कहो॥

कहोकौननर नित्तपवित्त । ब्रह्मचर्य धारी दृढ़ चित्त । १६२।
कौनपशू मानुष आकार । जिनके हिरदै नाहिं बिचार ॥
अंधकोन जोदेवअदेव । कुगुरुसुगुरु कोभेदनभेव ।१६३।
बधिर कौनसे उत्तरदेह । जैन सिधाँत सुनैनहि जेह ॥
मूकनामनरकैसें लहै । जो हित सांच बचन नाहि कहै।१६४।
लाँबी भुजा कौन करहीन । जिनपूजा मुनि दान न दीन ॥
कौनपाँगले पाँवसमेत । जेतीरथ परसें न अचेत ।१६५।
कौनकुरूप जननि कहु एह । शीलासिंगार बिनानरजेह ॥
वेगकहाकरियैबड़भाग । दिक्षागहन जगतकोत्याग ।१६६।
मित्रकौन हितवंछकहोय । धर्म दिढ़ावै आलस खोय ॥
शत्रुकौनजो दिक्षालेत । बिघनकरै परभवदुखहेत १६७।
जियको कोन शरण हैमाय । पंच[1]परम गुरु सदा सहाय॥
इहिविधि प्रश्नकरैं सुरनार । माताउत्तर देह बिचार।१६८।
वामादेवी सहज प्रबीन। सकल मरम जानै गुणलीन ॥
पुरुषरत्नउरअन्तरवहै।क्योंनहिंज्ञानअधिकतालहै।१६९।

## ॥ दोहा छंद॥

निवसै निर्मल गर्भ में, तीन ज्ञान गुणवान ॥
फटकमहल में जगमगै, ज्योंमणि दीप महान।१७०।

१—अर्हंत १ सिद्ध २ आचार्य ३ उपाध्याय ४ साधु ५ ॥

उदैवान दिनकरसमैं, पूर्व दिशा छबितेम ॥
त्रिभुवनपति सुतउरधैरे, सोहत जननी एम ।१७१।
गर्भ भार व्यापे नहीं, त्रिबली[1] भंगन होय ॥
देहन दीषै पीतछबि, और विकार न कोय ।१७२।
ज्योंदर्पन प्रति बिंबसों, भारी कह्योन जाय ॥
त्यों जिनपति के गर्भसों, खेद न पावै माय ।१७३।
कल्प लतासी लसतअति, जननी छबि संयुक्त ॥
मंदहास कुसुमत भई, अरुफल है फलपुत्त ।१७४।
देव राजके बचनसों, अहनिश हर्षत अंग ॥
अलषरूप सेवै शची, लिये अपछरा संग ।१७५।
पूरबवत[2] नवमास लों, पंचाश्चर्य अनूप ॥
अश्व सेन भूपालघर, किये धनद सुखरूप ।१७६।
योंसुखसों निशदिन गये, खेद नाम कहिंनाहिं ॥
यहसब पुन्य प्रभाव है, यही रहस इस माहिं ।१७७।

श्री पारश्वे पुराण भाषा गर्भ कल्याणक वर्णन नाम पंचम अधिकार सम्पूर्णम् ॥

# ॥ षष्टम अधिकार ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

रागादिक जलसों भरो, तन तलाव बहुभाय ॥

१—पेटके तीन बल भंग न हों ॥ २—देखो छंद८३ आदि८८पर्यंत पंचम अधिकार

पारस रविदर्शत सुखै, अघ सारस उड़जाय। १।
गर्भ मास[1] पूरण भये, नभ निर्मल आकार॥
पोष मास एकादशी, श्याम पक्ष शुभवार। २।
बामा देवी पुब्ब दिश, जन्मो जिनवर भान॥
मुदितभयोत्रिभुवनकमल, अशुभतिमरअवसान।३।
अश्वसेन नृप उदय गिर, उगयो बाल दिनेश॥
तीनज्ञान किरणावली, लिये जगत परमेश। ४।

## ॥ पद्धड़ी छंद ॥

जन्मों जब तीर्थंकर कुमार। तिहुँलोक बढ़ो आनंदअपार॥
दीखैंनभनिर्मल दिशअशेश।कहिंआंधी मेहनधूल लेश।५।
अतिशीतल मंद सुगंध वाय। सो बहनलगी सुखशांतिदाय॥
सबसुजनलोकहर्षविशेश।ज्योंकमलखण्डप्रगटतदिनेश ६।
घंटा घन गरजे देवलोक। जोतिष घर केहरनाद थोक॥
भवनालय बाजे सहज संख।विंतरनिवास भेरी असंख।७।
येअनहदबाजे वजेजान। जिनराज जन्म अतिशयमहान॥
बहुकलपतरोवर पहुपवृष्टि।स्वयमेवकरन लागे विशिष्टि।८।
इन्द्रासन कांपे अकसमात। येकार्न[2] किधों सारथ सुजात॥

१—अर्थात् नवमास॥

२—ये कार्न अर्थात् इन्द्रासन का चान चक्र कम्पाय मान होना मानो प्रयोजन सहित पैदाहुआ सो प्रयोजन क्या। जिनदेव का जन्म भूलोक में हुआहै ऐसी समय में इन्द्र का आसन पर बैठना योग्य नहीं है अविनयकी बात है॥

जिनजन्म भयो भूलोकमाहिं। उच्चासन अब तुमजोगनाहिं ९।
आनम्रभये मणिमुकटएम। श्रीजिनप्रतिकरतप्रणामजेम॥
येचिह्नदेष इन्द्रादिदेव। तब अवधि ज्ञानबलजानभेव। १०।
निर्धार बनारस नगरथान। तीरथपति जन्मों आजआन॥
प्रभुजन्मकल्याणककरणकाज। उद्यमआरंभो देवराज। ११।
परवारसहित सबइन्द्रनाम। [1]आयेमिलप्रथम सुरेन्द्रधाम॥
नानाविधिबाहनचढ़ेजेह। जिनभक्तिसलिलसिंचतसुदेह १२
सप्तांगसेन तबचलीएम। यह महाजलधि की लहर जेम॥
हाथी[1]रथ[2]पायक[3]वृषभ[4]बाज[5]। गायन[6]निर्तकि[7]सेनासमाज। १३।
एकेक सेन में सातकच्छ। तिहिमाहिं प्रथमचउ[2]असीलच्छ॥
फिरदुगुणदुगुणसातलोंजान। इसभांतसात सेनामहान १४।
सौकोरजोर छैकोर और। अठसट्ठ लाष ऊपर बहोर॥
यहएकहस्ति सेनाप्रमान। ऐसीही सब सातों समान। १५।
[3]तहिंनागदन्तसुरआभियोग। सोकरतविक्रियानिजनियोग॥
ताप्रतिआज्ञा दीनीसुरेन्द। तिनकीनों ऐरावत गयन्द। १६।
लखयोजन मान मतंगईश। अतिउन्नतदेह उतंगशीश॥
शुभशेतवरणमनहरतकाय। लीलागतिधारै ललितपाय १७
सबलसतसुलच्छण अंगअंग। नखविद्रुमवर्ण मनोभिरंग॥

१—सौधर्म नाम इन्द्र के पास आये॥ २—अर्थात् ८४ लाख॥

३—दस प्रकार के कल्प वासी देवों में से आभियोगनवीं प्रकार के देव हैं जो बाहनविक्रया करतेहैं सो नाग दत्त नाम देवने अपने नियोग हस्ती विक्रयाधारणकरी॥

गंभीर घनाघनघोषजास। बहुसुंदरसुंड सुगंध सांस। १८।
बहुलसतजुशोभाजासअंग।नहिंगिणीजाहिं जिसछबितरंग
सोकामसरूपी कामगौन। जादेखत मोहित तीनभौन ।१९।
घनघोरत घंटा लंब मान। मणि घूंघर माला कंठथान ॥
सोरणपाखर सोदिपै देह। संपाजुत मानो शरद मेह। २०।
सौबदन[1] बिराजत शोभवन्त । एकेकबदन में आठ दन्त ॥
प्रतिदंतसरोवरएकदीस। सरसरहँकमलनीसोपचीस। २१।
एकेक कमलनी प्रतिमहान। पचीसमनोहर कमल ठान ॥
प्रतिकमल एकसौआठपत्र। शोभावरणीनहिंजायतत्र। २२।
पत्रनपर नाचैं देवनार। जगमोहित जिनकीछबिनिहार ॥
[3]नवनवरस पोषैंकरतगान। लावन्यजलधि वेलासमान। २३।
तिसहाथी ऊपर शचीसंग। सौधर्मसुरगपति मुदितअंग ॥
आरूढ़भयोअतिदिपतएम। उदयाचलमस्तकभानुजेम २४
चंद्रोपकचामर छत्रशीश। [4]दसजाति कल्पसुर सहितईश॥
ईशानप्रमुखइमदेवराज। निजनिजबाहनकोचलेसाज। २५।
परियन समेतउर हर्षभाव। जिनजन्मकल्याणककरणचाव॥
बाजेसुरदुन्दभिविविधिभेव। जैकारकरैंमिल सकलदेव। २६।

---

१—अर्थात् १०० ॥ २—अर्थात् १२५ ॥ ३—नए नए ॥
४—कल्प वासी देव दश प्रकारहैं इन्द्र १ समानिक २ त्रायस्त्रिंशत ३ पारिषद ४ आत्म रक्षक ५ लोकपाल ६ अनीक ७ प्रकीर्णक ८ अभियोग ९ किल्विष १० ॥ ५—सजाकर ॥

उपजो कोलाहल गगन थान। सब दिशि दीषैं बाहन विमान॥
आकाशसरोवरअतिगंभीर। इन्द्रादिअमरतनतेजनीर।२७
तहांविकशतमुखअपछराएम।यहखिलोकमलनीबागजेम॥
इहिं विधिदेवागमभयो जान।अवतरेबनारसनगरथान।२८।
चन्द्रादि[1] जोतषी पंच जात। दस[2] भेद भवनवाशीविख्यात॥
पुनि आठ जातके वान[3] देव। सब आये इन्द्रसमेत एव।२९।
निज निज बाहनचढ़सपरिवार।जिन जन्ममहोछवहियेधार॥
तव पुरप्रदछना सुरन दीन।अतिहर्षत उरजैकारकीन।३०।
बन बीथी मारग गगन रोक। सब ठाढ़े देवी देव थोक॥
सब शक्रशची मिल भूप गेह। आयेघरआंगनभरोतेह।३१।
तब इन्द्र बधू अति रंजमान। सोगई[4] गुप्तजिन जन्मथान॥
देषी जिनमात सपूतनाम। परदछना दे कीनो प्रणाम।३२।
सुत रागरंगी सुखसेज मांझ। जोंबालक[5] भानुसमेतसांझ॥
करजोरयुगुल सिरनाय नाय।थुतिकीनीबहुजानैनमाय।३३।
सुख नींद रचीतव शची तास। माया मय राखो पुत्रपास॥

१—चन्द्र १ सूर्य २ ग्रह ३ नक्षत्र ४ तारे ५

२—असुर कुमार १ नाग कुमार २ विद्युत कुमार ३ सुपर्ण कुमार ४ अग्नि कुमार ५ द्वीप कुमार ६ उदधि कुमार ७ दिक् कुमार ८ वायु कुमार ९ सनत्कुमार १०

३—वान व्यन्तर देव आठ प्रकार हैं-किन्नर १ किम्पुरुष २ महोरग ३ गन्धर्व ४ यक्ष ५ राक्षस ६ भूत ७ पिशाच८

४—सो इन्द्राणी गई

५—जैसे सांझरूप माता भानुरूप बालक साथ रंगी हुई हैं

करकमलनबालकरतनलीन।जिनकोटभानुछविछीनकीन ३४
सुख उपजे जो प्रभु परस देह। कबि वानी गोचरनाहिंतेह ॥
प्रभुको मुख बारिज देष देष। हर्षैं सुर रानी उर विशेष।३५।
बसु मंगल दरब बिभूत सार।दिश दिव्य कुमारीअग्रचार॥
इहिविधिसौधर्मसुरेश नार। आनोशिव कन्याबरकुमार।३६।
देषो हरिबालकचंदजाम। आनंदजलधि उरबढोताम।३७।
शिरनाय इन्द्रनिजबार बार। थुतिकीनी कर जुगशीसधार॥
छवि देष नृपति नहिं होय लेश।तबसहसआंखकीनीसुरेश॥
करनमस्कार निजगोदलीन्ह।[1]ईशानइन्द्रशिरछत्रदीन्ह ३८।
तहां [2]सेनत्कुमार महेन्द्र सोय। एचामर डोलेंइन्द्र दोय॥
[3]ब्रह्मादि सुरगबाशी सुरेश। जै नंद विर्द्द बोलें विशेश। ३९।
नाचैं सुररमणी रूपवान। गंधर्ब करैं जिन सुयशगान॥
सुरबाजे बाजें बहुप्रकार। कर धरहिं किन्नरीबीनसार।४०।
केई सुर श्रीजिन सुभग भेष। देषं भरलोयन[4]निर्निमेष॥
केई योंभाषैंसुर समाज। हमदेवजन्म फललहोआज।४१।
केई शरधायुत भये देव। मिथ्यात महाविष बम्योएव॥
इसभांतचतुरविधिदेवसंघ।सवचलेजोतिषीपटललंघ।४२।

१—ईशान नाम दूसरे स्वर्ग के इन्द्र ने
२—सनत्कुमार नामतीसरे स्वर्ग का इन्द्र महेन्द्र नाम चौथे स्वर्ग का इन्द्र
३—ब्रह्म नाम पांचवे स्वर्ग का इन्द्र
४--विन पलक झांपेअर्थात् खुली आंख लगातार देखना
५--कल्प बाशी १ भुवनबाशी २ योतिषी ३ विन्तर ४

## ॥ दोहा छंद ॥

योजन सहस निन्याणवें, सुरगिर शिखर उतंग॥
गयेसकल सुरगण तहां, भूषन भूषित अंग।४३।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

महामेरु के मस्तक भाग। पांडुक बनबहु धरे सुहाग॥
योजनसहस जास विस्तार। सुर चारण खगकरैंविहार।४४।
चहूँदिशचार जिनालयतहां। सघनसासते तरुवर जहां॥
मध्यचूलिका मुकटसरीस। सोउतंग योजनचालीस।४५।
बारह योजन जड़ विस्तार। आठमध्य अरऊरध चार॥
जाकेऊपर रजिक विमान। रोमांतर नरक्षेत्र[१] प्रमान।४६।
तिसईशान दिशाशुभ थान। मणिमय शिलासासतीजान॥
पांडुकनाम फटक उनहार। आकृतिअर्ध चन्द्रमाकार।४७।
१००सौ योजन आयाम अभंग। विस्तरआधी आठ उतंग॥
सुरविद्याधर पूजत नित्त। भरतखण्ड जिनन्होंनपवित्त।४८।
तहां हेमसिंहासन सार। रत्न जड़त सो बलयाकार॥
धनुषपांचसौ उन्नत जोय। भूमिभाग विस्तीरणसोय।४९।
ऊपर जास अर्ध विस्तार। जाके तेज मिटै अंधियार॥

१--मध्य लोक प्रमाण

तिसहीपर पद्मासन साज। पूरबमुख थापे जिनराज।५०।
इस औसर सोहैं इमईश। मानो मेघ रत्न गिर शीश॥
धुजा[1]कलश[2]दर्पन[3]भृंगार[4]। चमर[5]छत्र[6]सुप्रतीक[7]सुतार[8]।५१।
मंगल दर्ब मनोहर जहां। धरे अनादि निधन ये तहां॥
आसनदोय उभयदिशऔर।युगलइन्द्र ठाड़ेतिहिंठौर।५२।
चारोंदिश चारों दिगपाल। यथायोग जिन मज्जनकाल॥
शचीसुरेन्द्र अपछरा थोक। सबठाढ़े पांडुक बनरोक।५३।
चौबिधि देवखड़े चहुंपास। जन्मन्हौन देखन हुल्लास॥
कियो महामंडप हरितहां। तीनलोकजन निवसैंजहां।५४।
कल्प कुसुम माला मनहार। लटकैं मधुप करैं झंकार॥
सुरबाजित्र बजैंबहुभाय। सुरभि सुगंधरही महकाय।५५।
मंगल मिलगावैं सब शची। नाचैंसुर बनिता रस रची॥
तबमज्जन आरंभ विशेश।उद्यमकियो प्रथम अमरेश।५६।

## ॥ दोहाछंद ॥

तहां कुबेर रतन खची, रची पैंड[1]का पन्त॥
मेरु शिखरसों सोहिये, छीरोदधि परयन्त।५७।
सुर[2] श्रेणी सोपान पथ, पंचम सागर जाय॥

१–पैडियोंकीपंक्ति
२–देवताओंकी श्रेणी कहिये जमाअत सीढ़ी केरस्ते पाँचवेंसागर परजाकरचंदन चर्चितकंचन कलशभर लाई

भरलाई कंचन कलश, चंदन चरचित काय । ५८ ।
योजन एक प्रमाणमुख, वसु योजन गंभीर ॥
यहमरयादा कलशकी, जिन शासन में बीर । ५९ ।
मुक्तमाल मंडित लसैं, कंचन कलश महन्त ॥
नभबनिता के उरज ये, यों अति शोभावन्त । ६० ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

सहस भुजासुरपति तबकरी । भूषण भूषित शोभाभरी ॥
इसऔसर हरिसोहैं एम । भूषणांग[1] सुर तरु वर जेम । ६१ ।
कलश हाथ हरि लीने जाम । भाजनांग[2] सम शोभा ताम ॥
तीनबार कीनो जयकार । कलशोद्धरन मंत्रउच्चार । ६२ ।
इहिंविधि श्रीसौधर्माधीश । ढाले कलश स्वामि के शीश ॥
तबसबइन्द्रकियोजिनन्हौन । अतुलउछावबढ़ोजगभौन ६३ ।
महा धार जिन मस्तक ढरी । मानो नभ गंगा अवतरी ॥
मुदितअसंख अमरगणतबै । जैजैकारकियो मिलसबै । ६४ ।
उपजोअति कोलाहलसार । दशदिश वधिरभई तिहिंबार ॥
भयोअसम औसरइहिंभाय । बचनद्वारवरणोनहिंजाय । ६५ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

जाधारा सों गिरिशिखर, खण्ड खण्ड होजाय ॥

१-भूषणांग कल्पवृक्ष जाति नाम  २-भाजनांग कल्पवृक्ष जाति नाम

सो धारा जिन देह पै, फूल कली सम थाय । ६६ ।
अप्रमाण वीरज धनी, तिर्थंकर प्रभु होय ॥
ताते तिनकी शक्ति को, उपमा लगै न कोय । ६७ ।
नीलवरण प्रभु देहपर, कलश नीर छविएम ॥
नीलाचल सिर हेमके, बादल वरषे जेम । ६८ ।
चली न्हौन केनीर की, उछल छटा नभ माहिं ॥
स्वामिसंग अघबिनभई, क्योंनाहि ऊरधजाहिं । ६९ ।
न्हौनछटा तिरछी भई, तिन यह उपमा धार ॥
दिगबनता मुख सोहियै, करण फूल उनहार । ७० ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

जिनतनपरसपवित्त, भईसकलजगशुचिकरण ॥
सोधारा ममनित्त, पापहरो पावन करो । ७१ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

यों सुरेन्द्र मज्जन विधिठान । फिरकीनों गंधोदकन्हान ॥
सोजललेय विनै विस्तरी । शांतपाठपढ़ पूजाकरी । ७२ ।
शक्र शची सुर आनंदभरे । यथा योग सब कारज करे ॥
परदछना दीनी बहुभाय । बारम्बार नये सिरनाय । ७३ ।

१—भगवान के पवित्र तनको पर्सकर जोसर्वजगत कोपवित्रकरने वाली हुई सो धारा सदीव मेरे पाप हरो

## ॥ हरिगीत छंद ॥

सौधर्म पति अभिषेक कारन, न्हौन पीठ सुदंसनो[1] ॥
गंधर्ब गायन निरतकारक, अपछरा यश शंसनो ॥
पंचम पयोनिध न्हौनकुंड, असंख सुर सेवक जहां ॥
तिसजन्ममंगलकीबड़ाई, कहनसमरथबुधकहां।७४।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जन्म[2] न्हौन विधि पूरनभई। सकल सुरासुर देवन ठई ॥
अबइन्द्रानी। जिनवरअंग।निर्जलकियो बसनशुचिसंग।७५।
कुंकुमादि लेपन बहु लिये। प्रभुके देह विलेपन किये ॥
इहि शोभा इसऔसर मांझ। किधौंनीलगिरफूलीसांझ।७६।
औरसिंगार सकलसहकियो। तिलकत्रिलोक नाथकेदियो॥
मणिमयमुकट शची सिरधरो। चूड़ामणिमाथे त्रिस्तरो।७७।
लोचनअंजन दियो अनूप। सहजस्वामि द्रगअंजितरूप॥
मणि कुण्डल कानन विस्तरे।किधों चंद सूरज अवतरे ७८
कंठ कंठिका मोतीहार। मुक्तिरमणि झूला उनहार॥
भुजभूषण भूषितभुजकरी।कटक मुद्रिका शोभित खरी।७९।
कटिभूषण कीनो कटि थान। मणिमय क्षुद्रघंटिका वान॥

१—इन्द्र न्हौनकारण है सुदर्शन मेरुकी पीठका अर्थात चौकी है

२—सर्व सुर असुर देवों की जन्म न्हौन विधि पूरण होगई जो विचारी थी

पग नेवर पहराये सार । जिन में रत्न झलक झंकार ।८०।

## ॥ दोहा छंद ॥

अंगअंग आभरन युत, यह उपमा तिहिंकाल ॥
सुरतरु समप्रभु सोहिये, भूषण भूषित डाल । ८१ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तब इन्द्रादि लगेजैकरन । जैजिनवर सब आरत हरन ॥
त्रिभुवनभुवन दीपउनहार । धन्यदेव तेरोअवतार । ८२ ।
जैश्री अश्वसेन कुल चंद । बामानंदन जोति अमंद ।
सुखसागर केवर्धनहार । सबजग श्रेयशांतदातार । ८३॥
तुमजग भ्रमनाशन अवतरे । हमसे दासमहासुखभरे ॥
बिनरविउदयतिमिरक्योंजाय।कैसेकमलबागबिकसाय।८४।
मिथ्यामत रजनी अतिघोर । मूसैं धर्म कुलिंगी चोर ॥
जो प्रभुजन्मप्रभात न थाय। तोकिमप्रजाबसैसुखपाय।८५।
ये अनादि संसारी जीव । विलखैं भोग उदैस अतीय ॥
सो दुखमेटन दया निधान ।राज वैद जनमे भगवान ।८६।
भ्रम कूप वरती बहु लोय । काढ़न हार तिन्है नाहिं कोय ॥
श्री मुख बचन नेजु बलधार । अब उद्धार लहैं निरधार ।८७।

१—पाप पुण्य के भोगने से विलखैं हैं ॥

आप परम पावन परमेश। औरन को शुचि करहु विशेश॥
ज्यों शशि शेत प्रभातन धरै। शेत सरूप सबन को करै।८८।
बिन सनान तुम निर्मल नित्त। अंतर बाहज सहज पवित्त॥
हममज्जनविधिकीनीआज।निजपवित्रकारणजिनराज ८९।
तुम जगपति देवन के देव। तुम जिन सुयं बुद्धि स्वैमेव॥
तुमजगरक्षकतुमजगतात।तुमविनकारणबंधुविख्यात।९०।
तुमगुण सागर अगम अपार। थुतिकर कौन जाय जनपार॥
सुक्षम ज्ञानी मुनि नाहिं तरें। हम से मंद कहा बलधरैं। ९१।
नमो देव अशरण आधार। नमो सर्व अतिशय भंडार॥
नमोसकलशिवसंपतिकरण।नमोनमोजिनतारणतरण।९२।

## ॥ दोह छंद॥

इहिं विधि इन्द्रादिक अमर, सुरपदवी फललेय॥
जन्म न्हौन विधिकर चले, मानो निज शुभश्रेय।९३।
जन्म महोछव देख कर, सुरपति की परतीत॥
वहु सुर शरधानी भये, तज शरधा विपरीत।९४।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद॥

तब सब देव जनम पुरथान। पूरबली विधि कियो पयान॥
चढ़ोइन्द्र ऐरावत शीश। गोद लिये त्रिभुवन पतिईश। ९५।

१—इन्द्रादि देवताओं ने मानो अपना शुभ कल्याण किया न्हौन विधि करके॥

पूरब वत दुंदभि धुनि गाज। उहिं विधि गीत निरतसबसाज ॥
आये जैजै करत अशेश। पिता भवन कीनो परवेश। ९६।
मणि मय आंगण में हरि आप। हेम सिंहासन परप्रभुथाप ॥
अश्वसेन भूपति तिहिं वार। देषो नंदन नयन पसार। ९७।
तेज पुंज निरुपम छवि देह। रोमांचित तन बढ़ो सनेह ॥
मायानींद शची तब हरी। जिन जननीजागी सुखभरी। ९८।
भूषण भूषित कांति विशाल। भर लोयन देषो जिनबाल ॥
अति प्रमोद उर उमग्यो तबै। पूरन भये मनोरथ सबै। ९९।
तब सुरेश रोमांचित काय। मात पिता पूजे मन लाय ॥
भूषण बसन भेट बहुधरी। हाथ जोर युग थुति विस्तरी। १००।
तुम जग में उदयाचल भूप। पूरब दिशि देवी शुचिरूप॥
उदयभयोत्रिभुवनरविजहां। तुममहिमाबुधवरणनकहां। १०१।
धन धन अश्वसेन भूपाल। जिनके जग गुरु जन्मो वाल ॥
कीरतबेलअधिकतुम बढ़ी। तीन लोकमंडपशिरचढ़ी। १०२।
धन बामा देवी जगराय। जिन जायो नंदन जग राय ॥
तीनलोक तिय सिष्टि सिंगार। धनजीवन तेरो अवतार। १०३।
तुम सम जगमें और न आन। जिन देवल सम पूजप्रधान॥
यों थुतिकर हरिहिये प्रमोद। बाल दिवाकर दीनो गोद। १०४।
कही सकल पूरबली कथा। मेरु महोछव कीनो यथा ॥
तबनिजनगरविषैभूपाल। जन्मउछाहकियोतिहिंकाल। १०५।
हरषत सब पुरजन परिवार। घर घर भये मंगला चार ॥

घरघरकामिनि गावैं गीत।घरघरहोंय निरतसंगीत। १०६।
मंगलीक बाजे बहु भेव। बाजन लगे सकल सुखदेव ॥
श्रीजिनभवनन्होनविस्तार।कियेसकलमंगलआचार।[१] १०७।
छिड़क्यौ चंदन नगर मझार। रत्न साथिया धरे सँवार॥
याचकदानसुजनसनमान।यथायोगसबरीतविधान।१०८।
इहि विध अश्वसेन नरनाह। कीनो पुत्र जन्म उच्छाह॥
पूरन आसभयेसब लोय।दुखीदीन दीषै नहिंकोय।१०९।

## ॥ दोहा छंद ॥

उदय भयो जिन चंद्रमा, कुलनभ तिलक महंत॥
सुख समुद्र बेला तजा। बढ़ो लोक परयंत।११०।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तब बहु देवन संग विशेश। आनंद नाटक ठयो सुरेश॥
करैं गान गंधर्ब समाज। समैयोग सब बाजेसाज।१११।
देषे अश्वसेन नरनाथ। पुत्र सहित सब परियन साथ॥
प्रथमरूप नव भव दर्शाय।पहुपांजुलि[२] खेपी सुरराय।११२।
तांडव नामनिरत आरंभ।कियो जगतजन करनअचंभ॥
नट सरूप धारो अमरेश। रंग भूमि कीनो परवेश।११३।

१—मंदिरों में न्हौन विस्तार आदि सकल मंगल आचार किये॥
२—पुष्प अंजुली इन्द्र ने बखेरी॥

मंगलीक सिंगार संवार। सब संगीत वेद अनुसार॥
ताल मान विधिसुहित सुभाय। रंग धरापर फेरैपाय।११४।
करैं कुसुम वरषा नभ देव। देष इन्द्र की भक्ति सुभेव॥
बीना मुरज बांसली ताल। बाजे गेयं[2] गीतकी चाल।११५।
करैं किन्नरी मंगल पाठ। बरयां जोग बनो सब ठाठ॥
नाचै इन्द्र भमैं बहु भाय। मोरैं हाथ कंठ कटिपाय।११६।
अद्भुत तांडव रस तिहिं बार। दरसावै जन अचरजकार॥
सहस भुजा हरि कीनी तबै। भूषण भूषित सोहैंसबै।११७।
धारत चरण चपल अति चलै[3]। पहुमी कांपै गिरवर हलै॥
भमैं मुकुट चक फेरी लेत। ताकी रतन प्रभा छबिदेत।११८।
वलया कृत ह्वै झलकै सोय। चक्राकार अगन जिमि होय॥
छिनमें एक छिनक बहुरूप। छिन सुक्ष्म छिनथूल सरूप११९
छिनमें निकट दिखाई देय। छिन में दूर देह धरलेय॥
छिनआकाश माहिंसंचरै। छिनमेंनिरत भूमिपरकरै।१२०।
छिन छूवै तारावलि जाय। छिनक चन्दसों परसै काय॥
इन्द्रजालवत योंअमरेश। दरसाईनिजरिद्धिविशेश।१२१।
हाथ अंगुलिन पै अपछरा। नाचैं रूप रतन की छरा॥
अंग अंगभूषण झलकाहिं। बिकसतलोचनमुखमुसकाहिं१२२

१—तालके परिमाण की विधि संयुक्त भले प्रकार पांव फेरैं अर्थात् नाचै हैं॥
२—गेय गीत अर्थात् गाने के योग्य गीत॥
३—इस प्रकार जोर से निर्तकरा कि धरती कांपी और पहाड़ हिल गये.

निरत भेद विधि धारै पांव । करै कटाक्ष दिखावै भाव ॥
बहुविधिकला प्रकाशैसार। सुरकामिनिदामिनिउनहार १२३
तिनसँयुक्त हरि सुरतरु एम । कल्प लता गण बेढ़ो जेम ॥
यौंनाटकविधिठानअनूप। तिहुंजगशक्र कियेसुखरूप।१२४।
स्वामिजनमअतिशयपरताप।जिनवरपितासभापतिआप ॥
इन्द्रमहानट नाचै जहां । तिसअवसरवरणनबुधकहां।१२५।
तबतहां मात पिताकी साष । पारस नाम सकल सुरभाष ॥
राख सुरासुर सेवा योग । चले देव सब साध नियोग।१२६।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहिविधिइन्द्रादिकअमर, जन्मकल्यानकठान ॥
बहुविधि पुन्न उपायकै, पहुँचे निजनिज थान ।१२७।

## ॥ हरगीत छंद ॥

इन्द्रादि जन्म सनान जिनको, करन कनकाचलचढ़े ॥
गंधर्व देवन सुयश गायो, अपछरा मंगल पढ़े ॥
इहिंविधि सुरासुर निजनियोगै, सकल सेवाविधिठई ॥
तेपास प्रभुमुभआस पुरवो, शरण सेवक नेलई।१२८।

॥ श्री पार्श्वपुराण भाषा जन्मोत्सव वर्णन नाम षष्ठम अधिकार सम्पूर्णम् ॥

# सप्तम अधिकार ॥

## ॥ दोहा छंद ॥

पारस प्रभु तज औरको, जेनर पूजन जाहिं ॥
कल्पवृक्ष को छाँड़के, बैठें थोहर छाहिं ।१।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अबजिन बाल चंद्रमा बंदं। कोमलहांस किरणमुखकढ़ें ॥
छिनछिन तात मात मनहरैं।सुखसमुद्र दिनदिनविस्तरै ।२।
अमरित इन्द्र अंगूठे देय। वही पोष पय पान न लेय ॥
देवीधाय हरष मनधरै। मज्जनमंडन विधिसबकरै ।३।
केई मणि भूषण पहराय। करें अलंकृत प्रभुकी काय ॥
केईकामिनि करें सिंगार। श्रीमुख चन्द्र निहार निहार ।४।
केई रहसवती तिय आय। हस्त कमल सों लेंय उठाय ॥
मणिमय आंगन मांझ अनूप।बिचरैंजिनपतिबालसरूप।५।
बहुविधि देव कुमार मनोग। बालक रूप भये बययोग ॥
घुटियागमन करें तिनसाथ। जोनक्षत्र गणमें निशनाथ ।६।
कबहीं सैनासन सोवन्त। ऊपर दिढ़ जिनयों जोवन्त ॥

१-चित लेटकर. ॥

अज्हों मुक्ति सों केतक परे। मानो यहशंका मनधरे।७।
कबहीं पुहुमी पै जिनराय। कंपत चरन ठवै इहिभाय॥
सहै कि ना धरती मुझभार। शंकेउर भावन यह धार।८।
कबहींस्वामि कुदक उठचलै। विकशतमुख सबकोदुखदलै॥
बांधे मूठी अटपट पाय। कैसे वह छबि वरनी जाय।९।
कबहीं रतन भीत में रूप। झलके ताहि गहै जग भूप॥
जिनसोंजिननमिलैसर्बथा। करतकिधौंकहवतयहवृथा।१०।
कबहीं रत्न रेत करलेत। करै केल सुर कुमर समेत॥
कबहिं माय बिन रुदन करेय। देषफेर विहस हँसदेव।११।
कबही छोड़ शची की गोद। जननी अंक जाय मनमोद॥
माता सों मानै अति प्रीत। बाल अवस्थाकी यहरीत।१२।
योंजिन बालक लीलाकरै। त्रिभुवन जन मन माणकहरै॥
क्रमसोंबालभारतीनाम। श्रीमुखकमललसीअभिराम।१३।
अनुक्रम भई अंगवढ़वार। तव त्रिभुवन पतिभये कुमार॥
निरुपमकांतिकला[३] विज्ञान।लावनरूपअतुलगुणथान।१४।
मतिश्रुति अवधि ज्ञानवलदेव। जानै सकल चराचरभेव॥

१—जिनराय पृथ्वी पर कंपाय कर पैर धरै हैं इस संभावन से कि धरती हमारे बोझ को उठा सकती है या नहीं यह उत्प्रेक्षा अलंकार है.॥

२—बाल भारती कहिये तुतली बोली भगवान के मुख में शोभा देने लगी भावार्थ भगवान बोलने लगे यह स्वभाविक बात है कि बच्चे आदि में तुतली बोली बोलते हैं.॥ ३—कला चौसठ प्रसिद्ध हैं कोषमेंदेखो जोपुस्तककेअंतमेंहै.॥

सोमसुभाव सहजउपशंत। निर्मलछायक दर्शनवंत। १५।
इहिविध आठवर्ष के भये। तबप्रभु आप अणूव्रत लिये॥
देवकुमार रहैं संग नित्त। तेछिनाछिन रंजैं जिन चित्त। १६।
कबहींगज तुरंगतन धरैं। तिनपै चढ़ प्रभु जनमन हरैं॥
कबहींहंस मोर बन जाहिं। तिनसोंजगपति केलकराहिं। १७।
कबहीं जलक्रीड़ा थलगमैं। कबहीं बन विहार भूरमैं॥
कबहींकरैं किन्नरीगान। सोप्रभुसुयश सुनैंनिजकान। १८।
कबहीं निरत ठवैं सुरनार। देषैं जिन लोचन सुखकार॥
कबहींकाव्य कथारसठान। करैंगोठजिन बुध बलवान। १९।
बिना सिखाये बिन अभ्यास। सबविद्यासब कलानिवास॥
योंसुखअनुभव करतमहान। भयेपासजिन योवनवान। २०।

## ॥ दोहा छंद ॥

सम्पूरण जोबन समैं, प्रभुतन सोहै एम॥
सहज मनोहर चांदकी, शरद समैं छबिजेम। २१।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

प्रभुके अंग पसेव न होय। सहज सदामल वरजितसोय॥

१—सम्यक दर्शन तीन प्रकार है उपशम सम्यक दर्शन १ क्षयोपशम २ क्षायिक ३

उज्जल वरण रुधिर जिम षीर। सुसमचैतुर संठानशरीर।२२।
प्रथम सारसंहनन[2] सरूप । इन्द्र चन्द्र मनहरन अनूप ॥
बिनाहेततनसहजसुवास।प्रयहितवचनमधुरमुखजास।२३।
अतुलदेह बलधरत महान । सहसअठोतर लक्षणवान ॥
तिनकेनामलिखूंकुछजोय।पढ़तसुनतसुखसंपतिहोय।२४।

## ॥ हरिगति छंद ॥

श्रीवृक्ष शंख सरोज सुस्तिक, शक्र चक्र सरोवरो ॥
चामर सिंहासन छत्रतोरण, तुरगपति नारी नरो ॥
सायर दिवायर कल्पबेली, कामधेनु धुजा करी ॥
बरबज्रबान कमानकमला, कलश कच्छपकेहरी।२५।
गंगा गऊपति गरुड़ गोपुर, बेणु बीणा बीजना ॥
जुगमीन महल मृदंगमाला, रत्न दीप दिपै घना ॥
नागेन्द्र भुवन विमान अंकुश, विरक्ष[3] सिद्धारथ सही ॥
भूषण पटम्बर[4] हट्ट हाटक, चन्द्रचूड़ा मणिकही। २६।
जम्बू तरोवर नगर सूवस, बाग जन मन भावना ॥
नौनिध नक्षत्र सुमेरु सारद, साल षेत सुहावना ॥

१–इसका टिप्पण पहले लिख आये हैं. ॥
२–वज्र वृषभ नाराच संहनन ॥
३–महान वृक्ष ॥
४–रेशमी बस्तर. ॥

ग्रह मंगलाष्टक प्रातिहारज, प्रमुख औरबिराजहीं ॥
परमितअठोतरसहसप्रभुके, अंगलच्छण छाजहीं। २७।
अंतर अनंती अतुल महिमा, कथन दूररहो कहीं ॥
वहिरंग गुणथुति करण जगमें, शक्रसेसमरथ नहीं ॥
अबऔर जनकी कौन गिणती, दीनपार न पावना ॥
परपासप्रभुकी सुयशमाला, पहरदास कहावना। २८।

## ॥ दोहा छंद ॥

सहस अठोतर लछनये, शोभित जिनवर देह ॥
किधों कल्प तरु राजके, कुसुम बिराजत येह। २९।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

शुभ परमाणू मय जिन अंग। नीलवरण नौ हाथ उतंग ॥
छविवरणतनाहिंपावैओर। त्रिभुवनजनमनमाणकचोर।३०।
शत संवत्सर आव प्रमाण। अतुल असा धारण गुणथान॥
शत्रुमित्रऊपर समभाव। दयासरोवर सोम सुभाव। ३१।
सागरसों प्रभुअति गंभीर। मेरु सिखर सों अधिके धीर ॥

१—धुजा १ कलश २ दर्पण ३ भृंगार कहिये झारी ४ चमर ५ छत्र ६ सुप्रतीक कहिये ठाणा ७ ताल कहिये बीजणा. ८ ॥

२—प्रातिहार्य ८ हैं चमर १ छत्र २ अशोक वृक्ष ३ भामंडल ४ दुंदुभि ५ सिंहासन ६ पुष्प वृष्टि ७ वाणी. ८ ॥

कांतिदेष लाजैमिरगांक। तेजबिलोकि छिपैरविरांक ।३२।
कलपबिरछ सों अधिक उदार। तिहुँजग आशा पूरणहार॥
योंजिन गुणको उपमाकहीं। तीनकाल त्रिभुवनमेंनहीं।३३।

## ॥ दोहा छंद ॥

योंमुख निवसत पासजिन, सेवत कमला पाय ॥
सोलह वरष प्रमाण प्रभु, भयेजगत सुखदाय।३४।
सभासिंहासन एक दिन, वैठेसहज जिनेन्द्र ॥
सुरनरमैं प्रभुयों दिपैं, ज्योंउड़गण में चन्द्र ॥ ३५।
अश्वसेन भूपाल तब, बोले अवसर पाय ॥
नेहसलिल भीजे बचन, सुनो कुमर जगराय। ३६।
एक राज कन्या बरो, करो उचित व्योहार ॥
वंशबेल आगे चलै, सुख पावै परवार। ३७।
नाभि राजकी आसजों, भरी प्रथम अवतार ॥
तथा हमारी कामना, पूरण करो कुमार। ३८।
पिताबचन सुन प्रभु दियो. प्रति उत्तर तिहिंवार ॥
रिषभदेव सम मैं नहीं, देखो हिये बिचारि ॥ ३९॥
मेरी सब सौ वर्ष थिति, सोलह भये विदीत ॥
तीस वर्ष संजम समय, फिर मत कहो पुनीत॥४०॥

१–जिनके पैरों को लक्ष्मी सेवै है. ॥

अल्पकाल थिति अल्पसुख, अल्प प्रयोजन काज॥
कौन उपद्रव संग्रहै, समझ देख नरराज ॥४१॥
सुन नरेन्द्र लोचनभरे, रहे बदन बिलखाय॥
पुत्र ब्याह वर्जन वचन, किसे नहीं दुखदाय।४२।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इहिंविध मंदराग जिनराय। निवसैं सब जीवन सुखदाय॥
पूरबकथित कमठ चरसींह[1]। पापकरत मानीनाहिंचीह।४३।
मुनिहत्याबशदुर्गतिगयो। पंचम नरक बास सो लियो॥
सत्रैंहजलधितहाँ दुखसहे। बचनद्वारजोजाहिंनकहे। ४४।
थिति पूरणकर छोड़ी ठौर। सागर तीन भमों फिर और॥
पशुगतिमाहिंविपतबहुभरी। त्रसथावरकीकायाधरी।४५।
इहिंविध भयो पाप अवसान। काहूजन्म[2] क्रिया शुभठान॥
महीपालपुर सोहै जहाँ। महीपाल नृप उपजो तहां।४६।
पारस प्रभुकी बामा माय। इनको पिताभयो यह राय॥
पटराणीकेप्राणवियोग। उपजोविरहबढ़ोचितसोग।४७।
तपसी भेष धरो दुखमान। पंचागनि साधै बनथान॥
सीसजटा मृगछाला संग। भसम पीसलाई सब अंग।४८।
भ्रमत बनारसके उद्यान। आयो कष्ट करत विनज्ञान॥

---

१—सिंह॥ २-किसी जन्म में अच्छी क्रियाकरी ता कारण॥

इहिंअवसरश्रीपार्श्वकुमार । गएसहजबनकतरविहार ।४६।
राजपुत्र बहु सुरगन साथ । गजआरूढ़ दिपै जिन नाथ ॥
कर सुछंदबनकेलअनूप । चलेनगरकोआनंदरूप । ५० ।
देखो मग में जननी तात । तपै पंच पावक तपगात ॥
सोसमीपप्रभुकोअविलोय । चिंतौचितरोषातुर होय ।५१।
मैं तपसी कुलवंत महंत । जननी पिता पूज सभ भंत ॥
अहोकुमरकैयहअभिमान।विनयप्रनामकरैनहिंआन ।५२।
इतने ईंधन कारण जान । लकड़ी चीरन लगो अयान ॥
हाथकुल्हाड़ी लीनी जबै । हितमित वचनचये प्रभुतबै।५३।
भो तपसी यह काठन चीर । यामैं युगल नाग हैं वीर ॥
सुन कठोर बोलो रिसआन । भो बालक तुम ऐसो ज्ञान।५४।
हरिहर ब्रह्मा तुमही भये । सकल चराचर ज्ञाता ठये ॥
मनै करत उद्धत अविचार । चीरोकाठ न लाई बार ।५५
ततखिण खंडभये जुगजीव । जैनी बिन सब अदयअतीव॥
दया सरोवर जिनतबकहै । तपसी वृथा गरभ तूं बहै । ५६।
ज्ञान बिना नित काया कसै । करुणा तेरे उर नाहिं बसै ॥
तबसठरोषवचनफिरचयो । जंननीजनकरतपसीभयो ।५७।
करैनमद वश विनय विधान । और उलट खंडै मुझआन॥
पंच अगन साधूं तन दाह । रहूं एकपद ऊरध बांह । ५८ ।

१—मैं तुम्हारा माता को जनकर तपसी हुआहूं भावार्थ मैं पुरानाहूं तुम नवीन तपसी हो ॥

भूष प्यास बाधा सब सहूं । सूखेपत्र पारना गहूँ ॥
ज्ञानहीनतपक्योंउचरै । क्यों कुमारमुझ निंदाकरै । ५९ ।
तब प्रभु बचन कहे हितकार । तुझ तपमें हिंसाअघभार ॥
छहोंकायकेजीवअनेक । नाशहोहिंनितनाहिविवेक । ६० ।
जहां जीववध होय लगार । तहां पाप उपजै निर्धार ॥
पापसही दुर्गति दुख देह । यातें दयाहीन तपयेह । ६१ ।
ज्ञान बिनासबकायकलेश । उत्तम फलदायक नहिंलेश ॥
जैसेतुस खंडन कनछार । योंअजान तपअफलअसार।६२।
अंधपुरुष वनदौ में दहै। दौर मरै मारग नहिं लहै ॥
त्योंअजान उद्यम करपचै। भवदावानल सोंनाहिं बचै ।६३।
ऐसेही किरया बिन ज्ञान । सोभी फलदायक नाहिं जान ॥
तथापंगलोचन बलधरै। उद्यम बिन दावानलजरै। ६४।
तातेंज्ञान सहित आचार। निश्चै वंछित फल दातार ॥
इहिंविधिजिनमनकेअनुसार।करउत्तमतपयहहठछार।६५।
मैं तुझ वचन कहे हितकार । तू अपने उर देख विचार ॥
भलीलगैसोई करमित्त । वृथामलीन करै मत चित्त ।६६।

## दोहा छंद

नाग युगल सुनजिन वचन, क्रूरजीव अतिनिंद ॥

१—जलकाय १ अग्नि २ भूमि ३ पवन ४ वनस्पति ५ ( ये पांच प्रकार के जीव थावर हैं ) त्रस ६ दो इन्द्री आदि पंचइन्द्री पर्यंत ॥

देह त्याग ततषिन भये, पदमावती धानिंद । ६७ ।
नाग युगल के भागकी, महिमा कही न जाय ॥
जिन दर्शन प्रापति भई, मरण समैं सुखदाय । ६८ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

घर आये श्री पार्स जिनंद । सुरनर नेत्र कमलनी चन्द ॥
समैंपाय तपसी तजदेह । भयोजोतषी शम्वर तेह ।६९॥
देखो जगमें तप परभाव । ज्ञान बिना बांधी सुरआव ॥
जेनर करैं जैन तपसार । तिन्है कहा दुर्लभ संसार । ७० ।
स्वामी मगन सुखोदधि माहिं । हर्षविनोद करतदिनजाहिं ॥
प्रभुकेइष्ट वियोगनहोय । सोग सँजोग न कवहीकोय ।७१।
वायपित्त कफजनित विकार । सुपनै होय न सोच विचार ॥
जरा नव्यापै तेजनजाय । नामुखकमल कभीकुमलाय ।७२।
होहिनहीं दुख कारन आन । पुन्यउदधि वेला भगवान ॥
यौंसुखभोग करतदिनगये । तवजिन तीसवर्षकेभये । ७३।
नृप जैसेन अयोध्या धनी । भक्ति प्रीतप्रभु सों अतिघनी॥
तुरगादिकबहु बस्तुअनूप । पठईविनयवचन कहभूप । ७४।
राज दूत चलि आयो तहां । सभा थान जिन बैठे जहां ॥
हेमासनपर सोहैंएम । हिमगिरशिखर श्यामघनजेम। ७५।
देखदून रोमांचित भयो । बहुविधि चरन कमल को नयो॥
मानोसफलजन्मनिजसार।त्रिभवनपतिपरत्यक्षनिहार।७६।

धरी भेंट जो राजा दई। विनय प्रणाम वीनती चई ॥
तवपूछैतहां त्रिभुवनधनी। संपतिनैर अजोध्या तनी॥७७॥
कहे दूत करयुग सिरधार । वरणे तिर्थंकर अवतार ॥
मोषगयेवरणे तिहिंठाम। सुनस्वामी चिंतैउरताम। ७८।

## ॥ १४ मात्रा चाल छंद ॥

सुनदूत बचन वैरागे । निज मन प्रभु सोचन लागे ॥
मैं इन्द्रासन सुख कीने। लोकोत्तम भोग नवीने। ७९ ।
तब त्रपत भई तहांनाहीं । क्या होय मनुष पदमाहीं ॥
जो सागर के जल सेती। नबुझी तिश्ना तिस एती। ८०।
सो डाभ अनीके पानी । पीवत अब कैसे जानी ॥
ईंधन सों आग न धापै । नदियों नाहिं समुद्र समापै ।८१।
यों भोग विषै अति भारी। तृपतैं न कभी तनधारी ॥
जो अधिक उदै यह आवै । तौ अधिकी चाह बढ़ावै।८२।
जो इनसों तृपति विचारै। सो वैसानर घृत डारै ॥
इन सेवत जो सुख पावै । सो आकों आंब उम्हावै ।८३ ।
ये भीम भुजंग सरीखे। भ्रम भाव उदय शुभ दीखे ॥
चाखतही के मुख मीठे । परिपाक समय कटु दीठे। ८४।
ज्यों खाय धतूरा कोई । देखै सब कंचन सोई ॥
धिक ये इन्द्री सुख ऐसे । विषबेल लगे फल जैसे। ८५।

इनही वश जीव अनादी । भव भाँवर[1] भ्रमत सवादी ॥
इनही वश सीख न मानै । नाना विध पातक ठानै । ८६ ।
थिर जंगम जीव संघारै । इनही वश झूठ उचारै ॥
पर चोरी सों चितलावै । परतिय संग शील गमावै ।८७।
परिग्रह तिस्ना विस्तारै । आरंभ उपाधि विचारै ॥
इत्यादि अनर्थ अलेखै । कर घोर नरक दुख देखै । ८८ ।
येहीसुख पर्वत केरे । जग फोरन वज्र बड़ेरे ॥
येही सब दोष भँडारे । धन धर्म चुरावन हारे । ८९ ।
मोहीजन मोहें योंहीं । ये आदर योग न क्योंहीं ॥
इनसों ममता तज दीजै । पर त्यागत ढील न कीजे ।९०।
सामान पुरुष जग जैसे । हमखोये येदिन ऐसे ॥
संयम बिन काल गमायो । कछुलेखे में नहिं लायो ।९१।
ममतावश तप नहिं लीनो । यहकारज जोग न कीनो ॥
अवखाली ढीलनकीजे । चारित चिंत्यामणिलीजे । ९२ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

भोगबिमुखजिनराजइम, शुधकीनी शिव थान ॥
भावें बारह भावना , उदासीन हित दान ।९३।

---

१—भवरूप भांवर कहिये यतियोंका भोजन तिसका स्वादी अर्थ है ॥

# ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद

## * १ अथिरभावना *

द्रव्य सुभाव विनाजगमाहि। परयैरूपकछू थिरनहिं ॥
तनधन आदिक दीषैंजेह। कालअगनसबईधनतेह। ९४।

## * २ असरणभावना *

भवबन भमत निरंतर जीव। याहिनकोई सरणसदीव ॥
व्योहारै परमेठी जाप। निश्चै सरण आपको आप।९५।

## * ३ संसार भावना *

सूर कहावै जो सिर देय। खेत तजै सो अपयश लेय ॥
इसअनुसारजगतकीरीत। सबअसारसबही विपरीत।९६।

## * ४ एकत्व भावना *

तीनकाल इस त्रिभुवन माहिं। जीव संघाती कोई नाहिं॥
एकाकी सुखदुख सबसहैं। पाप पुन्न करनी फललहैं। ९७।

## * ५ अन्यत्वभावना *

जितने जग संजोगी भाव । तेसब जियसों भिन्न सुभाव ॥
नितसंगीतनहीपरसोय । पुत्रसुजनपरक्योंनहिंहोय । ९८ ।

## * ६ अशुचिभावना *

अशुचिअस्थि पिंजर तनयेह । चाम बसन बेढ़ो घिनगेह ॥
चेतनाचिरातहांनितरहै । सोविन ज्ञानगिलानिनगहै ।९९।

## * ७ आश्रव भावना *

मिथ्या अविरत योग कषाय । ये आश्रव कारण समुदाय ॥
आश्रवकर्मबंध कोहेत । वंधचतुरगतिके दुखदेत । १०० ।

## * ८ संवर भावना *

समिति गुप्ति अनुपेहा धर्म । सहन परीसह संजमपर्म ॥
येसंवर कारण निर्दोष । संवर करै जीवको मोष । १०१ ।

## * ९ निर्जराभावना *

तपबल पूर्वकर्म खिरजाहिं । नये ज्ञानबल आवैं नाहिं ॥
यही निर्जरा सुख दातार । भव कारन तारननिर्धार ।१०२।

## * १० लोकभावना *

सुयंसिद्ध त्रिभवन थितजान । कटिकर धरै पुरुष संठान॥
भ्रमतअनादिआत्माजहां।समकितबिनशिवहोयनतहां१०३।

## * ११ धर्म भावना *

दुर्लभ धर्म दसांग पवित्त । सुखदायक सहगामी नित्त ॥
दुर्गति परत यही करगहै।देय सुरग शिव थानकयहै।१०४।

## * १२ बोध दुर्लभ भावना *

सुलभ जीव को सब सुख सदा । नौग्रीवक ताईं संपदा ॥
बोध रतन दुर्लभ संसार।भव दरिद्र दुखमेटन हार।१०५।
ये दसदोय भावना भाय । दिढ़ वैराग भये जिनराय ॥
देह भोग संसार सरूप। सब असार जानो जगभूप।१०६।
इतनें लोकांतिक सुर आय। पुहपांजलि दे पूजे पाय ॥
ब्रह्म लोक वाशी गुण धाम।देवरिषिश्वर जिनकोनाम।१०७।
सब पूरव पाठी बुधवंत। सहज सोम मूर्ति उपशंत ॥
वनिता राग हिये नहिं बहैं।एकजन्म धर शिवपदलहैं।१०८।
तिर्थंकर जब विरकत होय। हर्षवंत तब आवैं सोय ॥

औरकल्यानककरैं[1] प्रणाम।सदा सुखीनिवसैंनिजधाम।१०९।
हाथ जोर बोले गुण कूप। थुति बायक अरु शिक्षारूप॥
धन विवेक यहधन्नसयान।धनयह औसर दयानिधान।११०।
जानो प्रभु संसार असार। अथिर अपावन देहनिहार॥
इन्द्री सुख सुपने सम दीस।सोयाही विधहै जगदीस।१११।
उदासीन असि तुम कर धरी। आज मोह सेना थरहरी॥
बढ़ोआजशिवरमणिसुहाग।आजजगेभविजनासिरभाग११२
जग प्रमाद निद्रा वश होय। सोवत है शुध नाही कोय॥
प्रभु धुनि किरन पयासै जबै। होय सचेतनजगै जनतबै।११३।
यह भव दुस्तर पारावार। दुख जल पूरत वार न पार॥
प्रभुउपदेश पोत चढ़धीर।अब सुखसों जइहैं जनतीर।११४।
शिवपुर पौर भरम पट जहां। मोह मुहर दिढ़ कीनी तहां॥
तुम बानी कूंची करधार। अब भविजीवलहैं पदसार।११५।
सुयं[2] बुद्ध बोधन समरत्थ। तुम प्रतिपर बुध वचन अकत्थ॥
ज्यों सूरज आगे जिनराज। दीप दिखावन है बे काज।११६।
हम नियोग औसर यह भाय। तातैं करैं वीनती आय॥

१—और कल्यानकों में देव रिषीश्वर जो पांचवें सुरग लोकके लोकांतिक पाढ़े में रहते हैं घर बैठे प्रणाम करते हैं केवल तप कल्यानक में वैराग बढ़ावन हेत आते हैं॥

२—आप जो सुयं बुद्ध औरों के समझाने को सामर्थ हो इसकारण तुम प्रति परलोगों के बुद्ध वचन अकत्थ अर्थात् निष्फल है॥

धरिये देव महाव्रत भार। करिये कर्म शत्रु संघार।११७।
हरयै भरम तिमर सर्वथा। सूझै सुरग मुक्ति पथ यथा॥
यों थुतिकरबहुभाव दिढ़ाय।बारबार चरननन शिरनाय।११८।
साध नियोग गये निज थान। लोकांतिक सुर बड़े सयान॥
अबचौविधइन्द्रादिकदेव।चढ़निजनिजबाहनबहुभेव११९।
हर्षित उर परवार समेत। आये तृतिय कल्याणक हेत॥
सुर वनिता नाचें रस भरी। गावें मधुर गीत किन्नरी१२०॥
बाजें विविध बजें तिस वार। करैं अमर गण जैजै कार॥
सोरनकलशभरे सुरराय।विमल क्षीर सागर जललाय।१२१।
हेमासन थापे जिनराय। उच्छव सहित न्हौन विधठाय॥
भूषणबसन सकल पहिराय।चंदन अर्चितकीनीकाय।१२२।
इस औसर प्रभु सोहैं एम। मोष बधू वर दूलह जेम॥
कहवैराग वचन जिनतबै। प्रतिबोधे परिजन जनसबै।१२३।
अति हठसों समझाई माय। लोचन भरे बदन बिलषाय॥
बिमला नाम पालकी साज।आनी इन्द्रचढ़े जिनराज।१२४।
पहले भूमि गोचरी राय।सात पैंडलीनी सुखदाय॥
फिर विद्याधर राजा रले। पैंड़सातही ते लेचले।१२५।
पीछे इन्द्रादिक सुरसंघ। कांधे धरी चले पुरलंघ॥
नाअति निकट नदीषे दूर। नभ मारग देषें जनभूर।१२६।

## ॥ दोहा छंद ॥

जिन साहब की पालकी, इन्द्र उठावन हार॥

तिसगुण महिमा कथन अब, पूरनहोउ अपार ।१२७।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

योंसुरनर सब हर्षित भये । अश्वनाम बनमें चलगये ॥
बड़तरुतलैशिलाशुभजहां।कीनोशचीसाथियातहां ।१२८।
उतरे प्रभुअति उत्तम ठाम । शान्तभयो कोलाहल ताम ॥
शत्रुमित्रऊपरसमभाव । तिणकंचनगिनएकसुभाव । १२९।
सोमभाव स्वामी उरधार । पट भूषण सब दीने डार ॥
उदासीनउत्तरमुखभये । हाथजोर सिद्धन प्रातिनये । १३०।
दुविध परिग्रह तज परमेश । पंच मुष्टि लोचे सिरकेश ॥
शिवकामिनिकी दूती जोय । धरी दिगंवर मुद्रासोय ।१३१।

## ॥ दोहा छंद ॥

सोहै भूषन बसन बिन, जातरूप जिन देह ॥
इन्द्र नीलमणि को किधों, तेजपुंज शुभयेह ।१३२।
पोह प्रथम एकादशी, प्रथम पहर शुभबार ॥
पद्मासन श्रीपार्स जिन, लियो महाव्रत भार ।१३३।
और तीनसै छत्रपति, प्रभुसाहस अविलोय ॥
राजछोड़ संयम धरो, दुख दावानल तोय । १३४।
तब सुरेश जिनकेश शुच, छीर समुद पहुँचाय ॥

करथुति साधनियोग सब, गयो सुरग सुरराय ।१३५।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अब स्वामी बनथान नियोग। तेलाथाप दियोजिन योग ॥
अँट्ठाईस मूलगुण शाख। उत्तर गुण चौरासी लाख।१३६।
सब प्रभुधरे परम समचेत । अचल अंगमुख मौन समेत॥
यों वन बसत ऊपजो ज्ञान । संयम धर मनपर्येज्ञान।१३७।

## ॥ सोरठा छंद ॥

लघु वै मैं जगपाल, कियो निर्वीरज कामदल[1] ॥
धीरज धनुष सँभाल, तिनके पदनीर जनमूं ।१३८।

श्रीपार्श्वपुराण भाषा श्रीजिन दिक्षाकल्याणक वर्णननाम सप्तमअधिकार संपूर्णम् ॥

# ॥ अष्टम अधिकार ॥

## ॥ सोरठा छंद ॥

जोप्रभुको यशहंस, तीनलोक पिंजरै वसै ॥
सो मम पाप विधुंस, करो पास परमेश नित । १ ।

१—कामरूप सेना को निर्शक्ति करदिया भावार्थ जीतलिया ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अबजिन उठे जोग अवसान । देहहेत उद्यम उरआन ॥
परम उदास अधोगतदीठ । सहजशाँतमुद्रामनईठ । २ ।
दयानीर निर्मल परिवाह । गुलमखेट पुरपहुंचे नाह ॥
लाभअलाभबराबरधार । निर्धनधनकोनाहिंबिचार । ३ ।
ब्रह्मदत्त भूपति बड़भाग । प्रभुको देषबढ़ो उरराग ॥
उत्तम पात्रसकलगुणधाम । कर प्रणामपड़गाहेताम । ४ ।
हेमासन थापो नरराय । प्रासुक जल परछाले पाय ॥
आठभाँत पूजा विस्तरी । हाथजोर अंजुलि सिरधरी ।५ ।
मन तन बायक शुद्ध सरूप । नौदाता गुण संजुत भूप ॥
शुद्ध अन्नदीनो परवीन । प्रासुक मधुर दोष दुखहीन । ६ ।
उत्तम पात्र दान विधकरी । तीनभवन कीरति विस्तरी ॥
पंचाचर्यभये नृप धाम । फिर स्वामीआये बनठाम । ७ ।
करैं घोरतप साधैं योग । दर्शन करत मिटैं सबसोग ॥
अचल अंगमुख सोहै मौन । एकचित्त निजपद चिंतौन । ८ ।
ज्योंसमुद्रजलविगतकलोल । अथवासुरगिरशिषरअडोल ॥
तथानीलमणि प्रतिमा येह । यों अकंप राजै जिनदेह । ९ ।

१–पात्र को देखबुलाना १ उच्चासनपर बिठलाना २ चरणधोना ३ चरणोंदक मस्तक पर रखना ४ पूजाकरना ५ मनशुद्धरखना ६ वचन विनय रूपबोलना ७ शरीर शुद्धरखना ८ अहारशुद्ध देना ॥

## ॥ उक्तंच संस्कृत शार्दूल विक्रीड़ित छंद ॥

नोकिंचित्करकार्य्यमस्तिगमन, प्राप्यंनकिंचिद्दशो।
दृश्यंयसानकर्णयोःकिमपिहि, श्रोतव्यमायस्तिन ॥
तेनालम्बितपाणिरुज्झितगति, र्नासाग्रदृष्टी रहः।
सम्प्राप्तोऽतिनिरकुलोविजयते,ध्यानैकतानोजिनः। १०।

## ॥ भाषाटीका ॥

हाथों मे कुछ कामकरना नहीं रहा इस कारण हाथलम्बे छोडदिये, चलने मे होने वाला कोई काम नहीं रहा इस लिये गमन त्याग दिया दोनों अखों का देखने योग कोईकाम नहीं रहा इसलिये नाककी फुंगल पर दृष्टी धरनहार भये, दोनों कानों को कुछ सुनने योग कामनहीं रहा इसलिये श्रीजिनराज अति निराकुल एकांत ध्यान में एकाग्र चित होबैठे ॥

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद

बैर भाव छाड़ो बन जीव। प्रीत परस्पर करैं अतीव ॥
केहर आदि सतावैं नाहिं। निर्विषभये भुजंगबनमाहिं।११।
शील सनान सजो शुच रूप। उत्तर गुण आभर्ण अनूप॥
तप मय धनुषधरी निजपान। तीनै रत्नये तिक्षण वान।१२।
समताभाव चढ़े गजशीश। ध्यान कृपान लियो कर ईश॥
चारित रंग मही में धीर। कर्म शत्रु विजई बरवीर। १३।

१—सम्यक दर्शन १ सम्यक ज्ञान २ सम्यक चारित्र ३

## ॥ दोहा छंद ॥

स्वामी की सब पर दया, सबही के रछपार।
जग विजई मोहादि रिपु, तिनके प्रभु छयकार ।१४।

## ॥ सोरठा छंद ॥

देषो पवन प्रचंड, दूब न षंडै दूबरी॥
मोटे विरछ विहंड, बड़े बड़ोही बलकरैं। १५।

## ॥ दोहा छंद ॥

यों दुद्धर तप करत अति, धर्मध्यान पद लीन।
चार मास छदमस्त जिन, रहे रागमल हीन ।१६।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

एक दिवस दिक्षा बन जहां। जोग लीन प्रभु निवसें तहां॥
काउसर्गतन विगत विरोध।ठाड़े जिनवर जोग निरोध।१७।
शम्वर नाम जोतषी देव। पूरब कथित कमठ चरएव॥
अटक्योअंबरजात विमान। प्रभुपर रह्योछत्रवत आन।१८।
ततषिन अवधि ज्ञान बल तबै। पूरब वैर सँभालो सबै॥

१—केवल ज्ञान होनेसे पहले केवलीकी छदमस्त संज्ञा है अर्थात् थोड़े ज्ञान वाला॥

कोपो अधिक न थांभो जाय । राते लोयन प्रजुली काय ।१९।
आरंभो उपसर्ग महान । कायर देष भजैं भय मान ॥
अंधकार छायो चहुँओर । गरज गरज वरषै घनघोर ।२०।
झरै नीर मुसलोपम धार । झंझावायु बहै विकरार ॥
बूड़े गिरतरुवर वनजात । लतामूल विध्वंशनिपात ।२१।
जलथल भयोमहोदधिएम । प्रभु निवसैकनकाचलजेम ॥
दुष्टविक्रियाबल अविवेक । और उपद्रव करै अनेक ।२२।

## ॥ छप्पै छंद ॥

किलै किलंत वेताल, काल कज्जल छवि सज्जहिं ॥
भौं कराल विकराल, भाल मदगज जिम गज्जहिं ॥
मुंडमाल गल धरहिं, लाल लोयन डरहैं जन ॥
मुख फुलिंग फुंकार, करैं निर्दय धुनि हन हन ॥
इहि विधि अनेक दुर्भेष धर, कमठजीव उपसर्ग किय॥
तिहूंलोकबंदजिनचंदप्रति, धूलडालनिजसीसलिय२३

## ॥ दोहा छंद

इत्यादिक उत्पात सब, वृथा भये अति घोर ॥

१—लाल होगई आंख ॥
२—किलकी मारकर बोलते हैं वेताल कहिये पेतादिक काले कज्जलकी छवि कर साजे हैं ॥

जैसे माणक दीप को, लगै न पौन झकोर ।२४।
प्रभुचितचलो न तन हलो,टलो न धीरज ध्यान ॥
इन अपराधी क्रोधवश, करी वृथा निजहान ।२५।
पावक पकरै हाथ सों, अवश हाथ जल जाय ॥
पर के तन लागै नहीं, वाके पुन्न सहाय ।२६।
प्रानी विषय कषाय वश, कौन कौन विपरीत ॥
करत हरत कल्याण निज, जलो जलो यहरीत ।२७।
प्रभु अचिंत्य महिमा धनी, त्रिभुवन पूजत पाय ॥
तिनके यह क्यों संभवै, सुर उपसर्ग कराय । २८ ।
इहिं विधि जो कोई पुरुष, पूछै संशय राष ॥
ताके समझावन निमत, लिखूं जिनागम साष ।२९।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

अवसर्पनि[1] उतसर्पनिकाल । होहिं अनंतानंत विशाल ॥
भरथ तथा ऐरावत माहिं । रहटघटी वत आवें जाहिं ।३०।
जब ये असंख्यात परमान, बीतैं युगमे[2] खेत भूँ थान ॥

१—अवसर्पनि निगलने वाला अर्ध कल्प काल जिसमें प्रति दिन आयु और काय घटती जाय उतसर्पनि उगलने वाला अर्ध कल्प काल जिसमें प्रति दिन आयु और काय बढ़ती जाय प्रति सर्पणि काल के जिनपतियों ने ६ भाग करे हैं--सुखमा सुखमा १ सुखमा २ सुखमा दुखमा ३ दुखमा सुखमा ४ दुखमा ५ दुखमा दुखमा ६ जिनकालों की वर्ष संख्या त्रैलोक सार आदि महान ग्रंथों में देषो ॥

२—दोनों अर्थात् अव सर्पनि १ उत सर्पनि २ इस पृथ्वी क्षेत्र पर बीतैं तब हुंडा अव सर्पणि उत्पन्न हो ॥

तब हुंडा अवसर्पणि एक। परै करै विपरीत अनेक।३१।
ताकी रीत सुनो मतिवंत। सुखमा दुखमा काल कि अंत॥
वर्षादिक को कारण पाय। विकलत्रय उपजे बहुभाय।३२।
कल्प वृक्ष विनशैं तिहिंवार। वरतै कर्म भूमि व्योहार॥
प्रथम जिनेश प्रथम चक्रेश।ताही समै होहिं इहिंदेश।३३।
विजय भंग चक्री की होय। थोड़े जीव जाहिं शिवलोय॥
चक्रवर्त विकलप विस्तरै। ब्रह्मवंश की उतपतिकरै। ३४।
पुरुष शलाका चौथे काल। अट्ठावन उपजे गुणमाल॥
नवम आदि सोलह पर्यंत। सात तीर्थ मैं धर्म नशंत॥३५॥
ग्यारह रुद्र जन्म जहँधरैं। नौकलिप्रिय नारद अवतरैं॥
सप्तम तेईसम गुणवर्ग। चरमजिनेश्वर को उपसर्ग। ३६।

१—भोग भूमि की विरोधी जिसमें अपने परिश्रम से खान पान आदिक सामग्री संचय की जाय॥

२—चक्री को लड़ाई में हार हो॥ ३—नये काम फैलावे॥

४—६३ शलाका पुरुष में से चतुर्थम कालमें तीन तिर्थंकर शांतिनाथ १ कुंथनाथ २ अरहनाथ ३ सोई चक्रवर्त हुए और त्रिपृष्ट प्रथम नारायण का जीव महावीर स्वामी का जीव हुआ और आदिनाथ स्वामी प्रथम तीर्थंकर तीसरे कालमें जन्म लेकर तीसरे ही काल में मोक्ष गये इसप्रकार ५ घटकर ५८ रहे॥

५—श्री पुष्प दन्त जी ९ तीर्थंकर आदि श्री शांत नाथ जी १६ तीर्थंकर पर्यंत अंतरालय काल में धर्म का नाश होजायगा॥

६—भीमावलि १ जितशत्रु २ रुद्र ३ विशाल ४ सुप्रतिष्ठ ५ बल ६ पुंडरीक ७ अजितधर ८ जितनाभि ९ पीठ १० सत्य वचन नप ११ ये ११ रुद्र हैं—भीम १ महाभीम २ रुद्र ३ महारुद्र ४ काल ५ महाकाल ६ दुर्मुख ७ नर्कमुख ८ अधोमुख ९ ये ९ नारद हैं॥

७—सातवें सुपार्श्वनाथ तेइसवें पार्श्वनाथ अंताजिनेश्वर कहिये चौबीसवें महावीर स्वामी हुंडासर्पनि में इन तीनो को उपसर्ग होता है॥

तीजे चौथे काल मझार । पंचम में दीषै बढ़वार ॥
विविधि कुदेव कुलिंगी लोग । उत्तमधर्म नाशकेजोग ।३७।
सवर विलालभील चंडाल । नाहरादि कुलमें विकराल ॥
कल्कीउपकल्की कलिमाहिं । [४२]बंयालीस हों मिथ्यानाहिं ।३८।
अनावृष्टि अतिवृष्टि विख्यात । भूमि वृद्धि वज्रागनि पात॥
ईतभीत इत्यादिकदोष । कालप्रभाव होंयदुखपोष । ३९ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

यों त्रिलोक प्रज्ञाप्ति में, कथन कियो बुधराज ॥
सोभविजन अवधार यो, संशय मेटन काज । ४० ।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

तबफनेशआसन कंपियो । जिनउपकार सकल सुधकियो ॥
ततषिन पद्मावति लेसाथ । आयोजहँ निवसैंजिननाथ ।४१।
करप्रणाम परदक्षना दई । हाथ जोर पद्मावति नई ॥
फणमंडप कीनोप्रभुशीश । जलबाधा व्यापैनहिंईश । ४२ ।
नागराज सुर देख्यो जाम । भाजो दुष्ट जोतषी ताम ॥
[१]हीनजोग सूधी यहबात । भागजाय तबही कुशलात ।४३।

१—हीन पुरुष के योगसूधी यह बात है कि भाग जाय इसी में कुशल है ॥

अबसबतुरत कलह मिटगये । प्रभुसप्तम थानकथिरभये ॥
विकलपरहित चिदातमध्यान । करैकर्म छयहेतमहान ।४४।
सात प्रकृति चौथे गुणठांन । पहले नाशकरी भगवान ॥
अबह्यांधर्म ध्यानबलधीर । तीनप्रकृति जीतीवरबीर ।४५।
[२]प्रथम शुकल पदसों परनये । खिपक श्रेणिमारग परठये ॥
प्रकृति[३६]छतीस नवेंछयकरी । दसवेंलोभ प्रकृतिप्रभुहरी।४६।

## ॥ दोहा छंद ॥

एका[११]दशम उलंघपद, चढ़े [१२]बारवें थान ॥
कर्म प्रकृति [१६]सोलह तहां, नाश करी अवसान ।४७।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

इहिंविधि [६३]त्रेसठ प्रकृति निवार । घाते कर्म घातिया[३]चार ॥
चैतअंधेरी चौदशजान । उपजोप्रभुके [४]पंचम ज्ञान । ४८ ।
लोकालोक चराचर भाव । बहुविधि पर्य्येवंत सुभाव ॥
ते सबआन एकही वार । झलके केवल मुकरमझार । ४९।
भयेअनंत चतुष्टय वन्त । प्रगटी महिमा अतुल अनंत ॥

---

१ सातवें गुणस्थान में स्थिर होगये - २ - शुक्लध्यान के प्रथम पद रूप परणाम कर क्षायक कर्म श्रेणी पर थिर हो बैठे

३—ज्ञानावर्णी १ दर्शनावर्णी २ मोहनी ३ जिसकेदोभेदहै ( दर्शनमोहनी १ चारित्रमोहनी २ )अंतराय ४ कर्मप्रकृति की व्याख्या गोमठसार ग्रंथमे देखो ॥

४—केवलज्ञान ॥

दिव्यपरम औदारिकदेह। कोटिभानु दुतिजीतीजेह। ५० ।
अलोकीक अद्भुत संपदा। मण्डित भये जिनेश्वरतदा ॥
वचनअगोचर महिमासार। वरणन करत न पइयेपार।५१।

## ॥ दोहा छंद ॥

पांच हजार प्रमान धनु, उपजत केवल ज्ञान ॥
अंतरिच्छ प्रभुतन भयो, ज्योंशशि अंबरथान। ५२।

## ॥ उक्तंच प्राकृत गाथा आर्याछंद ॥

जादे केवलणाणे परमोरालं जिणाण सव्वाणं।
गच्छदि उवरे चावा पञ्च सहस्साणि वसुहाओ। ५३।

## ॥ भाषा टीका ॥

केवलज्ञान होनेपर सब केवल ज्ञानियों का परम औदारिक शरीर पृथ्वीसे पांच हजार धनुष ऊपर चलता है ॥

## ॥ पद्धड़ी छंद ॥

प्रकटीरविकेवलकिरण जाम। परिफूलो त्रिभुवन कमलताम॥
आकाशअमलदीपैअनूप॥दिशविदिशभईसबविमलरूप५४
सुरलोकबजे घंटागरिष्ठ। तरुकरनलगे तहां पुहप विष्ठ ॥

१—लोक से बाहर ॥

इन्द्रासनकंपेअतिगरीश। आनम्रभयेसुर मुकुटशीश।५५।
इत्यादिक बहु विधिचिहनचार। प्रभुकेवलसूचकभये सार॥
तबअवाधिजोड़ जानोसुरेश।क्षपुंकरेकर्मपारस जिनेश।५६।
सिंहासन तज निजसीसनाय। प्रणमोपरोषसुष उरन माय॥
इन्द्राणीपूछे कहहुकंत। क्योंआसनतज उतरेतुरंत। ५७।
किसकारन स्वामी नयो शीश। याकोप्रतिउत्तर देहुईश॥
तबबोलेविकसत देवराज। प्रभुउपजो केवलज्ञानआज।५८।
ऐरावतगज सजसापरिवार। प्रथमेंद्रचलो आनंदअपार॥
बाजेबहुपटह पयानभेर। सबवर्णनकरत लगैअबेर। ५९।
ईशानप्रमुख सबस्वर्गनाथ। निजबाहन चढ़चढ़चलेसाथ॥
हरिनादसुनो जोतषीदेव। चंद्रादिचलेतब पँचभेव। ६०।
भावनघर बाजेसंख भूर। दसविधि सुर निकसे हर्ष पूर॥
बसुविंतरघरगरजे निशान।यों परियनसब कीनो पयान।६१।
योंचली चतुर विधिसुरसमाज।जिनकेवल पूजाकरनकाज॥
अंबरतजआयेअवनिमाहिं।जहांसमोसरनधुजफरहराहिं ६२
जो सुरपति को उपदेश पाय।धनपतिने कीनो प्रथम आय॥
[2]बर पंचवर्णमणिमयअनूप।जगलक्ष्मीकोकुलग्रहसरूप।६३।

## ॥ दोहा छंद ॥

समोसरन की संपदा, लोकोत्तर तिहुं भौन॥

१—पाप समाय अर्थ में॥ २— श्वेत १ रक्त २ पीत ३ हरित ४ श्याम ५॥

वचनद्वार वर्णों तिसै, सो बुध समरथ कौन । ६४ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

पैथल अवसर पाय, धर्म ध्यान कारन निरख ॥
लिखूं लेश मनलाय, पढ़त सुनत आनँद बढ़े। ६५ ।

## ॥ समो सरण वर्णन ॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

पहले गोल पीठका ठई । इन्द्र नील मणि मय निर्मई ॥
पांच कोश चौंडी परवान । उन्नत कोश अढ़ाई जान ।६६।
जाके चहुंदिश गिरदाकार । बनी पैंडका बीसहजार ॥
हाथ हाथ पर ऊँची लसें । नभ पर्यंत देषदुख नसें । ६७।
तापर धूलीसाल उतंग । पंचरत्न[1] रज मै सर्बंग ॥
विविध वर्ण सो बलयाकार । झलकै इन्द्रधनुष उनहार।६८।
कहीं श्याम कहिं कंचन रूप । कहिं विद्रुम कहिं हरित अनूप॥
समोसरन लच्मी को एम । दिपै जड़ाऊ कुंडल जेम ।६९।
चारों दिश तोरन बन रहे । कनक थंभ ऊपर लहलहे ॥

१—हीरा १ मोती २ लाल ३ नीलम ४ सोना ५ ॥

आगे मान भूमि है जहां । मानथंभ चारोंदिशितहां । ७० ।
तिनकीप्रथम पीठका बनी । सोलह पैड़ी संजुत ठनी ॥
चारचार दरवाजे ठान । तीनतीन तहांकोट महान । ७१ ।
तिनमें और त्रिमेखलपीठ । तिनपै मानथंभ थिर दीठ ॥
अतिउतंग कंचन के ठये । छत्रधुजादिक सों छविछये । ७२ ।
जिनै देष मानी मद बढ़े । उतरे मान महागिर चढ़े ॥
मूलभाग प्रतिमा मनहरैं । इन्द्रादिक पूजा विस्तरैं । ७३ ।
एकएक दिशचहुँ दिशठई । सजल वापिका वारिज छई ॥
नन्दादिकशुभ तिनकेनाम । चारोंदिश सोलहसुखधाम । ७४ ।
आगेखाई शोभित करी । औंड़ी अधिक विमलजलभरी ॥
रत्ननीरराजै चहुँओर । हंसकलाप करें यहिं शोर । ७५ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

बलया कृत खाई बनी, निर्मल जल लहरेय ॥
किधों विमल गंगानदी, प्रभु परदछना देय । ७६ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

आगे पुहुप बेल बनसार । महा सुगंध मधुप सुखकार ॥
सघनछांह सबरितुकेफूल । फूलेजहां सकल सुखमूल । ७७ ।

१—२—मद बढ़े मानी पुरुष जो महा मान गिरिपर चढ़े हुए थे सो नीचे उतर आये ।

याके कछु अन्तर दुति धरै । कंचन कोट प्रथम मनहरै ॥
वलयाकृति अति उन्नत जेह । मानो मानषोत्र गिरयेह।७८।
चहुँदिश सोहैं चार दुवार । रूपमई तिषने मनहार ॥
रत्नकूट ऊपर जगमगै । लाल वरण अतिसुन्दरलगै।७९।
किधोंअरुन छबिहाथ उठाय । जगलछमी नाचै विहसाय ॥
नौनिधिजहां रहैं अभिराम । पिंगलादिकहैं जिनकेनाम।८०।
प्रभुअजोग गिन दीनी छार । वे मचली सेवैं दरबार ॥
मंगल दरव एकसोआठ । धरे प्रतेक मनोहर ठाठ । ८१ ।
गावैंजिन गुण देवकुमार । और विविधि शोभा तिहिं सार ॥
विंतरदेव खड़ेदरवान । विनयहीन को देहिं न जान ।८२ ।
यह पहले गढ़की विधिकही । आगे और सुनो अब सही ॥
गोपुर तज चारोंदिश गली । गमनहेत भीतर को चली । ८३ ।
तहां निरतशाला दुहुँ पास । सबदिश में जानो सुखवास ॥
सोरनथंभ फटकमयभीत । तिषणीमणिमय शिषरपुनीत ८४
सुरबनिता नाचैं तहिं एम । लावन तोय तरंगनि जेम ॥
मँदहास मुखसोहै खरी । जिनमंगल गावैं सुखभरी । ८५ ।
बाजैं बीन बांसली ताल । मृहामुरज धुनि होयरसाल ॥
आगे बीथी अन्तर धरे । दोनोंदिशा धूपघट भरे । ८६ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

श्याम वरण यह जान, धूप धुवां नभ को चला ।

किधों पुन्न डरमान, धूवां मिस पातग भजे। ८७।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

आगे चार बागचहुओर। प्रथम अशोकनाम चितचोर॥
सप्तवर्ण चंपक सहकार। येइनकी संज्ञाअविधार। ८८।
सबरितुके फल फूलन भरे। विरष वेल सों सोहत परे॥
वापीमंडपमहलमनोग। राजैं जहाँ यथा विधजोग। ८९।
चैत विरछ चारों वन माहिं। मध्य भाग सुंदर छवि छाहिं॥
जिनमुद्रामंडित मनहरैं। सुरनरनितपूजा विस्तरैं। ९०।
बाग ओट वेदी चहुँ ओर। चारद्वार मंडित छवि जोर॥
अब इस वन वेदी तैंसही। गढपर्यंत गलीजिरही। ९१।
तिनमें धुजा पाँति फरराय। कंचन थम्भ लगी लहराय॥
दशप्रकारआकार समेत। तिनकेभेदसुनो सुखहेत। ९२।
माला[१] वसन[२] मोर[३] अरविंद[४]। हंस[५] गरुड[६] हरि[७] वृषभ[८] गयंद[९] ॥
चक्र[१०] समेतदशाचिहनमनोग। धुजादुकूलनिसोहैंजोग। ९३।
येदश एकभांत की जान। एक एकसौ[१०८] आठ प्रमान॥
दशसै[१०८०] असी सबै मिलभई। एक दिशामें सबवरनई। ९४।
चारों दिशकी जोड़ सरीस। चारहजार[४३२०] तीनसे बीस॥
यहपरमितजिनशासनमाहिं। अतिविचित्रशोभाअधिकाहिं

१—एक प्रकार का वृक्ष जिसमें प्रतिमा का चिन्ह होता है॥

हालैं धुजा पवन बस येह । जिन पूजन भवि आये जेह ॥
पंथखेद तिन को मन आन । करत किधों सतकार विधान।९६।
मानथंभ धुजथंभ अनूप । चैत विरछ वेदी गढ़रूप ॥
इत्यादिक ऊँचे इकसार । जिन तनतें बारह गुणधार।९७।
आगे रजत कोट निर्मान । तुंगकोट अति धवल महान ॥
किधों सुयश प्रभुशेतप्रकास । फेरीदेयफिरो चहुँ पास।९८।
पूरव वत दरवाजे चार । रत्नमई अनुपम छविधार ॥
नौनिधिमंगलदरबसमाज । तोरनप्रमुखऔरसबसाज।९९।
प्रथमकोट वर्णन समजान । ठाड़े भवन देव दरवान ॥
यासोंलगी और अबगली । चारों तरफ एकसीचली।१००।
कल्पवृक्ष बनराजे तहां । दश विधि कल्पतरोवर जहां ॥
भूषण बसन लगे जिनडार। शोभा कहत न लहियेपार।१०१।
मध्यभाग जिन विंव समेत । सिद्धारथ तरुवर छविदेत ॥
चहुंदिशवेदीचहुंदिश द्वार। रचनाऔरअनेकप्रकार।१०२।
इस वेदी के बारह भाग। आगे फटक कोटलों लाग ॥
अतिविचित्रमहलनकीपांति।जिनसिररत्नकूटवहुभांति।१०३
चंद्रकांतिमणिभासुर भीत । सोरणमय तहां थंभ पुनीत ॥
सुरनरनागरमेंजिनमाहिं। किन्नरगण बहु केलकराहिं।१०४
वीथी मध्यदेश शुभरूप । पद्मराग मणिमय नव रूप ॥
धुजाछत्रघंटाछबिदेहिं । जिनमुद्रासों मन हरलेहिं।१०५।
आगे तृतिय कोट वनएम । फटक मई निर्मल नभ जेम ।

अतिउतंगसोबलयाकार।लालवरणमणिनिर्मितद्वार।१०६।
और कथन पूरब वत जान । ठाढ़े सुरग देव दरवान ॥
महामनोहरलोचनहार।अनुपमशोभाअचरजकार।१०७।
अबसुनमध्यभूमिकीकथा । फटककोट भीतर विधियथा ॥
गढ़सोंप्रथमपीठलगलगी।फटकभीतसोंलहजगमगी।१०८
तिनपै रत्न थंभ छवि देहिं । प्रभाजाल सों तम हर लेहिं॥
तिनहीपै श्रीमंडप ठयो। फटक मई नभ मैं निर्मयो ।१०९।

## ॥ सोरठा छंद ॥

याश्री मंडपमाहिं, निराबाध तिहुँजगबसै ॥
भीरहोय तहां नाहिं,त्रिभवनपतिअतिशैअतुल।११०।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

भीतन बीच गली जेरही । बारहसभा तहां जिनकही ॥
बैठेमुनिअपछरअर्जिया।जोतिषवानअसुरसुरतिया।१११।
भावन विंतर जोतिषि देव । कल्प निवासी नरपशुएव ॥
तिन मैं प्रथम पीठकाठई । अनुपम बैडूरज मणिमई ।११२।
मोरकंठ वत आभाजास । सोलह पैंडसाल चहुँ पास ॥
बारह सभा महादिशचार।तिनकोंयहपथसोलहसार।११३।
मंगल दरव जहां सबधरे । यक्षदेव सेवक तहां खरे ॥

धर्मचक्रतिनकेसिरदिपै। जिनकोदेषदिवाकरछिपै।११४।
तापर दुतिय पीठका बनी। चामीकर मयराजत घनी॥
मेरुसिंगवत उन्नति जेम। जगमगाय मंडल रवितेम।११५।
आठधुजा आठोंदिश जहाँ। तिन शोभा वर्णनबुधकहां॥
तिनमैं आठचिहनचित्राम। चक्रगयंदबृषभ अभिराम।११६।
वारिज बसन केहरी भूप। गरुड़ माल आकार अनूप॥
मंदपवनबसहालैंजेह। किधों पापरज झारत येह। ११७।
तापर तृतिय पीठका और। तीन मेषला मंडित ठौर॥
सर्वरतनमयझलकतषरी॥किरणजासदशादिशविस्तरी ११८
गंध कुटी जहां बनी अनूप। पंच रत्न मय जड़ितसरूप॥
जाकेचारद्वार चहुँओर। झलकैंमाणक हीराहीर। ११९।
तीनपीठ सिर सोहतषरी। किधों त्रिजगछवि नीचीकरी॥
परमसुगंध न वरनी जाय। सुन्दरासिखर धुजाफहराय।१२०।
तहां हेम सिंहासन सार। तेजसरूप तिमर छयकार॥
नानारतन प्रभामैंलसैं। जगलछमी प्रतिकिरणनहसैं।१२१।
बचन गम्य नहिं शोभा जहां। अन्तरीक्ष राजैं प्रभुतहां॥
त्रिभुवनपूजतपार्सजिनेश।ज्योंजगशिषरसिद्धपरमेश।१२२

## ॥ दोहा छंद

समोसरन रचना अतुल, ताकोअति विस्तार।

संपति श्रीभगवान की, कहत लहत को पार। १२३।

## ॥ सोरठा छंद ॥

जिन वरणन नभ माहिं, मुनि विहंग उद्यमकरैं॥
पै उड़पार न जाहिं, कौन कथा नरदीनकी। १२४।

## ॥ अष्ट प्रातिहार्य वर्णन ॥

## ॥ हरिगीत छंद ॥

राजत उतंग अशोक तरुवर, पवन प्रेरत थरहरैं ॥
प्रभु निकटपाय प्रमोद नाटक, करत मानो मनहरैं॥
तिसफूल गुंछत भ्रमर गुंजत, वहीतान सुहावनी ॥
सोजयोपासजिनेन्द्र पातग, हरनजग चूड़ामनी॥१२५।
निज मरण देष अनंग डरपो, शरणढूंढ़त जगफिरो।
कोईनराषै चोरप्रभुको, आय पुनि पायन गिरो ॥
योंहारनिज हथयार डारे, पुहुप वर्षा मिस भनी ॥
सोजयोपास जिनेन्द्र पातग, हरणजग चूड़ामनी॥१२६।
प्रभुनील अंग उतंग गिरतैं, वाणि शुचि सीताढली॥
सोभेद भ्रम गजदंत पर्वत, ज्ञान सागर में रली ॥
नयसप्त भंग तरंग मंडित, पाप ताप विध्वंशनी ॥

सोजयोपास जिनेन्द्र पातग, हरनजग चूड़ामनी।१२७।
चंद्रार्चि चयछवि चारु चंचल, चमर[1] वृन्द सुहावने ॥
ढोलें निरंतर यक्ष नायक, कहत क्यों महिमा बने ॥
यहनील गिर के शिषरमानो, मेघ झर लागी घनी ॥
सोजयोपास जिनेंद्र पातग, हरनजग चूड़ामनी।१२८।
हीराजवाहर षचित बहु विधि, हेमं आसन राजही ॥
तहिंजगत जनमनहरन प्रभुतन,नील वर्ण विराजही ॥
यहजटित वारिज मध्य मानो, नीलमणि[2] कर्णिकाबनी॥
सोजयोपास जिनेंद्र पातग, हरनजग चूड़ामनी।१२९।
जग जीत मोहमहान जोधा, जगत में पटहा दियो ॥
सोशुक्ल ध्यान कृपानबल, जिनविकट वैरीवश कियो ॥
येबजत विजय निशान दुंदुभि, जीत सूचै प्रभुतनी॥
सोजयोपास जिनेंद्र पातग, हरनजग चूड़ामनी।१३०।
छद्मस्त पदमें प्रथम दर्शन, ज्ञान चारित आदरे॥
अबतीन तेईछत्रँ छलसों, करत छाया छविभरे ॥
अति धवल रूप अनूप उन्नत, सोम बिंबे[3] प्रभाहनी॥
सोजयोपास जिनेंद्र पातग, हरनजग चूड़ामनी।१३१।
दुतिदेष जाकी चांद शरमें, तेज सों रबि लाजए ॥

१—चमर समूह ऐसे सुहावने हैं जैसे चन्द्र किरण समूह छवि और सुन्दर चंचल हैं ॥ २—कर्णिका फूल की डांडी का जीरा ॥
३—चन्द्र बिंब प्रभाह को मारने वाली ॥

अबप्रभा मंडल जोग जगमें, कौन उपमा छाजए ॥
इत्यादि अतुल विभूत मंडित, सोहिये त्रिभुवनधनी॥
सोजयोपास जिनेंद्र पातग, हरनजग चूड़ामनी।१३२।
योंअसम महिमा सिंधुसाहब, शक्रपार न पावही ॥
तजहास भयतुम दासभूधर, भगति वशयश गावही॥
अबहोउ भवभव स्वामि मेरे, मैं सदा सेवक रहूँ ॥
करजोर यह बरदान माँगूं मोषपद यावत लहूँ। १३३।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

यहविध समो सरन मंडान । कियो कुवेर यथा विधथान ॥
आयेसुर वर्षावत फूल । जैजैकार करत सुख मूल।१३४।
अति प्रसन्नता सब विध भई । हरषत तीनप्रदक्षना दई ॥
धूलसालि मैं कियो प्रवेश । चक्रभयो छबिदेषसुरेश।१३५।
मुदित महर्धिक[1] देवनसाथ।जिन सनमुख आयोसुरनाथ ॥
हस्तकमल जोरेअमरेश । देषेद्रगभर पार्सजिनेश। १३६।
मणिउतंग आसन परईश । मानो मेघरत्न गिरशीश ॥
फैलरहीतनकिरणकलाप।कोटभानुसोंअधिकप्रताप।१३७।
विकसतचितरोमांचितकाय । प्रणमोचरनसीसभुमिलाय॥
मणिझारीभर तीरथ तोय । पूजे मघवा जिन पददोय।१३८।

१—बड़े रिद्धि वाले ॥

सुर्ग सुगंध सों भक्तिबढ़ाय । अर्चै इन्द्र जिनेश्वर पाय ॥
मुक्ताफल मय अच्छत लिये । पुंजपरमगुर आगे दिये ।१३९।
पारजात मंदार मनोग । पुहुप चढ़ाये जिनवर जोग ॥
सुधापिंड चरुलेय पवित्त । पूजाकरी शक्र धर चित्त ।१४०।
रत्न प्रदीप रवाने षरे । श्रीपति पाय शचीपति धरे ॥
देवलोक की अगर अनूप । पास चरन षेई सुरभूप ।१४१।
कल्प तरोवरके फलरँजे । जगपति पाय पुरंदर जजे ॥
सर्वदरवधरकरपरनाम । दीनोंइन्द्रअरघअभिराम । १४२।

## ॥ दोहा छंद ॥

कराजिन पूजा आठ विध, भावभक्त बहुभाय ॥
अवसुरेश परमेश थुति, करत सीस निजनाय।१४३।

## ॥ १५ मात्राचौपाई छंद ॥

प्रभुइसजग समरथ नहिं कोय। जापैयश वर्णन तुम होय॥
चारज्ञान धारी मुनिथके। हमसे मंदकहा करसकें।१४४।
यह उर जानत निश्चै कीन । जिन महिमा वर्णन हमहीन॥
पैतुम भक्तकरै बाचाल । तिसवस होय गहूँ गुणमाल १४५।
जै तिर्थंकर त्रिभुवन धनी । जगचंद्रोपम चूड़ामनी ॥
जै जै परम धर्म दातार । कर्म कुलाचल चूरन हार ।१४६।

जै शिव कामिन कंत महंत। अतुल अनंत चतुष्टय वंत॥
जैजगआसभरनबड़भाग। शिवलक्ष्मीकेसुभगसुहाग१४७
जै जै धर्म धुजा धरधीर। सुरग मुक्ति दाता वरवीर॥
जै रतनात्रिय रत्न करंड। जैजिन तारन तरन तरंड।१४८।
जै जै समोसरन सिंगार। जै संशयवन दहन तुसार॥
जै जै निर्विकार निर्दोष। जै अनंत गुण माणक कोष।१४९।
जैजै ब्रह्म चरज दल साज। कामसुभट विजई भटराज॥
जैजैमोह महानगकरी। जैजैमद कुंजर केहरी। १५०।
क्रोध महानल मेघ प्रचंड। मान महीधर दामनि डंड॥
मायाबेल धनंजय दाह। लोभ सलिल सोषक दिननाह१५१
तुमगुणसागर अगमअपार। ज्ञानजहाज न पहुंचैपार॥
तटहीतटपर डोलतसोय। स्वारथसिद्ध तहांहीहोय। १५२।
प्रभुतुम कीर्ति बेलबहु बढ़ी। जतन बिनाजग मंडपचढ़ी॥
औरअदेव सुयशानितचहैं। येअपनेघरही यशलहैं।१५३।
जगत जीव घूमैं विनज्ञान। कीनो मोह महा विषपान॥
तुमसेवाविषनाशनजरी।यहमुनिजनमिलनिश्चैकरी।१५४
जन्मलता मिथ्यामतमूल। जामनमरनलगे जिमफूल॥
सोकबहीबिनभक्तिकुठार। कटैंनहींदुखफलदातार। १५५।
कलपतरोवर चित्राबेल। काम पोरसा नौनिधि मेल॥
चिंत्यामणिपारसपाषान। पुन्नपदारथ औरमहान। १५६।

येसवएक जन्म संजोग। किंचित सुख दातार नियोग॥
त्रिभुवननाथतुमारीसेव। जन्मजन्म सुखदायकदेव।१५७।
तुमजगबांधव तुमजगतात। असरनसरनविरदविष्यात॥
तुमजगजीवनकेरक्षपाल। तुमदातातुमपरमदयाल।१५८।
तुमपुनीत तुमपुरुषपुरान। तुमसबदर्शी तुमसबजान॥
तुमजिनयज्ञपुरुषपरमेश।तुमब्रह्मातुमविष्णुमहेश।१५९।
तुमहीजगभरता जगयान। स्वामिस्वयंभू सुखअमलान॥
तुमविनतीनिकालतिहुंलोय।नहिंनाहिंसरनजीवकोकोय१६०
तिस कारन करुणा निधनाथ। प्रभुसनमुख जोरे हमहाथ॥
जबलोंनिकट होयनिर्बान। जगनिवास छूटैदुखदान।१६१।
तबलों तुम चरणांबुजदास। हमउर होउयही अरदास॥
औरनकुछ बंछाभगवान। यहदयालु दीजैवरदान।१६२।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहिविधि इन्द्रादिकअमर, करबहु भक्तिविधान॥
निजकोठे बैठेसकल, प्रभुसनमुख सुखमान।१६३।
जीतकर्म रिपु जे भये, केवल लब्धि निवास॥
तेश्रीपारसप्रभु सदा, करो विघन घननास।१६४।

श्री पार्श्व पुराण भाषा भगवत ज्ञान कल्याणक वर्णन नाम अष्टम अधिकार
॥ सम्पूर्णम् ॥

# ॥ नवम अधिकार ॥

## ॥ सोरठा छंद ॥

पारस प्रभुको नाउँ, सार सुधारस जगत में ॥
मैं याकी बलि जाउँ, अजर अमर पदमूल यह। १।

## ॥ दोहा छंद ॥

[१२]बारह सभा सुथान मध, यों प्रभु आनंद हेत ॥
यथाकमलनी षंडको, शशि मंडल सुख देत। २।
विकसतमुख सुरनर सकल, जिनसन्मुख करजोर॥
निवसैं प्यासे अमृत धुनि, ज्योंचात्रक घनओर। ३।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तब गणराज स्वयंभू नाम। चार[१] ज्ञान धारी गुण धाम ॥
करप्रनाम पारसप्रभुओर। विनतीकरी करांजुलिजोर। ४।
भो स्वामी त्रिभुवन घरयेह। मिथ्या तिमरछयो अतिजेह ॥
भूलेजीव भमैंतामाहिं। हितअनहित कुछसूझै नाहिं। ५।
श्रीजिन वाणी दीपक लोय। ताबिन तहां उदोत न होय॥

१—मति १ श्रुति २ अवधि ३ मनपर्य्य ४ ॥

तातैंकरुणानिध स्वयमेव। करउपदेश अनुग्रह देव। ६।

## ॥ गणधर प्रश्न ॥

जानन जोगकहा है ईश। गहन जोग सो कह जगदीश॥
त्यागनजोग कहोभगवान। तुमसब दर्शीपुरुष प्रमान। ७।
कैसे जीव नरक में परै। क्योंपशु योनिपाप दुख भरै॥
काहेसों उपजे सुर लोय। कौनकर्म तैं मानुष होय। ८।
कौनपाप फल जन्मै अन्ध। बहरे कौन क्रिया संबन्ध॥
किसअघ उदय होयनरपंग। गूंगेकिस पातग परसंग। ९।
कौनपुन्न तैं दिरब अतीव। क्योंयह होंय दरिद्री जीव॥
पुरुषवेदकिस कर्मउदोत। नारिनपुंसक किसविधहोत।१०।
किसआचरण बड़ीथितिधरैं। क्योंकर अलप आयुधरमरैं॥
भोगहीन अरुभोग समेत। सुखीदुखी दीषैं किसहेत। ११।
किसकारन मूरख मतहीन। क्योंउपजें पण्डित परवीन॥
किसकारन तैंहोय सरोग। किसअधर्म तैं पुत्रवियोग। १२।
विकल शरीर पाप दुखसहै। नीचऊंच कुल कैसे लहै॥
किनभावनभव तिथिविस्तरै। भवथितभेद कहाकरकरै।१३।
क्योंकर होय सुरग मे इन्द्र। कैसे पद पावे अहमिंद्र॥
चक्रीपदकिस पुन्नउदोत। किमबांधे तिर्थंकर गोत। १४।
इत्यादिक यह प्रश्न समाज। इनको उत्तर कहजिन राज॥
तुमसब संशयहरन जिनेश। जैसेभव तम दलनदिनेश।१५।

## ॥ दोहा छंद ॥

तबश्री मुख बानी विमल, बिन अक्षर गंभीर ॥
महामेघ की गरज सम, भिर्रहिरन जगपीर। १६।
यथा मेघजल परन में, निंवादिक रस रूप ॥
तथासर्व भाषा मई, श्री जिन बचन अनूप। १७।
तालु होठ सपरस बिना, मुख विकार विनसोय॥
सबभाषा मय मधुरतर, श्री जिनकी धुनिहोय। १८।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

छहोंदरब पंचासातिकाय। साततत्व नौपद समुदाय ॥
जाननजोग जगतमेंयेह। जिनसोंजाहिं सकलसन्देह। १९।
सबविध उत्तम मोष निवास। आवा गमनमिटै जिहिंवास॥
तातेंजे शिव कारन भाव। तेई गहन जोग मनलाव।२०।
यह जगबास महा दुखरूप। तातें भ्रमत दुखी चिद्रूप ॥
जिनभावन उपजैसंसार। तेसव त्यागजोग निर्धार। २१।
नरकादिक जग दुख जावंत। पापकर्म बशतैं बहुभंत ॥
सुरगादिक सुखसंपति जेह। पुन्नतरोवर कोफलतेह। २२।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहि विधि प्रश्न समाजको, यह उत्तर सामान ॥

अबविशेष इनकोलिखूं, यथाशक्ति कुछजान । २३ ।
जीव अजीव विशेष बिन, मूल दरव ये दोय ॥
इनही को फैलावसब, तीनकाल तिहुं लोय । २४ ।
चेतन जीव अजीव जड़, यह सामान सरूप ॥
[1]अनेकांत जिनमतविषै, कहेयथारथ रूप । २५ ।
[2]दरव अनेकन यातमक, एक एक नय साध ॥
भयेविविध मत भेदसों, जगमें बढ़ी उपाध । २६ ।
जन्म अन्ध गजरूप जों, नहिं जानै सबैंग ॥
त्यों जगमें एकांत मत, गहै एकही अंग । २७ ।
ता विरोध के हरन को, [3]स्याद बाद जिनवैन ॥
सब संशय मेटन विमल, सत्यारथ सुखदैन । २८ ।
सात भंग सों साधियै । दरब जात जामाहिं ॥
सधैबस्तु निर्बिघन तब, सबदूषण मिटजाहिं । २९ ।

## ॥ घनाक्षरी छंद ॥

[4]अपने चतुष्ठै की अपेक्षा द्रव्य अस्ति रूप,
परकी अपेक्षा बहुनासति बषानियै ॥
एकही समै सो अस्ति नासति सुभाव धरै,

१—अनेक धर्म कर के ॥
२—द्रव्य अनेक नय सरूप हैं भावार्थ अनेक नयकर सधै हैं ॥
३—स्याद बाद जिन वाणी ॥
४—सांतभंग सरूप—अस्ति १ नास्ति २ अस्तिनास्ति ३ अवक्तव्य ४ अस्तिअवक्तव्य ५ नास्तिअवक्तव्य ६ अस्तिनास्तिअवक्तव्य ७ ॥

ज्यों है त्यों न कहाजाय अवक्तव्यमानिये,
एकबार अस्ति नास्ति कह्योजाय कैसें तातै,
अस्ति नास्ति अवक्तव्य ऐसें परवानिये,
आप पर द्रव्यादि चतुष्टे की अपेक्षा करि,
अस्तिनास्ति अवक्तव्य वक्तव्य सुमानिये । ३० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहि विध ये एकांतसो, सात भंग भ्रम खेत ॥
स्याद्वादवै[1] रुषधरैं, सब भ्रम नाशन हेत । ३१ ।
स्यादशब्द को अर्थाजिन, कह्योकंथ चितजान ॥
नागरूप नयविष हरन, यहजग मंत्र महान । ३२ ।
ज्योंरस[3] विद्धकुधातु जग, कंचन होय अनूप ॥
स्यादवाद संजोगतैं, सबनय सत्य सरूप । ३३ ।

## ॥ जीव विषै सातों भंग निरूपण॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

दरब दिष्टि जियनित्त सरूप । पर्यै न्याय अथिर चिद्रूप ॥

१—एक धर्म के पक्षमो सप्त भंग नयभ्रम क्षम हैं स्यद्वादि अर्थात् अनेक धर्मपक्ष विरोधि रहित से सबभ्रम नाशन हेतु हैं ॥ २—विरोध रहित ३—रसपूरित ॥

नित्यानित्यं कथंचितहोय। कहोनजायकथं चितसोय।३४।
नित्य अबांचि कथंचितवही। अथिर अबांच कथंचितसही॥
नित्यानित्य अबाचकजान। कहतकथंचितसबपरवान।३५।
इहिंविध स्यादवाद नयमांहिं। साधोजीव जैनमत माहिं॥
औरभांतिविकल्प जेकरैं। तिनकेमत दूषणविस्तरैं। ३६

## * जीव निरूपण *

जीव नाम उपयोगी जान। करता भुगता देह प्रमान॥
जगतरूप शिवरूप अरूप। ऊरधगमन सुभावसरूप।३७॥

## ॥ सोरठा छंद ॥

ये सब नौ अधिकार, जीव सिद्ध कारन कहे॥
इनकोकुछ विस्तार, लिखूं जिनागम देषकें। ३८॥

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद॥

## * १ जीव कथन *

चार भेद व्योहारी प्रान। निश्चै एक चेतना जान॥
जोइनसोंनित जीवतरहै। सोईजीवजैन मतकहै। ३९।

## ॥ सोरठा छंद ॥

प्रथम आव अवधार, इन्द्री सांस उसांसबलै॥

१—बल ३ हैं मन १ बचन २ काय ३॥

मूल प्राण ये चार, इनके उत्तर भेद दसं। ४०।

## ॥ दोहा छंद ॥

पांचे प्राण इन्द्रीजनत, तीनैंभेद बल प्रान।
एकसांस ऊसांसगिन, आवसहित दंस जान। ४१

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

सैनी जीव जगत में जेह। दसों प्रान सों जीवें तेह॥
मनसों रहित असेनीजात। तेनौंप्रान धरैं दिनरात। ४२।
कान विना चो इन्द्री जिते। आठप्रानके धारक तिते॥
तेइन्द्रीके आँख न भनी। तातेंसातं प्रानको धनी। ४३।
नासा बिन वेइन्द्री जीव। तिनसब के षटप्रान सदीव॥
जीभवचन वर्जिततनजास। एकेन्द्रीचहुँ प्राननिवास।४४।

## ॥ दोहा छंद ॥

इंहिंविध जीवअजीव सब, तीनकाल जगथान॥
सत्तासुख अवबोध चित, मुक्त जीव के प्रान। ४५।

---

१- मुक्ति गये जीव के ये ४ प्रान हैं सत्ता अर्थात् होना १ सुख २ अवबोध अर्थात् ज्ञान ३ चित अर्थात् चेतन स्वरूप ४॥

# * २ उपयोगकथन *

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

दोप्रकार उपयोग बखान । दर्शन चार आठ विधज्ञान ॥
चक्षुअचक्षु अवधिअवधार । केवलयेसब दर्शनचार ।४६।
अवसुनबसुविधज्ञानाविधान।मतिश्रुतिअवधि ज्ञानअज्ञान
मनपर्यै केवल निर्दोष । इनकेभेद प्रतक्षपरोष । ४७ ।
मतिश्रुति ज्ञान आदिके दोये । येपरोष जाने सबकोय ॥
अवधिऔर मनपर्यैज्ञान । एक देशपरत्यक्ष प्रमान। ४८
केवलज्ञान सकल परत्यक्ष । लोकालोक विलोकनचक्ष ॥
जहांअनंत दरबपरयाय । एकबारसब झलकैंआय ।४९।
दर्शन चार आठ विधि ज्ञान । ये व्योहार चिन्हजी जान॥
निश्चैरूप चिदातमयेह । शुद्धज्ञान दर्शन गुणगेह । ५० ।

# * ३ कर्ताकथन *

कल्पित असदभूत व्यौहार । तिसनयघट पटादि कर्तार ॥

१—चक्षु इंद्री समान है

२—झूठी असभूत विवहार नय कर कै यह जीव घट पट आदि वस्तुओं का कर्ता है और अनुप चारित अयथारथ रूप विवहार नयसै कर्म पिंड का करता है अशुद्ध निश्चै नय कर कै राग दोष का हरता है शुद्ध निश्चै नय करके शुद्ध भाव कर्ता है ॥

अनुपचरित अयथारथरूप । कर्मपिंडकरता चितरूप।५१।
जब अशुद्ध निश्चै बलधरै । तवयह राग दोष को हरै ॥
यहीशुद्ध निश्चैकरजीव । शुद्धभाव करतार सदीव । ५२ ।

## * ४ भोगताकथन *

### ॥ सोरठा छंद ॥

प्रानी सुख दुख आप, भुगतै पुद्गल कर्म फल ।
यह ब्योहारी छाप, निश्चै निजसुख भोगता ।५३ ।

## * ५ देहमात्र कथन *

### ॥ दोहा छंद ॥

देहमात्र [1]व्यवहार कर, कह्यो ब्रह्म भगवान ॥
दरवित नय की दिष्टिसों, लोक प्रदेश समान । ५४ ।

### ॥ अडिल छंद ॥

लघुगुर देह प्रमान जीव यह जानये ।

१—विवहार करके ॥

सोविथार संकोच शक्ति सों मानये ॥
जोंभाजन परवान दीपदुति विस्तरै।
समुद्घात विनराम यहीं उपमा धरै। ५५।

## * समुद्घात कथन *

### ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तेजस कारमान जुतभेस। वाहर निकसैं जीव प्रदेस ॥
छाड़ैंनहीं मूलतनठाम। समुद्घात विधयाको नाम।५६।
सातैंभेद सब ताके कहे। गोमठसार देखसर दहे ॥
प्रथमवेदना नामवषान। दुतिय कषायैनाम उरआन।५७।
नन विकुर्वनातीजा येह। चौथा मारैणांत सुन लेह ॥
पंचमतेजस संज्ञाजान। षष्टम आहारक अभिधान।५८।

### ॥ १५ मात्रा अर्ध चौपाई छंद ॥

केवल समुंद्घात सातमा। ऐसीशक्तिधरै आतमा। ५९।

## * १ वेदना समुद्घात *

### ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

दुसह वेदना के वश जहां। जीवप्रदेश कढ़त हैं जहां ॥

१—जीव के दो भेष हैं तेजस कहिये तेजमान १ कारमान कर्मपिंडसंयुक्त २

किसीजीवके हो परवान। पहलासमुद घातयहजान।६०।

## * २ कषाय समुद घात *

जबकाही रिपुकरण विध्वंश। बाहरजाहिं जीव के अंश॥
अतिकषाय सों हो है तेह। दूजा समुदघातहै येह। ६१।

## * ३ विकुर्बनासमुदघात *

नाना जाति विक्रिया हेत। निकसैं ब्रह्म प्रदेश सचेत॥
देवनारकी के यह होय। तीजा समुदघात है सोय।६२।

## * ४ मारणांतसमुदघात *

किसी जीव के मरते समैं। हंसअंश तन बाहर गमैं॥
बांधीगति के परसन काज। चौथाभेद कहाजिनराज।६३।

## * ५ तेजस समुदघात *

जो मुनि के कछु कारनपाय। उपजै क्रोधन थांबोजाय॥
तेजसतनको औसर यही। बामकंध सों प्रघटै सही।६४।
ज्वालामई [1]काहलाकार। अरुण सिंदूर पुंज उनहार॥
बारह जोजनदीरघ सोय। नौजोजन विस्तीरण होय।६५।
[2]दंडक पुरवतप्रलै करेय। साधसमेत भस्म करदेय॥

---

१—कुत्सित आकार अर्थात् बेडौल आकार॥
२—दंडक पुर नगर का नाम जिसको १ मुनि ने भस्म कर दियाथा शरीर ५ प्रकार है तेजस १ कारमाण २ औदारिक ३ आहारिक ४ वैक्रयक ५ ॥

अशुभकषाययहीविख्यात। अवसुनशुभतेजसकीबात।६६।
दुर्भिक्षादिक दुख अविलोय । दयाभाव मुनिवर के होय ॥
शुभआकृत सों निवसैंताम। दक्षणकांधे सोंअभिराम।६७।
पूरब कथित देह विस्तार । रोगसोग सब दोषनिवार ॥
फिरनिज थान करैपैसार । पंचम समुदघात यहधार।६८।

## * ६ आहारकसमुदघात *

करत साधुपद अर्थ विचार । मन संशय उपजै तिहिं बार ॥
तहांतपोधन चिंत्याकरै। कैसेयह विकल्प निर्वरै । ६९ ।
भरथखेत आदिक भूँमाहि । अबह्यां निकट केवलीनाहि ॥
तातैंकरयै कौनउपाय। विनभगवान भरमनाहिंजाय।७०।
तबमुनि मस्तकसों गुणगेह । प्रघट होय आहारक देह ॥
एकहाथातिसपरमितकही । श्रीजिनशासनसोंसरदही।७१।
फटक बरन मनहरन अनूप । तहांजाय जिहिंकेवलरूप ॥
दर्शनकर संदेह मिटाय । फेरआन निजथान समाय।७२।
षष्टम समुदघात यहमान । मुनिके होहिंछटै गुणथान ॥

## * ७ केवल समुदघात *

जबसयोग जिनकेपरदेस । बाहरनिकसैं अलषअभेस।७३।

१—सयोग केवलीके जीव प्रदेश जब बाहर निकलतेहैं पहले दंड आकार फिर कपाट अर्थात् किवाड़ वत चौड़े फिर प्रतर अर्थात् फैलेहुए होकर लोक पूरित होजाते हैं ॥

दंड कपाटादिक विधठान । क्रमसों होंयलोक परवान ॥
सप्तमसमुद्घात यहभाय । शरधाकरो भविकमनलाय ।७४।
मरणांतक आहारक जेह । एक दिशा गतजानो येह ॥
बाकीपांच रहेजेआन । तेसबदसों दिशागतजान । ७५ ।

## * ६ संसारी जीवकथन *

दुविधरास संसारी जीव । थावर जंगम रूप सदीव ॥
तहांपांच विधिथावरकाय । भूँजलतेज बनस्पतिबाय । ७६ ।
चारजाति के जंगम जन्त । चलत फिरतदीषें बहुभन्त ॥
संषसीपकोड़ी क्रिमिजोक । इत्यादिक वेइन्द्रीथोक । ७७ ।
चैंटीदीम कुंथ पुनिआदि । येतेइन्द्री जीव अनादि ॥
माषीमाछर भृंगी देह । भ्रमरप्रमुख चौइन्द्री येह । ७८ ।
देवनारकी नर विख्यात । केतक पशू पचेन्द्री जात ॥
ऐसेत्रस थावरकेभेव । इनकोविषय छेत्रसुनलेव । ७९ ।

## * छप्पै छंद *

फरस[१] चौंरसै[४००] चाप, जीभ चोसैठ[६४] सौनासा[१००] ।

१—स्पर्स इन्द्री का विषय ४०० जीभ का ६४ नाकका १०० धनुष है द्रग इन्द्रीका विषय २९५४ धनुषहै ऐसा क्रम दिखाया है असेनीकै दुगना जानना चाहिये और अन्तकी जो श्रवण इन्द्री असेनी के हैं उसका विषय ८००० धनुष है और सेनी के स्पर्स इन्द्री जीभ इन्द्री नाक इन्द्री इनका विषय ९ जोजन और नेत्र इन्द्री का विषय ४७२६३ योजन और श्रवण इन्द्रीका बारह जोजन कहाहै॥

द्रगजोजन उँनतीस, शैंतकचौवनक्रम भासा ॥
दुगुन असैनी अन्त, श्रवनवसु सहस धनुषमुनि ।
सैनी सपरस विषै, कह्यो नौंजोजन श्रीमुनि ॥
नौंरसन घ्राणनो चक्तप्राति, सैंतालीसहजारगिन ।
दोसैत्रेसठि बारह श्रवण, विषैचत्रपरवानभन ।८०।

## * जीव समास कथन *

## * १५ मात्रा चौपाई छंद *

एकेन्द्री सुक्ष्म अस्थूल । तीन[1]भेद विकल त्रियमूल ॥
दोयप्रकार पचेन्द्रीकहे । मन[2]सोंरहित सहितशरदेह ।८१

## * दोहा छंद *

सातोंही[3] परयाप्त तैं, अपरयाप्त तैं जान ॥
चौदह जीव समास यह, मूलभेद उरआन ।८२।

१—दो इन्द्री १ तेइन्द्री २ चौइन्द्री ३ ॥ २—असेनी १ सेनी २ ॥
३--परयाप्त ६ हैं आहार १ शरीर २ इन्द्रिय ३ स्वासो स्वास ४ मन ५ बचन ६ जिस नैयह ६ पर्याय पूरण धारण करी सो परयाप्त हैं और जिसने पूरण धारण नहीं करी सो अपरयाप्त है ॥

## * १५ मात्रा चौपाई छंद *

ऐसेही चौदह गुणथान । चौदह मारगणा उरआन ॥
जबलगहै इनरूपीराम । तबलौं संसारी यहनाम । ८३ ।

## * अड़िल छंद *

यहअनादि संसार, जीवकी भूलहै ॥
इसकारजमें और, हेतुनहिं मूल है ॥
तौअशुद्ध नयन्याय, जीव जगरूप है ॥
द्रव्यद्रष्टि सों देष, सबै शिवभूप है । ८४ ।

## * दोहा छंद *

भयेकर्म संयोगतैं, संसारी सब जीव ।
साधनबल जीतैं करम, तबयहसिद्धसदीव । ८५ ।

## * ७ सिद्ध जीव कथन *

## * अड़िल छंद *

अष्ट[1] गुणातम रूप, कर्म मलमुक्त हैं ॥

१—आठगुण आत्म रूप धारी हैं और कर्मों के मल से छूटेहुए हैं और थिति १ उपत्ति २ बिनाश ३ इनतीन धर्मकर संयुक्त है ॥

थिति उतपत्ति विनाश, धर्म संयुक्त हैं ॥
चरम देहतैं कछुक, हीनपर देश हैं ॥
लोकअग्र पुरबसैं परम परमेश हैं ।८६।

# सिद्धजीवविषय उत्पादव्यय
# * ध्रौव्य स्थापन *

## * दोहा छंद *

अथिर अर्थ परयाय जो, हानवृद्ध मयरूप ॥
तिसमैंसिद्ध बषानिये, उतपाति नाशसरूप ।८७।
ज्ञेयात्रिविध परनातिधरै, ज्ञान तदाकृत भास ॥
योंभी शिवपदमैंसधै, थित उतपात्ति विनाश ॥८८॥
अथवा सबपरनातिनसे, भईसिद्ध पर्याय ॥
शुद्धजीव निश्चल सदा, यौंतीनों ठहराय ॥ ८९॥

१- सिद्धों की अर्थकहिये द्रव्य पर्याय अथिर रूप मैं हानि वृद्धि मानी है जो ...ख्यात गुण वृद्धि १ असंख्यात गुण वृद्धि २ अनंतगुण वृद्धि ३ अनंतगुण ...नि ४ असंख्यात गुण हानि ५ संख्यात गुणहानि ६ ॥

२—तिथि १ उतपत्ति २ विनाश ३ ॥

## ❀ ८ अरूप कथन ❀

### ❀ अड़िल छंद ❀

बरनपांच रसपांच, गंध दोलीजिये ॥
आठ फरस गुनजोर, बीस सबकीजिये ॥
जीवविषै इनमाहिं, एकनहिं पाइये ॥
यातैं मूर्तिहीन, चिदातम गाइये ॥ ९० ॥
जगमें जीवअनादि, बंध संजोगतैं ॥
छूटो कबहीं नाहिं, कर्म फलभोगतैं ॥
असदभूत ब्योहार, पक्ष जोठानयै ॥
तोयह मूर्तिवंत, कथंचित मानयै ॥ ९१ ॥

## ❀ ९ ऊर्द्ध गमन कथन ❀

### ❀ दोहा छंद ❀

प्रकृति[1] बंधथितै[2] बंधपुनि, अरु अनुभाग[3] प्रदेश ॥

---

१—ज्ञानावर्णी दर्शनावर्णी आदिवर्णों की प्रकृति बंध १ कालकी सीमा थिति बंध २ अनुभाग कहिये तिव्रमंद दुख सुख अवस्था बंध ३ प्रदेश कहिये आत्मा के प्रदेश परकर्म बंध ४ ॥

चारभेद यह बंध के, कहेपास परमेश ॥ ६२ ॥
बंध बिवर्जित आत्मा, ऊरध गमन करेय ॥
एकसमय कर सरलगति, लोकअंत निवसेय ।६३।
ज्यों जल तूंबी लेपबिन, ऊपर आवैसोय ॥
त्योंऊरध गति रामयह, कर्म बंध बिनहोय ।६४।
जबलों चहुंविध बंधसों बंधे जींव जगमाहिं ।
सरल[1]बक्र तबलोंचलै, विदशा मैं नाहिजाहिं । ९५ ।
अमृत चंद्रमुनि राजकृताकिमपि अर्थअवधार ।
जीवतत्ववर्णनालिषा, अबअजीव अधिकार । ९६ ।

## * २ अजीवतत्त्व कथन *

पुद्गल धर्म अधर्मनभ, कालनाम अवधार ।
येअजीव जडतत्त्व के, भेद पंच परकार । ९७ ।
तिनमें पुद्गल दोय विध, बन्ध रूप अणुरूप ॥
यहसब में रूपी दरब, चारों और अरूप । ६८ ।
अणुरूपी पुद्गल दरब, छेदभेद नाहिं जास ॥
अगन जलादिक जोगसों, होयन कबही नास।६६।
जा अविभागी में नहीं, आदिमध्य अवसान ॥

१—विग्रह गति में. ॥

शब्द रहित पर शब्दको, कारन भूत बषान।१००।

## ❀ सोरठा छंद ❀

भूँजल पावक वाय, हेतु रूप सबको यही ॥
बहुविधि कारन पाय, वरणादिक पलटैं तुरत।१०१।
अवनाशी जिस माहिं, सदापंच गुण पाइये ॥
इन्द्री गोचर नाहिं, अवधि ज्ञानसों जानिये।१०२।

## ❀ दोहा छंद ❀

वरण पांचरस पांचमें, एक एकही होय ॥
एक गन्ध दो गन्ध में, आठ फरस में दोय।१०३।
ये परमाणू पंचगुण, सात बंध में जान ॥
वर्णादिक जे बीसहैं, तेगुण जात बषान। १०४।
आगे पुद्गल बंद्ध के, सुनोभेद षट सोय ॥

---

१—वरण ५ (हरा १ लाल २ काला ३ पीला ४ सुपेद ५) रस ५ ( खट्टा १ मीठा २ चरचरा ३ कडुवा ४ कषायला ५) इनमेंसे १ वर्ण और १ रसहोगा दो २ गंध में ( सुगंधि १ दुर्गंधि २ ) इन में से कोई १ गंध होगी-स्पर्श ८ ( गर्म १ ठंडा २ हलका ३ भारी ४ कोमल ५ कठोर ६ रूषा ७ चिकना ८ ) इन में से २ गरम ठंडे से १ रूखे चिकने से १ इस प्रकार ५ गुण सदीव पाये जाते हैं और अविनाशीहैं॥

२—बंध में दोगुण चिकना अथवा रूषा १ कोमल अथवा कठोर २ ये और बढ़कर ७ होजायंगे ॥

सरधा करतैं समझतैं, संशय रहैन कोय । १०५ ।

## * १५ मात्रा चौपाई छंद *

प्रथम भेद अतिथूल बषान । दुतिय थूल संज्ञाउर आन ॥
तृतियथूल सुक्षमसर दहो । सुक्षमथूल चतुर्थम गहो ।१०६।
पंचमसुक्षम नाम गिनेह । षष्टम अतिसुक्षम षटयेह ॥
अबइनकोवरणन विरतंत । सुनोएकमनसों मतिवंत ।१०७।
षण्डषण्ड कीने जेबन्ध । फेरन मिलै आपसों सन्ध ॥
माटीईंट काठपाषान । इत्यादिक अतिथूल बषान । १०८ ।
छिन्नभिन्न होंफिर मिलजाहिं । ऐसेपुद्गल जे जगमाहिं ॥
घृतअरुतेल जलादिकजान । येसबथूल कहेभगवान १०९ ।
देखतलगै दिष्टिसों थूल । करमेंगहे जाहिं नहिं मूल ॥
धूपचांदनी आदिसमस्त । जानथूल तेसुक्षम बस्तु । ११० ।
आँषन सों दीषै नाहिं जेह । चारों इन्द्री गोचर तेह ॥
विविधसपर्स शब्दरसगंध । सुक्षमथूल जानतेबंध । १११ ।
नाना भांत वर्गना भिंड । कारमाण परमाणू पिंड ॥
कालीइन्द्री गोचरनाहिं । तेसुक्षमाजिन शासनमाहिं ।११२।

---

?— कारमाण परमाण पिंडकी जोनानाभांत बरगना लियेहुये एकपिंड है और इन्द्री गोचरहै नही सो सूक्ष्महै कर्म वरगना आदि सूक्ष्म है दो आदि मपाण का समूह सूक्ष्म अर्थात् सूक्ष्म सूक्ष्म जानो ॥

कर्म वर्गना सोही कहा। जो अतिही सुक्ष्म सरदहा ॥
दुणकआदि परमाणूबंध। सोसुक्ष्म सुक्ष्मसुनबंध। ११३।
षटप्रकार पुद्गल इहिंभाय। मुख्य गौनसब में गुणथाय॥
इनहीसो निर्मापतलोक। और न दीषै दुजो थोक। ११४।
शब्द बंधे छाया तम जान। सुक्षम थूल भेद संठान॥
अरुउदोतआतमबहुभाय। यहदसविधिपुद्गलपर्याय।११५।

## * धर्म द्रव्य कथन *

जब जड़जीव चलै सतभाय। धर्मदरब तबकरै सहाय॥
तथामीनकोजलआधार। अपनीइच्छाकरतविहार।११६।

## * अधर्म द्रव्य कथन *

योंही सहजकरैथितसोय। तब अधर्म सहकारी होय॥
जोमगमैंपंथीकोछांहि। थितिकारनहैंबलसोंनाहि। ११७।

## * आकाश द्रव्य कथन *

जोसब द्रव्यन को आकाश। देयसदासो द्रव्यअकाश॥
ताकेभेददोय जिनकहे। लोकअलोक नामसरदहे। ११८।
जहिं जीवाद पदारथनास। असंख्यातपरदेश निवास॥

लोकाकाशकहावैसोय । परेअलोकअनंताहोय ॥ ११६ ॥

## * काल द्रव्य कथन *

लोकप्रदेश असंषे जहाँ । एक एक कालाणू तहाँ ॥
रत्नरासि वत निवसैं सदा । द्रव्यसरूपसुथिरसर्वदा १२०।
बरतावन लक्षण गुणजास । तीनकाल जाको नहिंनास ॥
समैघड़ी आदिक बहुभाय । येव्योहार कालपर्याय ।१२१।
पहले कहो जीव अधिकार । और अजीव पंचपरकार ॥
येहीछहोंद्रव्य समुदाय । कालविना पंचासतिकाय । १२२ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

वहु परदेशी जो दरब, कायवन्त सो जान ॥
तातैं पचअथिकाय हैं, कायकाल विनमान । १२३ ।

## ॥ ३१ मात्रा सवैया छंद ॥

जीवधर्म अधर्म ये तीनों, कहेलोक प्रदेश परवान ॥
असंख्यात परदेशी राजें, नभ अनन्त परदेशी जान ॥
संखअसंख अनंत प्रदेशी, त्रिविध रूप पुद्गल पहिंचान॥
एकप्रदेश धरै कालाणू, तातें काल कायविन मान । १२४ ।

## * शिष्यप्रश्न *

### ॥ दोहा छंद ॥

कालकाय बिनतुम कहो, एक प्रदेशी जोय ॥
पुद्गल परमाणूँ तथा. सो सकाय क्यों होय। १२५।

## * गुरू उत्तर *

### ॥ ३१ मात्रा सवैया छंद ॥

अलख असंख दरव कालाणू, भिन्नभिन्न जगमाहिं बसाहिं॥
आपस माहिंमिलै नहिंकबहीं, तातैं कायवन्त सो नाहिं ॥
रूष सचिक्कन तैं परमाणू, ततखिन बन्धरूप होजाहिं।
योंपुद्गलको कायकल्पना, कही जिनेश्वरके मतमाहिं ।१२६।

## *आकाश प्रदेशरूपतथा शक्तिकथन*

---

जितने मानएक अविभागी, परमाणू रोकैं आकास ॥
ताका नांव प्रदेश कहावै, देयसर्व दरवन को वास ॥
तहां एक कालाणू निवसैं, धर्मअधर्म प्रदेश निवास ॥
रहैंअनन्त प्रदेश जीवके, पुद्गल बंधलहैं अवकास। १२७।

## * शिष्य प्रश्न *

### ॥ पोमावती छंद ॥

धर्मअधर्म कालअरु चेतन, चारोंदरब अरूपीगाये ॥
तातैंएक अकाश देशमें, प्रभुसबके परदेश समाये ॥
मूरतवन्त अनंते पुद्गल, तेउस नभमें क्योंकरमाये[1] ॥
यहसंशयसम भावकहोगुर, दासहोयहम पूछनआये १२८

## * गुरु उत्तर *

### ॥ सोरठा छंद ॥

बहु प्रदीप परकाश, यथा एक मंदिर विषै ॥
लहैंसहज अवकाश, बाधा कछु उपजै नहीं। १२९।

### ॥ दोहा छंद ॥

त्योंहीं नभ परदेश में, पुद्गल बंध अनेक ॥
निराबाध निवसैं सही, ज्यों अनन्त त्यों एक। १३०।

## * आश्रव तत्त्व कथन *

जो कर्मन को आगमन, आश्रव कहिये सोय ॥

१—समाये ॥

ताके भेद सिद्धांत में, भावित दरवित होय। १३१।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

मिथ्या अविरत योग कषाय। और प्रमाद दशा दुखदाय॥
एसब चेतन को परनाम। भावाश्रव इनहीं कोनाम।१३२।
तिनही भावन के अनुसार। ढिग वरती पुद्गल तिहिबार॥
आवैंकर्म भावकेजोग। सोदरवित आश्रवअमनोग।१३३।

## * ४ बंध तत्त्व कथन *

## ॥ सोरठा छंद ॥

रागादिक परनाम, जिनसों चेतन बंधतहै॥
तिन भावनको नाम, भावबंध जिनवर कहो। १३४।

## ॥ दोहा छंद ॥

जो चेतन परदेश पै, बैठो कर्म पुरान॥
नए कर्म तिनसों बधें, दरब बंधसो जान। १३५।

## * ५ संवर तत्त्व कथन *

## ॥ पद्धड़ी छंद ॥

आश्रव अविरोधन हेतभाव। सोजानभाव संवरसुभाव॥

जोदर्वितआश्रवशुद्धरूप । सोहोयदरबसंवरसरूप ।१३६।
वृतपंच[५]समितिपाचों सुकर्म । वरतीन[३]गुप्ति दस[१०]भेदधर्म ॥
वारहै[१२]विधअनुप्रेक्षाविचार ।वाईसै[२२]परीषहविजयसार।१३७।
पुनि पांचजात चारित अशेष । येसर्वभाव संवर विशेष ॥
इनसैकर्मआश्रवरुकै एम। परनालीकेमुहँडाटजेम। १३८।

## ॥ दोहा छंद ॥

शुभउपयोगीजीवके, ब्रतआदिकआचार ॥
पापाश्रव अविरोध को, कारणहै निर्धार । १३९ ।
शुद्ध उपयोगी साधजे, तिनकैये आचार ॥
पुन्नपाप दोऊन को, संवर हेत विचार । १४० ।

## * ६ निर्जरातत्त्वकथन *

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तपबल कर्म तथा थितपात । जिनभावों रस देखिरजात ॥
तेई भावभाव निर्जरा । संवर पूरवहै शिवंकरा । १४१ ।

---

१—सामायक १ छेदोपस्थापना २ परिहारविशुद्धि ३ सुक्षमसांपराय ४ यथाख्यात ५ ॥ २—मोक्ष करने वाला ॥

बंधेकर्म छूटैं जिसबार । दरब निर्जरा सो निर्धार ॥
इहिविधजिनशासनमैंकहेया।समकितवंतसांचसरदहेया ॥

## ❀ ७ मोक्षतत्त्व कथन ❀

जो अभेद रत्नत्रिय भाव । सोईभाव मोष ठहराव ॥
जीवकर्मसोंन्याराहोय । दरबमोक्षअविनाशीसोय । १४३।
येसब सात तत्व बरनए । पुन्नपाप मिल नौपद भए ॥
आश्रव तत्त्व विषै वे दोय । गर्भित जानलीजियेसोय।१४४।

## ॥ दोहा छंद ॥

जीव यथारथ दिष्टिसों, सरधै तत्त्व सरूप ॥
सो सम्यक दर्शन सही, महिमा जास अनूप । १४५।
नयप्रमाण निक्षेप कर, भेदाभेद विधान ॥
जो तत्त्वनको जाननो, सोई सम्यक ज्ञान । १४६।
सोसामान बिलोकये, दर्शन कहिये जोय ॥
जो विशेष कर जानये, ज्ञान कहावै सोय । १४७।
चारित किरया रूपहै, सोपुनि दुविध पवित्त ॥
एक सकल चारित्र है, दुतिय देश चरित्त । १४८।

## ॥ अड़िल छंद ॥

जहां सकल सावद्य, सर्वथा परिहरै ।
सो पूरन चारित्र, महामुनि वर धरै ॥
लेश्य त्याग जाहिं होय, देश चारित वही ।
सो ग्रहस्थ को धर्मग्रही पालै सही । १४९ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

तिर्थंकर निर्ग्रंथपद, धर साधो शिवपंथ ॥
सोई प्रभु उपदेशयो, मोषपंथ निर्ग्रंथ । १५० ।
दसविध बाहिज ग्रंथमै, राषै तिलतुसमान ॥
तौ मुनिपद कहिये नहीं, मुनि विननहिं निर्वान १५१।
जेजन परिग्रह वंतको, मानैं मुक्ति निवास ॥
तेकबही मुकतनलहैं, भ्रमैं चतुर गतिवास । १५२।
क्रोधादिक जबही करैं, बंधै कर्म तब आन ॥
परिग्रहके संजोगसों, बंध निरंतर जान । १५३ ॥
बंध अभावै मुक्ति है, यह जानै सबलोय ॥
बंध हेत वरतैं जहां, मुक्ति कहाँतै होय । १५४।
पश्चिमभान न ऊगवै, अगननशीतलहोय ॥
यथाजात जिन लिंगविन, मोष न पावै कोय।१५५।

## ॥ छप्पै छंद ॥

धन्य धन्य तेसाधु, देह भवभोग विरक्ये ।
धन्य धन्य तेसाधु, आप अपने रसरच्ये ॥
धन्य धन्य तेसाधु, पीठ जगकी दिशकीनी ।
धन्य धन्य तेसाधु, दिष्टि शिवसन्मुख दीनी ॥
तज सकल आस बनबास बस, नगन देहमदपरहरे ॥
ऐसेमहंतमुनिराज प्रति, हाथ जोर हम सिरधरे । १५६ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

पंच महाव्रत दुद्धरधरें । सम्यक पांच समति आदरें ॥
तीनगुप्तिपालेंयहकर्म । तेरहविधचारित मुनिधर्म । १५७।
यातेंसधें मुक्ति पदषेत । गिरही धर्म सुरग सुखदेत ॥
सोएकादश प्रतिमारूप । ते वरनूं संक्षेप सरूप । १५८ ।

## ॥ १ दर्शनप्रतिमा ॥

पंच उदंबर तीनमकार । सात विषन इनको परिहार ॥
दर्शनहोयप्रतिज्ञायुक्त । सोदर्शन प्रतिमा जिन उक्त १५९।

## * सप्त विषन निषेध *

## * ढाल *

श्रीगुरु शिक्षा सांभलो, (ज्ञानी) सात विषन परित्यागोरे॥

एजगमें पातगबड़े, (ज्ञानी) इनमारगमतलागोरे १६०
जूवा खेलन मांडयै, (ज्ञानी) जोधन धर्म गमावैरे ॥
सबविषनन कोबीजहै, (ज्ञानी) देषंता दुखपावैरे। १६१।
रजबीरज सों नीपजै, (ज्ञानी) सोतन मास[2] कहावैरे ॥
जीवहतेबिन होयना, (ज्ञानी) नांवलियांघिन आवैरे। १६२।
सड उपजैकी डांभरी, (ज्ञानी) मद दुर्गंध निवासोरे ॥
[1]छीयासों शुचितामिटै, (ज्ञानी) पीयाबुद्धविनासोरे। १६३।
धिक वेश्या बाजारनी, (ज्ञानी) रमती नीचन साथैरे ॥
धनकारन तनपापनी, (ज्ञानी) वेचैविषनी हाथैरे। १६४।
अति कायरसबसोंडरै, (ज्ञानी) दीन मिरग बनचारीरे ॥
तिनपै आयुंधसाधते, (ज्ञानी) हाअतिकूरशिकारीरे १६५
प्रघट जगतमें देखये, (ज्ञानी) प्रानन धनते प्यारेरे ॥
जेपापी परधनहरैं, (ज्ञानी) तिनसमकौन हत्यारेरे। १६६।
परतियविषनमहाबुरो, (ज्ञानी) यामें दोष बड़ेरेरे ॥
इहिभवतनधनयशहरै, (ज्ञानी) परभवनरकबसेरेरे १६७
पांडवआदि दुखीभये, (ज्ञानी) एक विषन रतमानीरे ॥
सातनसों जेसठरचे, (ज्ञानी) तिनकीकौनकहानीरे १६८

## ॥ दोहा छंद ॥

पंच उदंबर फल कहे, मधुमद मास मकार ॥

१—छूने से ॥

इनके दूषण परिहरो, पहली प्रतिमा धार । १६९ ।

## * २ व्रत प्रतिमा *

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

पांचअणूव्रत गुण व्रत तीन । शिक्षाव्रत चारों मलहीन ॥
बारह[१२]व्रत धारें निर्दोष । यह दूजी[२] प्रतिमा व्रतपोष । १७० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

अबइन बारह[१२] व्रतनको, लिखूं लेश विरतंत ॥
जिनकोफल जिनमतकहो, अच्युतस्वर्ग पर्यंत।१७१।

## * ढालचाल जिनजपजिनजप जीवड़े *

जोनितमन बचकायसों, कृत[१]आदिक सौंजेहोंजी ॥
त्रसको त्रासन दीजिये, प्रथमअणू व्रतएहोंजी ॥
बारहव्रत विध वरणऊं । १७२ ।

१—कृतआप करना १ कारित दूसरे सै कराना २ अनुमोदना दूसरे को करते देख आनंदमानना ३ ॥

झूंठबचन नहिंबोलये, सबही दोष निवासो जी ॥
दूजोव्रत सोजानये, हितमित बचनसंभाखो जी ॥
बारहव्रत विध वरणाऊं। १७३।
भूलो बिसरो भूँपरो, जोपरधन बहु भायो जी ॥
बिनदीये लीजे नहीं, जँनम जनम दुख दायोजी ॥
बारहव्रत विध बरणाऊं। १७४।
व्याही बनिता होय जो, तासों कर संतोषो जी ॥
परिहरिये परकामनी, यासम औरन दोषो जी ॥
बारहव्रत विध वरणाऊं। १७५।
धनकन कंचन आदिदे, परिग्रह संख्या ठानो जी ॥
तिशना नागन बसकरो, यहव्रत मंत्र महानो जी ॥
बारहव्रत विध वरणाऊं। १७६।
अवधि दसोंदिश खतकी, कीजैसंवर जानो जी ॥
बाहर पांव न दीजये, जबलग घटमें प्रानो जी ॥
बारहव्रत विध वरणाऊं। १७७।
कर मरयादा कालकी, करिये देश प्रमानो जी ॥
बनपुरसरिता आदिदे, नित्त गमनको थानो जी ॥
बारहव्रत विध वरणाऊं। १७८।
जहां स्वारथ नाहिं संपजे, उपजे पाप अपारो जी ॥
अनरथ दंडवही कहो, त्यागे पंच प्रकारो जी ॥

बारहव्रत विध वरणऊं । १७९ ।
सामायक विध आदरो, थलएकांत विचारो जी ॥
उर धर ये शुभ भावना, आरत रुद्र निवारो जी ॥
बारहव्रत विध वरणऊं । १८० ।
पोषह व्रत आराधये, चारों परब मझारो जी ॥
चहुँविध भोजन परिहरो, घरआरंभ सब छारोजी ॥
बारहव्रत विध वरणऊं । १८१ ।
भोजन पान तँबोल त्रिय, खटभूषण बहुएमो जी ॥
भोगयथा उपभोग है, कब इनको पम नेमो जी ॥
बारहव्रत विध वरणऊं । १८२ ।
उत्तम अतिथिन कोसदा, दीजे चोविध दानो जी ॥
मान बड़ाई त्याग के, हिरदे सरधा आनो जी ॥
बारहव्रत विध वरणऊं । १८३ ।
अन्त समै संलेखणा, कीजे शक्ति संभालो जी ॥
जासोंव्रत संजम सबै, येफल दोहि विशालो जी ॥
बारहव्रत विध वरणऊं । १८४ ।

## * ३ सामायक प्रतिमा *

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तीनकाल सामायक करै । पांचो अतीचार परिहरै ॥

शत्रुमित्र जानै इकसार । सोनर तीजी प्रतिमाधार ।१८५।

## * ४ पोषह प्रतिमा *

परब चतुष्टय तज आरंभ । पोषह व्रत मांडे मनथंभ ॥
सोलहपहरधरैशुभ ध्यान । सोयहचौथी प्रतिमावान ।१८६।

## * ५ सचित्त त्याग प्रतिमा *

त्यागै हरी जाति जावंत । दल फल कंद बीजबहु भंत ॥
प्राशुकजल पीवैतजराग । सोसचित्त त्यागीबड़भाग ।१८७।

## * ६ दिवा मैथुन त्याग प्रतिमा *

जोदिन में मैथुन परिहरै । मनबच कायशील दिढ़धरै ॥
षष्टमप्रातिमाधारीधीर । यहजघन्य श्रावक वरवीर ।१८८।

## * ७ ब्रह्मचर्य्य व्रत प्रतिमा *

जोसब नार सर्बथा तजै । नौविधि शीलसदा व्रत भजै ॥
कामकथा रतकबहिनहोय ।सप्तमप्रतिमा धारीसोय ।१८९।

१—त्रिय अस्थानमें बसना १ प्रेम रुचि से देखना २ प्रीतिके मधुवचन बोलना ३ शृंगारकरना ४ त्रियसेजपर सोना ५ पूर्बभवके रस चितवन ६ पुष्टअहार भोजनकरना ७ मन्मथ कथा कहना ८ पेटभर भोजनकरना ९ ॥

## * ८ आरंभ त्याग प्रतिमा *

जिनसब तजे वरन व्योहार । खेती लेन देन ए भार ॥
छेदनपालन करैनरंच । तेपुनि मंदिर नाज न संच।१९०।
निरारंभ बरतै मदछार । जीव दया हितकरै विचार ॥
अहनिश हिंसासोंभयभीत।अष्टमप्रतिमावंतपुनीत।१९१

## * ९ परिग्रह त्याग प्रतिमा *

जोसमस्त परिग्रह परित्याग।उचितबसन राखैबिनराग॥
सोनोमीप्रतिमा निर्ग्रन्थ।यहमध्यम श्रावक कोपंथ।१९२।

## * १० अनुमति त्याग प्रतिमा *

जोग्रहस्थ कारज अघमूल । तिनको अनुमति देयनभूल॥
भोजनसमें बुलायो जाय।सोदसमीप्रातिमा सुखदाय।१९३।

## * ११ उद्दिष्ट प्रतिमा *

## ॥ दोहा छंद ॥

अब एकादशमी सुनो, उत्तम प्रतिमा सोय ॥

१—जिसने सर्व वरण क्षत्री आदि के विवहार तजदिये ॥

ताके भेद सिधान्त में, क्षुल्लक ऐलक दोय । १९४ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जोगुरु निकट जाय व्रतगहै । घरतज मठ मंडप में रहै ॥
एकवसन तनपीछीसाथ । कटिकोपीन कमंडलहाथ । १९५ ।
भिक्षा भाजन राखैपास । चारों परब करै उपवास ॥
लेउदंड भोजन निर्दोष । लाभअलाभ रागनारोष । १९६ ।
उचित काल उतरावै केश । डाढ़ीमोछ न राखै लेश ॥
तपविधान आगम अभ्यास । शक्तिसमानकैरगुरुपास । १९७ ।
यह क्षुल्लक श्रावककी रीत । दूजो ऐलक अधिक पुनीत ॥
जाकेएक कमरकोपीन । हाथकमंडल पीछीलीन । १९८ ।
विधिसै खडा लेहि आहार । पान पात्र आगम अनुसार ॥
करैकेश लुंचन अतिधीर । शीलघाम सबसहै शरीर । १९९ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

पान पात्र आहार, करै जलांजुलि जोड़मुनि ॥
खड़ो रहै तिहिबार, भक्तिरहित भोजन तजै । २०० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

एक हाथ पै ग्रासधर, एक हाथ से लेय ॥

श्रावक के घर आयके, ऐलक अशन करेय। २०१।
यहग्यारह प्रतिमा कथन, लिख्योंसिधांत निहार॥
औरप्रश्न बाकीरहे, अबतिनको अधिकार। २०२।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

जे जगमें पापी परधान। साल विषन सेवक अज्ञान॥
रुद्रध्यान धारैं अघमई। अतिही कूर कर्म निर्दई।२०३।
झूठबचन बोलैं सतछोर। परधन पर बनिता के चोर॥
बहुआरंभी बहुपरिग्रही। मिथ्यामतको पोषैंसही। २०४।
चंड कषाई अधिक सराग। जिन प्रतिमा निंदक निर्भाग॥
मुनिवरनिंद पापसिरलेहिं। जैनधर्मको दूषणदेहिं। २०५।
नीच देव सेवा रस रचे। धरैं कृश्न लेश्या मद मचे॥
इत्यादिक करनी रतरहैं। ऐसेनीचनरक गतिलहैं। २०६।

## सातों नरक से जीवनिकल कौनगति
## * धारण करे हैं *

---

## ॥ छप्पैछंद ॥

सप्तम सों पशु होय, देश संयम न संभालैं॥

छठेनरक सो मनुष, होय व्रत नाहीं पालें ॥
पंचम सों व्रत धरैं, मोषगति को नहिंसाधें ॥
चौथे सों शिव जांय, नहीं तीरथ पद लाधें ॥
सप्तशुभ्रवाससों आयके,वासुदेव नहिंभवधरैं ॥
प्रतिवासदेव वलदेवपुनि, चक्रवर्तनहिं अवतरैं।२०७।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

मायाचारी जे दुठ जीव । पर पंचन में निपुन अतीव ॥
झूठलिखेंअरुचुगलीखाहिं।झूठीसाषभरत भयनाहिं।२०८
शीलन पालें मोहउदोत । लेश्या जिनकै नील कपोत ॥
आरतध्यानी धर्मविहीन।पशुपर्यायलहें अकुलीन। २०९।
आरत रुद्र रहित निरोग। धर्म शुकल ध्यानी वड़भाग ॥
जिनसेवकपालें व्रतशील।[1]कसेंकरण मदमातेकील।२१०।
जिनप्रतिमा जिन मंदिर ठवें । [2]सातखेत उत्तम धनबवें ॥
सदाचारसुन श्रावकहोय। यथाजोग पावैसुर लोय।२११।
सहज सरल परनामी जीव। भद्रभाव उर धरैं सदीव ॥
मंदमोह जिनके दखये। मंद कषाय प्रकृत पेषये। २१२।

१—मदमाती इन्द्रियों को कीलकर अर्थात् ठोककर कसैं ॥

२—मुनिको १ आर्जिका २ श्रावक ३ इनतीनों कोदानदेना जिन मंदिर बनवाना ४ जिन प्रतिष्टा कराना ५ तीर्थयात्रा करना ६ शास्त्रदान देना ७ ॥

अलपारंभ अल्प धनचहैं। उरकपोत लेश्या निबैहैं॥
पुण्यपापजाहिं बरतैंदोय। मिश्रभावसों मानुषहोय। २१३।
परकै दोष सुनैमनलाय। विकथा बानी बहुत सुहाय॥
कुकविकाव्य सुनहरषैंजोय। तेबहरेउपजैं परलोय। २१४।
पढ़ैं सुछंद विवेक न करैं। मृषा पाठ विकथा विस्तरैं॥
परनिंदाभावैं बहुभाय। निजपरशंसा करैं बढ़ाय। २१५।
मलमुत्रादिक भोजन काल। मौनछार बोलैं बाचाल॥
झूठकहतकछु शंकैनाहिं। तेगूँगेजनमें जगमाहिं। २१६।
परतिय मुख देखैं करनेह। निरखैं सब योनादिक देह॥
बधबंधन याचैंधर राग। तेमरआंधे होहिंअभाग। २१७।
जेनर करैं कुतीरथ गौन। बहुत बोझलादैं विन मौन॥
वृथाविहारी देखनचलैं। होयपंगुते पातक फलैं। २१८।
नीतबनज कर लच्मी लेहिं। ओछालेहिंन अधिकादेहिं॥
अलपवित्त दानादिककरैं। तेनरदिरब धनीअवतरैं।२१९।
जेधन पाय धरैंअभिमान। समरथ होकर देहिं न दान॥
धनकारन छलछिद्रकराहि। बढ़तपरिग्रह धापैंनाहिं।२२०।
लच्मीवन्त कृपन जनजेह। परभो होहिं दरिद्री तेह॥
मंदकषाई सरलसुभाव। अहनिश वरतैंपूजाभाव। २२१।
निज बनिता संतोषी सदा। मंदराग दीखैं सरबदा॥

१–मौनछार अर्थ अर्थात् प्रमान में॥

दुराचारजिनके नहिंहोय। पुरुषवेद पावैं सुरलोय। २२२।
जे अतिकामी कुटिल अतीव। महा सरागी मोहतजीव॥
परबनितारत शोकसँजुक्त। तेकामिनतनलहैंनिरुक्त।२२३।
रागअन्ध अतिजे जगमाहिं। कामभोग सोंतृपते नाहिं॥
वेश्यादासी रत्तकुशील। तेनरलहैं नपुंसक डील। २२४।
मनबच काय महानिर्दई। बध बंधन ठानै अघमई॥
परकोपीड़ा बहुबिधकरैं। तेजियअल्प आयुधरमरैं।२२५।
कृपावन्त कोमल परणाम। देखबिचार करैं सब काम॥
जीवदयामें तत्परसदा। परकोपीड़ा देहँनकदा। २२६।
सबही जीवन सों हितभाव। धरैं पुरुपते दीरघ आव॥
जेजिनयज्ञपरायणनित्त। पात्रदानरतशीलपवित्त।२२७।
इन्द्री जीत हिये संतोष। तेनर भोगलहैं व्रत पोष॥
पूजादानविमुखमदलीन। इन्द्रीलुब्ध दयागुणहीन।२२८।
दुराचार दुरध्यानी लोग। इनको प्रापत होहिन भोग॥
समैविचारि पढ़ैं जिनग्रंथ। पढ़ैंपढ़ावें जेसुभपंथ।२२९।
हितसों धर्म देशना कहैं। ते परभो पण्डित पदलहैं॥
ज्ञानगरब हिरदैधरलेहिं। जिनसिधांतकोदूषनदेहिं।२३०।
इच्छाचारी पढ़ैं अशुद्ध। ज्ञानबिना बराजित जड़ बुद्ध॥
पढ़नेजोग पढ़ावैनाहिं। ऐसे मर मूरख उपजाहिं। २३१।
अनाचार रत आरंभवान। परको पीड़न करैं अयान॥

पापकर्मरत धर्म न गहैं। तेपरभव में रोगी रहैं। २३२।
परदुख देखहरष उरधैरें। परबनिता परधन जो हरैं॥
नरपशुजीव विछोहैजोय। सोपुत्रादि वियोगी होय। २३३।
नीचकर्म रतकरुणा नाहिं। हाथपांव छेदैं छिनमाहिं॥
जेपरको उपजावैं पीर। तेनरपावैं विकल शरीर। २३४।
जो मिथ्या मत मदरा पिये। पापसूत्र की शरधा हिये॥
धर्मनिमित्त जीवबधकरैं। महाकषाय कलुषताधरैं। २३५।
नास्तिक मतीपाप मगगहैं। ते अनन्त संसारी रहैं॥
रतनत्रय धारीमुनिराज। आगमध्यानी धर्मजहाज। २३६।
इच्छा रहित घोरतप करैं। कर्मनाश करभव जल तिरैं॥
उत्तमदेवन में शिरनाय। पूजेंपरम साधके पांय। २३७।
साधरमी बतसल मुनिप्रीत। उत्तम गोतबंधै इहिरीत॥
जेजिनयतीजिनागमजान। नमैंनहींशठकरअभिमान। २३८।
मानैनीच देव गुरुधर्म। ये सब नीच गोत के कर्म॥
जिनकेहिये रमैं बैराग। धारैंसंजम तृशना त्याग। २३९।
अतिनिर्मल चारित्त भंडार। ज्ञान ध्यान तत्पर अविकार॥
ख्यातिलाभ पूजानहिंचहैं। तेअहामिंद संपदागहैं। २४०।
पंच करण बैरी बसआन। चारित पालैं अति अमलान॥
दुद्धरतपकर सोखैंकाय। चक्रीहोंय देवपदपाय। २४१।
जेसम्यक दिष्टी गुणग्रही। सोलह कारन भावैं सही॥

तेतिर्थंकर त्रिभुवनधनी । होहितीन जग चूड़ामनी । २४२ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहि विधि पूछन हारको, समा धान जिनराज ॥
कीनो गणधर देवप्रति, जगतजीव हितकाज । २४३ ।
बानी सुन बारह सभा, भयो सबन आनन्द ॥
जैसे सूरज के उदै, बिकसै बारिज वृन्द । २४४ ।
बचन किरण सों मोहतम, मिटोमहा दुखदाय ॥
बैरागे जगजीव बहु, काल लबधि बलपाय । २४५ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

केईमुक्ति जोग बड़भाग । भरा दिगंबर परिग्रह त्याग ॥
किनहीश्रावक व्रतआदरे । पशुपर्याय अणू व्रतधरे । २४६ ।
केई नार अर्जिका भई । भर्ता के संग बनको गई ॥
केईनरपशु देवीदेव । सम्यकरत्न लह्यो तहांएव । २४७ ।
केईशक्ति हीन संसार । व्रत्त भावना करी सुखकार ॥
पूजादान भावपरनरा । यथाजोग सबसेवक भरा । २४८ ।

## ॥ दोहा छंद ॥

कमठ जीव सुरजोतषी, कर बचनामृत पान ॥

बमों बैर मिथ्वात विष, नमो चरण जुग आन ।२४९।
सम्यक दरशन आदरो, मुक्ति तरोवर मूल ॥
शंकादिक मलपरिहरे, गई जनमकी शूल । २५० ।
तहां सातसै तापसी, करत कष्ट अज्ञान ॥
देख जिनेश्वर संपदा, जग्यो यथारथ ज्ञान । २५१ ।
दई तीन परदक्षणा, प्रणमें पारस देव ॥
स्वामि चरण संयम धरो, निंदी पूरब टेव । २५२ ।
धन्य जिनेश्वर के वचन, महा मंत्र दुख हंत ॥
मिथ्यामत विषधर डसे, निर्विष होहिं तुरंत । २५३ ।
कहां कमठ से पातकी, पायो दर्शन सार ॥
कहांपाप तप तापसी, धरोमहा व्रत धार । २५४ ।
जिनके वचन जहाज चढ़, उतरे भवजलपार ॥
जेप्रत्यक्ष आएशरन, क्यों न होय उद्धार । २५५ ।
अबश्री गणधर देवतहँ, चार ज्ञान प्रवीन ॥
जिस समुद्र तें अर्थजल, मतभाजन भरलीन । २५६ ।
नाम स्वयंभू दया निध, विविध रिद्धिगुणखेत ॥
द्वादशांग रचना करी, जगत जीव हितहेत । २५७ ।
परमागम अमृत जलधि, अवगाहे मुनिराय ॥
जन्म जरामृत दाहहर, होंयसुखी शिवपाय । २५८ ।

# * द्वादशांगपद प्रमाण कथन *

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

प्रथम एकसोबारह कोड़ । लाख तिरंणवें ऊपर जोड़ ॥
बावंनसहस पांचंपदसही । द्वादशांग कीपरमितकही ।२५९।

# * एकपद श्लोक संख्या *

## ॥ पद्धड़ी छंद ॥

इक्यावन कोड़ी आठलाख । चौरासी सहसश्लोकभाख ॥
छस्सैसाढ़े इक्कीस जान । यहएक महापदको प्रमान । २६० ।

## ॥ दोहा छंद ॥

इहिं विध सभा समूहसब, निवसै आनन्दरूप ॥
मानोअमृत नीरसों, सिंचत देह अनूप । २६१ ।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

तबसुरेश उठ विनती करी । हाथजोर सिर अंजुलिधरी ॥

---

१--५१०८८४६२१ १/२ ॥

भोजगनायक जगआधार । तीनभवन जनतारनहार।२६२
यहविहार औसर भगवान । करये देव दया उरआन ॥
भविकजीव खेतीकुमलाय । मिथ्यातपसोंसूकीजाय।२६३।
भोपरमेश अनुग्रह करो । बानी वरषा सों तप हरो ॥
मोषमहापुरके परधान । तुमबिनजारे दयानिधान ।२६४ ।
प्रभुसहाय भविसुख पदलेहिं । आवागमन जलांजलिदेहिं
इहिविधिइन्द्रप्रार्थनाकरी॥सहंसनामकरथुतिविस्तरी २६५
भयोअनिच्छया गमन जिनेश । भविजीवन के भागविशेश॥
सकलसुरासुरजयजयकियो॥जिनविहारअमृतरसपियो२६६।
गमनसमैं और विधभई । समोसरन रचना षिरगई ॥
चलेसंगसुरचतुरनिकाय।चहुँविधिसकलचलेसुरराय२६७
सुरदुंदुभि बाजैं सुखकार। जिन मंगल गावैं सुरनार ॥
हाथधुजाजुत देवकुमार। चलेजाहिंनभमैं छविसार। २६८।
चहुंदिश चार चारसौ कोष । होयसुभच्छ सदानिर्दोष ॥
नेभविहारजिनवरकैहोय। जीवघाततहांकरैनकोय। २६९।
सब उपसर्ग रहित भगवंत। निरआहार आव परयन्त ॥
चतुरानन देखैसंसार। सब विद्यापति परम उदार।२७०।
प्रभुके तनकीपरै नछाहिं। पलक पलकसों लागै नाहिं ॥
नेषअरुकेशैबढ़ैनाहिंजास।येदसकेवल अतिशयभास२७१।
भाषासकल अर्ध मागधी। षिरै सकल संशय हरसधी ॥

[२]नरपशुजाति विरोधीजीव। सबउरमैत्री धरैंसदीव। २७२।
[३]नानाजाति बिरछ दुखदलैं। सबरितु के फलफूलैं फलैं ॥
[४]प्रभुसंचारि भूमिमणिमई। दर्पनवत आगमवरनई। २७३।
[५]सुरभिपवन पीछै अनुसरै। बायुकुमार जनित सुखकरै ॥
सुर[६]नरपशू शुभागतिजेह। परमानन्द सहित सबतेह। २७४।
[७]मारुत सुरयोजनमित मही। करैंधूल तृण वर्जित सही ॥
[८]मेघकुमारकरैं मनलाय। गंधोदकवरषा सुखदाय। २७५।
[९]चरन कमल जिनधारैंजहां। कंचन कमल रचैंसुर तहां ॥
सातकमलते आगेंठान। पीछेसात एकमध जान। २७६।
योंपंकज की पंद्रह पांति। सवादोइसै सब इहिभांति ॥
[१०]शुकलध्यानउपजैंबहुभाय। निर्मलदिशनिर्मलनभथाय २७७
मुदितबु[१२]लावैं देव समाज। भविजनकों जिनपूजनकाज ॥
धर्मचक्र[१३] आगेसंचरै। सूरज मण्डलकी छविहरै। २७८।
मंगल[१४]दर्व आठ झलकाहिं। यथाजोग सुरलीये जाहिं ॥
येचौदह देवनकृतजान। बरअतिसै मंडितभगवान। २७९।
करैंबिहार परमसुख होत। भविजीवन के भाग उदोत ॥
स्वर्गमोषमारगप्रभुसार। प्रगटकियोभ्रमतिमरनिवार २८०।
कहीं कुलिंगी दीखैनाहिं। भान उदैज्यों चोर पलाहिं ॥
सबनिजनिज बांछाअनुसार। पूरणआसभयेतनधार। २८१।
काशी कौशलपुर पंचाल। मरहट मारूदेश बिशाल ॥

मगधअवंती मालवठाम। अंगबंग इत्यादिकनाम। २८२।
कीनौ आरजखंड बिहार। मेटोजग मिथ्या अँधियार ॥
अबसबकीगणनागणासुनौ।यथापुराणकथितबिधमुनौ।२८३।
प्रथम स्वयम्भू प्रमुखप्रधान। दसगणधर सबाँगम जान॥
पूरबधारी परमउदास। सर्वतीन सै अरु पंचास। २८४।
शिष्य मुनीश्वर कहैपुरान। दसहजार नौसै परवान ॥
अवधिवन्त चौदहसैसार। केवल ज्ञानी एकहजार।२८५।
विविध विक्रिया रिद्धबलिष्ट। एकसहस जानो उतकृष्ट ॥
मनपरजैज्ञानी गुनवन्त। सातशतक पंचासमहन्त।२८६।
छसैबाद बिजई मुनिराज। सबमुनि सोलसहस समाज ॥
सहसछबीस अर्जिकागर्नी।एकलाखश्रावकव्रतधर्नी।२८७।
तीनलाख श्रावकनी जान। वरनी संख्यामूल पुरान ॥
देवीदेव असंषअपार। पशुगणसंख्याते निरधार। २८८।
इहविध बारह सभासमेत। रतनत्रय मारग विध देत ॥
बिहरमान दरसावतबाट। सत्तरबरष भयेकछुघाट। २८९
सम्मेदाचल शिषर जिनेश। आयेश्री पारस परमेश ॥
एकमासाजिन योगनिरोध।मनबचकाय कृपासबरोध।२९०।
सूक्षमकाय योगथितिठान।त्रितियशुकलसंजुत तिहिंठान॥
तजसयोग थानकस्वयमेव। आएफिरअयोगपददेव।२९१
पंचलघुक्षर है थितिजहां। चतुरथ शुकल ध्यानवल तहां॥

दोयेचरम समयेजिनभनी । प्रकृतिबेहत्तर तेरेहहनी २९२।
इहविध कर्मजीत भगवान । एकसमै पहुँचे निर्बान ॥
औछैत्तीसमुनीश्वरसाथ।लोकशिखर निवसेजिननाथ २९३
सावन शुदिसातैं शुभबार। विमल बिसाखा नखत मंझार॥
तजसंसार मोषमेंगए । परमासिद्ध परमातमभए । २९४ ।
पूर्व चरम देह तैं लेश । भए हीन आतम परदेश ॥
अष्टगुनातममयब्योहार । निहचैगुण अनंतभंडार।२९५।
सादिअनंत दशापरनरा । सिद्धभाव बसु गुनजुतथरा ॥
परमसुषालयबासोलियो।आवागमनजलांजलिदियो २९६

## ॥ दोहा छंद ॥

पंच कल्यानक पायसुख, जगत जीव उद्धार ॥
भएपूज परमातमा, जयजय पास कुमार ।२९७।
जिनकेसुखको ज्ञानकी, नहीं उपमा जगमाहिं ॥
जोतिरूप सुषपिंडथिरि, इंद्रीगोचर नाहिं ।२९८।
अब तिनको आकार कछु, एकदेश अवधार ॥
लिखोंएक दिष्टांतकरि, जिनशासन अनुसार।२९९।

## ॥ १५ मात्रा चौपाई छंद ॥

मोममई इकपुतला ठान। नखशिख सम्म चतुर संठान ॥

१—जिनके आत्म प्रदेश चरम शरीर से कुछकम भये ॥

सबतन सुंदर पुरुषाकार। नराकारइसहीविधसार। ३०० ।
माटी सों इम लेपहु सोय। जैसेत्वचा देह पर होय॥
कहींअंग खालीनहिंरहै। सबउपचार कलपनायहै। ३०१।
फुनिसो लीजै अगनि तपाय। सांचारहै मोमगल जाय॥
अबताभीतर करोबिचार। कहारह्योबुध ताहिनिहार।३०२।
अन्तर मूसपोल है जहां। पुरषाकार रह्यो नभ तहां॥
याहीअंबर के उनहार। ब्रह्मसरूप जाननिरधार। ३०३।
यहआकाश सुन्य जड़रूप। वह पूरन चेतन चिद्रूप॥
यहीफिरहै यावामाहिं। आकृति मैं कछुअतंर नाहिं। ३०४।
याविध परम ब्रह्मको रूप। निराकार साकार सरूप॥
यहदृष्टांत हियेनिजधरो। भविजियअनुभौ गोचरकरो३०५

## ॥ दोहा छंद ॥

बसैं सिद्धशिव खेतमें, ज्यों दर्पन में छाहिं॥
ज्ञाननैंन सों प्रगटहै, चर्म नैंनसों नाहिं। ३०६।

## ॥ १५ मात्रा चौपाईछंद ॥

तब इंद्रादिक सुर समुदाय। मोषगए जाने जिनराय॥
श्रीनिर्वाणकल्याणककाज। आएनिजानिजवाहनसाज३०७
परमपवित्त जानजिन देह। मणिशिवका परथापी तेह॥

करीमहापूजा तिहिंबार। लियेअगर चंदनघनसार ।३०८।
और सुगंधदरब शुचिलाय । नमेंसुरासुर शीस नमाय ॥
अगनिकुमार इंद्रतैंताम। मुकटानल प्रगटीअभिराम३०९
ततषिनभस्मभई जिनकाय । परम सुगंध दसौं दिसथाय॥
सोतनभस्म सुरासुरलई। कंठहियेकर मस्तगठई। ३१०।
भक्तिभरे सुरचतुर निकाय। इहविध महा पुन्य उपजाय ॥
करआनंद निरतबहुभेव। निजनिजथान गयेसबदेव।३११।

## ॥ दोहा छंद ॥

पंच कल्यानक पूजप्रभु,शिवशिरिकंत जिनेश ॥
सबजग सुख संपतिकरो, श्रीपारस परमेश।३१२।

# श्रीपार्श्वनाथ स्वामीके भवोंका
# * सामान रूप कथन *

## ॥ पद्धड़ी छंद ॥

पहलेभव वामन कुल पवित्त। मरुभूत उपन्नो सरलचित्त॥
दूजेबनहस्तीवज्रघोष ।जिनपालेबारहव्रतअदोष। ३१३।
तीजेभवद्वादसस्वर्गबास । सहस्रारनामसबसुख निबास ॥

चौथेभवविद्याधरकुमार । लघुबैसलियो चारित्रभार।३१४।
पंचमभवअच्युतसुरगथान।बाईसजलधिजहिंथितप्रमान॥
छट्ठेभवमैचक्रीनरेश । जिनसाधेसहसबत्तीस देश ।३१५।
सातवेजनम अहमिंद्रहोय । सुषकीनेचिरउपमानकोय ॥
आठमभैश्रीआनंदराय ।तजराजरिद्धिबनवसेजाय ३१६।
सोलह कारन भाएमुनिंद्र । फुनिभए बारमै स्वर्गइंद्र ॥
इहविधउत्तमनौजनमपाय।वामाजननीउरबसेआय।३१७।
जेगरभजनमतपज्ञानकाल । निर्वाणपूज कीरतविशाल ॥
सुरनरमुनिजाकीकरैसेव । सोजयोपासदेवाधिदेव । ३१८।

## ॥ दोहाछंद ॥

नाम लेत पातिक भजै, सुमरतसंकट जाहिं ॥
तेईसम अवतारमुझ, बसो सदा हिय माहिं । ३१९

## * सामान्यरूप कथन *

---

## ॥ छप्पै छंद ॥

कमठ जीव तनछोर, दुतिय कुरकट अहिजायो ।
नरक पंचमें जाय, आय अजगर तन पायो ॥

धूम प्रभा में उपज, भील अतिभयो भयानक ।
चरम नरक पुनिसिंघ, फेर पँचमभूं थानक ॥
पशुजौनि भुंजमहिपालनृप, देव जोतिषीअवतर्‍यो ।
इहविधअनेकभवदुखभरे, बैरभावविषतरुफलो।३२०।

## ॥ दोहा छंद ॥

छिमाभावफलपासाजिन, कमठबैरफलजान ॥
दोनोंदिशाविलोकके, जोहित सो उर आन । ३२१ ।

## ॥ सोरठा छंद ॥

जीव जाति जावंत, सब सों मैत्री भावकर ॥
याको यह सिद्धंत, बैर विरोध न कीजिये । ३२२ ।

## * उक्तंच संस्कृत वाला छंद *

सत्वेषु मैत्री गुणिषु प्रमोदं । क्लिष्टेषु जीवेषु कृपा परत्वं ॥
माध्यस्थभावंविपरीतवृत्तौ।सदागमात्मा।बिधधातुदेवः३२३

## * भाषा टीका *

सच्चे शास्त्र ज्ञाता पुरुष अर्थात् महान पुरुष प्रति जीव मात्रों में मित्रता भाव और गुणवान पुरुषों में हर्षभाव और दुखिया जीवों में दयाभाव विपरीत वृत्तिवालों में माध्यस्थ भाव अर्थात् भला बुरा रहित भाव रखते हैं ॥

## ॥ पोमावती छंद ॥

जो भगवान बखान करीधुनि, सोगुरु गौतम नैं उरआनी॥
तापर आइ ठईरचना कछु, द्वादश अंग सुधारस बानी ।
ताअनुसार आचारज संघ, सुधीबलसों बहुकावबखानी॥
योंजिनग्रंथ यथारथहै, अयथारथहैं सबऔरकहानी।३२४।

## ॥ दोहा छंद ॥

जितने जैन सिद्धांत जग, तेसब सत्य सरूप ॥
धर्म भावना हेतसब, हितमित शिक्षा रूप । ३२५ ।
कल्पित कथा सुहावनी, सुनते कौनअरत्थ ॥
लाषदाम किसकाम के, लेखनालिखे अकत्थ ।३२६।

## ॥ सोरठा छंद ॥

सुन श्रीपास पुरान, जान शुभा शुभ कर्मफल ॥
सुहितहेत उरआन, जगत जीव उद्यमकरो । ३२७।

## ॥ दोहा छंद ॥

प्रभुचरितामिस किमपियह, कीनोप्रभुगुनगान॥
श्रीपारस परमेश को, पूरनभयो पुरान । ३२८ ।

पूरब चरित बिलोकि कै, भूधर बुद्धि समान ॥
भाषाबंध प्रबंध यह, कियो आगरे थान । ३२९ ।

# * कविलघुता *

## ॥ छप्पैछंद ॥

अमरकोष नहि पढ्यो, मैंन कहि पिंगल पिष्यो ॥
काव्य कंठनाहिं करी, सारसुत सो नहिं सिष्यो ।
अछर संधि समास, ग्यान वार्जित बुद्ध हीनी ॥
धर्म भावना हेत, किमपि भाषायह कीनी ।
जोअर्थछंद अनमिल कही, सोबुध फेर सवांरियो ॥
सामान्यबुद्धिकविकीनिरखि, छिमाभावउरधारियो ३३०

